RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 173
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 15 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com





आलिया भट्ट की कोविड जांच रिपोर्ट निगेटिव
विविध-12


# देश-प्रदेश में कोरोना के रिकॉर्ड मामले

- प्रदेश में 20,510 नए कोविड-19 रोगी, 68 की मौत
- भारत में एक दिन में 1,84,372 नए केस,1,027 लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, नई दिल्ली



.कानपुर के झकरकटी बस स्टैंड पर अपने गंतव्य के लिए जाने वालों की उमड़ी भीड़। खतरनाक होते कोरोना संक्रमण के बीच भी लोग सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं

**उत्तर प्रदेश** में बीते 24 घण्टे में कोरोना के 20,510 और लखनऊ में 5433 नए मामले सामने आए हैं। जबकि प्रदेश में 68 व लखनऊ में 14 की मौत हुई है। देश में कोरोना के एक दिन में अब तक के सर्वाधिक 1,84,372 नए मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार के आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण के कुल मामले 1,38,73,825 हो गए हैं जबकि 13 लाख से अधिक लोग अब भी संक्रमण की चपेट में हैं। मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 1,027 लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या 1,72,085 हो गई है जो 18 अक्टूबर, 2020 के बाद सबसे ज्यादा है। लगातार 35वें दिन मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है और संक्रमित लोगों की संख्या 13,65,704 हो गई है जो कुल मामलों का 9.84 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की दर घटकर 88.92 प्रतिशत हो गई है। इससे पहले 12 फरवरी को संक्रमित लोगों की सबसे कम संख्या 1,35,926 थी और 18 सितंबर 2020 को सबसे ज्यादा 10,17,754 थी। आंकड़ों के मुताबिक, बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या 1,23,36,036 हो गई है जबकि संक्रमित मरीजों की मृत्यु दर और घटकर 1.24 प्रतिशत हो गई है।

भारत में कोविड-19 मरीजों की संख्या सात अगस्त को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख और 16 सितंबर को 50 लाख हो गई थी। इसके बाद 28 सितंबर को यह 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ के पार पहुंच गई थी। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक, 13 अप्रैल तक 26,06,18,866 नमूनों की जांच की जा चुकी है जिनमें से 14,11,758 नमूनों की जांच मंगलवार को की गई। मौत के 1,027 नए मामलों में महाराष्ट्र के 281, छत्तीसगढ़ के 156, उत्तर प्रदेश के 85, दिल्ली के 81, गुजरात और कर्नाटक के 67-67, पंजाब के 50, मध्य प्रदेश के 40, झारखंड के 29, राजस्थान के 28, केरल और पश्चिम बंगाल के 20-20, हरियाणा के 16, बिहार के 14, उत्तराखंड के 13, हिमााचल प्रदेश के 11 और आंध्र प्रदेश के 10 मामले हैं।

उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड-19 संक्रमण से 67 और लोगों की मौत हो गई तथा 20,510 नए मरीजों में इस संक्रमण की पुष्टि हुई। नए रोगियों का यह एक दिन का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बुधवार को यहां बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान 67 लोगों की मौत के साथ इस वायरस से राज्य में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 9376 हो गई है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में 20510 नए मरीजों में कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रदेश में किसी एक दिन का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले 13 अप्रैल को 18021 नए मामले सामने आए थे। प्रसाद ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान 4517 मरीज ठीक भी हुए हैं। प्रदेश में इस वक्त 1,11,835 मामले उपचाराधीन हैं।

### मुख्यमंत्री योगी ने स्टेट प्लेन अहमदाबाद भेज मंगाई रेमडेसिवर की 25,000 डोज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने स्टेट प्लेन अहमदाबाद भेजकर रेमडेसिवर की 25,000 डोज मंगाई जो बुधवार की शाम को पहुंच गईं।साथ ही सीएम योगी ने प्रदेश में रेमेडिसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता और बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इस बाबत उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से (शेष पेज 9)

# सीएम योगी आदित्यनाथ हुए कोरोना पॉजिटिव

- सारे कार्य वर्चुअली करेंगे मुख्यमंत्री
- सपा प्रमुख अखिलेश यादव, नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन भी संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण की दूसरी लहर में बढ़ती संक्रमित मरीजों की तादाद के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं।

एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के पॉजिटिव होने के बाद सीएम ने खुद को आइसोलेट कर लिया था। मुख्यमंत्री आइसोलेशन में हैं और सारी गतिविधियों का संचालन वर्चुअली कर रहे हैं। साथ ही कई ब्यूरोक्रेट्स के संक्रमित होने के बीच पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी कोरोना संक्रमण के शिकार हो गए हैं। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन भी संक्रमित हो गए हैं व होम आइसोलेशन में हैं। अपने कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी को ट्वीट करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि शुरुआती लक्षण दिखने (शेष पेज 9)



### मुख्यमंत्री के आदेश पर कोरोना संक्रमितों के इलाज के लिए बढ़े 1721 बेड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण की दूसरी लहर में बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 2000 बेड बढ़ाने के एवज में 1721 नए बेड की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि कोविड 19 महामारी के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में बेड्स की संख्या को बढ़ाने, ऑक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति व अन्य चिकित्सीय व्यवस्थाओ हेतु प्रदेश सरकार आवश्यक कदम उठा रही है। खन्ना ने बताया कि कल 24 घंटे में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न मेडिकल कॉलेजों एवं संस्थानों में 121 आईसीयू एवं एचडीयू बेड बढ़ाए गए हैं।

### तृतीय चन्द्रघंटा



पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता॥

शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करनी चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी व सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इन देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं।

# सीबीएसई 10वीं की परीक्षा रद, 12वीं की टली

- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुई बैठक में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने देश भर में कोविड-19 महामारी के बढ़ते मामलों के मद्देनजर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं की परीक्षा रद्द कर दी है जबकि 12वीं की परीक्षा स्थगित करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को हुई एक बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, केंद्रीय शिक्षा सचिव, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव तथा अन्य शीर्ष अधिकारियों ने शिरकत की। बैठक के बाद शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर परीक्षाओं के संबंध में लिए गए निर्णयों की जानकारी साझा की। बयान के मुताबिक बैठक में प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि छात्रों का स्वास्थ्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार छात्रों के सर्वोच्च हित का ध्यान रखेगी और सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि उनके स्वास्थ्य के साथ ही उनके शिक्षा सत्र का भी नुकसान ना हो। बयान में कहा गया, महामारी की वर्तमान स्थिति, स्कूलों के बंद होने और छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर कक्षा 12वीं की परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। यह परीक्षा चार मई से 14 जून के बीच होनी प्रस्तावित थी।

सीबीएसई बोर्ड एक जून को कोविड महामारी की स्थिति की समीक्षा करेगा और उसके बाद परीक्षा की तारीखों के संबंध में फैसला लेगा। बयान में कहा गया, परीक्षा की शुरुआत से कम से कम 15 दिन पहले छात्रों को इसकी सूचना दी जाएगी। 10वीं की परीक्षा भी चार मई से 14 जून के बीच होनी थी। बयान में कहा गया, 10वीं की परीक्षा रद्द कर दी गई हैं। इसके परिणाम बोर्ड द्वारा तैयार किए गए एक मानदंड के आधार पर तैयार किए जाएंगे। बयान के मुताबिक यदि कोई छात्र उसे मिले अंकों से संतुष्ट नहीं होता है तो उसे परीक्षा में बैठने का एक मौका दिया जाएगा लेकिन यह तभी होगा जब परिस्थितियां परीक्षा के आयोजन के अनुकूल होंगी। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में निशंक ने कहा कि कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने आज तत्काल प्रभाव से एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई और उन्होंने साफ कर दिया कि छात्रों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन के आधार पर 10 वीं की परीक्षा को रद्द करने और 12वीं की परीक्षा स्थगित करने का फैसला लिया गया। उन्होंने कहा, इस फैसले से बच्चों की सुरक्षा होगी और हम निश्चित रूप से उनके भविष्य को संवार सकेंगे। कई राजनीतिक दलों ने कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते खतरे के मद्देनजर सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं को रद्द करने की मांग की थी। इनके अलावा तकरीबन दो लाख छात्रों ने एक ऑनलाइन याचिका में हस्ताक्षर कर बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित किए जाने की मांग की थी।

### कस्टम अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर पकड़ा 1.13 करोड़ का सोना

**संवाददाता।** सरोजनीनगर

**चौधरी** चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम की टीम ने दुबई से आई एक महिला यात्री के पास करीब एक करोड़ रुपये कीमत का सोना बरामद करने का दावा किया है। कस्टम अधिकारी महिला के पास मौजूद सोने को जब्त करने के साथ ही उससे पूछतांछ में जूटी है। महिला यात्री के पास पकड़े गये 2.3 किलोग्राम सोने की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में 1.13 करोड़ बताई जा रही है। एयरपोर्ट सूत्रों की मानें तो दुबई से आने वाली इण्डियो एयर लाइंस के विमान (6ई-8457) से पहुंची एक महिला हवाई यात्री पर कस्टम अधिकारियों को आशंका हुई तो उसे पूछताछ के लिए रोक लिया। पूछताछ के दौरान तलाशी में महिला तस्कर की कमर में पेस्ट के रूप में बंधा हुआ 2.318 ग्राम सोना बरामद किय गया, अधिकारियों का कहना है कि महिला के पास बरामद हुए सोने की कीमत 1,13,11,840 रुपये है। महिला तस्कर बंगाल की रहने वाली है और वह पहली (शेष पेज 9)

# भारत विश्वसनीय सहयोगी पाक से सीमित सहयोग: रूस

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** को एक विश्वसनीय सहयोगी करार देते हुए रूस ने बुधवार को कहा कि दोनों देशों के बीच कोई मत भिन्नता या गलतफहमी नहीं है और स्वतंत्र संबंधों के आधार पर उसका पाकिस्तान के साथ सीमित सहयोग है। रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने हाल ही में भारत और पाकिस्तान की, नियंत्रण रेखा पर 2003 के संघर्ष विराम समझौते का सख्ती से पालन करने की प्रतिबद्धता का स्वागत किया और कहा कि यह क्षेत्रीय स्थिरता के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

बाबुश्किन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में रूसी राजदूत निकोलाई कुदाशेव ने पश्चिमी देशों की हिन्द प्रशांत रणनीति की आलोचना करते हुए इसे खतरनाक और शीत युद्ध की मानसिकता को उभारने का प्रयास बताया। वहीं, बाबुश्किन ने कहा कि अफगानिस्तान के मुद्दे पर क्षेत्रीय आम सहमति बनाने की प्रक्रिया में भारत को हिस्सा होना चाहिए तथा अफगान शांति प्रक्रिया



रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन

को लेकर नई दिल्ली और मास्को का रूख समान है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की भारत यात्रा और उसके बाद उनके इस्लामाबाद दौरे को लेकर बनी धारणा के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बाबुश्किन ने कहा कि रूस के पाकिस्तान के साथ स्वतंत्र संबंध हैं और यह किसी के साथ रिश्तों को किसी और के खिलाफ लक्षित नहीं करता है।

उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि यह देखने का कोई कारण नहीं है कि हमारे बीच किसी तरह की भिन्नता या गलतफहमी है। भारत-रूस संबंधों में ऐसी कोई बात नहीं है। दूसरी ओर, कुदाशेव ने कहा कि भारत, रूस का विश्वसनीय सहयोगी है और दोनों देशों के बीच संबंध समान, समग्र, सद्भावनापूर्ण, (शेष पेज 9)

### सीबीआई ने अनिल देशमुख से आठ घंटे तक पूछताछ की

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के संदर्भ में प्रारंभिक जांच के तहत बुधवार को उनसे आठ घंटे पूछताछ की। देशमुख के खिलाफ मुंबई पुलिस के पूर्व प्रमुख परमबीर सिंह ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। सूत्रों ने बताया कि देशमुख ने पूछताछ के दौरान सिंह द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों से इंकार किया और अधिकारियों से कहा कि यह राज्य सरकार की छवि खराब करने की कोशिश है। अधिकारी ने बताया कि राकांपा के वरिष्ठ नेता सुबह 10 बजे सांताक्रूज स्थित डीआरडीओ के अतिथिगृह पहुंचे और उनसे पूछताछ शाम करीब छह बजे समाप्त हुई। गौरतलब है कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम फिलहाल सांताक्रूज स्थित डीआरडीओ के अतिथि गृह में ठहरी हुई है। उन्होंने बताया, एसपी (पुलिस अधीक्षक) रैंक के अधिकारियों ने पूर्व गृह मंत्री से आठ घंटे तक पूछताछ की।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,544 | |
| निफ्टी | 14,504 | |
| सोना | 46,093 | /10g |
| चांदी | 66,040 | /kg |

### क्विक न्यूज

**देश में अब तक 11.43 करोड़ को लगा कोरोना का टीका**

**नई दिल्ली।** देशव्यापी टीका उत्सव के चौथे दिन बुधवार को रात आठ बजे तक टीके की 31.39 लाख से अधिक खुराक देने के साथ ही अबतक 11.43 करोड़ लोगों को टीका लगाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। तीनों राज्यों - महाराष्ट्र (1,11,19,018), राजस्थान (1,02,15,471) एवं उत्तर प्रदेश (1,00,17,650) में एक करोड़ से अधिक टीके लगाए गए है। मंत्रालय ने बताया कि 69,974 कोविड टीकाकरण केंद्र चालू है और पहले सक्रिय केंद्रों में औसतन 24,000 का इजाफा हुआ है। रात आठ बजे की रिपोर्ट के अनुसार देश में अबतक टीके की 11,43,18,455 खुराक दी गई है। उनमें 90,63,976 ऐसे स्वास्थ्यकर्मी है जिन्हे पहली खुराक दी गई है जबकि 56,03,568 स्वास्थ्यकर्मियो को दूसरी खुराक दी गई है।

# कोर्ट से बाहर भी तलाक ले सकेंगी मुस्लिम महिलाएं

- केरल उच्च न्यायालय ने 1972 का फैसला पलटा

**भाषा।** कोच्चि



**केरल** उच्च न्यायालय ने अपने करीब 50 साल पुराने फैसले को पलटते हुए अदालती प्रक्रिया से इतर तलाक देने के मुसलमान महिलाओं के अधिकार को बहाल कर दिया है। केरल उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया है। परिवार अदालतों में दायर विभिन्न याचिकाओं में राहत की मांग की गई थी। पीठ ने अदालत की एकल पीठ के 1972 के फैसले को पलट दिया है जिसमें न्यायिक प्रक्रिया के इतर अन्य तरीकों से तलाक लेने के मुसलमान महिलाओं के अधिकार पर पाबंदी लगा दी गई थी। पीठ ने रेखांकित किया कि पवित्र कुरान में पुरूषों और महिलाओं के तलाक देने के समान अधिकार को मान्यता देता है। पीठ ने कहा कि मुसलमान महिलाओं की दुविधा, विशेष रूप से केरल राज्य में, समझी जा सकती है जो के सी मोईन बनाम नफीसा एवं अन्य के मुकदमे में फैसले के बाद उन्हें हुई। इस फैसले में मुस्लिम विवाह अधिनियम, 1939 समाप्त होने के मद्देनजर न्यायिक प्रक्रिया से इतर तलाक लेने के मुसलमान महिलाओं के अधिकार को नजरअंदाज कर दिया गया था। एकल पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि किसी भी परिस्थिति में कानूनी प्रक्रिया से इतर एक मुस्लिम निकाह समाप्त नहीं हो सकता है। वहीं, न्यायमूर्ति ए. मोहम्द मुश्ताक और न्यायमूर्ति सी. एस. डियास की खंड पीठ ने अपने फैसले में इस्लामी कानून के तहत निकाह को समाप्त करने के विभिन्न तरीकों और शरिया कानून के तहत महिलाओं को मिले निकाह समाप्त करने के अधिकार पर विस्तृत टिप्पणी की।

इनमें तलाक-ए-तफविज, खुला, मुबारत और फस्ख शामिल हैं। अदालत ने नौ अप्रैल के अपने फैसले में कहा, शरियत कानून और मुस्लिम निकाह समाप्ति कानून के विश्लेषण के बाद हमारा विचार है कि मुस्लिम निकाह समाप्ति कानून मुसलमान महिलाओं को अदालत के हस्तक्षेप से इतर फश के जरिए तलाक लेने से रोकता है। अदालत ने कहा, शरियत कानून के प्रावधान दो में जिन सभी न्याएतर तलाक के तरीकों का जिक्र है, वे सभी अब मुसलमान महिलाओं के लिए उपलब्ध हैं। इसलिए हम मानते हैं कि केसी मोइन मामले में घोषित कानून, सही कानून नहीं है।

# मेधावी महिला वकीलों को हाईकोर्ट में जज नियुक्त करने की याचिका सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली



**महिला** अधिवक्ताओं की एसोसिएशन की एक अर्जी पर उच्चतम न्यायालय बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा। इस अर्जी में काफी संख्या में मौजूद मेधावी महिला वकीलों को उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने पर विचार करने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ सुप्रीम कोर्ट वूमन लॉयर्स एसोसिएशन की इस अर्जी पर सुनवाई करेगी। यह अर्जी अधिवक्ता स्नेहा कलिता ने दायर की है। इसमें उच्चतर न्यायापालिका में न्यायाधीशों के तौर पर महिलाओं की 11.04 प्रतिशत भागीदारी रहने का उल्लेख करते हुए इसे काफी कम बताया गया है। इस हस्तक्षेप अर्जी में विभिन्न उच्च न्यायालयों में वर्तमान में पदस्थ महिला न्यायाधीशों का चार्ट भी दिया गया है और उच्चतर न्यायपालिका में रिक्तियों को भरने से जुड़े लंबित विषय में पक्षकार बनाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है, चार्ट से यह प्रदर्शित होता है कि न्यायाधीशों की 1,082 मंजूर पदों (स्थाई एवं अतिरिक्त न्यायाधीश, दोनों ही) में हमारे पास 661 न्यायाधीश ही हैं, जिनमें 73 महिला न्यायाधीश हैं और वे 11.04 प्रतिशत ही हैं। इसमें कहा गया है कि देश की आजादी से लेकर आज तारीख तक उच्चतम न्यायालय में सिर्फ आठ महिला न्यायाधीश नियुक्त की गईं हैं, जबकि 1950 से लेकर 2020 तक कुल 247 न्यायाधीश नियुक्त किए गए। महिला वकीलों के एसोसिएशन ने उच्चतम न्यायालय में वकालत कर रहीं मेधावी महिला अधिवक्ताओं को उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश नियुक्त करने पर विचार करने के लिए निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। अर्जी के जरिए केंद्र को मेमोरेंडम ऑफ प्रॉसीजर में उच्च न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों की नियुक्ति का प्रावधान शामिल करने और उन पर विचार करने के लिए निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है।

# पूरी गति से जारी रहे कोविड नियंत्रण अभियानः योगी

● प्रत्येक जिले में क्वारंटीन सेंटर स्थापित करने के निर्देश

● लखनऊ में कोविड मरीजों के लिए 840 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी जनपदों में कोविड बेड तथा ऑक्सीजन की कोई कमी न होने पाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक जनपद में कोविड बेड, दवाओं, मेडिकल उपकरणों तथा बैकअप सहित ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता हमेशा बनी रहे। उन्होंने टेस्ट, ट्रेस, ट्रीट, के संकल्प के साथ कोविड.19 के नियंत्रण अभियान को पूरी गति से जारी रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री बुधवार को वर्चुअल माध्यम से आहूत उच्चस्तरीय बैठक में कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर नगर, गोरखपुर, झांसी सहित कोरोना के अधिक ऐक्टिव केस की संख्या वाले सभी जनपदों में पर्याप्त बेड्स सुनिश्चित कराएं। इसमें आइसोलेशन बेड्स तथा आईसीयू बेड्स, दोनों श्रेणी के बेड्स की व्यवस्था हो। किडनी रोग से ग्रसित कोरोना मरीजों के उपचार के लिए कोविड अस्पताल में डायलिसिस मशीनों का प्रबन्ध किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य तथा प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा इस व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करें।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि प्रत्येक जनपद के कोविड अस्पतालों में ऑक्सीजन की अनवरत उपलब्धता बनी रहे। जिन अस्पतालों में सिलेण्डर के माध्यम से मरीजों को ऑक्सीजन देने की व्यवस्था है, वहां ऑक्सीजन सिलेण्डरों को तत्काल रिप्लेस करने की व्यवस्था रहे। उन्होंने अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य तथा प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को इसके लिए नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद लखनऊ में कोविड मरीजों के लिए 840 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था हो गयी है। बेड की संख्या में और बढ़ोत्तरी के लिए तेजी से प्रभावी कार्यवाही की जाए। जिन निजी मेडिकल कॉलेजों को कोविड चिकित्सालय के तौर पर संचालित किया जा रहा है, वहां अतिरिक्त चिकित्साकर्मियों एवं मेडिकल संसाधन की व्यवस्था प्राथमिकता पर की जाए। उन्होंने जिला प्रशासन तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम भेजकर इन संस्थानों को कोरोना मरीजों के उपचार के लिए पूरी क्षमता के साथ क्रियाशील करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जाए। प्रदेश स्थित केन्द्रीय संस्थानों की प्रयोगशालाओं में उपलब्ध आरटीपीसीआर क्षमता का उपयोग करते हुए आरटीपीसीआर टेस्ट की संख्या बढ़ायी जाए। इन संस्थानों की आवश्यकताओं के अनुरूप मैनपावर का भी प्रबन्ध किया जाए। उन्होंने कोविड जांच के लिए ट्रूनेट मशीनों का उपयोग तत्काल प्रारम्भ करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होम आइसोलेशन में रह रहे कोरोना मरीजों से नियमित संवाद बनाकर उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जाए और आवश्यकतानुसार उनका मार्गदर्शन किया जाए। इस कार्य में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 का भी उपयोग किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि लखनऊ सहित समस्त जनपदों में होम आइसोलेशन के कोविड मरीजों को सभी निर्धारित दवाओं के मेडिकल किट की सुचारु आपूर्ति होती रहे। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री तथा अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को इस व्यवस्था को चेक करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जनपदों में स्थापित इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर सुचारु ढंग से कार्यशील रहें। इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर के स्तर पर बेड की उपलब्धता, एम्बुलेंस व्यवस्था की नवीनतम जानकारी होनी चाहिए। इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने और जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से वहां जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी की तैनाती की जाए। यह अधिकारी आवश्यक समन्वय कार्य के साथ साथ विभिन्न गतिविधियों की स्थिति की अद्यतन जानकारी रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतिदिन इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर में बैठक आहूत कर स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीति तय करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जनपद में युद्धस्तर पर स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का कार्य किया जाए। प्रदेश में अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में लोगों के सम्भावित आगमन को देखते हुए प्रत्येक जनपद में क्वारंटीन सेण्टर स्थापित किए जाएं। उन्होंने कण्टेनमेंट जोन के प्राविधानों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी एवं निजी कार्यालयों तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कोविड हेल्प डेस्क को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए।

# दवा, टेस्टिंग, एन- 95 मास्क व पीपीई किट के लिए सौ करोड़ रुपए जारी

● सरकार का दावा, पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध, 507 मीट्रिक टन ऑक्सीजन में 232 मीट्रिक टन का ही उपयोग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चिकित्सा** शिक्षा विभाग ने मेडिकल कॉलेजों, राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों और संस्थानों में दवा, टेस्टिंग और एन 95 पीपीई किट के लिए सौ करोड़ रुपए जारी किए हैं। सीएम योगी कोरोना के खिलाफ लड़ाई में रोजाना उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर खुद समीक्षा करते हैं। जिसका परिणाम है कि प्रदेश में रोजाना न सिर्फसंसाधनों और बेडों में ईजाफा हो रहा है बल्कि पर्याप्त मात्रा में दवाईयों के साथ ऑक्सीजन भी उपलब्ध है। हालांकि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सीएम योगी ने इसे और बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने प्रदेश में दूसरी लहर आने के बाद होम आईसोलेशन की अनुमति के कारण एल 1 अस्पताल शुरू नहीं किया है। जबकि एल 2 और एल 3 अस्पताल शुरू किए गए हैं और इसमें गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक एल 2 और एल 3 अस्पतालों में 25,764 ऑक्सीजन के साथ सामान्य बेड और लगभग 7000 आईसीयू बेड हैं। विशेष सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि प्रदेश में आक्सीजन की उपलब्धता 507 मीट्रिक टन है। जबकि ऑक्सीजन का उपयोग 232 मीट्रिक टन है, जिसमें औद्योगिक उपयोग 99.6 मीट्रिक टन है। प्रदेश में वेंटिलेटर 5000 से अधिक हैं।

**प्रदेश सरकार ने भारत सरकार से मांगे 15 सौ और वेंटिलेटरः आलोक कुमार**

प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने बताया कि पिछले 24 घंटे में विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों में एक दिन में 121 आईसीयू और एचडीयू बेड बढ़ाए गए हैं। एरा मेडिकल कॉलेज को पूर्ण रूप से कोविड हॉस्पिटल घोषित किया गया है। इसके अलावा राज्य आपदा मोचक नीति के तहत प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों, चिकित्सा विश्वविद्यालयों, राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों और चिकित्सा संस्थानों में दवा, टेस्टिंग और एन 95 मास्क, पीपीई किट की एक माह की आवश्यकता के लिए सौ करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने प्रस्ताव भेजकर भारत सरकार से 15 सौ और वेंटिलेटर मांगे हैं।

**इन्हें भेजे गए सौ करोड़ रुपए**

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कानपुर, आगरा, मेरठ, प्रयागराज, झांसी, गोरखपुर, बांदा, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, कन्नौज, जालौन, सहारनपुर और बदायूं मेडिकल कॉलेज, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या, बस्ती, बहराईच, फिरोजाबाद और शाहजहांपुर, केजीएमयू लखनऊ, उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ, सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान नोएडा, एसजीपीजीआई लखनऊ और राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा को सौ करोड़ रुपए की धनराशि भेजी है।

**लखनऊ में बढ़ेंगे पांच सौ से ज्यादा बेडः** इंटीग्रल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में 200 बेड और तैयार किए जा रहे हैं। जबकि यहां 120 आईसीयू बेड और आइसोलेशन सहित कुल 400 बेड हो जाएंगे। टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज में कल तक डेढ़ सौ आईसीयू और एचडीयू बेड सहित 500 बेड हो जाएंगे। चिकित्सा शिक्षा विभाग मैन पावर उपलब्ध कराने में सहयोग करेगा। कैंसर इंस्टिट्यूट में भी 100 बेड बढ़ाने, मेयो इंस्टिट्यूट बाराबंकी में 200 से अधिक बेड क्रियाशील हैं, जिसे और बढ़ाया जा रहा है।

# कोविड से सुरक्षा के हों पूरे इंतजामः श्रीकान्त

● ऊर्जा मंत्री ने कोविड 19 गाइडलाइंस को लेकर उपकेन्द्रों का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**ऊर्जा** एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने विद्युत उपकेन्द्रों में कोविड.19 से सुरक्षा की गाइडलाइंस के अनुपालन को लेकर बुधवार को उपकेन्द्रों का निरीक्षण किया। ऊर्जा मंत्री ने यूपीपीसीएल चेयरमैन को निर्देश दिए कि उपकेन्द्रों में आने वाले उपभोक्ताओं और 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति व उपभोक्ता सेवा में जुटे विद्युत कार्मिकों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम हों।

ऊर्जा मंत्री ने लेसा के वृंदावन उपखंड के सेक्टर 9, सेक्टर 5, रजनी खण्ड और रतन खण्ड उपकेन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपभोक्ताओं और निर्बाध विद्युत आपूर्ति में जुटे कार्मिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी उपकेन्द्रों के विद्युत कार्मिकों के वैक्सीनेशन की जानकारी ली। कार्मिकों को पर्याप्त फेस शील्ड, मास्कए सेनेटाइजर व ग्लव्स उपलब्ध कराने के लिए कहा। विद्युत कार्मिकों से अपने संवाद में उन्होंने कहा कि कोरोना की पहली लहर में आप लोगों ने निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर लोगों का घर में रहना और सुरक्षित रहना तय किया। इस बार भी आप बेहतर आपूर्ति व उपभोक्ता सेवा से कोरोना के खिलाफ जंग को आसान करें। उन्होंने कहा कि कार्मिक स्वयं की भी रक्षा करें और तय दिशानिर्देशों का पालन कर उपभोक्ताओं को भी कोरोना से बचायें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए उपकेन्द्रों में सैनिटाइजर डिस्पेंसर, फिजिकल डिस्टेंसिंग, पीने के पानी, बैठने के लिए जगह हो यह सभी एमडी डिसकॉम सुनिश्चित करें। यूपीपीसीएल चेयरमैन इसकी मॉनिटरिंग करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को घर बैठे ऑनलाइन बिल जमा करने के लिए प्रेरित करें। बिल संशोधन की टोल फ्री नम्बर 1912 पर या ऑनलाइन आई शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो यह भी सुनिश्चित करें। विद्युत कार्मिक डोर नॉक की बजाय उपभोक्ताओं को फोन कॉल कर बकाया जमा करने के लिए प्रेरित करें।

# टीका उत्सव में गरीबों व जरूरतमंदों को लगे फ्री वैक्सीनः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अंबेडकर** जयंती के मौके पर बुधवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार ने कोरोना वायरस वैक्सीन लगाने को एक उत्सव के रूप में मनाने का जो विशेष अभियान चलाया है वह अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि अगर यह उत्सव देश के गरीब और जरूरत मंद लोगों को फ्री में वैक्सीन लगाने के रूप में मनाया जाता तो ज्यादा उचित होता। मायावती ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों से अनुरोध किया की पूरे देश में गरीब और जरूरत मंद लोगों को वैक्सीन मुफ्त में लगाने का निर्णय लें।

मायावती ने कहा कि इस साल भी कोरोना नियमों का पालन करते हुए बसपा के सभी सदस्य बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती मना रहे हैं। ये दिन हमारी पार्टी के लिए खास हैए क्योंकि इसी दिन बसपा की शुरुआत की गई थी। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश में इस वक्त बीएसपी ऐसी पार्टी है, जो जातिवाद की राजनीति करने वाली पार्टियों का मुकाबला कर रही हैं। कोरोना संकट को मायावती ने कहा कि देश के गरीबों को वैक्सीन दी जानी चाहिएए केंद्र जो टीका उत्सव मना रहा है, उसमें गरीबों को मुफ्त में टीका मिलना चाहिए। कोरोना के बढ़ते प्रकोप के बीच शुरू हुए पलायन पर मायावती ने कहा कि प्रवासी मज़दूरों के लिए राज्य सरकारों को खाने और रहने की व्यवस्था करनी चाहिएए ताकि उन्हें पलायन ना करना पड़े और वो कोरोना की चपेट में ना आएं। बता दें कि बसपा प्रमुख मायावती के अलावा देश के अन्य नेताओं ने भी बुधवार को बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर नमन किया।

# यूपी की स्थिति विस्फोटक, सरकार छुपा रही आंकड़े

● प्रदेश में कोरोना की स्थिति पर कांग्रेस महासचिव ने वर्चुअली की आपात बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव व यूपी प्रभार प्रियंका गांधी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोरोना की भयावहता को देखते हुए आपात बैठक बुलाई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष, नेता कांग्रेस विधायक दल, पीसीसी के उपाध्यक्ष, महासचिव समेत राष्ट्रीय महासचिव के सलाहकार मण्डल और रणनीति समिति के सदस्य शामिल थे।

प्रियंका गांधी ने जारी बयान में कहा कि यूपी में कोरोना महामारी की दूसरी लहर बहुत तेजी से फैल रही है। पूरे सूबे से जो खबरें आ रही हैं वह बेहद दु:खद और दिल दहलाने वाली हैं। उन्होंने कहा कि विडंबना देखिए कि बहुमत की इस सरकार ने अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने के लिए पूरे साल कुछ नहीं किया और आज इन्हें श्मशान घाटों की क्षमता बढ़ानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि आज सुबह मैंने उप्र कांग्रेस की सलाहकार और रणनीतिक समिति के सदस्यों, पार्टी के विधायकों, प्रदेश कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं प्रदेश के प्रत्येक कोने में स्थित मंडल प्रभारियों से कोरोना से उत्पन्न विपत्ति पर चर्चा की। यूपी प्रभारी महासचिव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस विपत्ति की घड़ी में प्रदेश की जनता के साथ खड़ी है। हमारी पार्टी जनता को हर तरह से सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही साथ हमारा फर्ज है कि संक्रमित लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए हम सरकार से मांग करें। उनके सवालों के लिए लड़ें। यह विपक्ष का धर्म है और हम दृढ़ता से इसे निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यूपी की स्थिति सबसे ज्यादा विस्फोटक होने के कगार पर है जबकि यूपी सरकार लगातार आंकड़े छुपा रही है। अगर यूपी सरकार कोरोना महामारी के पहले दिन से ही सचेत रही होती तो शायद आज इस तरह के दिन नहीं देखने पड़ते। इस महामारी में पहले ही दिन से बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था करने के बजाय सरकार ने संक्रमण के आंकड़े और मौतों की संख्या को लगातार कवरअप किया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार की कोई व्यवस्था और प्लानिंग ही नहीं दिख रही है, इसकी बजाए ऐसा लग रहा है कि यूपी की जनता पर दोतरफा वार हो रहा है। एक तरफसे कोरोना और दूसरी तरफ से योगी सरकार की नाकाम, असंवेदनशील और गैर जिम्मेदार व्यवस्था। उन्होंने कहा कि वास्तव में यूपी सरकार के इस रवैए ने प्रदेश की जनता को मौत के मुंह में धकेलने का कार्य किया है। 5 से 11 अप्रैल के बीच पूरे देश में कोरोना के 70 प्रतिशत मामले बढ़े हैं तो उत्तर प्रदेश में इस दौरान कोरोना मामलों में 281 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# आक्सीजन की आपूर्ति पर लगातार नजर रखी जा रही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने बताया कि आक्सीजन की आपूर्ति पर निरन्तर नजर रखी जा रही है। सहगल ने बताया कि हर जनपद के गांव तथा शहर में क्वारेंटाईन सेन्टर बनाये जा रहे है। जहा पर प्रवासियों को इन सेन्टरों में रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि इन सेन्टरों में मूलभूत सुविधायों के साथ साथ खाने पीने के व्यवस्था होगी।

प्रत्येक जनपदों के जिलाधिकारी अपने स्तर से प्रदेश के बाहर से आने वाले लोगों को इन सेन्टरों में खाने व ठहराने की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने कटेमेण्ट जोन में प्रभावी नियंत्रण करने के निर्देश दिये है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में टेस्टिंग का कार्य करते हुएए टेस्टिंग की क्षमता निरन्तर बढ़ायी जा रही है। गत एक दिन में कुल 2,10,121 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 3,73,84,344 सैम्पल की जांच की गयी है। इसमें 90,000 से अधिक सैम्पलों की जांच आरटीपीसीआर के माध्यम से की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 20,510 नये मामले आये है। प्रदेश में 1,11,835 कोरोना के एक्टिव मामले में से 97,190 लोग होम आइसोलेशन में हैं। निजी चिकित्सालयों में 1648 लोग तथा शेष मरीज चिकित्सालयों में इलाज भी करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घंटे में 4,517 तथा अब तक 6,22,810 लोग कोविड19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं।

# सेनेटाइज किए जाएंगे यूपी के सभी 1925 कोल्डस्टोरेज

● दिन में रोज दो बार सेनेटाइज किए जा रहे मंडी स्थल के चबूतरे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण से लोगों के बचाव के लिए अब यूपी के सभी कोल्ड स्टोरेज को सेनेटाइज किया जाएगा। इसी के साथ गेहूं बेचने मंडी में पहुंच रहे किसानों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए हर दिन मंडी के चबूतरे को दो बार सेनेटाइज किया जाएगा। उद्यान विभाग और मंडी परिषद के उच्चाधिकारियों ने इस संबंध में जिले के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। सरकार का प्रयास है कि आलू तथा गेहूं उत्पादक किसानों को हर हाल में कोरोना संक्रमण से बचाया जाए और इसके लिए हर जरूरी इंतजाम किए जाएं।

उद्यान निदेशक आरके तोमर ने सूबे के सभी 1925 कोल्डस्टोरेज को सेनेटाइज करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। आरके तोमर के अनुसार इस बार राज्य में 160 लाख टन से भी अधिक आलू का उत्पादन हुआ है। जिसमें से करीब 120 लाख टन आलू कोल्डस्टोरेज में पहुंच चुका है। इसकी सुरक्षा के लिए कोल्डस्टोरेज को सेनेटाइज किया जाएगा। सूबे के सभी कोल्डस्टोरेज को सेनिटाइज कर संचालित करने की प्रक्रिया शुरू है। अधिकारियों के अनुसार कोल्डस्टोरेज को सेनेटाइज करने से आलू के भंडारण और निकासी में कोई समस्या नहीं आने पाएगी। इसी तरह से सूबे में मंडी परिषद की 251 मंडियों में से 220 मंडियों में गेहूं की खरीद हो रही है। इन मंडियों में गेहूं लेकर पहुंच रहे किसानों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए मंडी के चबूतरे को दिन में दो बार सेनेटाइज करने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा हर मंडी में कोविड डेस्क बनाई गई है। मंडी में बिना मास्क के किसी को भी आने पर रोक है, जो किसान मास्क लगाकर नहीं आते हैं उन्हें इस डेस्क के जरिए मास्क उपलब्ध कराया जा रहा है। मंडी में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए गेंहू की खरीद हो रही हो। सब्जी और फल लेकर आने वाले व्यापरियों से कोरोना प्रोटोकाल का पालन कराया जा रहा है।

**14 दिन में खरीदा गया रिकार्ड 80 हजार मैट्रिक टन गेहूं:** प्रदेश में एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू की गई है। अभी 14 दिन ही बीते हैं कि एक लाख 80 हजार मैट्रिक टन गेहूं खरीद का रिकार्ड बन गया है। इस रिकार्ड को बनाने के साथ ही किसानों को भुगतान के मामले में योगी सरकार ने पिछली सरकारों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। धान खरीद के मामले में भी योगी सरकार नए कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। राज्य सरकार ने 2553804 धान किसानों को 23328.80 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है, जो कि प्रदेश में अब तक का रिकार्ड है। आंकड़ों के मुताबिक योगी सरकार ने चार साल के कार्यकाल में 3345065 किसानों से कुल 162.71 लाख मी. टन गेहूं की खरीद की। 24256 क्रय केंद्रों के जरिये खरीदे गए गेहूं के लिए राज्य सरकार ने किसानों को कुल 29017.71 करोड़ रुपये का रिकार्ड भुगतान किया है।

# पंचायत चुनावः प्रदेश के 18 जिलों में मतदान आज

● 51176 पोलिंग बूथों पर प्रथम चरण के निर्वाचन में 31646162 मतदाता करेंगे अपरे मताधिकार का प्रयोग, राज्य निर्वाचन आयोग ने दिए कोविड प्रोटोकाल के कड़ाई से अनुपालन के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**त्रिस्तरीय** पंचायत सामान्य निर्वाचनए 2021 के प्रथम चरण के 18 जनपदों में बृहस्पतिवार 15 अप्रैल को होने वाले निर्वाचन में कुल 51176 पोलिंग बूथो में प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाएगा।

राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज कुमार ने संबंधित 18 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारी सहित निर्वाचन से जुड़े समस्त अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि कोविड संक्रमण से बचाव हेतु दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराते हुए यह सुनिश्चित कराया जाए कि प्रत्येक मतदान केन्द्र में आवश्यकतानुसार सेनेटाइजर, मास्क आदि की पर्याप्त व्यवस्था कराते हुए नियमानुसार दूरी में मतदाताओं को रखकर ही कल मतदान कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के संबंधित जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के साथ साथ कोविड संक्रमण से बचाव हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा ली गई हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में 18 जनपदों के ग्राम पंचायत के 69541 सदस्य सहित 85 ग्राम प्रधान तथा 550 क्षेत्र पंचायत सदस्य के अतिरिक्त जनपद हरदोई में एक जिला पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। प्रथम चरण के निर्वाचन हेतु प्रदेश के 18 जनपदों में 51176 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। प्रथम चरण के निर्वाचन मे 31646162 मतदाता विभिन्न मतदान केन्द्रों में अपने मतदान का प्रयोग करेंगे।

जनपद अयोध्या में 2710 पोलिंग बूथ एवं 1672701 मतदाता, जनपद आगरा में 3407 पोलिंग बूथ 2028878 मतदाता, जनपद कानपुर नगर में 1994 पोलिंग बूथ एवं 1253056 मतदाता, जनपद गाजियाबाद में 958 पोलिंग बूथ एवं 557412 मतदाता, जनपद गोरखपुर में 4647 पोलिंग बूथ एवं 2978569 मतदाता, जनपद जौनपुर में 5106 पोलिंग बूथ एवं 3629704 मतदाता, जनपद झांसी में 1676 पोलिंग बूथ एवं 973522 मतदाता, जनपद प्रयागराज में 5270 पोलिंग बूथ एवं 3402851 मतदाता, जनपद बरेली में 3870 पोलिंग बूथ एवं 2347655 मतदाता, जनपद भदोही में 1889 पोलिंग बूथ एवं 1114052 मतदाता, जनपद महोबा में 925 पोलिंग बूथ एवं 571341 मतदाता हैं। इसी प्रकार जनपद रामपुर में 2119 पोलिंग बूथ एवं 1307667 मतदाता, जनपद रायबरेली में 3591 पोलिंग बूथ एवं 2118144 मतदाता, जनपद श्रावस्ती में 1332 पोलिंग बूथ एवं 828403 मतदाता, जनपद संत कबीर नगर में 2036 पोलिंग बूथ एवं 1249544 मतदाता, जनपद सहारनपुर में 3283 पोलिंग बूथ एवं 1856476 मतदाता, जनपद हरदोई में 4727 पोलिंग बूथ एवं 2811208 मतदाता तथा जनपद हाथरस में 1636 पोलिंग बूथ एवं 944979 मतदाता हैं।

# सुरक्षा के कड़े इंतजाम, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में बृहस्पतिवार को प्रथम चरण के अंतर्गत 18 जिलों में होने वाले पंचायत चुनाव के मतदान को लेकर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है।

अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि इन 18 जनपदों में कुल 629 निरीक्षक, 7946 उपनिरीक्षक, 15672 मुख्य आरक्षी, 61857 आरक्षी, 66444 होमगार्ड्स, 2710 पीआरडी जवान, 6729 रिक्रूट आरक्षी, 51 कम्पनी 2 प्लाटून पीएसी व 10 कम्पनी सीएपीएफ चुनाव सम्पन्न कराने के लिए तैनात रहेंगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2021 के प्रथम चरण में प्रदेश के 18 जनपदों आगरा, हाथरस, प्रयागराज, महोबा, बरेली, रामपुर, गोरखपुर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, कानपुर, झाँसी, हरदोई, रायबरेली, अयोध्या, गाजियाबाद, सहारनपुर व भदोही में पंचायत चुनाव होना प्रस्तावित है । एडीजी ने बताया कि इसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्थाएं कर ली गयी है। विगत डेढ़ महीने से इन जनपदों में निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही हैं, जिससे कि चुनाव सकुशल सम्पन्न हो सकें। एडीजी ने बताया कि जिन जिलों में मतदान है उन जिलों के 441 निरीक्षक, 3521 उप निरीक्षक, 6219 मुख्य आरक्षी व 23069 आरक्षी चुनाव ड्यूटी में रहेंगे जबकि अन्य जनपद से चुनाव ड्यूटी के लिए 188 निरीक्षक, 4425 उप निरीक्षक, 9453 मुख्य आरक्षी व 38788 आरक्षी प्रदान किए गए है। सात मार्च 2021 से अब तक उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में पंचायत चुनाव को सकुशल एवं भयमुक्त सम्पन्न कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत कुल 2429 अस्त्र बरामद किए गये हैं। 107 अवैध फैक्ट्रीमेड आग्नेयास्त्र, 4325 देशी आग्नेयास्त्र, 7531 कारतूस एवं 2824 किग्रा विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 13/2021
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं :
क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण : दोहना स्टेशन पर तीन लाइन क्रासिंग स्टेशन पर 52 किग्रा. रेल जोड़ों को एस.के.बी. पद्दित से बेल्डिंग का कार्य (स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत कानपुर-कासगंज-मथुरा जंक्शन-कासगंज-बरेली जंक्शन-लालकुँआ अनुभाग में गेज परिवर्तन का कार्य) साथ में मटेरियल मोडीफिकेशन हेतु बरेली से लालकुँआ और मंधना से ब्रह्मावर्त तक बढ़ाना (552.9 किमी.)। अनुमानित लागत : रु. 5,98,770.00, बयाना राशि : रु. शून्य, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 01 माह। क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण : लालकुँआ-बरेलीसिटी-कासगंज अनुभाग में 04 नग रक्षित समपारों पर (एल.एच.एस.) लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण कार्य। अनुमानित लागत : रु. 11,63,78,745.04, बयाना राशि : रु. शून्य, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 08 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 07.05.2021 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-15 इज्जतनगर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# मोहनलालगंज में कोरोना से तीन की मौत, दर्जनों संक्रमित

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**तेजी** से फैल रहे कोरोना संक्रमण ने बुधवार को मोहनलालगंज में पुलिस विभाग के अनुचर समेत तीन लोगों की जान ले ली। उधर इलाके में कोरोना बम फूटने से मोहनलालगंज सीएचसी पर आठ दर्जन से अधिक लोगों की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आई है। इतनी अधिक तादात में संक्रमित मिलने के बाद अफसरों के हाथ-पांव फूल गए हैं। हालांकि इनमें दो दर्जन से अधिक संक्रमित बाहरी बताए जा रहे हैं। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग और नगर पंचायत प्रशासन ने कान्टैक्ट ट्रेसिंग और सेनेटाइजेशन के लिए कई टीमें जुटाई हैं।

मोहनलालगंज कस्बे में संकटमोचन मंदिर रोड निवासी महिला की दो दिन से तबियत खराब थी। डाक्टर की सलाह पर परिवार ने कोरोना टेस्ट के लिए सैम्पलिंग कराकर महिला को आईसोलेट कर दिया। बुधवार को सांस लेने में परेशानी के साथ महिला की तबियत काफी बिगड़ने लगी। उसकी टेस्ट रिपोर्ट भी कोरोना पाजिटिव आ गई। आखिरकार दोपहर में महिला ने दम तोड़ दिया। इसी तरह दखिना गांव निवासी युवक की तीन दिन से तबियत खराब थी परिवार के लोग उसे लेकर भटकते रहे लेकिन अस्पताल में भर्ती नहीं मिल सकी। बुधवार को उसके कोरोना संक्रमित होने की रिपोर्ट आने के कुछ घण्टे बाद ही युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस लाइन में तैनात अनुचर की तबियत बिगड़ने पर हाल ही में उसे अतरौली लाकर आईसोलेट कराया गया। बुधवार को अचानक हालत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई। टेस्ट में उसकी रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव बताई जा रही है। एसडीएम विकास सिंह ने बताया सभी संक्रमित मरीजों को आईसोलेट कराकर उनकी निगरानी शुरू करा दी गई है। परिवार के अन्य सदस्यों को क्वारंटीन कराकर कान्टैक्ट ट्रेसिंग कराई गई है। सेनेटाइजेशन और बैरीकेडिंग भी कराया गया है।

**99 लोगों की रिपोर्ट पाजिटिव**

मोहनलालगंज सीएचसी पर बुधवार को 99 लोगों की टेस्ट रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आने से हड़कम्प मच गया। सर्वाधिक दर्जनभर से अधिक संक्रमित जबरौली में पाए गए। जबकि मोहनलालगंज नगर पंचायत क्षेत्र में भी तकरीबन दर्जनभर संक्रमित मिलने की बात सामने आई। इसके अतिरिक्त निगोहां ,दखिना ,सिसेण्डी ,करोरा ,नगराम, अचलीखेड़ा ,खुझौली, इन्द्रजीतखेड़ा, पुरसेनी और गोपालखेड़ा में भी दो दर्जन कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। वहीं दो दर्जन से अधिक संक्रमित ऐसे भी हैं जिनके मोबाइल नंबर और पते गलत दर्ज कराए गए हैं। लिहाजा उनके बारे में जानकारी नहीं हो पा रही है।

**अन्तिम संस्कार कराने में छूटे अधिकारियों के पसीने:** मोहनलालगंज में कोरोना संक्रमित महिला की मौत के बाद उसके शव का कोविड प्रोटोकॉल के तहत अन्तिम संस्कार कराने में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के अफसरों के पसीने छूट गए। परिजनों की मशक्कत के बाद किसी तरह सीएचसी से पीपीई किट ही मिल सकी वहीं शव ले जाने को वाहन नहीं मिला तो पुलिस को हस्तक्षेप कर पिकप लोडर बुलाना पड़ा।



## डीएम बंगले में 22, कलक्ट्रेट में 12 कर्मचारी व अधिकारी संक्रमित मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** में कोरोना संक्रमण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। डीएम बंगले में 22 और कलेक्ट्रेट में 12 कर्मचारी और अधिकारी संक्रमित मिले हैं। बंगले के आस पास के परिसर को भी सैनिटाइजेशन किया गया। साथ ही सभी कर्मियों की देखरेख की जा रही है। यही नहीं आईएएस अधिकारी के साथ प्रदेश के मंत्री भी कोरोना के चपेट में आ गए। राजधानी में कोरोना का कहर से डीएम बंगला और कार्यालय के कर्मी भी मुश्किल में पड़ गए हैं। डीएम अभिषेक प्रकाश के बंगले में 22 और कलेक्ट्रेट में 12 कर्मचारी और अधिकारी संक्र मित मिले हैं। बंगले और कार्यालय को सैनिटाइज किया गया। कोविड-19 के अस्पताल में प्रदेश सरकार के आधे दर्जन आईएएस और कई मत्रियों समेत शासन के प्रतिनिधियों भी का भी उपचार चल रहा है। राजधानी अस्पताल में 220 बेड फुल हैं। आरसीएच 2 के अस्पताल में नए बेड में भी भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। ओल्ड ओपीडी में 50 बेड में आईसीयू और वेंटीलेटर के बिस्तर पर बुधवार को स्टाफ के मरीज और ब्यूरोकेटस तथा कुछ नये मरीजों को भर्ती किया गया है। पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमितों की रिपोर्ट को देखने पर पता चलता है कि डीएम अभिषेक प्रकाश के बंगले पर 22 और जिलाधिकारी कार्यालय में 12 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। कुल संख्या 34 लोगों की है। इन सबके लक्षण सामने आने के बाद जांच की गई और ये नतीजा सामने आया है। गौरतलब है कि इससे पहले केजीएमयू, राजभवन, मुख्यमंत्री आवास में भी कोरोना संक्रमित सामने आ चुके हैं, जिसकी वजह से मुख्यमंत्री योगी भी संक्रमित हो चुके हैं।



### बोर्ड परीक्षा पर बोले डिप्टी सीएम, अधिकारियों संग बैठक में लेंगे निर्णय

## बोर्ड के 19 अधिकारियों में 17 संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शिक्षक एमएलसी नेता उमेश द्विवेदी ने डिप्टी सीएम को पत्र लिख कर की परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग**

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल के निर्देश पर सीबीएसई बोर्ड की रद्द हुई हाईस्कूल की परीक्षाएं व इंटर की परीक्षा को स्थगित किये जाने के बाद एशिया के सबसे बड़े बोर्ड यूपी माध्यमिक शिक्षा की परीक्षाओं को आगे बढ़ाने की मांग उठने लगी है। शिक्षक एमएलसी नेता उमेश द्विवेदी ने डिप्टी सीएम को पत्र लिख कर परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग की है। इस बीच डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा ने कहा है कि अधिकारियों के साथ बैठक कर वे इस मुद्दे पर निर्णय लेकर मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे।

डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि सीबीएसई व आईसीएसई की परीक्षा में 10 से 15 लाख छात्र बैठते हैं। जबकि यूपी बोर्ड की परीक्षा में 56 से 57 लाख छात्र शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि पहले यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 अप्रैल से प्रस्तावित थी। कोरोना संक्रमण को देखते हुए इसे आगे बढ़ा कर आठ मई कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि बोर्ड से जुड़े 19 अधिकारियों में 17 अधिकारी कोरोना संक्रमित हैं और अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। बोर्ड में अपर मुख्य सचिव से लेकर 3 विशेष सचिव, ज्वाइंट सेक्रेटरी, निदेशक, 5 डिप्टी डायरेक्टर संक्रमित हैं। ऐसे में अधिकारियों के स्वस्थ हो जाने के बाद वे बैठक करेंगे। बैठक के निर्णय से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। जिसके बाद स्थिति को देखते हुए सरकार निर्णय लेगी।

## टीका उत्सव में 9,214 लाभार्थियों को लगा टीका

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री की अपील पर शुरू किए गए चार दिवसीय टीका उत्सव के आखिरी दिन बुधवार को राजधानी में लाभार्थियों की संख्या एकबार फिर बेहद कम रही। महज 9,214 लाभार्थियों ने ही वैक्सीन लगवाई। जो 74 सरकारी और 66 निजी समेत कुल 140 वैक्सीनेशन सेंटर्स पर लगाई गई। इसमें 6,922 लोगों को सरकारी अस्पतालों और 2,292 लोगों को निजी अस्पतालों में वैक्सीन लगाई गई। इम्यूनाइजेशन के नोडल इंचार्ज डॉ एमके सिंह ने बताया कि बुधवार को 149 हेल्थकेयर वर्कर को वैक्सीन की पहली और 113 को दूसरी डोज लगाई गई। 149 फ्रंटलाइन वर्कर को वैक्सीन की पहली और 154 को दूसरी डोज लगाई गई है। इसके अलावा 60 वर्ष से ऊपर के 2,098 लोगों को वैक्सीन की पहली और 945 को दूसरी डोज लगाई गई। वहीं 45 वर्ष से अधिक आयु के 5,246 लोगों को वैक्सीन की पहली और 360 को दूसरी डोज लगाई गई है।

## सीएमएस में आईएससी (कक्षा-12) की प्रैक्टिकल परीक्षाएं स्थगित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सभी कैम्पसों में आईएससी (कक्षा-12) की सभी विषयों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दी गई हैं। सीएमएस प्रबन्धन द्वारा छात्रों व शिक्षकों को कोरोना महामारी से सुरक्षित रखने हेतु यह निर्णय लिया गया है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि कोरोना महामारी की विभीषिका को देखते हुए प्रशासन के निर्देश पर सीएमएस के सभी कैम्पसों में कक्षाओं का संचालन पहले ही 30 अप्रैल तक बंद कर दिया है, हालांकि छात्रों व अभिभावकों की सुविधा हेतु मान्टेसरी कक्षा से लेकर कक्षा-12 तक की ऑनलाइन कक्षाएं नियमित रूप से चल रही हैं, जिससे कोरोना महामारी के इस दौर में छात्रों की पढ़ाई का कतई नुकसान न हो।

## सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा संक्रमित

**लखनऊ (पीएनएस)।** प्रख्यात साहित्यकार एवं सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी पं. हरि ओम शर्मा कोरोना वायरस से संक्रमित हों गये हैं। श्री शर्मा की कोरोनो रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्होंने स्वयं को अपने घर पर आइशोलेट कर लिया है। श्री शर्मा के अलावा उनके परिवार में उनके पुत्र व पुत्रवधू भी कोरोना से संक्रमित पाये गये हैं। उनके निजी सचिव राजेंद्र चौरसिया ने बताया कि श्री शर्मा ने अपने सभी शुभचिन्तकों व सहयोगियों से अपील की है कि जो लोग भी पिछले 8-10 दिनों में उनसे मिले हैं, वे सभी अपना कोरोना टेस्ट अवश्य करवा लें।

## नगर आयुक्त ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**लखनऊ।** लखनऊ वन कंट्रोल रूम का नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिकायतों के निस्तारण को जांचा गया। कुल 1171 शिकायतें दर्ज की गयी। इनमें कोविड से संबंधित सबसे अधिक रहीं। नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त को बनया गया।वहीं सहायक नगर आयुक्त को कंट्रोलरूम प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी है।

बुधवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी द्वारा गोमती नगर स्थित लखनऊ वन कंट्रोल रूम का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिकायातों के निस्तारणं एवं कार्यों की जानकारी ली गई। कण्ट्रोल रूम में कुल 1171 शिकायतेंआयी, जिसमें सर्वाधिक कोवीड-19 से सं बंधित थी। शिकायतों में मुख्यत: कोवीड-19 की जाँच, दवाएवं ए बुलेंस की उपलब्धता से स बंधित थी। इन शिकायतों को कोविड से संबंधित अन्यत्र कंट्रोल रूम में भेज दिया गया। लगभग 250 से अधिक शिकायते सैनीटाइजेशन से संबंधित थी जिसे 3 एंटी स्मॉग मशीनो, लगभग 60 ट्रैक्टर माउंट टैंकरो तथा हैण्ड मशीनों के द्वारा पूर्ण करा दिया गया। साफ-सफाई से स बन्धित शिकायतों का निस्तारण भी आज ही कर दिया गया। आने वाली समस्याओं निस्तारण के लिए नगर निगम कंट्रोल रूम उसी दिवस में ही करने के लिए प्रतिबद्ध रहता है । निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने मौके पर उपस्थित अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को कंट्रोल रूम का नोडल और सहायक नगर आयुक्त विद्यासागर यादव को कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया। इन्हें एक-एक शिकायत की मॉनीटरिंग से लेकर निस्तारण तक की जि मेदारी तय की गयी।

**जनता यहां करें फोन**

लखनऊवासी साफ-सफाई एवं कोरोना संक्रमित क्षेत्रों में बैरिकेडिंग एवं सैनीटाइजेशन की सहायत यहां से मिलेगी। नगर निगम के लखनऊ वन एप और फोन नंबर 6389300137/138/139 के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते है।

**कोविड जांच के लिए यहां से मिलेगी मदद:** कोवीड -19 की जाँच, हॉस्पिटल एवं एंबुलेंस सहायता भी मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा स्थापित इंटीग्रेटेड कोवीड कमांड एंड कण्ट्रोल रूम लखनऊ के दूरभाष नंबर 8009136181 (प्रात: 8 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक ) ,7007111277 (अपरान्ह 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक), 9628237730 (रात्रि 8 बजे से प्रात: 8 बजे तक) संपर्क करें।

## सारे दावे फेल, लकड़ियां ढोने को मजबूर परिजन

**श्मशान व कब्रिस्तान में शवों के अंतिम संस्कार के लिए परिजन कर रहे हैं अपनी बारी का इंतजार**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**शहर** के श्मशानों में लकड़ियां कम पड़ गयी हैं। भैंसाकुंड में परिजन लकड़ियां स्वयं से ढो रहे हैं। नगर निगम के दावें हवा हो गए। लकड़ी की कमी बुधवार को बड़े स्तर पर रही। अधिकारियों ने शिकायतों के बाद लकड़ियां मंगाने का आश्वासन दे रहे हैं। वहीं नगर निगम द्वारा बिना मास्क के घूम रहे लोगों का चालान भी किया गया।

श्मशानों में लकड़ियां कम पड़ गयीं। भैंसाकुंड, गुलाला घाट व कब्रिस्तान में शवों को जलाने के लिए परिजन अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने स्वयं श्मशानों का निरीक्षण कर लकड़ियां कम न पड़े, इसके अधिकारियों को निर्देश दिया था, लेकिन सारे दावे फेल हो गए। बुधवार को भैसाकुंड पर लकड़ियां कम पड़ने से परिजन स्वयं लकड़ी लाते दिखे। यही नहीं कोरोना संक्रमण बढ़ने का एक कारण कोरोना प्रोटोकाल का ईमानदारी से पालन न करना भी बताया जा रहा है। बाजारों में लोग बिना मास्क के घूमते नजर आ रहे हैं तो दुकानों में सामान खरीदते समय सोशल डिस्टेंसिंग का बिल्कुल भी पालन नहीं कर रहे हैं और इसलिए संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। लोग मास्क भी ठीक से नहीं पहन रहे हैं। कुछ लोग तो बस गले में इसे लटका लेते हैं और मास्क पहनने के दायित्व को पूरा मान लेते हैं। कोरोना के कारण काम धंधा ठीक से चल नहीं रहा है। इसलिए मजदूर भी वापस अपने गांव घर लौट रहे हैं। ये मजदूर किन राज्यों से वापस आ रहे हैं और गांव में कहां वापस जा रहे हैं, इसका कोई रिकॉर्ड नहीं है। यहां तक कि पिछले वर्ष गांवों में उन्हें क्वारंटीन करने की व्यवस्था की गई थी लेकिन इस बार ऐसा कुछ नहीं है। कोरोना संक्रमण का एक कारण लगातार हो रहे धार्मिक आयोजन भी बन रहे हैं। नवरात्र चल ही रहे हैं जिसके कारण लोग मंदिर जा रहे हैं। जहां निगरानी करने की कोई व्यवस्था नहीं है। मंदिरों में भीड़ नजर आ रही है। जिस तरह से प्रदेश में संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है उसे देखते हुए अब स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

**श्मशान घाट में लंबी-लंबी लाइनें:** लखनऊ में मौतों की सं या इतनी बढ़ गई है कि अब श्मशान घाट पर भी प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार करने वालों की लंबी-लंबी लाइनें दिखाई पड़ रही हैं। हालांकि हालात को लेकर योगी सरकार बेहद चिंतित है और कोरोना संक्रमित होने के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागडोर अपने हाथों में संभाल रखी है। बेकाबू हुआ कोरोना लखनऊ में सबसे ज्यादा कहर बरपा रहा है और सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस बार आम जनता के साथ साथ मेडिकल स्टाफ से जुड़े लोग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं।

## लाखों की लागत से खरीदे गए उपकरण बने शोपीस निगरानी समितियां निष्क्रिय

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**स्वास्थ्य विभाग और विकास प्रशासन के अधिकारी बेपरवाह**

**पंचायतों** में लाखों की लागत से इन्फ्रारेड थर्मल स्कैनर और पल्स आक्सीमीटर खरीदे जाने के बावजूद भी निगरानी समितियों की निष्क्रियता ग्रामीणों को एक के बाद एक कोरोना संक्रमण का शिकार बना रही है। मौसमी बीमारियों के फेर में लोग कोरोना की टेस्टिंग कराने से बच रहे हैं। लिहाजा जाने-अनजाने संक्रमण का दायरा बढ़ने लगा है। हालांकि इस मुद्दे को लेकर स्वास्थ्य विभाग और विकास प्रशासन के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। मोहनलालगंज ब्लाक की सभी 84 ग्राम पंचायतों में पिछले वर्ष कोरोना संक्रमण की दस्तक के बाद तकरीबन चार लाख की लागत से इन्फ्रारेड थर्मल स्कैनर और पल्स आक्सीमीटर खरीदे गए थे। खरीदे गए उपकरण पंचायतों में स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को सुपुर्द कर उन्हें गांव में जुकाम-बुखार से पीड़ित ग्रामीणों और बाहर से आने वाले लोगों की निगरानी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जबकि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और ग्राम पंचायत सचिवों को भी इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए कहा गया था। ब्लाक और सीएचसी स्तर से इसकी नियमित समीक्षा भी की जाती थी। लेकिन साल भर में ही निगरानी समितियों अपनी जिम्मेदारी भुला बैठी हैं। लिहाजा अब जब पंचायतों में कोरोना संक्रमण फिर से फैलने लगा है तब निगरानी समितियों की जिम्मेदारी काफी बढ़ गई है। कोरोना से मौतों का सिलसिला शुरु होने के बाद पंचायतों में खतरे की घण्टी बज चुकी है। लिहाजा ऐसे में घर-घर जाकर सर्दी और बुखार का शिकार हर एक ग्रामीण की इन्फ्रारेड थर्मल स्कैनर और पल्स आक्सीमीटर से टेस्टिंग कर संदिग्ध लक्षणों वाले लोगों की कोरोना टेस्टिंग कराने की बेहद आवश्यकता है। लेकिन इस नाजुक वक्त में भी अधिकारियों के पुरसाहाल नहीं लेने से निगरानी समितियां सिर्फ कागजों में ही सक्रियता दिखा रही हैं। यही नहीं व्यापक जागरुकता के अभाव में लोग कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने में भी लापरवाही बरत रहे हैं।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी



**लखनऊ।** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के चलते हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाओं में हो रही देरी को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने कोरोना महामारी के कारण अभ्यर्थियों को हो रही दिक्कतों का संज्ञान लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक पीएचडी ( रेगुलर एवं पार्ट टाइम) पाठ्यक्रमों सत्र 2020-21 के आवेदन फॉर्म की अंतिम तिथि को 15 अप्रैल 2021 से बढ़ाकर 3 मई 2021 कर दिया है। इसी तरह सत्र 21-22 के विभिन्न पाठ्यक्रमों के आवेदन की अन्तिम तिथि भी बढ़ा दी है। अब स्नातक पाठ्यक्रमों एवं बीएलएड पाठ्यक्रम में आवेदन की अंतिम तिथि को 20 अप्रैल से बढ़ाकर 3 मई 2021 कर दिया गया है। परास्नातक पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल थी उसे भी 3 मई तक के लिए बढ़ा दिया है। स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों (बीबीए एवं बीसीए) एवं परास्नातक प्रबन्धन पाठ्यक्रमों ( एमबीए एवं एमटीटीएम) आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 3 मई 2021 कर दिया है ।

## तीन चीनी अभियुक्तों सहित 17 अपराधियों के विरुद्ध 2151 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कूटरचित दस्तावेजों के सहारे खाते खोलकर व फर्जी नाम से भारी मात्रा में सिम खरीदकर साइबर फ्रॉड में करते थे उनका प्रयोग, चीन में बैठकर भारतीय नम्बरों पर ओटीपी प्राप्त कर लोगों को गुमराह करके उन्हें ठगते थे अभियुक्त**

**हजारो** फर्जी सिम के माध्यम से भारत और चीन में बैठकर साइबर एवं आर्थिक अपराध कारित करने के आरोप में यूपी एटीएस ने तीन चीनी अभियुक्तों सहित 17 अपराधियों के खिलाफ 2151 पन्नों की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की है। यूपी एटीएस ने विगत जनवरी 2021 में प्री एक्टिवेटिड सिम के माध्यम से ओटीपी प्राप्त कर ऑनलाइन खाते खोलने और उनमे कार्डलेस ट्रांजेक्शन कर अवैध रूप से धन मंगाने के आरोप में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था । पूछताछ के क्रम में यह तथ्य भी सामने आया कि इनमे कुछ विदेशी लोग भी शामिल है और यह अपराध संगठित तरीके से किया जा रहा है तथा इनमे अन्य कई लोग भी शामिल है । इसी क्रम में यूपी एटीएस ने क्रमश: 24 एवं 27 जनवरी को 3 चीनी नागरिकोंली टेंग ली, जू जुंफू और सन जी यिंग को भी गिरफ्तार कर लिया गया और थाना एटीएस लखनऊ में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसकी सघन विवेचना की जा रही है। अभियक्तगण सैमुल हसन, मोहम्मद फहीम, हरिओम अरोड़ा, अंशुल सक्सेना, चन्द्र किशोर प्रजापति, पीयूष वात्रेय उर्फपीयूष गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, तरुण सूर्या, प्रेम सिंह, विशाल गुप्ता, उमंग त्यागी, कौशिक उर्फ लाडो उर्फ राडो, सोनू उर्फलोकेश, विशेष शर्मा उर्फविशू, ली टेंग ली, जू जुंफूऔर सन जी यिंग के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की है। एटीएस के आईजी जी के गोस्वामी ने बताया कि अभियुक्त उपरोक्तों ने संगठित गिरोह बनाकर अपने आर्थिक लाभ साइबर अपराध तथा उसके माध्यम से अन्य विभिन्न प्रकार के अपराध जिनमें छल के लिए धोखाधड़ी, प्रतिरूपण, कूट रचना, कूटरचित प्री एक्टिवेटेड सिम कार्ड्स से अवैध क्रिया कलापों द्वारा बैंक खाते खोलकर आपराधिक षड्यंत्र एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी हेतु प्रतिरूपण एवं अन्य अपराधिक गतिविधियां की गयी । इनके द्वारा दूसरे व्यक्तियों जिनमें छद्म नाम पता के व्यक्ति भी हैं, ऐसे नाम पतों से प्री एक्टिवेटेड सिम हजारों की संख्या में प्राप्त किए गए । इस अंतराष्ट्रीय गिरोह के दो अन्य चीनी विदेशी नागरिकों एवं उनके सहयोगी जिनकी विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों से पहचान भी प्रमाणित हो रही है। जिनके नाम जूनवेल हेल उर्फजेम्स तथा वीविया हैं। उक्त अभियुक्त गण इस समय अपने अपराधिक दायित्व से बचने के लिए पूर्व में चीन जा चुके हैं ए जिनकी गिरफ्तारी हेतु ब्लू कॉर्नर नोटिस तथा लुक आउट नोटिस भी जारी करवाया गया है । इस अभियोग में अब तक की तमामी विवेचना से उपरोक्त सभी अभियुक्तों के विरुद्ध संकलित अभिलेखीय ए मौखिक ए डिजिटल एवं फोरेंसिक साक्ष्यों से अंतर्गत धारा 120 बी , 419 , 420 , 467, 468 , 471 आईपीसी तथा धारा 66 डी आईटी एक्ट तथा चाइनीज अभियुक्तगण ली टेंग लीए जू जुंफू और सन जी यिंग उर्फ डेविड द्वारा वीज़ा अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात भी नियम विरुद्ध ढंग से भारत में रहने के कारण 14 विदेशी अधिनियम 1946 का भी अपराध कारित किया गया है। जिसके सम्बन्ध में विवेचक द्वारा कुल 2151 पृष्ठों में केस डायरी व चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की गयी है । इस अभियोग में दो चाइनीज अभियुक्त इस समय अपराधिक दायित्व से बचने के लिए चीन जा चुके हैं जिनकी गिरफ्तारी हेतु ब्लू कॉर्नर नोटिस तथा लुक आउट नोटिस जारी करवाया गया है ।

# बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही केंद्र व प्रदेश सरकार: योगी

● मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर किया वर्चुअली संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समता, न्याय और बंधुता जिस भारत के संविधान के मूलभूत तत्व हैं, उन्हें भारत के प्रत्येक नागरिक को उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। बाबा साहब के सपनों को साकार करने का ही परिणाम है कि आज हर प्रदेशवासी को बिना किसी भेदभाव के केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

यह बातें उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। मुख्यमंत्री योगी ने अपने आवास से कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। साथ ही प्रदेश सरकार की तरफ से बाबा साहब की स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब की जयंती हो या उनकी पुण्यतिथि। दोनों ही अवसरों पर आंबेडकर महासभा द्वारा बाबा साहब की स्मृतियों को जीवंत रखने के साथ-साथ उनके द्वारा बताए गए मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप अनेक कार्यक्रम रखे जाते हैं। बाबा साहब ने सदैव शिक्षा पर ध्यान दिया है। उन्होंने हमेशा वंचितों, गरीबों और दलितों को एक ही बात के लिए आह्वान किया है कि अपनी पीढ़ी को शिक्षा से वंचित न होने दें। प्रदेश सरकार इस दिशा में कार्य भी कर रही है। उन्होंने कहा कि समता, न्याय और बंधुता जिस भारत के संविधान के मूलभूत तत्व हैं, उन मूलभूत तत्वों को भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए सर्वसुलभ कराने के लिए ही पिछले पौने 7 वर्ष से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार और पिछले 4 वर्षों से उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस दिशा में बिना भेदभाव के हर नागरिक को घर, शौचालय की सुविधा, बिजली, स्वास्थ्य बीमा का कवर और राशन की सुविधा मिल रही है। यह सब बाबा साहेब के सपने को साकार करने का एक अभियान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 4 वर्षों के दौरान प्रदेश सरकार ने भारत सरकार के सहयोग से दो करोड़ 61 लाख गरीबों को एक-एक शौचालय उपलब्ध कराया है।

# परिवारवाद व जातिवाद की बुनियाद पूरी तरह से हिल गई है: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने हजरतगंज अटल चौक पर भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कृतज्ञ नमन किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला भी साथ रहे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने बाबा साहब की जयंती पर प्रदेश के जनमानस को बधाई देते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के बनाए हुए संविधान की ताकत ही है, जिससे परिवारवाद व जातिवाद की बुनियाद पूरी तरह से हिल गई है और एक चाय बेचने वाला देश का प्रधानमंत्री व एक गरीब घर का बेटा प्रदेश का मुख्यमंत्री बन सका है। उन्होंने कहा कि डॉ. आम्बेडकर ने संवैधानिक तरीके से दलित, वंचित, शोषित वर्ग के उत्थान की वकालत की थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उसी सिद्धांत से सबको साथ लेकर सबका विकास विकास करते हुए सबका विश्वास अर्जित कर रहे हैं। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि आजादी के बाद से एक परिवार विशेष को महिमामंडित करने में लगे पूरे तंत्र ने डा. आम्बेडकर की अवहेलना की है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब की स्मृति में पंच तीर्थ का निर्माण करके सच्चे अर्थों में उन्हें श्रद्धांजलि दी है। यह पंचतीर्थ देशवासियों के लिए आम्बेडकर के विचारों, जीवन चरित्र और दर्शन को समझने में सहायक है। श्री सिंह ने कहा डा. आम्बेडकर के दर्शन के मूल में समरसता, समन्वय, सौहार्द के साथ लोकतांत्रिक राष्ट्रवादी अवधारणा है। जिसमें दलितए वंचित शोषित लोगों का आर्थिक और सामाजिक उन्नयन निहित है। डा. आम्बेडकर के बताए मार्ग पर चलते हुए केंद्र सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से दलित, वंचित, शोषित लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम मोदी जी कर रहे हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की योजनाओं में दलित, वंचित व शोषित वर्ग का हित सर्वोपरि है। प्रदेश में कानून का राज स्थापित होने से गुंडे, कब्जाधारियों व माफियाओं से दलितों व गरीबों को राहत मिली है।

श्री सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक.एक कार्यकर्ता डॉ भीमराव आम्बेडकर के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। बाबा साहब की जन्म जयंती पर पार्टी के पदाधिकारीए जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की जन्म जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाते हुए हर बूथ पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# समाजवादियों ने आंबेडकर जयंती पर मनाया दीपोत्सव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी की ओर से बुधवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पार्टी मुख्यालय लखनऊ सहित देश प्रदेश स्तर पर मनाई गई। इसके साथ ही संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ घरों, सार्वजनिक स्थलों तथा बाबा साहेब की प्रतिमाओं के निकट दीप जलाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर अपनी भावांजलि देते हुए कहा है कि डॉ साहब के जन्मदिन पर संविधान रक्षा के संकल्प के साथ दीपावली कार्यक्रम को संकीर्णता में नहीं बांधना चाहिए। सपा का उद्देश्य वंचित लोगों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और उनके अंदर ज्ञान एवं स्वाभिमान को प्रकाशवान बनाना है।

# संविधान की रक्षा करने का संकल्प ही डॉ. आंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि: लल्लू



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि बाबा साहब ने हमारे देश को विश्व का सबसे महान संविधान प्रदान किया है। आज उसी की बदौलत सम्पूर्ण विश्व में हमारे देश का लोकतंत्र सबसे मजबूत है। उन्होने समतामूलक समाज की स्थापना, सामाजिक न्यायए शिक्षाए संगठित रहने और संघर्ष करने का मूल मंत्र दिया। संविधान के जरिये दलितों और पिछड़ों को संवैधानिक अधिकार देने का काम किया। लल्लू बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की।

उन्होने कहा कि देश कुछ लोग बाबा साहब के बनाए संविधान और हमारे देश के लोकतंत्र को कमजोर और तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। आज के दिन हम सभी को देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए हर संघर्ष करते रहने का संकल्प लेना चाहिए, यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# राज्य समाजवाद की अवधारणा के प्रबल पैरोकार थे बाबा साहब: दीपक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी (लोहिया) के तत्वावधान में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर व गणितज्ञ आर्यभट्ट की जयंती एवं महापंडित राहुल सांकृत्यायन की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में बुधवार को पार्टी मुख्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसपा मुख्य प्रवक्ता व बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा कि तीनों विभूतियाँ पूरी दुनिया में भारतीय मेधा एवं लोककल्याणकारी विद्वता का प्रतिनिधित्व करती हैं । तीनों से अपने ज्ञान द्वारा समाज को बेहतर बनाने की प्रेरणा मिलती है । बहुत कम लोग जानते हैं कि बाबा साहब राज्य समाजवाद की अवधारणा के प्रबल पैरोकार थे तो वहीं राहुल सांकृत्यायन ने 1934 में सोशलिस्ट पार्टी का घोषणा पत्र बनाया था । दुर्भाग्यपूर्ण है कि बाबा साहब व सांकृत्यायन के सपनों के भारत व समाजवाद पर अब चर्चा इनको अपना आदर्श मानने वाले लोग भी नहीं करते । दोनों देश को दिमागी गुलामी से मुक्त कराना चाहते थे । व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियां आम्बेडकर की आर्थिक नीतियों के विपरीत है। भाजपा केवल बाबा साहब का नाम लेती है, लेकिन उनके विचारों पर अमल नहीं करती। कार्यशाला को बौद्धिक सभा के महासचिव बृजेश मिश्र, प्रसपा महासचिव हरिशंकर यादव, मनीष मिश्र, ममता सिंह, मोहम्मद फारूक, अवनीश तिवारी समेत कई वक्ताओं ने अपने मत रखे ।

## आग की घटनाओं पर सीएम ने दुख जताया, आर्थिक सहायता के निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तहसील गोवर्धन, जनपद मथुरा के ग्राम कुंजेरा, पाली, सतारपुर, भरनाकलां, सहार, भरनाखुर्द तथा कमई में गेहूं की फसल, भूसे में आग लगने की घटनाओं पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस सम्बन्ध में प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन घटनाओं में किसानों की फसल को हुए नुकसान का आकलन कराकर उन्हें आर्थिक सहायता दिलाए जाने की कार्यवाही यथाशीघ्र की जाए। जिला प्रशासन के अनुसार मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में फसल के नुकसान का आकलन सर्वे टीम द्वारा कराकर आर्थिक सहायता दिलाए जाने की कार्यवाही की जा रही है।

## संदिग्ध हालात में मजदूर के घर लगी आग, सारा सामान स्वाहा

**सरोजनीनगर।** बंथरा गांव के कुरौनी निवासी मजदूर मनोज के छप्पर में बुधवार अपराह्न करीब 2 बजे संदिग्ध हालात में आग लग गई। जब तक लोगों को पता चला तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आनन फानन लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग फैलती चली गई। बाद में घटना की सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पाकर पहुंची दमकल गाड़ी ने किसी तरह आग पर काबू पाया। इस घटना में छप्पर के नीचे बंधी 5 बकरियां भी जल गई। साथ ही घर में रखी एक बाइक और 47 सौ रुपए के अलावा कपड़े व जरूरी सामान भी जलकर राख हो गया। वहीं आग बुझाने के दौरान आग की चपेट में आकर मनोज के भी हाथ पैर मामूली रुप से झुलस गए। फिलहाल इस मामले में मनोज ने गांव के ही रहने वाले चार भाइयों पर आरोप लगाया है। उसका कहना है कि पुरानी रंजिश को लेकर यह लोग सुलह समझौते का दबाव बना रहे थे। जब उसने समझौता करने से इनकार कर दिया तो उन लोगों ने घर में आग लगा दी। फिलहाल पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि घटना संदिग्ध होने के साथ ही शुरुआती जांच में पुरानी रंजिश को आरोप लगाना पाया गया है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## जमीन के विवाद में चले लाठी-डंडे, कई घायल

**माल।** माल थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीन के विवाद में दो सगे भाइयों में जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को माल सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने गम्भीर रूप से घायलों को ट्रॉमा रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक माल थाना अंतर्गत बेलबिरवा गांव में दो सगे भाइयों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर कई वर्षों से मुकदमा चल रहा है। जिसमें आम की बाग की एक लाइन को लेकर विवाद है। बताया जा रहा है कि यह लाइन प्यारेलाल के कब्जे में है जबकि एसडीम ने टीम भेजकर पैमाइश करायी तो यह लाइन मख़्लू के हिस्से में निकली। जिस पर टीम ने मेड भी रखवा दी। फिर प्यारे लाल ने न्यायालय से स्थगन आदेश ले लिया और लाइन पर कब्जा करने का प्रयास किया। बुधवार को बाग की सिंचाई को लेकर दोनों परिवार भिड़ गये। जमकर लाठी डंडे चले जिसमे मख़्लू, रामसिंह, ताराचंद और रामसिंह की बेटी घायल हो गये।उधर प्यारेलाल, विमलेश और गोलू घायल हो गये।

## बाग में पेड़ से लटककर मजदूर ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** गोसाईगंज इलाके में एक मजदूर ने घर से कुछ दूरी पर स्थित आम के बाग में पेड़ से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक मजदूरी का काम करता था। जानकारी के अनुसार एसआई फिरोज आलम सिददीकी ने बताया कि बुधवार की सुबह खुरखुन्दापुर महमदपुर गोसाईगंज निवासी अमर सिंह ने पुलिस को सूचित किया कि उसके बेटे 19 वर्षीय अरुण जो मजदूरी करता था। सुबह घर से पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित आम के बाग में एक पेड़ से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर बताया कि पोस्टमार्टम रिपोट्र आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## अवैध स्मैक के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की गाजीपुर पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार करने का दावा किया है। उधर चिनहट पुलिस ने एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पिस्टल व कारतूस बरामद की है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर गाजीपुर पीके मिश्रा ने बताया कि उनकी टीम अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एचएएल के पास एक तस्कर मौजूद है जो मादक पदार्थ सप्लाई करता है। पुलिस ने मुखबिर की बात पर भरोसा किया और मौके पर पहुंच गये। पुलिस को आता देख मौके से भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम अकबरनगर महानगर निवासी सनी कुमार बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके कब्जे से बीस ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। इंस्पेक्टर चिनहट ने बताया कि मंगलवार की रात उनकी टीम ने एक शातिर बलिया निवासी मृत्यांजय बताया। पुलिस का कहना है कि यह असलहा तस्कर है जिसके कब्जे से पिस्टल व तमंचा बरामद हुए हैं।

## शातिर जालसाज गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है जिसने कूटरचित पेपर तैयार कर धोखाधड़ी कर प्लाट बेच दिया था। उधर हसनगंज पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से अवैध स्मैक बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर विस्तार ने बताया कि पुलिस ने खरगापुर गोमतीनगर निवासी अवधेश सिंह को गिरफ्तार किया है जो प्लाट को बैंक में गिरवी रखे हुए था जिसके उपरांत उसी प्लाट की फजी दस्तावेज तैयार कर बेच दिया। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर हसनगंज इंस्पेक्टर अमरनाथ वर्मा ने बताया कि हसनगंज निवासी एक शातिर तस्कर अजय गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है जो काफी समय से इलाके में मादक पदार्थ की तस्करी करता था। पुलिस का कहना है कि कब्जे से एक सौ साठ ग्राम स्मैक नकदी व मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

## चिनहट में मिला अधेड़ का शव पुलिस जाँच में जुटी

**लखनऊ।** चिनहट इलाके में बुधवार दोपहर तब हड़कम्प मच गया जब किसान पथ स्थित इन्दिरा नहर रेगुलेटर के पास खेत में 55 वर्षीय व्यक्ति का संदिग्ध हालत में शव पड़ा मिला। आसपास के स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी तो भनक पुलिस को लगी। उसने मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन तलाशी में उसके पास कोई ऐसी वस्तु नहीं मिली जिससे पहचान में मदद मिल सके। मृतक के तन पर सफेद रंग की फुल बनियान, अण्डरवियर के अलावा दाहिने हाथ में लाल रंग का कलावा बंधा था। स्थानीय लोगों में युवक की हत्या किये जाने की चर्चा थी। देखने में शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। जिसके चलते शरीर पर चोट के कोई जाहिरा निशान नहीं थे। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई किये जाने की बात कही।

## नहर से बरामद हुआ 20 दिन पुराना शव

**लखनऊ।** काकोरी के नरौना व बड़ागाँव के बीच से निकली शारदा सहायक नहर के पास ग्रीन सिटी के नाम से की गयी प्लाटिंग में बुधवार को 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। राहगीरों की नजर पड़ी तो वहां लोगों का जमावड़ा लग गया। तब मामले की भनक पुलिस को लगी। वो मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लिया लेकिन उसके काफी सड गल जाने से पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने उसे कहीं और से लाकर फेके जाने की बात कही है।

# भाजपा के बागियों पर चला निष्कासन का हंटर

● जिलाध्यक्ष ने पार्टी से किया छह वर्षों के लिए निष्कासित

संवाददाता। बख्शी का तालाब

**भारतीय** जनता पार्टी के द्वारा घोषित जिला पंचायत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे कार्यकर्ताओं व उनके सहयोगियों पर भाजपा ने सख्त रुख अपनाया हैं। जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी ने उनकी सदस्यता, पदों से हटाते हुए 6 वर्ष के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। जिलाध्यक्ष ने मीडिया में जारी अपने लेटर में वार्ड संख्या 5 से पार्टी प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे राजेंद्र लोधी, वार्ड संख्या 8 से संतोष कुमार, वार्ड संख्या 9 से त्रिभुवन नाथ, रंदीप गुप्ता, अमरीश मिश्रा, वार्ड संख्या 11 से राजू गुप्ता, वार्ड संख्या 12 से सरस्वती देवी इनके पति रमेश चंद्र, वार्ड संख्या 13 से सुशीला देवी इनके पति विनोद कुमार, वार्ड संख्या 14 से मनीष सिंह, वार्ड संख्या 15 से वीरेंद्र रावत, वार्ड संख्या 17 से अनीता रावत, वार्ड संख्या 21 से हरिओम, वार्ड संख्या 23 से सरोजनी रावत इनके पति जिला कार्यसमिति सदस्य धर्मवीर पासवान, काकोरी से जिला कार्यसमिति सदस्य कमलेश लोधी को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण चौधरी ने बताया कि इसके बावजूद भी यदि पार्टी के नाम पर यह लोग प्रचार करते हुए पाए गए तो इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# कोरोना को रोकने के लिए सामाजिक सहभागिता जरूरी

● वैक्सीन उत्सव में राज्यपाल ने बताईं प्रदेश की तैयारियां व उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** की दूसरी लहर के बीच बुधवार को उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं देश के सभी राज्यपालों के साथ कोविड.19 के वैक्सीन उत्सव के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले एक साल से कोविड के खिलाफ देश व्यापी अभियान चल रहा है, जिसमें हमने सफलता भी पायी, लेकिन कोविड.19 का दूसरा स्ट्रेन देश में तीव्र गति से बढ़ रहा है। जिस पर हमें काबू पाने के लिये सभी सुरक्षात्मक उपायों के साथ साथ सामाजिक सहभागिता के साथ कार्य करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यपालों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्यपाल सरकार एवं समाज के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है। अत: राज्यपाल आपसी समन्वय बनाकर कोविड के नियंत्रण हेतु हर स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं जाए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बताया कि राजभवन के समस्त कार्मिकों तथा उनके परिजनों जो 45 आयु के ऊपर के थे, का टीकाकरण कराया गया। इसके पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2021 को राजभवन में कार्यरत सभी महिलाओं का टीकाकरण कराया गया था। उन्होंने कहा कि टीका उत्सव के अन्तर्गत प्रदेश के सभी जनपदों में 11 अप्रैल से 14 अप्रैल 2021 तक लगभग आठ हजार से अधिक केन्द्रों पर 45 वर्ष या उससे ऊपर के लोगों को टीका लगाया गया। इस संबंध में प्रदेश के विश्वविद्यालयों के माध्यम से सैंतालिस हजार छह सौ इक्यासी लोगों का टीका उत्सव में टीकाकरण हुआ तथा दो लाख से अधिक लोगो को टीकाकरण हेतु प्रोत्साहित किया गया। राज्यपाल ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री के साथ कोविड.19 के संबंध में सर्वदलों, धर्मगुरूओं तथा नगर निगमों के मेयरों साथ बैठक बुलाई गई। इन बैठकों में सभी के सम्मिलित प्रयासों से ट्रेसिंगए टेस्टिंग और ट्रीटमेंट को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिये विस्तृत विचार विमर्श किया गया। सभी राजनीतिक दलों ने कोरोना संक्रमण रोकने के लिये राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी प्रकार का सहयोग देने पर सहमति दी गई है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा वर्कर के सहयोग से टीकाकरण को गति प्रदान की गई। राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश में 1.5 लाख से अधिक डेडिकेटेड कोविड बेड्स की व्यवस्था की गयी तथा सभी 75 जनपदों की प्रयोगशालाओं में दो लाख से अधिक प्रतिदिन जांचे की जा रही हैं एवं 14 अप्रैल 2021 तक तीन करोड़ छिहतत्तर लाख से अधिक जांचे की जा चुकी है।

# थ्रेसर की चपेट में आने से युवक की मौत


**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में दो दिन पहले गेहूं कटाई के दौरान थ्रेसर की चपेट में आकर घायल हुए एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने यही एक किसान और उसके बेटों पर घटना छुपाने का आरोप लगाया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना क्षेत्र के अलीनगर खुर्द निवासी राम आसरे के मुताबिक इलाके के ही कासिम खेड़ा गांव निवासी राम सुमेर ने बीती 12 अप्रैल की रात उसके बेटे रामप्रताप 40 को थ्रेसर से गेहूं कटवाने के लिए अपने खेत पर बुलाया था। जहां गेहूं कटाई के दौरान थ्रेसर में रामप्रताप का हाथ चपेट में आने से कट गया। गंभीर हालत में उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। इस मामले में राम आसरे का आरोप है कि रामसुमेर और उसके बेटे सुरेंद्र व नरेंद्र ने रामप्रताप को शराब पिलाकर उससे काम कराया। शराब के नशे में होने के कारण ही यह घटना हो गई। राम आसरे का यह भी आरोप है कि घटना के बाद रामसुमेर और उसके बेटों ने उन्हें कोई जानकारी नहीं दी और चुपचाप ले जाकर ट्रामा सेंटर में भर्ती करा दिया। बाद में रामसुमेर की पत्नी से घटना की जानकारी हुई, तब उसे इसका पता चला। जानकारी होने के बाद जब ट्रामा सेंटर पहुंचे तो रामप्रताप वहां मृत पड़ा मिला। फिलहाल इस मामले में रामआसरे ने रामसुमेर और उसके दोनों बेटों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# आज फायर रैली निकालकर लोगों को किया जाएगा जागरूक

अग्नि सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**बीते वर्ष अग्निशमन कर्मियों ने की 1513 मनुष्यों व 4270 पशुओं की जीवन रक्षा, साथ ही 4 अरब 51 करोड़ रुपए की सम्पत्ति को क्षति से बचाया**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में बुधवार से अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह का संकल्प अग्नि सुरक्षा उपकरणों का रख रखाव आग के खतरों को कम करने के लिये महत्वपूर्ण है। अग्नि सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य नागरिकों को अग्निकाण्डों के त्वरित नियंत्रण की जानकारी तथा अग्निकाण्ड से होने वाली क्षति के प्रति जागरूक करना व अग्निकाण्डों को रोकने तथा आग से बचावों के उपायों के सम्बन्ध में प्रशिक्षित करना है। अपर मुख्य सचिव गृह, अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रदेश मे आज से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश में अग्निकाण्ड से होने वाली दुर्घटनाओं में जन धन की हॉनि में कमी लाने की दिशा में गम्भीरता पूर्वक प्रयास किए गए है। अग्निशमन सेवा द्वारा प्रदेश की विकसित सम्पदा एवं अर्थव्यस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान दिया गया है।

अवस्थी ने बताया कि वर्ष 2020-21 मे अग्निशमन विभाग को 38 वाटर टेंडर, 35 जीप टोंइग वेहिकल एवं 5 करोड़ के उपकरण विभिन्न जनपदों को आंवटित किए गए हैं। प्रदेश में वर्ष 2020 मे अग्निशमन सेवा कर्मियों द्वारा कुल 20776 अग्नि दुर्घटनाओं व जीव रक्षा पुकारों पर कार्यवाही की गई। जिसमें 1513 मनुष्यों व 4270 पशुओं की जीवन रक्षा करते हुए लगभग 4 अरब 51 करोड़ रुपए की सम्पत्ति को क्षति से बचाया गया। साथ ही प्रदेश के जनपदों में 353 माक ड्रिल आयोजित की गई, 47801 व्यक्तियों को जागरूकता अभियान के दौरान जागरुक किया गया एवं 20,110 व्यक्तियों को अग्निसुरक्षा के बारे में प्रशिक्षित भी किया गया।

उल्लेखनीय है कि वीरगति को प्राप्त हुए अग्निशमन कर्मियों की पावन स्मृति में प्रत्येक वर्ष देश भर में अग्निशमन सेवाओं द्वारा अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस का आयोजन 14 अप्रैल को तथा 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। वर्तमान में प्रदेश के 75 जनपदों में कुल 350 फायर स्टेशन स्वीकृत है, जिनमें से 255 फायर स्टेशन क्रियाशील है एवं नवसृजित 17 फायर स्टेशनों को क्रियाशील कराये जाने की कार्रवाई की जा रही है। उप्र अग्निशमन सेवा द्वारा आनलाइन एनओसी पोर्टल बनने के बाद से इसके माध्यम से अबतक कुल प्राप्त 31,361 प्रार्थना पत्रों में से 21,370 को परीक्षोणपरान्त अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रो में पहली मार्च से 30 जून तक तथा शीतकाल में माह अक्टूबर से जनवरी तक जनपदों के तहसील मुख्यालयों में सीजनल फायर स्टेशन प्रति वर्ष स्थापित किए जाते है। अग्निशमन सेवा सप्ताह के अन्तर्गत 15 अप्रैल को जनपदीय मुख्यालय व तहसील स्तर पर विद्यमान फायर स्टेशनों के सहयोग से फायर रैली निकालकर जनता को जागरूक किया जाएगा। 15 अप्रैल को जनपदीय मुख्यालय व तहसील स्तर पर विद्यमान फायर स्टेशनों के सहयोग से शिक्षा संस्थानों में अग्नि सुरक्षा से सम्बन्धित निबन्ध, चित्रकला एवं व्याख्यान का आयोजन कराया जायेगा। 16 से 19 अप्रैल तक जनपदीय मुख्यालय व तहसील स्तर पर बहुखंडीय भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सभागारों का निरीक्षण, अग्निसुरक्षा से सम्बन्धित जनजागरण, माकड्रिल आदि का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 20 अप्रैल को ग्रामीण अंचलो में अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# वित्तविहीन शिक्षकों को आर्थिक पैकेज दे सरकार: उमेश द्विवेदी

**लखनऊ।** हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाओं को आगे बढाने की मांग के साथ ही शिक्षक नेता एमएलसी उमेश द्विवेदी ने सरकार से वित्तविहीन शिक्षकों को आर्थिक पैकेज देने की मांग की है। शिक्षक नेता का कहना है कि महामारी में वित्तविहीन शिक्षकों के सामने भुखमरी की स्थिति आ गई है। ना प्रबंधन व ना ही सरकार कोई सहायता दे रही है। शिक्षक परिवार के जीविकोपार्जन के लिए जूझ रहे हैं। डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा को लिखे गए पत्र में द्विवेदी ने कहा है कि सरकार ने कार्यस्थल पर 50 फीसदी कर्मचारियों को ही बुलाने के आदेश दिए हैं। स्कूल बंद हैं और न ही एडमिशन हो रहे हैं। ऐसे में 100 फीसदी शिक्षकों को बुलाने का कोई औचित्य नही है। इसलिए शिक्षकों को घर से ही शिक्षण कार्य व अन्य कार्य करने के आदेश जारी करने की मांग की है।

# बनारस में कोरोना के 1484 मरीज मिले, छह की मौत

## ● जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 9776 हो गई, मरने वालों की संख्या का रिकॉर्ड टूटा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**कोरोना संक्रमण** की बढ़ती रफ्तार थमने का नाम ही ले रही।पुराने सारे रिकॉर्ड एक एक ध्वस्त होते जा रहे हैं।दस मार्च को जिले में जहाँ 50 सक्रिय मरीज थेए वही 14 अप्रैल को यह आंकड़ा 7766हो गया।इससे पता चलता है कि संक्रमण कितनी तेजी से फैल रहा है।जिले में सोमवार को 1484 पॉजिटिव मिले।वही आज तीन मरीजो की मौत हो गई।इसी के साथ कोरोना से मरने वालों की संख्या 411 हो गया है।अब एक्टिव मरीजो की संख्या 9776 हो गया है।जबकि 481 मरीज होमआइसोलेशन से डिस्चार्ज किये गए।कोरोना से जिले में मरने वालों की संख्या 411हो गई है। अब तक एक दिन में मरने वालों की संख्या हो गई।

मंगलवार को संक्रमितों में बीएचयू शिक्षक, चिकित्सक, छात्रों, कर्मचारियों के साथ ही बरेका परिसर में कर्मचारी, अधिकारी, आईआईटी बीएचयू सहित अन्य जगहों के लोग शामिल हैं। जिला महिला अस्पताल, मंडलीय अस्पताल कबीरचौरा, ईएसआईसी, रेलवे, रोडवेज बस स्टेशन, एयरपोर्ट आदि जगहों पर लोगों की जांच की गई। उधर रिपोर्ट के अनुसार 100 से अधिक संक्रमितों के बारे में स्वास्थ्य विभाग को कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### प्रशासन के रिकार्ड से कोरोना से तीन की मौत, लेकिन 13 शव पहुंचे हरिश्चन्द्र घाट

**वाराणसी।** कोरोना संक्रमितों की मौत को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से बेमेल आंकड़े उजागर किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को कोरोना संक्रमित तीन लोगों की मौत का आंकड़ा जारी किया जबकि हरिश्चंद्र घाट पर स्थापित प्राकृतिक शवदाह गृह में कुल 13 चिताएं जलाई गईं। इसमें वाराणसी के रहने वाले सात थे तो अन्य जनपदों के छह के शव रहे। यह कागजी और जमीनी आंकड़ों का फर्क ही कोरोना संक्रमण की भयावहता बताने के लिए काफी है। संक्रमण के दावों का सच घाट पर सज रही चिताएं बता रही हैं। जबकि सरकारी आंकड़े सब कुछ कंट्रोल की स्थिति बता रहे हैं। जबकि चिताओं की संख्या प्रशासन के आंकड़ों को झूठा साबित कर रही हैं। इस बाबत प्रशासन की ओर से ही न अन्य स्त्रोतों से कहीं कोई मुह खोलने को तैयार है। दूसरी ओर अस्पतालों में फुल चल रहे बेड भी संक्रमण की दास्तान उजागर कर रहे हैं।



### आरटीपीसीआर टेस्ट निगेटिव के बाद ही श्रद्धालु श्री काशी विश्वनाथ व संकटमोचन मंदिर में दर्शन के लिए प्रवेश पाएंगे

**वाराणसी।** कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए कमिश्नर ने कहा है कि जरूरी न हो तो वाराणसी न आएं। कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बढ़ते कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए जन सामान्य से अपील की है कि वाराणसी आने से फिलहाल अवॉइड करें। यदि कोई जरूरी कार्य न हो तो आसपास के जनपदों से लोग वाराणसी न आएं और अपने घरों पर ही रहें। कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अन्नपूर्णा मंदिर में भी दर्शनार्थ आने वाले भक्तों का तीन दिन पूर्व का कोरोना का आरटीपीसीआर टेस्ट निगेटिव होना चाहिएए अन्यथा उन्हें मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस बाबत एडवायजरी जारी होने के बाद से ही लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण और इसकी भयावहता को लेकर चिंता होने लगी है।

**वाराणसी जिले में आगमन की एडवाइजरी:** देश विदेश से वाराणसी आने का कार्यक्रम बनाने वाले सभी व्यक्तियों और यात्रियों से अपील की गई है कि वाराणसी में अभूतपूर्व कोविड संक्रमण फैल जाने की वजह से अप्रैल के पूरे महीने में वाराणसी ना आएं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भी सूचित किया गया है कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में भी दिनांक 14 अप्रैल से प्रवेश के लिए कोविड नेगेटिव टेस्ट रिपोर्ट आवश्यक कर दी गई हैए इसके बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बाहरी प्रदेशों से आने वाले यात्रियों को शहर में ठहरने के लिए भी शीघ्र कोविड नेगेटिव रिपोर्ट की व्यवस्था लागू की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### गोदौलिया दूध सट्टी में बिना मास्क वाले लोगों का चालान काटा गया



**वाराणसी।** शहर में कोरोना के मरीज तीव्र गति से बढ़ रहे हैं किन्तु सुरक्षा की दृष्टि से बिना मास्क लगाये बाजार में पहुॅच जा रहे हैं। गोदौलिया दूध सट्टी में यादव बिरादरी बिना मास्क लगाये दूध के बाल्टा को लेकर पहुॅच जा रहे है। दशाश्वमेध थाना प्रभारी के नेतृत्व में बुधवार को दूध सट्टी गोदौलिया में व बिना मास्क लगाये गाड़ी चलाने वालों की चालान काटी गई तथा उनको मास्क भी दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने लोगों को हिदायत दिया कि दोबारा बिना मास्क लगाये बाजार में पहुॅचे तो पांच सौ रूपये अर्थदंड भरना होगा। इस दौरान महिला दारोगा भी महिलाओं को पकड़कर चालान कर रही थी।

### युवककी तालाब में गिरने से हुई मौत

**वाराणसी।** रोहनिया थाना क्षेत्र के गंगापुर सुईचक में बुधवार की सुबह तालाब में युवक के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर पहचान कराई तो पता चला कि लालू शर्मा 30 वर्ष निवासी रामनगर अपनी बहन सुमन के यहां गंगापुर सुईचक में रहकर मजदूरी का कार्य करता था। सुबह शौच के लिए घर से निकला था। मृतक को मिर्गी की दवा भी चलती थी। आशंका है कि शौच के बाद तालाब पर गया था जहां मिर्गी के दौरान पानी में गिरकर मौत हो गई। मृतक के पिता रामचंद्र और बड़ा भाई संतोष दुकान चलाते हैं। मृतक के भांजे किशन शर्मा ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार जांच के उपरांत जो भी साक्ष्?य होंगे उसी अनुरूप विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### समरसता दिवस के रूप में मनी डॉ. आंबेडकर की 130वीं जयंती



**प्रयागराज।** भारतीय संविधान के शिल्पी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 130 वीं जयंती समरसता दिवस के रूप में आज मनाई गई। दरियाबाद स्थित अंबेडकर जयंती समारोह में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का संपूर्ण जीवन देश के शोषित एवं वंचित रहे लोगों को अधिकार दिलाने के प्रति समर्पित रहा। वह एक इस राष्ट्र के सच्चे नायक थे। उन्होंने जो समाज के अंदर भेदभाव से पीड़ित वर्ग के लोग थे उनके अधिकारों की समानता के लिए लड़ाई लड़ते रहे और आज उनको उनके सपनों को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर गरीबों शोषित वंचितों के अधिकारों की रक्षा करते हुए उनके जीवन में गुणात्मक परिवर्तन ला रही है। इस अवसर पर भाजपा महानगर द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा महानगर प्रयागराज के 1252 बूथों पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की सचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन पर दर्शन डालते हुए कार्यक्रम का आयोजन बूथ अध्यक्ष एवं बूथ प्रभारियों की देखरेख में किया गया। बताया कि भाजपा युवा मोर्चा पिछड़ा मोर्चा महिला मोर्चा अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा गरीबों की बस्तियों में जाकर सेवा का कार्य किया गया। महानगर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ हाईकोर्ट स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ किया गया। दरियाबाद में आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह में कार्यक्रम के संयोजक सुशील निषाद द्वारा भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडल अध्यक्ष रहे। इस अवसर पर कुंज बिहारी मिश्रा वरुण केसरवानी रमेश पासी राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल राजू पाठक गिरजेश मिश्रा श्याम चंद्र हेला राजन शुक्ला सुभाष वैश्य किशोरी लाल जायसवाल मनोज मिश्रा दिलीप केसरवानी दिनेश विश्वकर्मा रणविजय सिंह ज्ञान बाबू केसरवानी दीनानाथ कुशवाहा संजय कुशवाहा कौशिकी सिंह गौरव गुप्ता ज्ञानेंद्र मिश्रा भरत निषाद अनिल भट्ट अजय सिंह विजय श्रीवास्तव परमानंद वर्मा अजय अग्रहरि रितेश केसरवानी आशीष जायसवाल किशन चंद्र जयसवाल आलोक वैश्य नीरज केसरवानी विजय कृष्ण मेहता दीपक शर्मा केशव शर्मा एवं क्षेत्र के समस्त पार्षद मंडल के पदाधिकारी एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने बूथों पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों में श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भारतीय राजनीति के सर्वकालिक महानायक हैं बाबा साहेब

## ● सपा ने पार्टी कार्यालय में मनाई अम्बेडकर जी की 130वीं जयंती, गोष्ठी आयोजित हुई

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**असमानता,** लिंगभेद अन्याय, अत्याचार और के प्रबल विरोधी दलित चेतना के महानायक और भारतीय संविधान के कुशल चितेरे भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर भारतिय राजनिति के सर्वकालिक महानायक हैं। उक्त विचार आज ईंगलिसियालाईन स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी फाउन्डेशन की ओर से बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के जन्मदिवस पर पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं द्वारा ब्यक्त किया गया।

वक्ताओं ने आगे कहा कि बाबा साहब ने पहले स्वयं शिक्षित होकर खुद को इस योग्य बनाया कि वो समाज के दबे कुचलों ए शोषितों और वंचितों की लड़ाई को मजबूती से लड़ सकें उसके बाद उन्होंने ने दलित वंचित समाज का आवाहन किया कि पहले स्वयं शिक्षित बनो फिर संगठित होकर अपने हक के लिये लड़ो तभी समाज में बदलाव सम्भव हो पायेगा । और आज उनकी कही हुई बात से प्रभावित समाज तेजी से परिवर्तन की ओर अग्रसर है । विचार गोष्ठी की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष विजय शंकर पान्डेय ने और संचालन पूर्व चेयरमैन बैजनाथ सिंह ने किया । इसके अलावा विचार गोष्ठी में प्रमुख रूप से महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ पत्रकारिता विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल कुमार उपाध्याय, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, पीसीसी सदस्य भूपेन्द्र प्रताप सिंह, डाक्टर उमापति उपाध्याय, प्रमोद श्रीवास्तव, आनन्द मिश्रा, सुशील सोनकर, अशोक कुमार पाण्डेय, पुनीत मिश्रा, विनोद सिंह कल्लू, महेन्द्र चौहान, सुवाष राम, मोहम्मद अरशद, पिन्टू शेख आदि ने विचार प्रकट किया। समाजवादी पार्टी ने अर्दली बाजार स्तिथ पार्टी कार्यालय पर कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 130 वीं जयंती मनाई। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 130 वीं जयंती उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई व सोशल डिस्टेंसिंग रखते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन किया।श्री शर्मा ने अम्बेडकर जी के बारे में अपने विचारों को रखते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर भारतीय बहुज्ञए संविधानशिल्पी, समाजसुधारक, प्रथम कानून एवं न्यायमन्त्री रहे। एक सामाजिक राजनीतिक सुधारक के रूप में आंबेडकर की विरासत का आधुनिक भारत पर गहरा असर हुआ है। बाबासाहेब ने तीन मंत्र दिए हैं . शिक्षित बनोए संघर्ष करो और संगठित रहो। आज हमें इस विचारधारा पर चलना होगा तभी देश में एकता आएगी। उन्होंने हमेशा समाज के दबेए कुचले तथा गरीब लोगों के हित के लिए कार्य किया। संविधान बनाकर देश में कानून स्थापित किया। आज हमें अलग.अलग जाति को छोड़कर सबको एक धागे में पिरोकर रहना होगा।

# वासंतिक नवरात्र में मॉ ब्रह्मचारिणी देवी व ज्येष्ठा गौरी के दरबार में टेका मत्था

**वाराणसी।** चैत्र के वासंतिक नवरात्र के दूसरे दिन दुर्गाघाट स्थित मॉ ब्रह्माचारिणी देवी व सप्तसागर स्थित एक मकान में ज्येष्ठा गौरी के मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहुॅचकर दर्शन-पूजन किया तथा मॉ को अड़उल का माला-फूल, नारियल, चुनरी, प्रसाद तथा सिंदूर चढ़ाये। कोरोना काल के इस समय में श्रद्धालु भी कोविड- 19 का पालन करते हुए अपने घर में रहकर भगवती की आराधना कर रहे। लोग मान रहे हैं कि कलयुग का समय चल रहा है इसलिए बचकर ही पूजा-पाठ करना होगा। बनारस में कोरोना के रिकार्ड तोड़ मरीज आने से श्रद्धालु भी डर गये हैं जिससे दोनों सिद्धपीठ मॉ के मंदिरों में दर्शन-पूजन के दौरान भीड़ कम देखा गया।





# धर्मगुरुओं से घर पर ही रहकर पूजा अर्चना करने की अपील





बैठक करते जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी

## ● डीएम ने धर्मगुरुओं के साथ की बैठक सहयोग की अपील

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी भानुचन्द्र गोस्वामी ने पुलिस लाइन सभागार में विभिन्न धर्मों के गुरूओं के साथ कोरोना प्रसार को रोकने में सहयोग प्रदान करने तथा लोगों को जागरूक किये जाने के संबंध में बैठक की। उन्होंने धर्मगुरूओं से अपने संस्थानों मंदिरों मस्जिदों गुरूद्वारों में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को कम से कम करने हेतु अपने लोगो से अपील करें। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने की हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों की संख्या सीमित है। क्योंकि सतर्कता से ही बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ साथ आप सबकी जिम्मेदारी है कि अपने स्तर से कोरोना के बढ़ते खतरे को रोकने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों से अपील करें कि लोग कम से कम संख्या में धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लें एवं घर में ही पूजा अर्चना इबादत करें। लोग मास्क का प्रयोग करें एवं उचित दूरी बनाये रखें। उन्होंने कहा कि आपका प्रबंधन इस बात का ध्यान रखे कि प्रतिष्ठानों के बाहर लंबी लाइनें न लगे। इसके लिए लोगों को श्रद्धालुओं से अपील करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संवेदनशील मौको पर लोगों का सहयोग प्रशासन को मिला है। इस बार भी आप सब का पूर्ण सहयोग मिलता रहे। यही अपेक्षा है। आप सभी के सहयोग से इस बार भी हम इस बीमारी से जिले के लोगों को सुरक्षित रखने में अवश्य सफलता प्राप्त करेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासन तो मास्क एवं दूरी का पालन सुनिश्चित करता ही रहा है परंतु आप लोगों से भी सहयोग जरूरी है।

### कोविड 19 में तकनीक और उसका समाधान जरूरी

प्रयागराज। कोविड 19 महामारी के इस दौर में जब तकनीक एक समाधान के रूप में कार्य कर रही है। डिजिटल जीवन रेखा बन गया है। मोबाइल और साउंड एक्सेसरीज़ उत्पादों की यह नई शृंखला लोगों की गैजेट्स के साथ दोस्ती को फिर से परिभाषित करेगी। ये निश्चित रूप से सभी आयु वर्ग के लोगों की बाहरी दुनिया से जुड़े रहने की सारी जरूरतों को पूरा करेंगे। मोबाइल फोन एक्सेसरीज ब्रांड मोबिला ने 10वीं वर्षगांठ का जश्न मनाते हुए नए युग के उपयोगकर्ताओं की डिजिटल समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए लाइफस्टाइल एक्सेसरीज़ की अपनी नई शृंखला बाज़ार में उतारी। मोबिला के को फाउंडर जिग्नेश शाह ने कहा ऐसे बदलाव की कगार पर हैं। जिसके लिए दुनिया कभी तैयार नहीं थी। तकनीक लोगों के बचाव में आ गई है। जहां सोशल डिस्टेंसिंग ने लोगों को अलग रहने के लिए मजबूर किया। प्रौद्योगिकी ने उन्हें एकजुट किया है। स्कूल में ऑनलाइन पढ़ाई हो घर से काम करना हो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन हो। हमारा अस्तित्व अब डिजिटल समाधानों पर निर्भर करता है।

# मॉडल विवि के रूप में विकसित होगा यूपीआरटीओयू: प्रो सीमा

## ● राजर्षि टंडन मुक्त विवि प्रयागराज की पहली महिला कुलपति ने संभाला दायित्व कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा-संस्थान को पूरी तरह से कराएंगे डिजिटलाइज

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



प्रो सीमा सिंह को गुलदस्ता भेंट करते निवर्तमान कुलपति प्रो के एन सिंह

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की नवनियुक्त पहली महिला कुलपति के रूप में प्रोफेसर सीमा सिंह ने कुलपति पद का दायित्व संभाल लिया। उन्होंने निवर्तमान कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह से चार्ज संभाला। इस अवसर पर नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर निवर्तमान कुलपति प्रोफेसर के एन सिंह एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। प्रो सीमा सिंह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय बीएचयू में शिक्षाशास्त्र विभाग में प्रोफेसर पद पर कार्यरत रहीं। उन्होंने राजर्षि टंडन विश्वविद्यालय की 11वीं और प्रथम महिला कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। मूलरूप से गाजीपुर के खानपुर जखनियां की रहने वाली प्रो सीमा सिंह के पिता राजाराम सिंह बिजली विभाग में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी मां डा कुसुम सिंह वाराणसी में यूपी ऑटोनॉमस कालेज में शिक्षाशास्त्र विभाग की अध्यक्ष रही हैं। प्रो सीमा सिंह ने अपनी पढ़ाई लिखाई बीएचयू से की। उन्होंने बीएससी एमएससी बीएड एमएड और फिर पीएचडी किया। उनके 80 शोध पत्र और 10 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। प्रो सीमा सिंह के निर्देशन में 16 शोधार्थी शोध कार्य कर रहे हैं। उनकी प्राथमिकता होगी कि राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय को सूबे के मॉडल विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित हो। कहा कि महिलाओं और ग्रामीण इलाकों की छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास होगा। लोगों का यह भ्रम दूर करने का प्रयास होगा कि यह मुक्त विश्वविद्यालय केवल डिग्री और डिप्लोमा बांटने वाला विश्वविद्यालय है। पदभार संभालने के बाद नवनियुक्त कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि मुक्त विश्वविद्यालय को पूरी तरह से डिजिटलाइज किया जाए। कहा कि छात्रों को भेजी जाने वाली अध्ययन सामग्री का ऑडियो और वीडियो तैयार किया जाएगा। सभी लेक्चर्स का ऑडियो वीडियो तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। जिससे इसका लाभ अधिक से अधिक छात्रों को मिल सके। कुलपति के दायित्व संभालने के दौरान निवर्तमान कुलपति प्रो के एन सिंह कुलसचिव डा ए के गुप्ता वित्त अधिकारी एस के सिंह इंदुभूषण पांडेय डा प्रभात चंद्र मिश्र सहित कई शिक्षक एवं प्रोफेसर मौजूद रहे। बता दें प्रो सीमा सिंह की नियुक्ति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने तीन वर्ष के लिए किया है। अब तक यहां कुलपति रहे प्रो कामेश्वर नाथ सिंह का कार्यकाल 21 फरवरी को ही समाप्त हो गया था।

# खाली मैदान, बैंक्वेट हाल और छावनी क्षेत्र के स्कूल कालेज को कोविड हास्पिटल बनाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**वाराणसी में** कोरोना के बढ़ते संक्रमण से धीरे.धीरे कोविड हॉस्पिटल में बेड भी भरते जा रहे हैं। यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में हालात बेकाबू हो जाएंगे। आगामी दिनों में मरीजों को भर्ती करने में किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए खेल मैदान को कोविड केयर सेंटर के रूप में इस्तेमाल करने की तैयारी चल रही है।स्वास्थ्य विभाग जिला प्रशासन की मदद से खाली मैदान, बैंक्वेट हाल, छावनी क्षेत्र, स्कूल कालेज को अधिग्रहण की तैयारी में जुट गया है। ऐसे बड़े मैदान की तलाश की जा रही हैए जहां 500 बेड लगाकर मरीजों का इलाज किया जा सके। पिछले साल दिल्ली में मरीजों की बढ़ती संख्या के बाद स्टेडियम और प्रगति मैदान में अस्थायी तौर पर मरीजों के इलाज के लिए बेड लगाया गया था।उसी तर्ज पर अब यहां भी जरूरत पड़ने पर खेल के बड़े मैदान में अस्थायी कोविड केयर सेंटर बनाया जाएगा। इसके लिए कैंटोमेंट में मैदान सहित अन्य जगहों पर खाली पड़े खेल मैदानों को विकल्प के तौर पर रखा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त रूप से इसकी सूची भी बनाई जा रही है। प्रभारी सीएमओ डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर ही खेल मैदानों को अस्थायी कोविड केयर सेंटर बनाने पर विचार चल रहा है। मरीजों को केंद्रीयकृत आक्सीजन सिस्टम की व्यवस्था भी रहेगी। बताया कि दिल्ली में एक कंपनी द्वारा इस तरह की व्यवस्थाएं दी जाती हैं। इसके लिए जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार को प्रस्ताव भी भेजा जाएगा। इसके अलावा शहर के छोटे.बड़े बैंक्विट हाल, स्कूल, कॉलेज, महाविद्यालयों का भी अधिग्रहण कर वहां भी बेड लगाकर मरीजों का इलाज किया जा सकता है।

# राहुल, कमलेन्द्र बीएसए और अमीषा बनीं नायब तहसीलदार

## ● इविवि के छात्र डा. ललित कुमार मिश्र ने हासिल किया एसडीएम पद, मिली छठी रैंक

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्रोफेसर डा रामसेवक दुबे से आशीर्वाद लेते चयनित एसडीएम डा ललित कुमार मिश्र

**उत्तर प्रदेश** लोक सेवा आयोग की ओर से सोमवार को घोषित पीसीएस 2020 के परिणाम में लूकरगंज की रहने वाली अमीषा यादव को नायब तहसीलदार के पद पर सफलता मिली है। इसी प्रकार सोरांव के जुड़ापुर के राहुल मिश्र का चयन बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर हुआ है। राहुल को यह सफलता लगातार तीसरे साक्षात्कार के बाद मिली है। बीएसए के पद पर ही झूंसी के बहादुरपुर कछार के डा कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा को सफलता मिली है। कमलेन्द्र ने इससे पहले नायब तहसीलदार आबकारी निरीक्षक सहित कई अन्य पदों के लिए हुई परीक्षाओं में सफलता पाई है। आजमगढ़ के मनीष कुमार सिंह डायट प्रवक्ता के पद पर चयनित हुए हैं। मनीष ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अपनी शिक्षा पूरी की है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित पीसीएस 2020 के परिणाम में संगम नगरी के डा ललित कुमार मिश्र ने एसडीएम रैंक हासिल की है। डा ललित की छटवीं रैंक आयी है। ललित कुमार मिश्र ने संस्कृत को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर न केवल सफलता हासिल की बल्कि टॉप टेन में भी उन्होंने जगह बनाई है। पीसीएस 2020 में छठी रैंक हासिल करके ललित ने प्रतियोगी छात्रों में यह जज्बा कायम किया है कि संस्कृत से बड़ी सफलता पाई जा सकती है। परीक्षा में शामिल होने वालों महेंद्र नाथ कृष्ण कुमार अखिलेश चौबे आदि का कहना है कि नब्बे के दशक में पीसीएस के परीक्षार्थियों में संस्कृत के साथ दूसरे काम्बिनेशन में दर्शन शास्त्र और इतिहास रखने पर सफलता की गारंटी मानी जाती थी। इनका कहना है कि ललित मिश्र की सफलता ने आयोग के तत्कालीन सचिव रहे एल बी तिवारी के दौर की याद ताजा कर दी है। उनकी सफलता से उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

**डॉ. ललित कुमार मिश्र ने प्रोफेसर डॉ. रामसेवक दुबे से लिया आशीर्वाद:** प्रयागराज। संस्कृत विषय से पीसीएस 2020 में सर्वोच्च स्थान और सम्पूर्ण परीक्षा में छठा स्थान पाकर डिप्टी कलेक्टर पद हेतु चयनित होकर सफलता प्राप्त करने वाले संस्कृत विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डा ललित कुमार मिश्र ने बीए और एमए की कक्षाओं के शिक्षक प्रोफेसर डा रामसेवक दुबे आचार्य संस्कृत विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज के आवास पर जाकर आज आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रोफेसर डा दुबे ने उन्हें ईमानदारी सत्यनिष्ठा देश प्रेम और कर्त्तव्य पालन की भावना से देश सेवाकार्य करने हेतु सत्प्रेरणा का उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम करके अन्तिम क्षण तक एक कर्मयोगी की भांति साधना में लगे रहने पर साधक को एक न एक दिन सफलता अवश्य ही मिलती है।

# आधुनिक किसानों की बदलती जरूरतें होंगी पूरी

**प्रयागराज।** इस वर्ष के किसानों को खेती के प्राथमिक और उन्नत कामों में बेहतर सहूलियत देकर मजबूत बनाने के लिए न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर ने ट्रैक्टर टायरों के लिए योकोहामा ऑफ हाईवे टायर के ब्रांड अलायंस के साथ गठजोड़ किया है। गठजोड़ के बाद न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर के ट्रैक्टरों में जापानी कंपनी के जाने माने कृषि टायर अलायंस ट्रैकप्रो विशाल का इस्तेमाल होगा। वाईओएचटी को कृषि वन निर्माण औद्योगिक जमीन खोदने खनन और बंदरगाह तथा अन्य वाणिज्यिक गतिविधियों में काम आने वाले टायर डिजाइन करने विकसित करने बनाने और उनकी मार्केटिंग करने में महारत हासिल है। जिनसे ट्रैक्टर का प्रदर्शन बेहतर होगा। मिट्टी कम दबेगी और टिकाऊपन गति एवं टायर के लंबे जीवन का फायदा एक साथ मिलेगा। योकोहामा ऑफ हाईवे टायर्स के प्रेसिडेंट सेल्स अपैक हरिंदर सिंह ने कहा गठजोड़ के जरिये हम न्यू हॉलैंड एग्रिकल्चर के ट्रैक्टरों को अत्याधुनिक खूबियों और बेहतरीन गुणवत्ता वाले टायर उपलब्ध कराएंगे। सेल्स निदेशक भारत एवं सार्क कुमार बिमल ने कहा गठजोड़ से हमारे ट्रैक्टरों को अतिरिक्त खूबी मिल जाएगी। देश में आधुनिक किसानों की बदलती जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करेंगे।

**सड़क परीक्षकों द्वारा निर्धारित किए गए मानक:** प्रयागराज। पहले के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ करके इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉड्र्स और फेडरेशन ऑफमोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ़इंडिया एफएमएससीआई में जगह बनाते हुए इतिहास रच दिया है। बजाज पल्सर एन एस एक सौ साठ ने सबसे लंबे नो हैन्ड्ज़ व्हीली के रिकार्ड को तोड़ा है। रोड टेस्टर ऋषिकेश मांडके ने एफएमएससीआई के वरिष्ठ प्रतिनिधि और इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स के न्याय निर्णायक एडज्यूडिकेटर की उपस्थिति में रिकॉर्ड बनाया।

# कोरोना का घातक हमला
## जीनोमिक परीक्षण आवश्यक

**भारत** में कोरोना के घातक हमले का कारण वायरस का नया स्ट्रेन हो सकता है। इसका पता लगाने के लिए ज्यादा जीनोमिक परीक्षण जरूरी है। कुछ सप्ताह पहले एक प्रेस बयान में सरकार ने घोषणा की थी कि एक बिल्कुल नया स्ट्रेन भारत में उभरा है जिसे 'दुहरे म्यूटेंट' का नाम दिया गया था। इसका कारण यह था कि कोविड-19 की स्पाइक प्रोटीन में न केवल एक, बल्कि दो बड़े परिवर्तन हुए थे जिनसे यह वायरस कोशिकाओं से जुड़ता है। इसके बाद से कुछ और विस्तृत विवरण सामने आए हैं, पर महामारी विज्ञानियों का मानना है कि संभवत: यह परिवर्तन ज्यादा संक्रामकता का कारण है जैसा कि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन के अन्य स्ट्रेनों से सिद्ध हुआ है। अप्रैल के पहले दो सप्ताहों में यह लगभग निश्चित हो चुका है कि हालांकि, भारतीयों में संक्रमण की समुचित जीनोमिक टेस्टिंग हुई है, पर निश्चित रूप से यह नहीं कहा जा सकता है कि नया स्ट्रेन या संभवत: 'दुहरा म्यूटेंट' ही देश में कोरोनावायरस मामलों में असाधारण वृद्धि का जिम्मेदार है। वास्तव में अब भारत दुनिया का दूसरा सर्वाधिक प्रभावित देश बन गया है तथा संक्रमणों की बढ़ती संख्या ने ब्राजील को वैश्विक कोरोना रैंकिंग में तीसरे स्थान पर धकेल दिया है। डबुल म्यूटेंट का हमला 1950 दशक की एक हालीवुड फिल्म जैसा लगता है, पर शायद अब यह यथार्थ बन गया है। अब केवल इस तथ्य पर आधारित नहीं रहा जा सकता है कि पहले चीन के वूहान में जन्मे वायरस के नए म्यूटेंट मूल वायरस की तुलना




में ज्यादा घातक हैं। तथ्य यह है कि जब कुल संख्या बहुत अधिक हो जाए तो कम मृत्यु दर महत्वपूर्ण नहीं रह जाती है, जैसा कि वर्तमान समय में हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप मामले अभूतपूर्व रूप से बढ़ रहे हैं और इसके साथ मौतें भी बढ़ रही हैं।

स्वास्थ्य अधिकारियों तथा केन्द्र व राज्य सरकारों को इस बात से ज्यादा चिन्तित होना चाहिए कि हर सप्ताह लाखों भारतीयों को लगाई जाने वाली वैक्सीनों की वायरस के नए स्ट्रेनों, खासकर 'दुहरे म्यूटेंट' के खिलाफ प्रभावशीलता का समुचित परीक्षण नहीं हुआ है। हम निश्चित रूप से नहीं कह सकते हैं कि कोवीशील्ड या कोवैक्सिन या यहां तक की हाल ही में स्वीकृत स्पुतनिक वी या दुनिया में दूसरे स्थानों पर स्वीकृत वैक्सीनें नए स्ट्रेन के खिलाफप्रभावी होंगी और बीमारी की संक्रामकता या गंभीरता रोकने में सफल होंगी। इनमें एमआरएनए आधारित फाइजर बायोन्टेक व माडर्ना वैक्सीनें शामिल हैं। शवदाह गृहों के पूरी क्षमता से काम करने और उनके उपकरण पिघलने या बेकार होने की खबरों के बीच भारत में जीवन संभवत: अपनी सामान्य गति से चल रहा है। वास्तव में हरिद्वार के कुंभ मेले में मनाया जा रहा उत्सव इस बात का संकेत है कि अनेक भारतीयों का विश्वास सरकार के बजाय ईश्वर के प्रति आस्था में अधिक है। इसके साथ ही सरकार के नेता पश्चिम बंगाल व अन्य स्थानों पर पूरी तरह चुनाव अभियान में लगे हैं, अत: ऐसे में धार्मिक आयोजनों में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को दोषी कैसे ठहराया जा सकता है। भारत में रोज नए मामले रिकार्ड पैमाने पर बढ़ रहे हैं, पर अभी 15 सितंबर, 2020 को रिकार्ड 1,290 मौतों का आंकड़ा नहीं टूटा है। लेकिन वर्तमान गति जारी रहने पर कुछ ही समय बाद ऐसा भी हो सकता है। ऐसा खासकर कुंभ मेला समाप्त होने और श्रद्धालुओं के अपने घर लौट कर खतरनाक वायरस संपूर्ण भारत में फैलाने पर होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# किसानों को सीधे भुगतान जरूरी

राज्य को कृषि उत्पाद एवं मवेशी बाजार कानून, 2017 में संशोधन कर कमीशन एजेंटों के बजाय किसानों को वास्तव में सीधे भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।



**सुखपाल सिंह**
लेखक आईआईटी अहमदाबाद में प्रोफेसर हैं)



**यदि** पंजाब का मामला न होता तो देश के अधिकांश अन्य राज्यों की तरह किसानों को उनके उत्पाद के सीधे भुगतान का मामला सुर्खियों में स्थान न पाता। किसी खरीदार को विक्रेता और अपने बीच हुई सहमति के आधार पर भुगतान का अधिकार है जिसमें सीधे भुगतान भी शामिल है। वास्तव में पंजाब में हास्यास्पद रूप से भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियों द्वारा भी कृषि उत्पादों का भुगतान कृषि उत्पादन मंडी समिति-एपीएमसी व्यवस्था में कच्चा अढ़तिया-कमीशन एजेंट के माध्यम से किया जाता है। भारत सरकार ने राज्य से भुगतान प्रक्रिया केन्द्र के दिशानिर्देशों के अनुसार किसानों को सीधे आनलाइन करने का अनुरोध किया। 2018 से यह व्यवस्था सार्वजनिक वित्त प्रबंधन व्यवस्था-पीएफएमएस के अंतर्गत आती है। राज्य ने बार-बार अनेक कारणों से व्यवस्था में शामिल होने का समय बढ़ाया। एफसीआई खरीद खर्च कम करने के लिए अढ़तिया को खरीद प्रक्रिया से हटाना चाहती है। पंजाब में कपास किसानों को नए कृषि कानून लागू होने के बाद तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा क्रियान्वयन स्थगित करने से पहले पिछले खरीफ सीजन में अढ़तियों को कमीशन देने के बजाय सीधे भुगतान किया गया था।

पंजाब सरकार ने अब तक केन्द्रीय एजेंसियों को किसानों को सीधे भुगतान से रोका है। एपीएमसी कानून में 2013 के संशोधन के माध्यम से पंजाब सरकारों ने किसानों को सीधे भुगतान का विकल्प दिया था जिसकी मांग किसान यूनियनों ने की थी। लेकिन इसके लिए किसानों को धान या गेंहू की खरीद प्रक्रिया शुरू होने के 45 दिन पहले इसे लिखित में देना होता था कि वह सीधे भुगतान चाहता है। 2017 में राज्य सरकार ने एपीएमसी कानून में संशोधन के माध्यम से किसानों को भुगतान अढ़तियों के माध्यम से करने की व्यवस्था कर दी जिससे एजेंट कृषि उत्पाद पर अपना कमीशन काट कर बाकी किसान के खाते में जमा करता है। अढ़तिया असोसियेशनों का दावा है कि वे बिना कुछ बंधक रखे किसानों को कर्ज देते हैं और एफसीआई को कृषि उत्पाद की बिक्री से प्राप्त धनराशि से इसे प्राप्त करते हैं। यदि किसानों को सीधे भुगतान होने लगे तो वे कृषि उत्पादों से अपना कर्ज नहीं वसूल सकेंगे। अढ़तियों को कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री में सहायता के लिए लाइसेंस लेना होता है, लेकिन उनका दूसरा बिजनेस किसानों को कर्ज देना है जो अनौपचारिक व अवैध है। सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर खरीद करने पर वे किसानों को मिलने वाले भुगतान से यह कर्ज वसूल करते हैं। वे ऐसे कर्ज पर 18-36 प्रतिशत तक ब्याज तथा हर सीजन के बाद बकाया मूल धन भी वसूलते हैं। इस प्रकार अढ़तिया किसानों का अनेक प्रकार से शोषण करते हैं।

बड़े किसान तो इससे बचने में सफल होते हैं, लेकिन यह व्यवस्था छोटे व सीमान्त किसानों के लिए बड़ी समस्या है। किसानों के पास किसान क्रेडिट कार्ड या कैश क्रेडिट कार्ड होते हैं जिनसे वे बैंकों या प्राथमिक कृषि कर्ज सोसाइटी-पीएसीएस से कर्ज प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन फसल कर्ज का भुगतान न होने पर अढ़तिए किसानों को कर्ज दे देते हैं ताकि वे अगले सीजन में बकायेदार न रहें। इस प्रकार अढ़तिए किसानों की सहायता करते हैं। वे किसानों को गैर-कृषि व सामाजिक कार्यों के लिए भी कर्ज देते हैं। पंजाब की फल और सब्जी मंडियों में अढ़तियों को पांच प्रतिशत कमीशन मिलता है, जबकि अनाज मंडियों में यह 2.5 प्रतिशत है, लेकिन यहां एमएसपी लागू नहीं होता है। इसलिए सरकारी खरीद न होने पर अढ़तियों द्वारा दिए कर्ज का जोखिम बढ़ जाता है। अढ़तिया असोसियेशनों ने अतीत में बासमती धान किसानों को कर्ज नहीं देने का फैसला किया था क्योंकि इसकी एमएसपी पर सरकारी खरीद नहीं होती है। किसान यूनियनों, अढ़तिया यूनियनों तथा राज्य सरकार का दावा है कि गेंहू व धान की खेती बड़े पैमाने पर पट्टे पर होती है। ऐसे में किसानों को एमएसपी खरीद के लिए भूमि के रिकार्ड देना कठिन हो सकता है। राज्य सरकार अढ़तियों के माध्यम से किसानों को भुगतान को वैध बताती है। केन्द्र ने सुझाव दिया था कि पंजाब पड़ोसी हरियाणा का माडल अपनाए जहां पट्टे वाले किसानों का विवरण एक पोर्टल पर दर्ज किया गया है। हालांकि, किसानों को सीधे भुगतान होने की स्थिति में यह डर भी सता रहा है कि बैंक ऐसे भुगतान से अपनी बकाया धनराशि काट लेंगे।

> छोटे किसानों को वित्तीय समर्थन तथा गोदाम रसीद व्यवस्था दी जानी चाहिए ताकि वे अपने उत्पादों पर बैंक से कर्ज प्राप्त कर सकें तथा अढ़तियों के चंगुल में न फंसें। पट्टे वाले किसानों के लिए पंजाब सरकार को कार्पोरेट-समर्थक भूमि पट्टा कानून बनाना चाहिए जिसमें छोटे किसानों को समुचित स्थान मिलता हो।

एपीएमसी बाजारों तथा एमएसपी पर अनाज खरीद नीति से अढ़तियों द्वारा कर्ज देने का बिजनेस फलता-फूलता है। इससे अढ़तिए बिना किसी जोखिम के किसानों को कर्ज देते हैं और एफसीआई समेत खरीदारों द्वारा किए भुगतान से पैसा काट लेते हैं क्योंकि यह भुगतान सीधे किसानों के बजाय अढ़तियों को होता है। प्राथमिकता क्षेत्र कर्ज-पीएसएल नीतियों के अंतर्गत कृषि कर्ज के मानकों में बदलाव किया गया है ताकि कृषि को कर्ज केवल फसलों पर कर्ज न होकर इसमें कोल्ड स्टोरेज व खाद्य प्रसंस्करण के लिए कर्ज को शामिल किया जा सके। यदि बैंक पीएसएल का लक्ष्य पूरा नहीं कर पाते हैं तो वे यह पैसा ग्रामीण ढांचागत विकास फंड में जमा कर अन्य बैंको से प्राथमिक क्षेत्र कर्ज खरीद सकते हैं जिनका लक्ष्य पार हो गया हो। चूंकि राज्य ने दशकों से एपीएमसी संस्थाओं में चुनाव नहीं कराए हैं, इसलिए अढ़तियों का एपीएमसी पर प्रभुत्व है क्योंकि प्रतिनिधियों का चयन नामांकन से होता है। अढ़तिया व्यवस्था समाप्त करने के लिए पंजाब सरकार को सीधे किसानों से खरीद कर उनको उनकी अपनी सामूहिक एजेंसियों से भुगतान सुनिश्चित करना होगा। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ व ओडिशा में अनाजों की सरकारी खरीद के लिए बनी है। हरियाणा में अढ़तियों की हड़ताल के चलते इस सीजन में 380 एफपीओ व पीडीएस राशन डिपो को अस्थाई एपीएमसी मंडी कमीशन एजेंटों के लाइसेंस दिए गए हैं।

छोटे किसानों को वित्तीय समर्थन तथा गोदाम रसीद व्यवस्था दी जानी चाहिए ताकि वे अपने उत्पादों पर बैंक से कर्ज प्राप्त कर सकें तथा अढ़तियों के चंगुल में न फंसें। पट्टे वाले किसानों के लिए पंजाब सरकार को कार्पोरेट-समर्थक भूमि पट्टा कानून बनाना चाहिए जिसमें छोटे किसानों को समुचित स्थान मिलता हो। राज्य को कृषि उत्पाद व मवेशी बाजार कानून, 2017 में संशोधन कर किसानों को अढ़तियों के बजाय सीधे भुगतान की व्यवस्था करनी चाहिए। वैसे फिलहाल राज्य और केन्द्र सरकार के बीच सहमति बनी है कि कृषि उत्पाद बेचने वाले किसानों की पहचान एक राजस्व क्लर्क या सरपंच द्वारा की जाएगी।

# भारत की महान विभूति डॉ. आंबेडकर


> "आंबेडकर ने केवल दलितों के लिए समानता की तलाश नहीं की बल्कि अपने महान आदर्शों की छत्रछाया में पूरे भारत को लाने का प्रयास किया।"

**रतन लाल कटारिया**
(लेखक सामाजिक न्याय, सशक्तीकरण एवं जलशक्ति राज्य मंत्री हैं)



**कुछ** साल पहले, देश के एक प्रमुख अंग्रेजी टीवी न्यूज चैनल ने ऑनलाइन और मोबाइल वोटिंग के माध्यम से ''ग्रेटेस्ट इंडियन'' चुनने का अभियान शुरू किया था। देश के लोगों ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को ''महानतम भारतीय'' चुना। यह बाबासाहेब की सबसे बड़ी विरासत है। अन्य नेताओं के विपरीत, वह अभी भी करोड़ों दलितों और हतोत्साहित भारतीयों के लिए गरिमापूर्ण जीवन के लिए लड़ने वालों के दिलों में उतना ही प्रासंगिक हैं, जितना कि उनके समय में था। जैसा कि देश 14 अप्रैल को बाबासाहेब की 130 वीं जयंती मनाता है, आंबेडकर का संघर्ष और मूल्य भारतीयों और यहां तक कि अमेरिका में अश्वेत समुदाय और दुनिया भर में भेदभाव से लड़ने वाले अन्य लोगों को प्रेरित करते हैं। आंबेडकर इस अर्थ में अन्य नेताओं से अलग थे कि उन्होंने शिक्षा और राजनीतिक संघर्ष के माध्यम से वंचितों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रोत्साहित किया। तमाम विरोधों, अपमानों, तिरस्कारों और उपेक्षाओं के बावजूद, उन्होंने हिंसा का रास्ता नहीं छोड़ा और कभी भी सिस्टम को नष्ट करने का सपना नहीं देखा। संवैधानिक प्रतिबद्धताओं के दायरे में रहकर, सिस्टम के भीतर काम करना और इसे भीतर से बदलना, उनके संघर्ष की पहचान थे।

बाबासाहेब न केवल भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे, वे लोकतांत्रिक रूप से जीवित रखने में संवैधानिक मूल्यों की भूमिका में दृढ़ विश्वास रखते थे। शिक्षा, लोकतांत्रिक संघर्ष और एकता उनके दर्शन के मूल थे। उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए समाजवादी दर्शन और साम्यवाद के बीच का रास्ता निकाला। 1931 में गोलमेज



सम्मेलन के बाद, अंग्रेजों ने एक अलग निर्वाचक मंडल का प्रस्ताव रखा। जब मदन मोहन मालवीय ने इस संबंध में बाबासाहेब से बात की और हिंदू समाज पर इसके व्यापक प्रभाव की परिकल्पना की, तो आंबेडकर ने पृथक निर्वाचन के स्थान पर दलितों के लिए अधिक सुसंगत आरक्षण प्रणाली रखने पर सहमति व्यक्त की। इस प्रकार, 1932 के ऐतिहासिक पूना पैक्ट पर हस्ताक्षर किए गए। आंबेडकर ने हमेशा सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई लड़ी और कहा कि अस्पृश्यता को मंजूरी देने वाले शास्त्रों को नए ज्ञान की रोशनी में देखा जाना चाहिए। अम्बेडकर ने केवल दलितों के लिए समानता, बंधुत्व और स्वतंत्रता की तलाश नहीं की बल्कि पूरे भारतीय समाज को उनके महान आदर्शों की छत्रछाया में लाने का प्रयास किया। जब पंडित नेहरू हिंदू कोड बिल पर अपने वादे से मुकर गए, तो आंबेडकर ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। वर्तमान में, जबकि वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका पर गहन मंथन हो रहा है, बाबासाहेब पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

संवाद, संवैधानिक संघर्ष और निरंतर समन्वय के मूल्य अब वर्तमान व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बाबासाहेब ने भी राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में इसी तरह के प्रयास किए थे। जिस तरह सरकार भारत को विश्व गुरु के रूप में फिर से स्थापित करने के लिए काम कर रही है, अम्बेडकर भी, भरत के लिए वैश्विक कद के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वह धर्म, संस्कृति, जाति और भाषा की प्रतिस्पर्धी निष्ठा की प्रमुखता के विरोधी थे। उनका मानना था कि इससे भारतीयता और भारत के प्रति वफादारी कायम करना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा, ''मैं चाहता हूं कि लोग पहले भारतीय हों और अंत तक भारतीय रहें, लेकिन भारतीय कुछ भी नहीं।''

उनके नक्शेकदम पर चलते हुए, केंद्र न केवल सामाजिक न्याय सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से वंचितों को मुख्यधारा में लाने का भी प्रयास कर रहा है। 'स्टार्ट-अप इंडिया',-स्टैंड-अप इंडिया', राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम और माध्यमिक और उच्च अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति, इस दिशा में सभी प्रयास हैं। 14 अप्रैल को पूरी दुनिया देश के सच्चे सपूत बाबासाहेब को सलाम करेगी और राष्ट्र निर्माण के लिए उनके योगदान को याद किया जाएगा।

हालांकि, युवा पीढ़ी को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके आदर्शों का पालन ही नहीं बल्कि उनके जीवन के हर पल का अनुसरण करना चाहिए।

## आप की बात

### चिंताजनक हालात

**मोदी** जी ने मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में रात के कर्फ्यू का समर्थन किया, किन्तु रात का कर्फ्यू औचित्यहीन लगता है। ये जनता में भ्रम और पूर्ण लॉकडाउन का डर पैदा करेगा। भले ही मोदी जी कहें की पूर्ण लॉकडाउन नहीं लगेगा मगर वर्तमान हालात पर नज़र डालें तो जहां-जहां रात का कर्फ्यू लगा वहां बाद में लॉकडाउन भी लगा। पिछले अनुभव बताते हैं कि कोरोना से ज्यादा लॉकडाउन सताता है। कुछ हिस्सों से खासतौर पर मुंबई से आ रही पलायन की ख़बरें इसका सबूत हैं। कोरोना भीड़ से ज्यादा फैलता है इसलिए दिन वाली भीड़ को नियंत्रित करने की ज़रूरत है। पूर्ण लॉकडाउन लगाए बिना भी ये काम किया जा सकता है जैसे आईपीएल जैसे गैरज़रूरी आयोजनों को रोकना, न्यायालयों में पुन: वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई शुरू करना, सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में घर से कार्य को बढ़ावा देना, सार्वजनिक और निजी आयोजनों पर पाबन्दी लगाना, शहरी परिवहन में आर्ड-इवन व्यवस्था लागू करना, शिक्षा को पुन: अनिवार्य रूप से ऑनलाइन करना, इत्यादि-इत्यादि। इसके साथ ही चुनावी रैलियों और भीड़ पर भी रोक लगानी होगी। क्योंकि विधान सभा चुनाव भले ही खात्मे की ओर हों मगर निकाय व पंचायत चुनाव लगातार हो रहे हैं।

– **बृजेश माथुर,** गाज़ियाबाद

### जल बचाएं, प्यास बुझाएं

गर्मी के तेवर में तेजी आने लगी है। इस वजह से पानी की खपत बढ़ने लगी है। जितना भी जल हमारे घर तक स्थानीय स्रोतों से प्राप्त होता है। कोशिश करें कि उसका अपव्यय ना हो और ना ही वो व्यर्थ जाए। नदियों को जोड़ना, कुएं-तालाबों को गहरा करना या नए निर्माण करना, वनों की रक्षा करना, बरसात के जल को समुद्र में जाने से कैसे बचाना आदि काम तो सरकार का है और वो योजनाबद्ध तरीके से उसे वर्तमान से दीर्घकाल तक करती ही रहती है। किन्तु व्यक्तिगत रूप से हम जल को कैसे बचाएं और उसका सदुपयोग करें इस बारे में हमें स्वयं सोचना है। हर व्यक्ति और हर घर यदि जल के अपव्यय को रोकने के प्रयास करेगा तो अवश्य हमारे गरमी के दिन राहत भरे गुजर सकते हैं। बर्तन, कपडे आदि के लिए वापस पानी क पुन: उपयोग जैसे पौधों में, आंगन की सफाई में कर सकते हैं। नहाने-धोने के समय व्यर्थ नल आदि से पानी ना बहाएं। हम और हमारे परिजन कितना पानी को बचाने के मामले में खुद, परिवारवालों और सेवकों/सेविकाओं को सतर्क कर सकते हैं या सलाह दे सकते है उस पर सोचकर काम करेंगे तो अवश्य हम जल के अपव्यय को रोककर बहुत सारे पानी की बचत कर सकते हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, गिरधर नगर, इंदौर

### अदृश्य वायरस

**यह** बात समझ से परे है कि देश में फैल रहे कोरोना के संक्रमण की दूसरी लहर पहले से भी ज्यादा घातक साबित होती दिखाई दे रही है। लेकिन इस स्थिति में भी होने वाली चुनावी रैलियों पर पाबंदी नही लगाई गई। कहां खो गई है देश की कानून व्यवस्था? कोरोना जब विकराल रूप धारण करता जा रहा है, शायद आज के समय मे अपनी और सबकी जीविका बचा लेना ही सबसे बड़ा पुण्य है। लेकिन लोग गंभीरता को समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं। वहीं सोमवार को कुंभ मेले में तीस लाख से अधिक लोगों ने स्नान किया है। क्या इससे कोरोना का संक्रमण नहीं फैलेगा? कैसे बचें लोग? केवल दु:ख बल्कि चिंता होती है कि कोरोना दिशा निर्देशों के बारे में वहां लोग क्या सोच रहे है। क्या प्रशासन के पास ऐसी क्षमता है कि वह तीस लाख लोगों की कोरोना जांच कर सके ? इसका कोई उपाय नही है। यह समय है जब भीड़ से बचा जाए और कोई खतरा मोल न लिया जाए। स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है, स्वास्थ्य सम्बन्धी हिदायतों का पालन हो।

– **खुशबू वेद**, आलोट, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemailÐhindipioneer@gmailÐcom पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैं** हर किसी से कोविड मानकों का पालन करने एवं जबतक अति आवश्यक न हो तब तक अस्पताल न जाने एवं वैक्सीन लगवाने का आग्रह करता हूं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**यह** नरसंहार है। मैंने तस्वीरें देखी हैं। केंद्रीय बलों ने पैरों की ओर गोली चलाने के बजाए गोलियों की बौछार कर दी।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



**हर** मौत दु:खद है, लेकिन ऐसा क्यों है कि ममता दीदी को होने वाली प्रत्येक मौत पर राजनीति करनी पड़ती है।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

# भाजपा की सूची आते ही मचा घमासान

● भीटी चतुर्थ के प्रत्याशी पर सबसे ज्यादा विवाद

●भियांव उत्तरी के प्रत्याशी को लेकर भी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**त्रिस्तरीय पंचायत** चुनाव के लिए भाजपा ने जिला पंचायत के सभी 41 वार्डों के प्रत्याशियों के नामों की सूची मंगलवार को देर शाम जारी कर दी । सूची जारी होने के बाद कुछ क्षेत्रों में प्रत्याशियों के नामों को लेकर घमासान मचा हुआ है । उन नामों को पार्टी के कार्यकर्ता हजम नहीं कर पा रहे हैं हालांकि पार्टी नेताओं का कहना है कि पार्टी ने जिस पर विश्वास जताया है उसका समर्थन किया जाएगा। सबसे ज्यादा विवाद भीटी चतुर्थ पर घोषित नाम को लेकर है । यहां पर पार्टी ने अमरेंद्र पाल को प्रत्याशी घोषित किया है ।बताया जाता है कि अमरेंद्र पाल भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य तक नहीं है इसके बावजूद उसका नाम प्रत्याशियों की सूची में कैसे पहुंच गया , इसको लेकर पार्टी के कई नेता खुद भी सकते हैं। अमरेंद्र को अजय सिंह सिपाही का मोहरा बताया जा रहा है । चर्चा यह भी है कि अजय सिंह सिपाही के प्रभाव में आकर ही पार्टी के कुछ नेताओं ने वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर अमरेंद्र पाल को प्रत्याशी घोषित कराने में मदद की। सोशल मीडिया पर सामने आए एक ऑडियो में पार्टी के एक वरिष्ठ नेता द्वारा अमरेंद्र पाल के नाम पर आपत्ति जतायी गयी है। अब देखना यह है कि इस अंतरविरोध के बीच अमरेंद्र पाल का चुनाव परिणाम किस करवट बैठता है। ऐसा ही मामला भियांव उतरी में देखने को मिल रहा है। यहां पर पार्टी के जिला मंत्री व वरिष्ठ नेता विकास तिवारी अपनी पत्नी को टिकट दिलाने के प्रति आश्वस्त थे। उन्होंने बीते लगभग दो माह से चुनाव अभियान को जबरदस्त धार दे दे दी थी लेकिन यहां पर अचानक जैशराज निषाद को प्रत्याशी घोषित कर दिया गया जिसको लेकर विकास तिवारी ने सोशल मीडिया पर जमकर भड़ास निकाली है। अब देखना यह है कि पिछले जिला पंचायत चुनाव में एक पार्टी नेता के डमी प्रत्याशी के रूप में खड़े होकर पांचवें स्थान पर रहे जैशराज निषाद भाजपा के लिए कौन सा गुल खिलाते हैं। जैशराज निषाद को जलालपुर क्षेत्र के एक भाजपा नेता का करीबी बताया जा रहा है। चर्चा यह भी है कि जिला स्तर पर संगठन में बदलाव के बाद ही विकास तिवारी को किनारे लगाने का काम शुरू हुआ। इसी का परिणाम हुआ कि उन्हें टिकट से वंचित होना पड़ा। अब टिकट कटने के बाद विकास तिवारी का अगला कदम क्या होगा, यह देखने वाली बात होगी। पार्टी में कुछ अन्य सीटों पर भी प्रत्याशियों के नामों को लेकर अंदर ही अंदर सुगबुगाहट चल रही है लेकिन फ्लिहाल अभी वह मुखर नहीं हो सकी है।

## डीएम व एसपी ने पढ़ाया आचार संहिता का पाठ



**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन एवं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने जलालपुर और टांडा कोतवाली में बैठक कर संभावित प्रत्याशियों को आचार संहिता का पाठ पढ़ाया ।जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आचार संहिता का पालन करना जनहित व समाज हित में है। यही हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार का प्रलोभन देना आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफमुकदमा पंजीकृत किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि बढ़ते कोरोनावायरस को देखते हुए सभी कोविड-19 के नियमों का भी पालन करें,मास्क पहने और मतदान के लिए सभी कोरोनावायरस से अपना बचाव कर मतदान करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पंचायत चुनाव में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# मेडिकल कॉलेज टाण्डा में वृहद रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**भारतीय के** संविधान निर्माता और भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जनपद के यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता के नेतृत्व में राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टाण्डा में एक रक्तदान शिविर का आयोजन युवान फाउंडेशन एवं प्रेमा राधे मेमोरियल एजुकेशन एण्ड चौरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में किया गया जिसमें एक दर्जन युवाओं ने रक्तदान कर कोरोना काल में समाजसेवा का एक मिसाल प्रस्तुत किया है। इस मौके पर शिविर संयोजक रविन्द्र राजभर ने कहा कि रक्तदान के लिए यदि लोग जागरूक हो जाएं तो रक्त की कमी से किसी भी मरीज की मृत्यु को हम रोक सकते हैं। इस अवसर पर यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर जीवनदायिनी रक्त का दान करें और अनजान जीवन को बचाकर वसुधैव कुटुम्बकम के नारे को चरितार्थ करें। '21वीं बार रक्तदान करते हुए रविन्द्र राजभर' ने आह्वान किया कि हम सभी को नियमित रूप से रक्तदान में सहभाग करना चाहिए। अकेली महिला रक्तदानी के रूप में अपना अनुभव साझा करते हुए डॉ0 निधि ने पहली बार रक्तदान किया और बताया कि उन्हें रक्तदान करके बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। इससे पूर्व आयोजकों द्वारा फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर में कुल 13 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया जिसमें से फिट पाए गए कुल आठ लोगों ने रक्तदान किया।डॉ0 विनोद कुमार (तीसरी बार), डॉ0 राहुल गौतम (दूसरी बार), रविन्द्र राजभर (इक्कीस बार), भानुप्रताप (पहली बार),संदीप कुमार वर्मा (दूसरी बार),विपिन कुमार (तीसरी बार),डॉ0 निधि (पहली बार),डॉ0 विपिन कुमार (दूसरी बार),रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से ज्योत्सना सिद्धार्थ, प्रज्ञा वर्मा, रतिभान, विवेक कुमार, दीपक नाग, आदर्श, नवीन दीक्षित, राजकुमार, रमेश आदि उपस्थित रहे।



रक्तदान करते युवा

# निर्बल व वंचित समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही भाजपा: जिलाध्यक्ष

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**सामाजिक समरसता** और समन्वय स्थापित कर समता मूलक समाज की परिकल्पना ही समाज के अन्तिम व्यक्ति के उत्थान के लिए आवश्यक आवश्यकता है। भाजपा सदैव निर्बल और वंचित समाज की उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। उक्त विचार भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने सामाजिक समरसता और न्याय के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हुए दलित और कमजोर वर्ग के लिए समर्पित रह कर देश सेवा करने वाले महान विचारक डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रतिमा के समक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर साफसफाई कर दीप प्रज्जवलित कर एवम् 14 अप्रैल को मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किया।भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा पंच तीर्थ स्थापित करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और वंचित समाज के तरफसे आभार व्यक्त किया। भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के निर्णय के क्रम में 13 और 14 अप्रैल को डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की जंयती को भव्य तरीके से समारोह पूर्वक मनाने की योजना को सफल बनाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष ने जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद को जिला संयोजक और जिला सह संयोजक शिव पूजन राजभर को बनाया था। कार्यक्रम के जिला संयोजक चंद्रिका प्रसाद ने बताया कि संगठन के निर्देशानुसार जनपद में डाक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन और पुष्पांजलि कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। चंद्रिका प्रसाद ने बताया कि जनपद के सभी मंडलों और विभिन्न स्थानों पर सम्पन्न हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,पूर्व सांसद हरिओम पांडेय,विधायक अनीता कमल,संजू देवी,चेयर मैन सरिता गुप्ता,पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी,भूमि विकास बैंक डायरेक्टर यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह,पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्त,दशरथ यादव,सुमन पाण्डेय,रफत एजाज,जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया,जिला मंत्री दीपक तिवारी,दिलीप पटेल देव,भाजपा नेता मनोज गुप्त गुड्डू,श्याम बाबू गुप्ता,विनोद सिंह,अशोक उपाध्याय,गौतम उपाध्याय,संजय सिंह,अमित पाण्डेय,राजेश सिंह बब्लू,संजीव मिश्र,अमरजीत मौर्य,रवि सिंह चौहान,सुनील गुप्ता,गया प्रसाद वर्मा,दिलीप तिवारी,सुभाष वर्मा सदा राम वर्मा,मनोज मौर्य,रणंजय सिंह,भगवान पाण्डेय,महेन्द्र प्रताप वर्मा,आनन्द श्रीवास्तव, कृष्ण भगवान मिश्र,अंकित पाण्डेय,कुलदीप सिंह सहित भाजपा के घोषित सभी जिला पंचायत प्रत्याशी ने अपने अपने वार्ड में जंयती मनाया।

# अभाविप टांडा नगर इकाई ने मनाई बाबा साहेब की जयंती



जयंती मनाते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**भारतीय समाज** को एकत्मता और समरसता के सूत्र में बांधने का बाबा साहब भीमराव राम जी का योगदान सदियों तक सभी भारतीयों को प्रेरणा देता है और रहेगा,ऐसे भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर जी की जयंती पर टांडा नगर इकाई के द्वारा ताज टॉकीज अंबेडकर पार्क स्थित "बाबा साहब भीमराव रामजी अंबेडकर जी" की प्रतिमा पर विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री सौरभ मिश्रा के द्वारा माल्यार्पण किया गया। सौरभ मिश्रा ने बाबासाहेब भीमराव राम जी अम्बेडकर के 130वीं जयंती पर कहा कि बाबासाहब जी हमें जो मार्ग दिखाकर गए हैं, उस पर देश निरंतर चले, इसकी जिम्मेदारी हमारी शिक्षा व्यवस्था और हमारे विश्वविद्यालयों पर हमेशा रही है और जब प्रश्न एक राष्ट्र के रूप में साझा लक्ष्यों का हो, तो सामूहिक प्रयास ही सिद्धि का माध्यम बनते हैं। विद्यार्थी परिषद के तहसील संयोजक देवेश अग्रहरी निशु ने कहा कि बाबासाहेब को जब हम पढ़ते हैं, समझते हैं तो हमें अहसास होता है कि वे एक न्दपअमतेंस टपेपवद के व्यक्ति थे ।नगर मंत्री अतुल सोनी जी ने कहा कि "बाबा साहब भीमराव अंबेडकर" की जयंती पर संकल्प लिया आज के भारत में समरस भारत समृद्ध भारत हो। तहसील सह संयोजक उमंग मांझी, नगर सहमंत्री हिमांशु शाहू, अभिषेक,रोहित, प्रमुख बादल कुमार, कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार,आयुष, नीरज, आलोक, अरविन्द, वरुण, राहुल रमन, विवेक, उमेश, राहुल, मयंक, हर्ष, आदित्य,रोहित जायसवाल, अखिलेश कुमार, रोमिल राव व समस्त कार्यकर्ता रहे।

## एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती



बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता

**अम्बेडकरनगर।** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती में बड़े ही सादगी के साथ मनाई गई. एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जिल के कई स्थानों पर बाबा साहेब की जयंती बहुत ही सादगी के साथ मनाई, अकबरपुर, जलालपुर, रामनगर, टांडा, अकबरपुर नगर इकाई द्वारा अकबरपुर नगर में स्थित काशीराम आवास में माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने मनाई जयंती एबीवीपी जिला संयोजक आकाश पाण्डेय ने कहा कि बाबा साहेब का पूरा जीवन लोगों को उनका हक दिलाने और समतावादी समाज को स्थापित करने के लिए समर्पित रहा. उन्होंने देश के संविधान निर्माण में बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए लोगों से उनके बताये मार्ग पर चलने की अपील भी किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सह संयोजक अंकित सिंह, नगर मत्री रणधीर सिंह, राजन सिंह, नितिन सिंह, बृजेश राजभर, शिवम् राना, अनमोल चौरसिया, भास्कर आदित्य, पीयूष यादव, नितिन कुमार, अभिषेक दुबे, देवेश अग्रहरि, अतुल सोनी, अमन श्रीवास्तव, विकास यादव, रजनीश पांडे, शिवम पांडे, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विवाहिता की मौत के मामले में तीन आरोपी भेजे गये जेल

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

● वही पीएम रिपोर्ट की बात करें तो पुलिस के द्वारा मौत का कारण हैंगिंग बतायी जा रही

**सोमवार की** सुबह हुई विवाहित युवती की मौत के मामले में बुधवार को बसखारी पुलिस के द्वारा तीन आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही पीएम रिपोर्ट की बात करें तो पुलिस के द्वारा मौत का कारण हैंगिंग बतायी जा रही है। बता दे बीते सोमवार की सुबह बसखारी थाना क्षेत्र के संदहा मजगवां गांव के बुढ़ियापुर में स्थित अपने ही घर में एक विवाहित महिला ज्योति उम्र 26 वर्ष का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया था। जिस मामले में मृतका के पिता घेरवा मरौंचा निवासी कौशल कुमार श्रीवास्तव पुत्र लालबिहारी श्रीवास्तव के द्वारा मृतका की सास चंद्रावती देवी,ससुर श्रीनिवास, आलोक कुमार एवं छोटी ननद अंशिका को आरोपी बनाते हुए दहेज उत्पीड़न एवं अपनी बेटी ज्योति उर्फसंध्या की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए बसखारी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। तत समय सीओ सिटी अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार आलापुर आलोक रंजन एवं थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल के विभिन्न पहलुओं की जांच पड़ताल करते हुए शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वही मौके से ही आरोपियों को पुलिस के द्वारा हिरासत में लेने की भी बात सामने आई थी। फ्लिहाल बुधवार को बसखारी पुलिस के द्वारा आरोपी सास ,ससुर एवं पति को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने का दावा किया जा रहा है,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। वहीं दूसरी तरफपुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग का मामला सामने आया है। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे ने बताया कि घटनाक्रम से संबंधित तीनों आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही अन्य पहलुओं की जांच पड़ताल की जा रही है।

# कैसे होगी जांच जब एलटी की चुनाव में लगी ड्यूटी

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

● जिला अस्पताल के चार एलटी की चुनाव में लगी ड्यूटी

●कोरोना संक्रमण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी को लेकर उठे सवाल

**विश्वव्यापी महामारी** कोविड-19 को नियंत्रण में लाने के लिए सरकार हर संभव कदम उठा रही है। इस महामारी से निपटने में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका सबसे प्रभावशाली हो चुकी है। स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी जा रही है तो वही अंबेडकर नगर का जिला प्रशासन स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी के साथ ही मजाक कर रहा है। दो दिन पूर्व एक लैब टेक्नीशियन के कोरोना संक्रमित होने के बाद से जिला अस्पताल में 24घण्टे से अधिक समय तक आरटी पीसीआर का सैंपल नहीं लिया जा सका था। अब जिला प्रशासन ने जिला अस्पताल में कार्यरत चार अन्य लैब टेक्नीशियन की ड्यूटी चुनाव में लगा कर नहले पर दहला मार दिया। यहां यह बताना महत्वपूर्ण है कि कोविड-19 से संबंधित समस्त जांचों को लैब टेक्नीशियन द्वारा ही किया जाता है लेकिन जब जिला अस्पताल में कार्यरत 4 लैब टेक्नीशियन की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई हो तो फिर जाचो पर क्या असर पड़ेगा, यह आसानी से जाना जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आरटी पीसीआर जांचों की संख्या को बढ़ाने का निर्देश दिया जा चुका है लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन ने लैब टेक्नीशियन तक को चुनावी ड्यूटी में समाहित कर लिया है । बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय में कार्यरत ए एम त्रिपाठी, टीके सिंह, अमीन व धीरेंद्र की ड्यूटी चुनाव कार्य में लगा दी गई है । इसके अलावा वहां पर कार्य रत वरिष्ठ लिपिक राकेश श्रीवास्तव व कनिष्ठ लिपिक सुभाष सिंह की ड्यूटी भी चुनाव कार्य में लगाई गई है। इन कर्मियों के चुनाव कार्य मे लग जाने के बाद जिला अस्पताल में व्यवस्था का प्रभावित होने तय माना जा रहा है। इस सम्बंध में जब मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओम प्रकाश से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इस सम्बंध के वह जिलाधिकारी से वार्ता करेंगे।

# प्रतीकात्मक रूप से हुई सरयू महा आरती

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**भारतीय नव** वर्ष विक्रमी संवत 2078 चौत्र शुक्ल प्रतिपदा की प्रथम संध्या पर नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति टांडा के महामंत्री दिनेश नारायण सिंह एवं अन्य ने प्रतीकात्मक रूप से श्री सरयू महा आरती की । ज्ञात हो कि कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते प्रकोप के कारण समिति ने प्रशासन के आग्रह और सुझाव परनिर्णय लिया था कि इस वर्ष नव संवत्सर के स्वागत में आयोजित होने वाली श्री सरयू महा आरती और दुग्ध अभिषेक समारोह को प्रतीकात्मक रूप से ही संपन्न किया जाएगा। भारतीय नव वर्ष समाज के लिए प्रसन्नता ,उल्लास और समृद्धि लेकर आता है ।वर्तमान में कोरोना वायरस नामक संक्रमण से समाज जूझ रहा है ऐसी स्थिति में समाज के हित के लिए तथा लोगों के स्वास्थ्य रक्षा की दृष्टि से यह समारोह प्रतीकात्मक रूप में ही संपन्न किया गया। समारोह के पुरोहित पण्डित राकेश कुमार मिश्र ज्योतिषाचार्य ने "आनन्द" नामक सम्वत्सर के आगमन पर समाज के स्वस्थ रहने और राष्ट्र की समृद्धि की शुभकामना की। अनिरुद्ध अग्रवाल, राजेश कुमार साहू,बजरंगी लाल सोनी, दिनेश कश्यप, दिव्यांशु नारायण सिंह आदि कोविड-19 से बचाव के निर्देशों का पालन करते हुए उपस्थित रहे।

# मानव मूल्यों की स्थापना के लिए हुआ था श्रीराम का जन्म: जगुरत्नेश

**संवाददाता।** अयोध्या




**भगवान श्री** राम के जन्मोत्सव के अवसर पर चक्रवर्ती श्री दशरथ जी का राजमहल बड़ा स्थान में विंदूगद्माचार्य मंहत श्री देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज के सानिध्य में श्री राम कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री राम का अवतार मानव मूल्यों की स्थापना तथा मानवता का संदेश देने के लिए था। पिता पुत्र मित्र गुरु शिष्य आदि सम्बन्धों की गरिमा का उपदेश देने के लिए हुआ था। मात्र राक्षसों का वध ही उनके अवतार का उद्देश्य नही था।पूरी पृथ्वी पर मानवता के प्रतिनिधि के रूप में अवतार लेकर भगवान राम नें समस्त सृष्टि के प्राणियों को मानवता का महत्व समझाया तथा दानवता का समूल विनाश किया?।श्री व्यास जी नें प्रवचन करते हुए कहा कि सम्पूर्ण सूर्य वंशी राजाओं की पावन परम्परा को आगे बढाते हुए भगवान श्री राम नें अपने कार्य काल में जनकल्याण एवम समस्त प्राणियों की रक्षा के लिए अत्यंत अद्भुत एवं महान कार्य किये तथा तेरह हजार वर्ष तक धरती लोक में निवास किया। दशरथ राजमहल के महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान के जन्म के अवसर पर सभी देवी देवता पृथ्वी पर आ जाते हैं और भगवान के जन्म से पहले ही उनके द्वारा कार्यो को संपन्न कराने और सहयोग करने के लिए विभिन्न रूपों में अवतरित हो जाते हैं। श्री महाराज जी ने कहा जब इस मंगल अवसर पर कलयुग में भगवान की कथा होती है और अवसर विवाह का होता है तो सभी देवी देवता पृथ्वी पर विराजमान रहते है तो उस कथा में सभी देवी देवता विराजमान रहते हैं और कथा सुनने वाले का मंगल होता है। श्री राम कथा के व्यवस्थापक कृपालु जी रामभूषण जी महाराज ने कथा में विराजमान सभी संतो का स्वागत किया और कहा श्री गुरुदेव भगवान की कृपा से हम सभी को कथा के श्रवण का अवसर प्राप्त हुआ है और गुरुदेव भगवान की कृपा से ही श्री राम कथा के मर्मज्ञ जगतगुरु रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज दशरथ राजमहल में भगवान की पावन कथा कह रहे हैं हम सब श्रवण कर रहे हैं। उन्होंने कहा की भगवान की कथा श्रवण से ही जीव पवित्र हो जाते हैं और सभी प्रकार के दुख से निवृत्त हो जाते है। लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना पूरे विश्व को अपने चपेट में ली हुई है इसलिए हम सभी लोग भगवान की कथा में कोविड.19 का पालन करेंगे और कथा श्रवण करेंगे। चक्रवर्ती श्री दशरथ राजमहल बड़ा स्थान में अयोध्या के दर्जनों संत महंत प्रभु श्री राम के पावन चरित्र की कथा श्रवण कर रहे हैं।

# जिले में जारी है कोरोना का कहर

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**जिले में** कोरोना का कहर जारी है। चिकित्सक भी लगातार उसकी चपेट में आ रहे हैं। ग्रामीणांचलों में बड़ी संख्या में लोगों में कोरोना का संक्रमण पाया जा रहा है। बुधवार को तीस लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। मेडिकल कालेज के चिकित्सक डॉ0 सुरजीत सिंह कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। इसके अलावां प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक डॉ0 प्रशान्त सिकरवार भी कोरोना संक्रमित हो गये हैं। अकबरपुर,टाण्डा, जलालपुर, भियांव, कटेहरी सहित अन्य विकास खण्डों में कोरोना से संक्रमित लोगों का मिलना जारी है। जिले में संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 266 पर पंहुच गई है। बुधवार को छः लोग स्वस्थ हुए। संक्रमण के बढ़ते मामलों से स्वास्थ्य महकमा महफूज नही हो पा रहा है। पीएचसी बन्दीपुर भियांव का एक कर्मचारी भी संक्रमित पाया गया है। बावजूद इसके लोग गाइडलाइन का पालन करने से कतरा रहे हैं।

# डीएम-एसएसपी ने पंचायत चुनाव के मद्देनजर किया विकास खंडों का निरीक्षण



**अयोध्या।** जिले की पोलिंग पार्टियां हुई रवाना आज होगा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का मतदान अयोध्या. जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अयोध्या जिले में 15 अप्रैल को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का स्थलीय निरीक्षण किया और कोविड.19 प्रोटोकॉल को समझाते हुए कैसे चुनाव संपन्न कराना है इसके लिए सभी जोनल मजिस्ट्रेट उप जिला अधिकारी पीठासीन अधिकारी वह मतदान अधिकारी सुरक्षाकर्मियों को अपने सुझाव भी दिए। डीएम और एसएसपी विकासखंड पूरा बाजार के पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल बच्चू लाल इंटर कॉलेज पूरा बाजार पहुंच कर संबंधित सुपर जोनल एवं जोनल मजिस्ट्रेट तथा उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी से मतदान स्थल हेतु पोलिंग पार्टियों के रवाना होने की स्थिति जानकारी ली। इसके उपरांत अधिकारी द्वय द्वारा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल मयाबाजार पहुंच कर स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तदोपरांत विकास खंड तारुन के मतदान पार्टी रवानगी स्थल श्री अनंत इण्टर कॉलेज खपराडीहए तारुन व विकास खंड बीकापुर के मतदान पार्टी रवानगी स्थल भारती इण्टर कॉलेज बीकापुर का निरीक्षण किया गया सभी जगहों पर मतदान हेतु पोलिंग पार्टियों को मतदान स्थल के लिए रवानगी का कार्य सुचारू रूप से संचालित होता पाया गया। उक्त विकास खंडों के पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थलों के भ्रमण व निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री झा व एसएसपी श्री पाण्डेय ने विकासखंड तारुन क्षेत्र अंतर्गत तकमीनगंज बाजार व जाना बाजार में काली फिल्म लगी चार पहिया वाहनों की फिल्म को निकलवाया गया तथा वाहन का ई. चालान करने के साथ ही वाहन से संबंधित लोगों पर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# भाजपा को बंगाल में 70 सीटें भी नहीं मिलेंगी : ममता

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि भाजपा यहां विधानसभा चुनावों में 70 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता ने जलपाईगुड़ी जिले के डाबग्राम-फुलबाड़ी में एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में किए गए इस दावे का उपहास किया कि भाजपा ने 294 सीटों वाली विधानसभा के लिए चुनाव के चार चरणों में ही 100 सीटें जीत ली है। ममता ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि जिन 135 सीटों पर अब तक चुनाव हुए हैं, उनमें भाजपा पहले ही 100 सीटें जीत ली है। मैं कह सकती हूँ कि चुनाव समाप्त होने के बाद, भाजपा को कुल 294 सीटों में से 70 सीटें भी नहीं मिलेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एक ही मुद्दे पर अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग बातें कर झूठ फैला रही है। ममता ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने दार्जिलिंग के लेबोंग में कहा था कि



कूच बिहार में लोगों से मिलने के दौरान एक महिला के बच्चे को गोद में उठाये हुए पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी

कोई एनआरसी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि 14 लाख लोगों की पहचान की गई है और उन्हें राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के तहत अवैध प्रवासियों को खोजने के लिए प्रक्रिया के आधार पर निरोध केंद्रों में भेजा गया है। उन्होंने कहा, 14 लाख लोगों को निरोध केंद्रों में जाने के लिए कहा गया है। ममता ने कहा कि अगर तृणमूल फिर से सत्ता में आती है तो वह पश्चिम बंगाल में विवादास्पद राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को लागू नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि आप सभी नागरिक हैं। लोगों से उनका एकमात्र अनुरोध है कि वे अपना वोट डालें। ममता ने दावा किया कि भाजपा ऐसे अन्य राज्यों से लोगों को ला रही है जहां महामारी फैली हुई है।

## चुनाव आयोग ममता बनर्जी के साथ पक्षपात कर रहा : शिवसेना

**मुंबई ( भाषा )।** शिवसेना ने बुधवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ममता बनर्जी के खिलाफ पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहा है। पार्टी ने यह आरोप तब लगाया है जब आयोग ने हाल ही में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की कुछ टिप्पणियों को लेकर उन पर 24 घंटे तक चुनाव प्रचार करने से रोक लगा दी थी। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) जैसे संवैधानिक निकाय के कद की राजनीतिक लाभ के लिए अवहेलना नहीं की जानी चाहिए। पश्चिम बंगाल में फिलहाल विधानसभा चुनाव जारी हैं और शिवसेना ने, जो कि चुनाव नहीं लड़ रही है, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी को अपना समर्थन दिया है। मराठी दैनिक में कहा गया, निर्वाचन आयोग ममता बनर्जी के साथ पक्षपात कर रहा है। आयोग से हमारा हाथ जोड़कर आग्रह है कि वह सिर्फ भाजपा की नहीं, बल्कि सबकी सुने। उसे पक्षपाती नहीं होना चाहिए। संपादकीय में दावा किया गया है कि हर किसी ने पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान मर्यादा लांघी है लेकिन केवल बनर्जी को इसकी सजा दी जा रही है। इसमें कहा गया, निर्वाचन आयोग ने कानून के समक्ष सबको बराबर बताने वाले मिथक को तोड़ दिया है और इसके लिए उसने पश्चिम बंगाल की भूमि को चुना है।



मुंबई में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की कोविड-19 की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी

# आंबेडकर ने संस्कृत को आधिकारिक भाषा बनाने का प्रस्ताव दिया था : प्रधान न्यायाधीश बोबडे

**भाषा।** नागपुर

**देश** के प्रधान न्यायाधीश शरद बोबडे ने बुधवार को कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संस्कृत को आधिकारिक भाषा बनाने का प्रस्ताव दिया था क्योंकि वह राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को अच्छी तरह समझते थे और यह भी जानते थे कि लोग क्या चाहते हैं।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि प्राचीन भारतीय ग्रंथ न्यायशास्त्र अरस्तू और पारसी तर्क विद्या से जरा भी कम नहीं है और कोई कारण नहीं है कि हमें इसकी अनदेखी करनी चाहिए और अपने पूर्वजों की प्रतिभाओं का लाभ ना उठाया जाए। न्यायमूर्ति बोबडे महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एमएनएलयू) के शैक्षणिक भवन के उद्घाटन के दौरान संबोधित कर रहे थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, केंद्रीय मंत्री और नागपुर से सांसद नितिन गडकरी तथा अन्य लोगों ने डिजिटल तरीके से आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी की।

संविधान निर्माता बी आर आंबेडकर को उनकी 130 वीं जयंती पर याद करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आज सुबह मैं थोड़ा उलझन में था कि किस भाषा में मुझे भाषण देना चाहिए। आज डॉ. आंबेडकर की जयंती है जो मुझे याद दिलाती है कि बोलने के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली भाषा और काम के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली भाषा के बीच का संघर्ष बहुत पुराना है। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय को कई आवेदन मिल चुके हैं कि अधीनस्थ अदालतों में कौन सी भाषा इस्तेमाल होनी चाहिए किंतु मुझे लगता है इस विषय पर गौर नहीं किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, लेकिन डॉ. आंबेडकर को इस पहलू का अंदाजा हो गया था और उन्होंने यह कहते हुए एक प्रस्ताव रखा कि भारत संघ की आधिकारिक भाषा संस्कृत होनी चाहिए। न्यायमूर्ति बोबडे ने कहा, आंबेडकर की राय थी कि चूंकि उत्तर भारत में तमिल स्वीकार्य नहीं होगी और इसका विरोध हो सकता है जैसे कि दक्षिण भारत में हिंदी का विरोध होता है। लेकिन उत्तर भारत या दक्षिण भारत में संस्कृत का विरोध होने की कम आशंका थी और यही कारण है कि उन्होंने ऐसा प्रस्ताव दिया किंतु इस पर कामयाबी नहीं मिली।

देश के प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आंबेडकर को ना केवल कानून की गहरी जानकारी थी बल्कि वह सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों से भी अच्छी तरह अवगत थे। न्यायमूर्ति बोबडे ने कहा, वह जानते थे कि लोग क्या चाहते हैं, देश का गरीब क्या चाहता है। उन्हें इन सभी पहलुओं की अच्छी जानकारी थी और मुझे लगता है कि इसी वजह से उन्होंने यह प्रस्ताव दिया होगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि लॉ स्कूल कानूनी पेशे की नर्सरी है। उन्होंने कहा, लॉ स्कूल नर्सरी के समान है जहां से हमारे कानूनी पेशेवरों के साथ न्यायाधीशों की पौध भी तैयार होती है।

## दो दिवसीय यात्रा पर मालदीव के विदेश मंत्री आज भारत आ रहे हैं

**नई दिल्ली ( भाषा )।** मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद दो दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को भारत आ रहे हैं। उनके इस प्रवास के दौरान, मालदीव तथा भारत के संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने को लेकर व्यापक चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, मालदीव के विदेश मंत्री की भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच करीबी द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलने की संभावना है। इसमें कहा गया है कि अपनी यात्रा के दौरान शाहिद, विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ शुक्रवार को वार्ता करेंगे जिसमें द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और आपसी हितों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि शाहिद डिजिटल माध्यम से रायसीना डायलॉग में भी हिस्सा लेंगे। गौरतलब है कि मालदीव हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत का करीबी नौवहन सहयोगी है और प्रधानमंत्री के सागर दृष्टिकोण (सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फ़ॉर ऑल इन द रीजन) में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

# जीजेएम के दो धड़ों के बीच राजनीतिक प्रभुत्व की जंग में गोरखालैंड की मांग ठंडे बस्ते में गई

**भाषा।** दार्जीलिंग

**दार्जीलिंग** पर्वतीय क्षेत्र में गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) के दो धड़ों के बीच राजनीतिक आधिपत्य की जंग में गोरखालैंड की मांग कहीं ठंडे बस्ते में चली गई है जहां प्रमुख प्रतिद्वंद्वी कोविड-19 संकट के बीच इस बार बस विकास पर जोर दे रहे हैं।

एक धड़े का नेतृत्व बिमल गुरुंग कर रहे हैं तो दूसरे धड़े की कमान मोर्चे के उनके पूर्व प्रमुख बिनय तमांग ने संभाली है। पिछले तीन दशकों से भी ज्यादा वक्त से, गोरखाओं के लिए एक अलग राज्य की मांग और संविधान की छठी अनुसूची का क्रियान्वयन पर्वतीय क्षेत्र के दलों के लिए चुनाव के दो बड़े मुद्दे रहे हैं। छठी अनुसूची में कुछ खास जनजातीय इलाकों में स्वायत्त परिषदों के गठन का प्रावधान है।

हालांकि, तीन साल तक छिपे रहने के बाद गुरुंग के लौटने और क्षेत्र पर नियंत्रण के लिए तमांग के साथ उनकी जंग ने राजनीतिक समीकरण बदल दिए हैं। इतना ही नहीं, कोविड-19 वैश्विक महामारी ने पर्वतीय क्षेत्र के वित्तीय आधार माने जाने वाले चाय एवं पर्यटन क्षेत्रों को बुरी तरह प्रभावित किया है जिससे कई बेरोजगार हो गए। दार्जीलिंग के मतदाताओं को इस बात की अच्छी तरह एहसास हो गया है कि उनके लिए ढांचागत विकास और रोजगार के अवसर किसी भी दूसरी चीज से ज्यादा जरूरी हैं।

दर्शनीय पर्वतीय क्षेत्र में विधानसभा की तीन सीटों - दार्जीलिंग, कलिमपोंग और कुरसियोंग में इस बार चौतरफा मुकाबला है जहां भाजपा और कांग्रेस-लेफ्ट-आईएसएफ गठबंधन के साथ ही तृणमूल कांग्रेस के पर्वतीय क्षेत्र के दो दोस्त यानि गुरुंग और तमांग नीत जीजेएम के दो गुट भी मैदान में हैं। झगड़े के बाद बंटे इन दोनों गुटों के प्रत्याशी इन सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। टीएमसी में सूत्रों ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता इस उलझन में पड़े हुए हैं कि उन्हें प्रचार के दौरान या मतदान के दिन किसका समर्थन करना है क्योंकि ज्यादातर कार्यकर्ता गुरुंग के पक्ष में दिख रहे हैं।

तमांग ने कहा, इन विधानसभा चुनावों में राज्य का दर्जा हमारे लिए मुद्दा नहीं है। हम पर्वतीय क्षेत्र के विकास, नौकरियों, प्रशासनिक काया-कल्प को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। हम 52 सूत्री चुनावी घोषणा-पत्र लेकर आए हैं। उन्होंने कहा, चाय, लकड़ी और पर्यटन उद्योगों को कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण बड़ा झटका लगा है। लोग अब नौकरी, विकास और बेहतर जीवन चाहते हैं।

वहीं जीजेएम के दोनों धड़ों के लिए अब मुख्य चुनौती के रूप में उभरी भाजपा ने कहा कि अगर सत्ता में आती है तो वह क्षेत्र में स्थाई राजनीतिक समाधान उपलब्ध कराएंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी एनआरसी लागू करने को लेकर उत्पन्न भय को दूर किया है और कहा है कि गोरखा समुदाय और उनकी पहचान को कभी नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। गुरुंग गुट के महासचिव रोशन गिरि ने दावा किया है कि भाजपा झूठे वादे कर रही है। उन्होंने कहा, 2009 से, वे ऐसे ही वादे कर रहे हैं लेकिन पर्वतीय क्षेत्र में कुछ भी नहीं बदला। टीएमसी ने स्थाई राजनीतिक समाधान का वादा किया है। हमें दीदी (ममता बनर्जी) में पूरा विश्वास है।

## क्विक न्यूज

### विदेश निर्मित टीकों को मंजूरी देने की तैयारी को लेकर राहुल ने सरकार पर किया कटाक्ष

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विदेश मे निर्मित कोविड रोधी टीकों के भारत में उपयोग को मंजूरी देने की तैयारी को लेकर बुधवार को महात्मा गांधी के एक कथन का हवाला देते हुए सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने महात्मा गांधी के एक चर्चित कथन को उद्धृत करते हुए ट्वीट किया, पहले वे तुम्हारी उपेक्षा करेंगे, फिर तुम पर हंसेंगे, फिर वो तुमसे लड़ेंगे, फिर तुम जीत जाओगे। दरअसल, राहुल गांधी ने कुछ दिनों पहले सरकार से आग्रह किया था कि विदेश मे निर्मित टीकों के भारत में उपयोग की अनुमति दी जाए। इसके बाद केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने उन पर विदेशी कंपनियों के लिए लॉबिंग करने का आरोप लगाया था। गौरतलब है कि टीकों की उपलब्धता बढ़ाने और देश मे टीकाकरण की गति तेज करने के मकसद से केंद्र सरकार ने अन्य देशों मे आपात इस्तेमाल के लिए अधिकृत, विदेश निर्मित कोविड-19 टीकों को मंजूरी देने की प्रक्रिया तेज कर दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि इस प्रकार के विदेश निर्मित टीकों के पहले 100 लाभार्थियों के स्वास्थ्य पर सात दिन नजर रखी जाएगी, जिसके बाद देश मे टीकाकरण कार्यक्रम मे इन टीकों का इस्तेमाल किया जाएगा।

### भाजपा ने तीन सीटों पर होने वाले उपचुनाव में केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात करने की मांग की

**जयपुर (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान इकाई ने राज्य की तीन सीटो पर होने वाले उपचुनाव के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की मांग की है। साथ ही पार्टी ने बारां जिले के छबड़ा कस्बे मे हुई हिंसा की जांच कार्यरत न्यायाधीश से करवाने की मांग की है। पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने इस संबंध मे बुधवार को राज्यपाल कलराज मिश्र को ज्ञापन सौंपे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां के नेतृत्व मे डॉ. अलका सिंह गुर्जर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, प्रदेश मंत्री जितेंद्र गोठवाल और पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने राजभवन मे राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। पूनियां ने संवाददाताओं से कहा, खास तौर से तीनों सीटों पर उपचुनाव मे जिस तरह से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हो रहा है और मंत्री जिस तरह से अधिकारियों व कर्मचारियों को धमका रहे हैं, व्यापारियों को धमका रहे है और आम जनता के बीच भय का वातावरण पैदा कर रहे है ...इन प्रकरणों पर हमने राज्यपाल का ध्यान आकर्षिक किया है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव वाले क्षेत्रों मे जिस तरीके से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हो रहा है उसमे हमें निष्पक्ष मतदान होने को लेकर शंका है इसलिए हमने अर्धसैनिक बल तैनात करने की मांग की है ताकि बिना भय के चुनाव हो सके। इसके साथ ही छबड़ा की घटना की जांच वर्तमान न्यायाधीश से करवाने व दोषियों के खिलाफ कार्वाई की मांग ज्ञापन मे की है।

### मुंबई: रमजान के दौरान मस्जिद में सामूहिक रूप से नमाज अदा करने की अनुमति देने से अदालत का इनकार

**मुंबई (भाषा)।** बंबई उच्च न्यायालय ने मुंबई की एक मस्जिद मे सामूहिक रूप से नमाज अदा करने की अनुमति देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि कोविड-19 के चलते गंभीर हालात पैदा हो गए है और लोगों की सुरक्षा अधिक महत्वपूर्ण है। न्यायमूर्ति आर डी धनुका और न्यायमूर्ति वी जी बिष्ट की अवकाश पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण के चक्र को तोड़ने के लिए पाबंदियां लगाने की जरूरत महसूस की है। अदालत ने कहा, धार्मिक रीति-रिवाजों को मनाना या उनका पालन करना महत्वपूर्ण है, लेकिन सबसे अधिक महत्वपूर्ण लोक व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा है। पीठ ने जुमा मस्जिद ट्रस्ट की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए ए टिप्पणियां की। याचिका मे दक्षिण मुंबई मे स्थित ट्रस्ट की एक मस्जिद मे मुसलमानों को पांच वक्त की नमाज अदा करने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था।।

### अमेरिकी नौसेना के अभियान पर थरूर ने कहा: मामले को कूटनीतिक ढंग से हल करना चाहिए

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा कि अमेरिकी नौसेना का भारत की पूर्वानुमति के बिना इस सप्ताह लक्षद्वीप द्वीपसमूह के निकट भारतीय जलक्षेत्र में नौपरिवहन स्वतंत्रता अभियान शुरू करना अपमानजनक व्यवहार को दिखाता है तथा इस मामले को कूटनीतिक ढंग से हल करना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, अमेरिकी नौसेना का लक्षद्वीप द्वीपसमूह के निकट भारतीय जलक्षेत्र मे नौपरिवहन स्वतंत्रता अभियान शुरू करने को लेकर भारत में गुस्सा समझने लायक है। बहरहाल, यूएन क्लॉज़ (समुद्री क्षेत्र का कानून) मे ऐसा कुछ नही है जो इस क्षेत्र से होकर नौपरिवहन की स्वतंत्रता से जुड़े भारत के रुख का समर्थन करता हो। थरूर ने कहा कि अमेरिकी लक्षद्वीप के निकट वही कर रहे है जो वह, दक्षिणी चीन सागर मे और उससे गुजरते हुए करने पर जोर दे रहे है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को भारत की संवेदनाओं का सम्मान नही करने का आरोपी ठहराया जा सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय कानून भंग करने का आरोप नही लगाया जा सकता।



सोनीपुर में रंगोली बिहू उत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रम में भाग लेतीं कलाकार

अंबानी सुरक्षा सेंध मामला

# फर्जी मुठभेड़ के पहलू की जांच कर रही एनआईए

**भाषा।** मुंबई

**जांचकर्ताओं** को संदेह है कि निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाजे ने दो लोगों को फर्जी मुठभेड़ में मार गिराने की योजना बनाई थी ताकि उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के निकट विस्फोटक सामग्री रखी कार मिलने के मामले से उन्हें जोड़ा जा सके। सूत्रों ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस तरीके से मुठभेड़ विशेषज्ञ वाजे मामले को सुलझाने का दावा करना चाहता था, लेकिन उसकी यह योजना धरी रह गई। सूत्रों ने कहा कि मामले की जांच कर रहे राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को ठाणे में वाजे के घर की तलाशी के दौरान एक व्यक्ति का पासपोर्ट बरामद हुआ था, जिसकी पहचान नहीं बताई गई है। उन्होंने कहा कि पहले शुरुआत में मारूति ईको वाहन में फर्जी मुठभेड़ को अंजाम देने योजना बनाई गई, जो पिछले साल नवंबर में महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर से चोरी हो गई थी। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसी को संदेह है कि दो लोगों को मारकर वाजे विस्फोटक सामग्री मिलने के मामले को सुलझाने का दावा करना और तारीफ पाना चाहता था, लेकिन यह योजना अंजाम तक नहीं पहुंच पाई। एनआईए ने इससे पहले कहा था कि वाजे कुछ बड़ा करने की योजना बना रहा था। सूत्रों ने कहा कि एजेंसी फर्जी मुठभेड़ थ्योरी की जांच कर रही है। गौरतलब है कि 25 फरवरी को दक्षिण मुंबई में अंबानी के घर के बाहर एक एसयूवी मिली थी, जिसमें विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी। उस एसयूवी के मालिक बताए गए कारोबारी मनसुख हिरन का पांच मार्च को ठाणे में एक नहर से शव मिलने के बाद मामले में नया मोड़ आ गया था।

# महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र की योजनाओं को ही अपनी योजना के तौर पर घोषित किया : फडणवीस

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को आरोप लगाया कि महा विकास आघाड़ी सरकार केंद्र की योजनाओं को कुछ बदलाव के साथ कोविड-19 पाबंदी से प्रभावित लोगों के लिए खास कदम के तहत पेश कर रही है।

नागपुर में संवाददाताओं से भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार ने जो घोषणाएं की है, वह छलावा है क्योंकि केंद्र की योजनाओं को ही कुछ बदलाव के साथ पेश किया गया और राज्य की अपनी योजना बताई गई।

फडणवीस ने कहा, महामारी के बीच पाबंदी को लेकर नई घोषणाओं से बड़ी आबादी प्रभावित होगी लेकिन इस सरकार से उन्हें कोई वित्तीय सहायता नहीं मिलेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि 2011 में गलत तरीके से सर्वेक्षण करने के कारण राज्य में करीब 88 लाख लोग खाद्य सुरक्षा कानून के दायरे से बाहर हैं और मुख्यमंत्री ने इन लोगों के लिए किसी सहायता की घोषणा नहीं की है।

मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने संक्रमण की कड़ी को तोड़ने के लिए मंगलवार को कुछ नई पाबंदियों की घोषणा की। ठाकरे ने रेहड़ी-पटरी वालों, पंजीकृत निर्माण मजदूरों और लाइसेंस प्राप्त ऑटोरिक्शा ड्राइवरों के लिए 5476 करोड़ रुपए के पैकेज की भी घोषणा की। पैकेज को लेकर लाभार्थियों और विभिन्न हलकों में स्वागत हुआ है, वहीं फडणवीस ने इसे छलावा बताया। फडणवीस ने आरोप लगाया, मुख्यमंत्री ने पंजीकृत हॉकरों को वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। इससे केवल मुंबई और ठाणे में हॉकरों को फायदा होगा क्योंकि इन्हीं शहरों में पंजीकृत हॉकर हैं। सरकार मुंबई और ठाणे के बाहर हॉकरों को मान्यता नहीं देती है।

## केरल में तीन करोड़ रुपए मूल्य का हशीश तेल बरामद

**कोझिकोड, केरल ( भाषा )।** केरल के कोझिकोड के पास स्थित रमनत्तुकारा के एक होटल से तीन करोड़ रुपए मूल्य का हशीश तेल जब्त किया गया है और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उत्तर केरल में उच्च स्तर के मादक पदार्थ की तस्करी के बारे में गोपनीय सूचना मिलने के बाद कार्वाई की गई। माना जा रहा है कि मंगलवार को जब्त किए गए हशीश तेल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत तीन करोड़ रुपए है। फेरोके रेंज के आबकारी निरीक्षक सतीशन ने कहा कि हशीश तेल का वजन तीन किलोग्राम है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, नारकोटिक बाजार में इसकी कीमत तीन करोड़ रुपए है। कोझिकोड के एक निवासी को गिरफ्तार किया गया है। उत्तर केरल में आपूर्ति के लिए मादक पदार्थ आंध्र प्रदेश से लाया गया था।

# कर्नाटक में लॉकडाउन नहीं लगेगा, सख्त कदम उठाए जाएंगे : एदियुरप्पा

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने बुधवार को कहा कि राज्य में लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा लेकिन कोरोना वायरस का संक्रमण फैलने से रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में एदियुरप्पा ने कहा, लॉकडाउन के अलावा सभी अन्य कदम उठाए जाएंगे। कुछ शहरों में हमने पहले ही रात में कर्फ्यू लगा दिया है। अगर जरूरत पड़ी तो हम कुछ और जिलों में भी इसे लागू करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अगले कदमों पर विपक्षी दल के नेताओं से सलाह-मशविरा करेंगे और उनके सुझावों पर विचार करेंगे। उन्होंने सप्ताहांत में लॉकडाउन लगाने से भी इनकार कर दिया।

एदियुरप्पा ने बेलगावी लोकसभा सीट और मस्की तथा बासवकल्याण



विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के एक दिन बाद 18 अप्रैल को विपक्षी नेताओं की बैठक बुलाई है।

इस बीच, विपक्षी दलों ने कहा कि कोविड-19 के बढ़ते मामलों का समाधान लॉकडाउन नहीं है क्योंकि इससे जिंदगी और मुश्किल होगी। कांग्रेस नेता सिद्दरमैया ने कहा, लॉकडाउन कोई समाधान नहीं है। पहले यह पहचान करनी होगी कि यह बीमारी कैसे फैलती है और इसके अनुसार इलाज उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने कहा, कोरोना वायरस के मामले कम होने पर सरकार ने नियमों में छूट दी जिसके कारण मामले अब फिर बढ़ गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संक्रमण के मामले कम होने पर राज्य सरकार ने जांच घटा दी।

विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि अगर सरकार लॉकडाउन लगाना चाहती है तो उसे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के एक करोड़ परिवारों के खाते में दस-दस हजार रुपए जमा कराने चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्हें अभी तक सर्वदलीय बैठक पर सरकार की ओर से कोई निमंत्रण नहीं मिला है। जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने कहा कि सरकार को अस्पतालों में रेमेडिसिविर जैसी आवश्यक दवाओं और बिस्तरों की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि ऐसा अनुमान जताया जा रहा है कि महीने के अंत तक कोविड-19 के एक दिन में 20,000 तक मामले आ सकते हैं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति भविष्योन्मुखी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ना सिर्फ भविष्योन्मुखी और वैश्विक मानकों के अनुरूप है, बल्कि यह जितनी व्यवहारिक है, इसका क्रियान्वयन भी उतना ही व्यवहारिक है।

भारतीय विश्वविद्यालय संघ की 95वीं वार्षिक बैठक और कुलपतियों की राष्ट्रीय संगोष्ठी को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नई नीति जाने माने शिक्षाविद और पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों के समान अधिकार से ही समाज में समरसता आती है और देश प्रगति करता है। उन्होंने कहा, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा के भारतीय चरित्र पर जोर देते थे। आज के वैश्विक परिदृश्य में यह बात और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भविष्योन्मुखी और वैश्विक मानकों के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पिछले साल देश में नई शिक्षा नीति का मसौदा सार्वजनिक किया था।

मोदी ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन ने शिक्षा के विभिन्न पहलुओं की बात की थी और वही इस शिक्षा नीति के मूल में दिखता है। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर लगातार विशेषज्ञों से चर्चा करता रहा हूं। यह जितनी व्यवहारिक है, इसका क्रियान्वयन भी उतना ही व्यवहारिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर छात्र का अपना एक सामर्थ्य होता है और शिक्षक जब उसे आंतरिक क्षमता के साथ संस्थागत क्षमता दे दे तो उनका (छात्रों का) विकास व्यापक हो जाता है। उन्होंने कहा, इससे हमारे युवा वह कर सकते हैं, जो वह करना चाहते हैं। इसलिए देश का खास जोर कौशल विकास पर है। आज देश जैसे-जैसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर आगे बढ़ रहा है, कुशल युवाओं की भूमिका और उनकी मांग भी बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले की अपेक्षा आज देश के पास असीम अवसर हैं और आधुनिक दौर के नए-नए उद्योग भी हैं। उन्होंने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), इंटरनेट, डेटा, थ्री-डी प्रिंटिंग, वर्चुअल रियालिटी, रोबोटिक्स, मोबाइल टेक्नोलॉजी और स्मार्ट स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर रक्षा क्षेत्र तक आज दुनिया में भारत को भविष्य के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन जरूरतों को पूरा करने के लिए देश लगातार बड़े कदम भी उठा रहा है। उन्होंने कहा, देश के तीन बड़े शहरों में भारतीय कौशल विकास संस्थानों की स्थापना की जा रही है। कुछ महीने पहले दिसम्बर में ही इसका मुंबई में पहला बैच भी शुरू हो गया है। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में लोकतंत्र की जननी रहा है और लोकतंत्र हमारी सभ्यता तथा तौर-तरीकों का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा, आजादी के बाद का भारत अपनी उसी लोकतांत्रिक विरासत को मजबूत करके आगे बढ़े, बाबा साहेब ने इसका मजबूत आधार देश को दिया।

मोदी ने कहा, शिक्षा के साथ ही आत्म-सम्मान भी बढ़ता है। आत्म-सम्मान से व्यक्ति अपने अधिकार के लिए जागरूक होता है, समान अधिकार से ही समाज में समरसता आती है और देश प्रगति करता है। बाबा साहेब के संघर्षों को सभी के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा बताते हुए मोदी ने कहा कि वह जो मार्ग दिखाकर गए हैं, उस पर निरंतर चलने की जिम्मेदारी हमारी शिक्षा व्यवस्था और विश्वविद्यालयों पर हमेशा रही है।



नई दिल्ली में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पुष्पाजंलि अर्पित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

## भारत एस-400 मिसाइल सौदे को लेकर प्रतिबद्धः रूसी राजदूत

**भाषा।** नई दिल्ली

**रूसी** राजदूत निकोलाई कुदाशेव ने बुधवार को कहा कि रूस और भारत एस-400 मिसाइल सौदे को लेकर समयसीमा एवं अन्य इक़रारनामा को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब ऐसी आशंकाएं व्यक्त की जा रही है कि इस हथियार प्रणाली की खरीद को लेकर भारत के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंध लगने की संभावनाएं हैं। रूसी राजदूत ने कहा कि भारत और रूस द्विपक्षीय प्रतिबंधों को मान्यता नहीं देते हैं क्योंकि ए गैर कानूनी और अनुचित प्रतिस्पर्धा एवं दबाव के अवैध माध्यम हैं। पिछले महीने भारत की यात्रा के दौरान अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन ने कहा था कि रूस के साथ एस-400 मिसाइल प्रणाली के सौदे को लेकर भारत के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों की संभावना के बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ उनकी कोई चर्चा नहीं हुई। इसके साथ ही, आस्टिन ने अमेरिका के सभी सहयोगियों से आपील की थी कि वे ऐसी रूसी हथियार प्रणाली नहीं खरीदें जो अमेरिकी प्रतिबंध लगा सकते हों। इस बीच, रूसी राजदूत कुदाशेव ने कहा, भारत सहित हम द्विपक्षीय प्रतिबंधों को मान्यता नहीं देते हैं क्योंकि वे क्योंकि ए गैर कानूनी और अनुचित प्रतिस्पर्धा का अवैध माध्यम हैं या मैं कहूं कि दबाव और यहां तक कि ब्लैकमेल का मध्यम हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में बातचीत के दौरान यह स्पष्ट रूप से कहा गया। उन्होंने कहा, जहां तक एस-400 मिसाइल प्रणाली और व्यापक समझौते का संबंध है, दोनों पक्ष समयसीमा और इक़रारनामा को लेकर प्रतिबद्ध हैं। यह अनुबंध सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका ने रूस से एस-400 मिसाइल प्रणाली खरीदने को लेकर अमेरिकी प्रतिद्वन्द्वी विरोध प्रतिबंध अधिनियम (सीएएटीएसए) के तहत तुर्की पर प्रतिबंध लगा दिया था। कुदाशेव ने यह भी कहा कि विश्व व्यवस्था को एकतरफा कदमों, अवैध प्रतिबंधों, दोहरे मानदंडों और सम्प्रभु देशों के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप से मुक्त रखना चाहिए। उन्होंने कहा, सामूहिक अंतरराष्ट्रीय कानून आधारित समाधान को लागू किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि आस्टिन की भारत की उच्च स्तरीय यात्रा से पहले अमेरिकी सीनेट के विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष एवं सीनेटर राबर्ट मेनेंडिज ने अपने पत्र में अमेरिकी रक्षा मंत्री से एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद के विषय को नई दिल्ली के समक्ष उठाने का आग्रह किया था।

## कोरोना संक्रमण फेफड़े की कोशिकाओं में जैव-रसायनिक प्रतिक्रिया की दर को करता है प्रभावितःअध्ययन

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर के शोधार्थियों ने सार्स-सीओवी-2-संक्रमण के बाद फेफड़े की कोशिकाओं में जैव-रासायनिक प्रतिक्रिया की दर में होने वाले बदलावों का अनुमान लगाने के लिए एक प्रारूप विकसित किया है। संस्थान के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि यह शोध वायरस से फैलने वाली महामारी से निपटने के लिए बेहतर उपचार पद्धति विकसित करने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि आईआईटी खड़गपुर के शोधार्थियों ने ,पहली बार, वायरस से फेफड़े की कोशिकाओं के प्रभावित होने के बाद उनमें जैव-रासायनिक प्रतिक्रिया की दर में होने वाले बदलावों का पता लगाया है। स्कूल ऑफ एनर्जी ऐंड इंजीनियरिंग, आईआईटी खड़गपुर, के सहायक प्राध्यापक डॉ अमित घोष ने कहा, अपनी पद्धति का उपयोग कर हमने सार्स-सीओवी-2 संक्रमण के मामले में रोगग्रस्त और सामान्य जैव-रासायनिक स्थिति का अवलोकन किया...।

## ग्लोबल वार्मिंग भारतीय मॉनसून को कहीं अधिक अव्यवस्थित कर रहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**अध्ययन**

**जलवायु** परिवर्तन भारत में मॉनसून के दौरान होने वाली बारिश को कहीं अधिक अव्यवस्थित कर रहा है। इसका देश की एक अरब से अधिक की आबादी, अर्थव्यवस्था, खाद्य प्रणाली और कृषि पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका है। एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। यह अध्ययन अर्थ सिस्टम डायनैमिक्स जर्नल में प्रकाशित हुआ है, जिसमें दुनिया भर से 30 से अधिक जलवायु प्रारूपों की तुलना की गई है। अध्ययन की मुख्य लेखक एवं जर्मनी स्थित पॉट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च (पीआईके) की एंजा काटाजेनबर्जर ने कहा, हमने इस बारे में मजबूत साक्ष्य पाए हैं कि प्रत्एक डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने से मॉनसून की बारिश के करीब पांच प्रतिशत बढ़ने की संभावना होगी। उन्होंने कहा, यहां हम पहले के अध्ययनों की भी पुष्टि कर सकते हैं, लेकिन यह पाते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग मॉनसून की बारिश को पहले से सोची गई रफ्तार से कहीं अधिक तेजी से बढ़ा रही है। यह (ग्लोबल वार्मिंग) 21 वीं सदी में मॉनसून की गतिशीलता को काफी प्रभावित कर रही है। अध्ययनकर्ताओं ने इस बात का जिक्र किया कि भारत और इसके पड़ोसी देशों में अनावश्यक रूप से ज्यादा बारिश कृषि के लिए अच्छी चीज नहीं है। जर्मनी की लुडविंग मैक्सिमिलियन यूनिवर्सिटी से अध्ययन की सह लेखक जूलिया पोंग्रात्ज ने कहा, फसलों को शुरूआत में आवश्यक रूप से पानी की जरूरत होती है, लेकिन बहुत ज्यादा बारिश होने से पौधे को नुकसान हो सकता है--इनमें धान की फसल भी शामिल है।

## सरकार ने अनुसूचित जातियों के लोगों के लिए शिकायत निवारण पोर्टल शुरू किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को अनुसूचित जातियों के लोगों के लिए एक पोर्टल शुरू किया जिस पर वे अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने यह प्रणाली विकसित की है। केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बाबासाहब डॉ बी आर आंबेडकर की जयंती पर इसकी शुरुआत की। उन्होंने इस मौके पर कहा, डॉ आंबेडकर ने हमें सिखाया कि हमें संवैधानिक तरीकों से भारत की प्रगति सुनिश्चित करनी होगी। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनएससीएन शिकायत प्रबंधन पोर्टल का इस्तेमाल अनुसूचित जाति के फरियादियों द्वारा शिकायत दाखिल करने के लिए किया जा सकता है।

## पेरिस समझौते के बाद जलवायु कार्रवाई में अग्रणी रहे हैं भारत व फ्रांस

**भाषा।** नई दिल्ली

**फ्रांसीसी** विदेश मंत्री ज्यां यवेस ले द्रियां ने बुधवार को कहा कि पेरिस समझौते के बाद से भारत व फ्रांस जलवायु कार्वाई में अग्रणी रहे हैं तथा नवंबर में ग्लासगो में होने वाली कोप26 बैठक के लिए नेतृत्व की भूमिका निभा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि दोनों देश कार्बन मुक्त हाइड्रोजन की उत्पादन लागत में कमी लाने के लिए अपने सहयोग को और बढ़ा सकते हैं तथा एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक से मुकाबला करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए द्रियां 26 वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कोप26) के मद्देनजर जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक कदम को बढ़ावा देने के लिए फ्रांसीसी दूतावास में एक परिचर्चा में समापन भाषण दे रहे थे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर भी शामिल हुए। फ्रांसीसी मंत्री ने कहा, तीन कोप, खासकर कोप26 के साथ साल 2021 हमारे ग्रह के लिए एक बहुत ही निर्णायक साल है। यह बहुत बड़ा अवसर है, जिसका हमें एक साथ मिलकर फायदा उठना चाहिए। उन्होंने कहा, हम दोनों ने यह फैसला किया है कि यह बहुत अहम है कि भारत और फ्रांस कोप26 से पहले नेतृत्व की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पेरिस समझौते के बाद से भारत तथा फ्रांस हमेशा जलवायु परिवर्तन की कार्वाई में आगे रहे हैं और इस क्षेत्र में बहुत करीबी भागीदारी स्थापित की है। मंत्री ने कहा, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई निश्चित रूप से सदी का मुकाबला है। यही कारण है कि ग्रह की रक्षा के लिए भारत-फ्रांस साझेदारी मेरी राय में जरूरी है।

## बारण सांप्रदायिक हिंसाः 15 तक बढ़ाया गया कर्फ्यू और इंटरनेट पर प्रतिबंध, 26 लोग गिरफ्तार

**कोटा ( राजस्थान )।** राजस्थान के बारण जिले के छाबड़ा कस्बे में सांप्रदायिक झड़पों के चलते कर्फ्यू और इंटरनेट पर पाबंदी लगाए जाने के चौथे दिन माहौल तनावपूर्ण लेकिन शांत है। कस्बे में दो युवकों को चाकू मारे जाने के बाद सांप्रदायिक झड़पें शुरू हो गई थीं। कर्फ्यू के कारण आम जनजीवन पर प्रभाव पड़ा है। स्थानीय लोगों को बुधवार को दवाएं, ईंधन, दूध और राशन खरीदने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## जयपुर के सरकारी अस्पताल से कोरोना टीके की 32 वायल चोरी

**जयपुर।** राजस्थान में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच जयपुर के सरकारी कांवटिया अस्पताल से कोरोना टीके की 32 वायल कथित रूप से चोरी होने का मामला सामने आया है। भारत बायोटेक की कोवैक्सिन स्त्री नगर के सरकारी कांवटियां अस्पताल में गायब हो गई। इस संबंध में अस्पताल प्रशासन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मंगलवार को सूचित किया जिसके बाद इस बारे में बुधवार को शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में मामला दर्ज किया गया। जयपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरोत्तम शर्मा ने बताया, मुझे कल रात को टीके की खुराक चोरी होने के बारे में सूचित किया गया था। यह आश्चर्यजनक था। इस संबंध में एक मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने बताया कि कोरोना टीके के वायल सोमवार रात को कथित रूप ए चोरी हो गए थे। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. एल हर्षवर्धन ने इस संबंध में बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया है। शर्मा ने बताया कि इस मामले में जांच के आदेश दे दिए गए हैं। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि कांवटिया अस्पताल के अधीक्षक डा हर्षवर्धन की ओर से अस्पताल के कोल्ड स्टोरेज डिपो से कोरोना की 32 वायल चोरी का मामला दर्ज कराया गया है।

## हिन्द प्रशांत रचना शीत युद्ध से उबरने की स्थिति को प्रदर्शित करती है : जयशंकर

**भाषा।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को क्वाड समूह के आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा कि हिन्द प्रशांत रचना एक बृहद समसामयिक दुनिया को प्रदर्शित करती है और यह शीतशुद्ध से उबरने की ओर इंगित करती है, उसे थोपती नहीं है। रायसीना वार्ता में फ्रांस एवं आस्ट्रेलिया के अपने समकक्ष के साथ डिजिटल माध्यम से हिस्सा लेते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने क्वाड के संदर्भ में कहा कि एशियाई नाटो जैसे शब्दों का उपयोग करना एक प्रकार का दिमागी खेल है जिसे लोग खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा एक साथ आने का मकसद दरअसल हमारे राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक फायदे के लिए काम करने के रास्तों की तलाश करना है। उल्लेखनीय है कि क्वाड समूह में भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। इस समूह के देशों के नेताओं की पिछले महीने डिजिटल माध्यम से शिखर बैठक हुई थी जिसमें हिन्द प्रशांत क्षेत्र में सहयोग के विविध क्षेत्रों को लेकर चर्चा हुई थी। पिछले सप्ताह रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लॉवरोव ने अपनी भारत यात्रा के दौरान दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में एशियाई नाटो शब्दावली का उपयोग किया था जिसके बारे में समझा जाता है कि यह क्वाड समूह के संदर्भ में था। रूस क्वाड समूह के खिलाफ मुखर रहा है। वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा , मैं इसे ऐसे रखना चाहूंगा कि यह एक तरह से हिन्द प्रशांत इतिहास की ओर फिर से लौटना है। यह अधिक समसायिक दुनिया को प्रदर्शित करता है। यह वास्तव में शीतयुद्ध से उबरने जैसा है और उसे थोपता नहीं है। यह संयोग ही है कि बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में रूसी राजदूत निकोलाई कुदाशेव ने पश्चिमी देशों की हिन्द प्रशांत रणनीति की आलोचना करते हुए इसे खतरनाक और शीत युद्ध की मानसिकता को उभारने का प्रयास बताया। उल्लेखनीय है कि बुधवार को जयशंकर के साथ फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां यवेस ले द्रियां और आस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री मैरिस पेन ने हिस्सा लिया। इसमें हिन्द प्रशांत क्षेत्र में सहयोग और कोरोना वायरस के प्रतिकूल प्रभावों से निपटने को लेकर चर्चा हुई। भारत और आस्ट्रेलिया हिन्द प्रशांत क्षेत्र में चतुर्गुट (क्वाड) का हिस्सा हैं। यह समूह हिन्द प्रशांत क्षेत्र को मुक्त एवं समावेशी बनाने के उद्देश्य को लेकर काम करता है। इस समूह में अमेरिका और जापान भी शामिल हैं। वार्ता के दौरान आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मैरिस पेन ने कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ प्रतिक्रिया और सुधार के प्रयासों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विकासशील देश महामारी के मद्देनजर आर्थिक मोर्चे सहित अन्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। पेन ने नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था, सागर में टिकाऊ व्यवस्था, जलवायु परिवर्तन, सामरिक प्रतिस्पर्धा जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए।

## पेज 1 का शेष

### मुख्यमंत्री योगी...

रिपोर्ट भी तलब की है। सीएम योगी ने तीसरी बार स्टेट प्लेन को लोगों के जीवन को बचाने में काम आने वाली दवा लाने के लिए अहमदाबाद भेजा है। इससे पहले उन्होंने पिछले साल नौ जून को ट्रूनेट मशीनें मंगाने के लिए स्टेट प्लेन को गोवा भेजा था। सात अप्रैल को बैंगलोर से राजकीय विमान भेजकर मेडिकल इक्यूपमेंट मंगवाया था। इससे पहले किसी सरकार में ऐसा देखने को अमूमन नहीं मिला है। सीएम योगी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि बाजार में निर्धारित दरों पर रेमेडिसिविर इंजेक्शन लोगों को मिलेए इसे सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा है कि राज्य में कोरोना के इलाज में काम आने वाली अन्य दवाओं की कमी ना होने पाए। सीएम योगी के निर्देश पर रेमडेसिविर इंजेक्शन सहित कोरोना के इलाज में उपयोग की जा रही आठ दवाओं की उपलब्धता पर नजर रखी जा रही है। जिसके तहत राज्य के हर जिले में रेमडेसिविर, आईवरमैक्टिन, पैरासिटामोल, डाक्सिसाईक्लिन, एजिथ्रोमायसिन, विटामिन सी, जिंक टेबलेट, विटामिन बी काम्पलेक्स और विटामिन डी 3 की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इन दवाइयों की किसी भी जिले में कोई कमी ना होने पाएए इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने दवा निर्माता कंपनियों से बात की है। इन कंपनियों से कहा गया है कि किसी भी दशा में कोरोना के इलाज में काम काने वाली दवाओं की किल्लत ना होने पाए। हर जिले में दवाओं का पर्याप्त स्टाक रहे। इसके लिए हर जिले में दवाओं की उपलब्धता की जानकारी भी स्वास्थ्य विभाग के अफसर कर रहे हैं, ताकि किसी भी दवा की कमी ना होने पाए। सीएम योगी ने रेमडेसिविर सहित कोरोना के इलाज में काम आने वाली सभी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का फैसला किया हैए जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मुस्तैदी से कोरोना की इलाज में उपयोग की जाने वाले दवाओं की आपूर्ति पर ध्यान दे रहे हैं और यह अधिकारी दवा विक्रेता संगठन के पदाधिकारियों से वार्ता कर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहे हैं। वहीं राज्य के ड्रग कंट्रोलर डा. एके जैन के अनुसार देश में सात भारतीय कंपनियां मेसर्स गिलीड साइंसेज अमेरिका के साथ स्वैच्छिक लाइसेंसिंग समझौते के तहत रेमडेसिविर इंजेक्शन का देश में उत्पादन कर रही हैं। स्वास्थ्य विभागों ने इन कंपनियों से संपर्क कर प्रदेश को ज्यादा से ज्यादा रेमडेसिविर इंजेक्शन उपलब्ध कराने को कहा है। इन कंपनियों ने जल्द से जल्द राज्य की जरूरत के अनुसार और इंजेक्शन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। वर्तमान में रेमडेसिविर इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में है और गंभीर मरीजों को इसकी डोज दी जा रही है।

### सीएम योगी...

पर मैंने कोविड की जांच कराई और मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मैं सेल्फ आइसोलेशन में हूं और चिकित्सकों के परामर्श का पूर्णतः पालन कर रहा हूं। सभी कार्य वर्चुअली संपादित कर रहा हूं। प्रदेश सरकार की सभी गतिविधियां सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। इस बीच जो लोग भी मेरे संपर्क में आएं हैं वह अपनी जांच अवश्य करा लें और एहतियात बरतें। साथ ही उन्होंने सभी मंत्रियो को निर्देश जारी कर अपने प्रभार वाले जनपदों में अधिकारियों के साथ मिलकर इलाज सुनिश्चित कराने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य योजना को संपादित कराया जाए। उधर टीम इलेवन के साथ समीक्षा में मुख्यमंत्री ने सबंधित विभागों के अधिकारियों को आरटीपीसीआर के टेस्ट के निर्देश दिये हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कोरोना संक्रमित होने की जानकारी देते हुए कहा कि वे होम आइसोलेशन में हैं।

### कस्टम अधिकारियों...

भी दुबई आती-जाती रही है। उसने सोने को पेस्ट के रूप में कमर से बांधकर छिपाया हुआ था। उससे आगे की पूछताछ की जा रही है।

### भारत विश्वसनीय...

ठोस और भविष्योन्मुखी हैं। रूसी विदेश मंत्री लावरोव की छह अप्रैल की भारत यात्रा के बारे में उन्होंने कहा कि इसका मकसद इस साल के उतरार्द्ध में संभावित भारत-रूस शिखर वार्ता की तैयारियों से संबंधित था। इस बीच, बाबुश्किन ने कहा कि भारत, पाकिस्तान, रूस सभी शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य हैं और उनके बीच क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, अन्य खतरों से मुकाबले सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग है। उन्होंने कहा कि रूस का पाकिस्तान के साथ भारत की तुलना में सीमित सहयोग है। उन्होंने कहा हालांकि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई साझा एजेंडा है। इसलिए हम पाकिस्तान को आतंकवाद रोधी उपकरणों एवं समर्पित अभ्यास में सहयोग करते हैं।

## आधे घंटे की तेज वॉक से दें कोरोना को मात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हर** दिन 30 मिनट की घर के पास के पार्क में तेज टहलने (वॉक) या सप्ताह में पांच दिन व्यायाम के साथ अगर आप सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हैं तो आप कोविड-19 को हरा सकते हैं। कोविड पॉजटिव 50,000 मरीजों पर हुए अध्ययन में पाया गया कि शारीरिक रूप से निष्क्रिय होने पर बीमारी आपको आईसीयू तक ले जा सकती है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स में प्रकाशित शोध में कहा गया कि मरीज किसी भी रूप में शारीरिक रूप से सक्रिय है तो उसे कोविड-19 के गंभीर संक्रमण होने की कम संभावना है और यह उसके लिए लाभप्रद है। अमेरिका के कैसर परमानियेट फोनटाना मेडिकल सेंटर के फिजिशियन डा. रॉबर्ट ई सालिस ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को लेकर यह जागने का समय है विशेष रूप से शारीरिक गतिविधियों को लेकर। शोधकर्ता ने बताया कि प्रतिदिन शारीरिक व्यायाम से कोविड-19 की बीमारी के खतरे को कम करती है। इसलिए सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठनों को महामारी रोकने के निर्देशों में प्रतिदिन व्यायाम व अन्य गतिविधियों के प्रति लोगों को अवगत कराया जाना शामिल किया जाना चाहिए। सालिस ने साथ यह भी कहा कि प्रतिदिन व्यायाम करने वाले कोविड-19 को हराने में अधिक सक्षम हैं, वहीं शारीरिक रूप से निष्क्रिय लोगों की हालत बेहद खराब है। अध्यन करने वाली टीम ने 1 जनवरी 2020 से 21 अक्टूबर 2020 के बीच 48,440 वयस्कों को चिह्नित किया जो कोविड-19 से संक्रमित हुए। अध्ययन मे पाया गया कि 6.4 फीसदी लोग जहां लगातार सक्रिय रहे, वहीं 14.4 फीसदी लगातार निष्क्रिय श्रेणी में थे, शेष असमान (कभी कभी सक्रिय रहने वाले ) रूप से सक्रिय श्रेणी में आए। इन सभी कोविड-19 मरीजों में 8.6 फीसदी मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, 2.4 फीसदी मरीज को आईसीयू में और 1.6 फीसदी मरीजों की मौत हो गई। दक्षिण कैलिफोर्निया कैसर परमानियेट के देबोराह रोहम यंग ने कहा कि इस अध्ययन में निष्क्रिय रहने वाले कोविड-19 पीड़ित मरीजों के परिणाम मेरे लिए चौकाने वाले रहे।

## शाही स्नान पर लाखों ने लगायी गंगा में डुबकी

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून

**हरिद्वार** महाकुंभ में बुधवार को बैसाखी और मेष संक्रांति के पर्व पर तीसरे और मुख्य शाही स्नान में 1314 लाख श्रद्धालु ही मोक्षदायिनी गंगा में पवित्र डुबकी लगाने पहुंचे। महाकुंभ में कोरोना महामारी की दूसरी लहर का बढ़ता खौफ भी आस्था पर हावी होता नजर आया। पुलिस से मिले ताजा आंकडों के अनुसार, शाही स्नान पर्व पर 13-14 लाख लोगों ने गंगा में स्नान किया। जहां अखाडों से जुडे साधु संतों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ मुख्य स्नान घाट हर की पैड़ी पर अपने इष्ट देवों और अनुयायियों के साथ गंगा में स्नान किया तो वहीं हरिद्वार और ऋषिकेश के विभिन्न गंगा घाटों पर आम श्रद्धालुओं ने नदी में डुबकी लगाई।

महाकुंभ मेले की व्यवस्था की स्वयं निगरानी करने वाले प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि शाही स्नान पर्व निर्विघ्न संपन्न हो गया। महाकुंभ मेले में बुधवार को पहुंचे स्नानार्थियों की यह संख्या सोमवार को सोमवती अमावस्या के पर्व पर आए 2530 लाख श्रद्धालुओं की संख्या की लगभग आधी और वर्ष 2010 में महाकुंभ में बैसाखी के पर्व पर आए एक करोड़ 60 लाख श्रद्धालुओं के मुकाबले लगभग चौदहवां हिस्सा ही है जो कोविड-19 के बढ़ते डर की तस्वीर पेश करता है। पुलिस महानिदेशक कुमार ने भी माना कि कोविड के डर का असर महाकुंभ मेले पर पड़ा है जिसकी तस्दीक आंकड़े खुद बयां कर रहे हैं।



हरिद्वार में महाकुंभ के दौरान गंगा में स्नान करते श्रद्धालु

हालांकि, सभी 13 अखाड़ों के साधु संतों ने पूरी श्रद्धा के साथ गंगा में डुबकी लगाई। सबसे पहले पंचायती अखाड़ा निरंजनी के साधु संत अपने पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के नेतृत्व में हर की पैडी ब्रहमकुंड पहुंचे जहां उन्होंने अपने इष्टदेव की पूजा अर्चना करने के बाद हरहर महादेव और गंगा मैया की जय के उदघोष के साथ शाही स्नान किया। उनके साथ आनंद अखाड़े के संतों ने भी शाही स्नान किया। उसके बाद सबसे ज्यादा नागा संन्यासियों वाले जूना अखाड़ा, अग्नि और आवाहन अखाड़े के संतों ने हर हर महादेव का जयघोष करते हुए पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज की अगुवाई में शाही स्नान किया।

इनके साथ ही किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी और अन्य संतों ने भी स्नान किया। इसके बाद महानिर्वाणी और अटल अखाड़े के संतजनों ने हर की पैडी ब्रहमकुंड में शाही स्नान किया। इसके बाद शाही स्नान के लिए तीनों बैरागी अखाड़ेपंच निर्वाणी अणि अखाड़ा, पंच दिगम्बर अणि अखाड़ा और पंच निर्मोही अणि अखाड़े के संत हर की पैडी ब्रहमकुंड में पहुंचे।

# दिल्ली के खिलाफ राजस्थान की नजरें कप्तान सैमसन पर

मुकाबला आज

भाषा। मुंबई

**राजस्थान** रॉयल्स की टीम पहले मुकाबले में दिल तोड़ने वाली हार और चोट के कारण स्टार आलराउंडर बेन स्टोक्स के बाहर होने की निराशा के बीच गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में जब यहां आत्मविश्वास से भरे दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी तो उसे नए कप्तान संजू सैमसन से एक और प्रेरणादाई पारी की उम्मीद होगी।

दिल्ली कैपिटल्स ने अपने नए कप्तान ऋषभ पंत के नेतृत्व में शानदार शुरुआत करते हुए अपने पहले मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स को सात विकेट से हराया लेकिन रॉयल्स को सोमवार रात बड़े स्कोर वाले करीबी मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ चार रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। पंजाब के 222 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम कप्तान के रूप में सैमसन (63 गेंद में 119 रन) के पहले ही मैच में आईपीएल शतक की बदौलत अंत तक मैच में बनी हुई थी लेकिन टीम



को अंतिम गेंद में जब जीत के लिए पांच रन की दरकार थी तो सैमसन बाउंड्री पर कैच दे बैठे। इस हार के बाद टीम को और करारा झटका लगा जब मंगलवार को स्टार आलराउंडर स्टोक्स अंगुली में फ्रेक्चर के कारण बाकी बचे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। स्टोक्स की गैरमौजूदगी में जोस बटलर, शिवम दुबे और रियान पराग जैसे खिलाड़ियों पर बेहतर प्रदर्शन और कप्तान को सहयोग देने का दबाव होगा। पहले मैच में मनन वोहरा (12), बटलर (25), दुबे (23) और पराग (25) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे।

रॉयल्स की टीम के लिए सबसे बड़ी समस्या हालांकि गेंदबाजी है। पहले मैच में टीम के गेंदबाज बिलकुल भी लय में नजर नहीं आए। पदार्पण मुकाबले में 31 रन देकर तीन विकेट चटकाने वाले युवा तेज गेंदबाज चेतन सकारिया के अलावा रॉयल्स के अन्य गेंदबाजों के पास पंजाब के बल्लेबाजों का कोई जवाब नहीं था। मुस्ताफिजुर रहमान, क्रिस मौरिस, स्टोक्स, श्रेयस गोपाल और राहुल तेवतिया के खिलाफ रन बटोरने में पंजाब के बल्लेबाजों को कोई परेशानी नहीं हुई और इन सभी को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

दूसरी तरफ पिछली बार के उपविजेता दिल्ली ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए तीन बार के चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। सुपरकिंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 188 रन बनाए लेकिन दिल्ली ने सलामी बल्लेबाजों शिखर धवन (54 गेंद में 85 रन) और पृथ्वी साव (38 गेंद में 72 रन) के बीच पहले विकेट की 138 रन की साझेदारी की बदौलत आसान जीत दर्ज की।

गेंदबाजी की बात करें तो पहले मैच में क्रिस वोक्स (18 रन पर दो विकेट) और आवेश खान (23 रन पर दो विकेट) ने प्रभावित किया और आगामी मैचों में भी इस फॉर्म को दोहराने का प्रयास करेंगे। रविचंद्रन अश्विन, टॉम कुरेन, अमित मिश्रा और मार्कस स्टोइनिस ने हालांकि गेंदबाजी में निराश किया और गुरुवार को बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।

# रायल चैलेंज बेंगलौर ने रोमाचंक मुकाबले में सनराइजर्स को हराया



शाहबाज के एक ओवर ने पलटी मैच की तस्वीर

भाषा। चेन्नई

**शाहबाज** अहमद ने एक ओवर में तीन विकेट लेकर मैच की तस्वीर बदल दी और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने आईपीएल के एक और रोमांचक मुकाबले में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद को आसान दिख रही जीत से वंचित करके छह रन से पटखनी दी। ग्लेन मैक्सवेल के 41 गेंद में 59 रन के दम पर आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 149 रन बनाए। जवाब में एक समय 14वें ओवर में एक विकेट पर 96 रन बना चुके सनराइजर्स 20 ओवर में नौ विकेट पर 143 रन ही बना सके। एक समय पर उसे 24 गेंद में 35 रन की जरूरत थी और खतरनाक बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो क्रीज पर थे। इसके बाद स्पिनर अहमद ने 17वें ओवर में बेयरस्टो समेत तीन विकेट लेकर आरसीबी को मजबूती से मैच में लौटाया। पहली गेंद पर बेयरस्टो (12), दूसरी पर मनीष पांडे (39 गेंद में 38 रन) और आखिरी गेंद पर अब्दुल समाद (0) आउट हो गए। इसके बाद सनराइजर्स के मैच में वापसी के रास्ते भी बंद हो गए। सनराइजर्स के लिए कप्तान डेविड वॉर्नर और पांडे ने दूसरे विकेट के लिए 83 रन जोड़े। वॉर्नर ने 37 गेंद में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। बाकी बल्लेबाजों ने हालांकि निराश किया। सनराइजर्स की यह दूसरी हार और आरसीबी की दूसरी जीत रही। इससे पहले वेस्टइंडीज के हरफनमौला जैसन होल्डर की अगुआई में सनराइजर्स के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। होल्डर ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि स्टार स्पिनर राशिद खान ने 18 रन देकर दो विकेट चटकाए। आरसीबी के लिए मैक्सवेल ने सर्वाधिक रन बनाए और अपनी पारी में पांच चौके तथा तीन छक्के जड़े। कप्तान विराट कोहली ने 33, शाहबाज नदीम ने 14 और काइल जैमीसन ने 12 रन का योगदान दिया। कोहली और देवदत्त पडीक्कल (11) ने आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन सनराइजर्स को पहली सफलता के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा। तीसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने पडीक्कल को आउट किया जो कोरोना संक्रमण से उबरने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे थे। अगला विकेट शाहबाज अहमद के रूप में गिरा जब आरसीबी का स्कोर 47 रन था। मैक्सवेल ने इसके बाद हाथ खोलने शुरू किए और शाहबाज नदीम को 11वें ओवर की पहली तीन गेंद पर दो छक्के और एक चौका लगाया। कोहली ने भी इस ओवर में एक चौका जड़ा। दोनों ने 44 रन की साझेदारी की लेकिन होल्डर ने कोहली का कीमती विकेट लेकर इस साझेदारी को तोड़ा। एबी डिविलियर्स के आने के बाद सनराइजर्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने फिर स्पिनरों को गेंद सौंपी। लेग स्पिनर राशिद ने उन्हें कवर्स में वॉर्नर के हाथों लपकवाकर पवेलियन भेजा। राशिद ने वाशिंगटन सुंदर (आठ) के रूप में दूसरा विकेट लिया। मैक्सवेल ने आखिरी तीन ओवर में तीन चौके और एक छक्का लगाया।

## पिछले चार महीनों में पंत में काफी सुधार आया: लारा

भाषा। मुंबई

**वेस्टइंडीज** के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने पिछले कुछ महीनों में काफी सुधार किया है और वह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई करते हुए अच्छा काम करेंगे। 23 साल के पंत को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किया गया क्योंकि नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पंत शानदार फार्म में हैं और वह आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारत के लिए मैच विजेता रहे। लारा ने नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोर का रिकार्ड है, उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के सेलेक्ट डगआउट शो पर कहा, आस्ट्रेलिया और यहां इंग्लैंड के खिलाफ छह महीनों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पंत में काफी सुधार हुआ और अब वह चोट (अय्यर के चोटिल होने) के कारण कप्तानी की जिम्मेदारी भी संभाल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उसे एनरिच नोर्त्जे, कागिसो रबाडा और अक्षर पटेल की सेवाएं भी नहीं मिल रही है। इसलिए वे उससे काफी ज्यादा की उम्मीद कर रहे हैं। लारा ने कहा कि मुझे लगता है कि उसके पास ऐसी टीम है जो उसकी मदद करेगी जो सबसे ज्यादा अहम है। पिछले चार महीनों में उसमें काफी सुधार हुआ है और मुझे लगता है कि वह अच्छा काम करेगा। दिल्ली कैपिटल्स को शुरुआती मैच में रबाडा और नोर्त्जे की सेवाएं नहीं मिली थी क्योंकि वे अनिवार्य पृथकवास में थे जबकि अक्षर पटेल कोविड-19 से उबर रहे हैं।

महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद पंत की अगुआई में दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग का अभियान जीत से शुरू किया और महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स को शिकस्त दी।

## विफलता के डर ने मुझे अधिक एकाग्र होने के लिए प्रेरित किया: एबी

भाषा। चेन्नई

**करिश्माई** बल्लेबाज एबी डिविलियर्स बल्लेबाजी के दौरान काफी जोखिम उठाते हैं जिससे विफलता का डर रहता है और यही डर टी-20 प्रारूप की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए उन्हें अधिक एकाग्र होने में मदद करता है। लगभग पांच महीने में अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेल रहे डिविलियर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के पहले मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की जीत में अहम भूमिका निभाई। यह पूछने पर कि साल दर साल वह ऐसा कर लेते हैं, डिविलियर्स ने कहा, यह हमेशा काफी लुत्फ उठाने वाला नहीं होता। मैं स्थिति के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करता हूं, यह सामान्य सी चीज लगती है। लेकिन तथ्य यह है कि जब आप मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हो तो हर बार स्थिति बदलती है। दक्षिण अफ्रीका के इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि यह सामंजस्य बैठाने और इसका पूरा फायदा उठाने से जुड़ा है। यह अधिकतर काम करता है, लेकिन हालांकि इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि विफलता भी मिलती है। उन्होंने कहा कि लेकिन आपको हमेशा पता होता है कि यह संभव है कि आप विफल हो जाओ। विफलता का डर मुझे हमेशा मैदान पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और बेसिक्स बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। अच्छी शुरुआत करने का प्रयास करता। पहली 20 गेंद में अच्छी शुरुआत करना अहम है।

## नोर्किया की कोरोना टेस्ट रिपोर्ट का इंतजार

भाषा। मुंबई

**दिल्ली** कैपिटल्स के दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टीम का दूसरा आईपीएल मैच नहीं खेल सकेंगे जिनकी कोरोना जांच रिपोर्ट अभी आई नहीं है।

दिल्ली टीम के लिए अच्छी खबर यह है कि कैगिसो रबाडा की रिपोर्ट नेगेटिव आई है और वह टीम के साथ अभ्यास में जुड़ गए हैं। ऐसी खबरें थी कि नोर्किया पॉजिटिव पाए गए हैं लेकिन दिल्ली कैपिटल्स प्रबंधन ने अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। आईपीएल की मानक संचालन प्रक्रिया के तहत पॉजिटिव पाए गए सभी खिलाड़ियों की दोबारा जांच कराई जा रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि पहली रिपोर्ट अलग नहीं थी। नोर्किया और रबाडा छह अप्रैल को साथ में मुंबई पहुंचे थे।

## भारत की तेज गेंदबाजी बेंच स्ट्रेंथ से प्रभावित हैं कपिल



भाषा। नई दिल्ली

**विश्व** कप विजेता पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने बुधवार को कहा कि वह राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाजी में बेंच स्ट्रेंथ को देखकर काफी प्रभावित हैं जो उनके खेलने के दिनों में देखने को नहीं मिलता था। कपिल ने यहां वर्ल्डवाइड वर्चुअल फंडरेजर गोल्फ टूर्नामेंट में नौ होल खेलने के बाद कहा कि कुछ दशकों पहले मैंने उम्मीद नहीं की थी कि एक दिन हमें अपने देश में इतने सारे बेहतरीन तेज गेंदबाज देखने को मिलेंगे, खिलाड़ी जो रैंकिंग में शीर्ष पर हों। यह शानदार है। उन्होंने जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी और नए गेंदबाज जैसे मोहम्मद सिराज का जिक्र करते हुए कहा, हमारे खेलने के दिनों में तेज गेंदबाज बहुत नहीं थे लेकिन अब हमारे पास काफी अच्छी बेंच स्ट्रेंथ है, अगर शीर्ष गेंदबाज उपलब्ध नहीं हैं तो हमारे पास मैचों में जीत दिलाने के लिए काफी तेज गेंदबाज मौजूद हैं। कपिल की पिछले साल अक्टूबर में बाईपास सर्जरी हुई थी लेकिन अब वह पूरी तरह से फिट हो गए हैं। 62 साल के इस महान खिलाड़ी से जब उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, क्या हुआ था? मैं ठीक हूं, गोल्फ का लुत्फ उठा रहा हूं और इतना काफी है। मुझे कुछ हुआ था, मुझे कुछ भी याद नहीं। उन्हें हाल में भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के बोर्ड सदस्यों में शामिल किया गया, उन्होंने कहा कि मैंने आज सुबह नौ होल खेले।

## महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी के शीर्ष कोचों सहित 21 कोविड-19 पॉजिटिव

संक्रमित खिलाड़ियों के नाम का खुलासा नहीं

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** महिला मुक्केबाजी के हाई परफोरमेंस निदेशक रफाएल बर्गामास्को और मुख्य कोच मोहम्मद अली कमर उन 21 सदस्यों में शामिल हैं जिन्हें यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में चल रहे शिविर के दौरान कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है लेकिन कोई भी संक्रमित मुक्केबाज ओलंपिक जाने वाले दल का हिस्सा नहीं है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने शिविर में संक्रमितों की पुष्टि के लिए बयान जारी किया लेकिन संक्रमित खिलाड़ियों के नाम का खुलासा नहीं किया। हालांकि टीम के एक करीबी सूत्र ने कहा कि जो सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं, उनमें कोचिंग स्टाफ के शीर्ष सदस्य शामिल हैं। साइ ने कहा कि नई दिल्ली में इंदिरा गांधी खेल परिसर में शीर्ष महिला मुक्केबाजों के लिए लगे राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में ऐहतियाती कोविड-19 जांच कराई गई जिसमें खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ सहित 21 सदस्यों को पॉजिटिव पाया गया। हालांकि इनमें से कोई भी ओलंपिक जाने वाले दल की मुक्केबाज नहीं है। जिन्हें कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है, उनमें कोई लक्षण नहीं है और उन्हें साइ प्रोटोकॉल के अनुसार पृथकवास क्षेत्र में भेज दिया गया है। इसके अनुसार, नेगेटिव आई ओलंपिक जाने वाली मुक्केबाज और शिविर के अन्य सदस्यों को नई दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सुरक्षित क्षेत्र में रखा गया है। साइ की प्राथमिकता वायरस को फैलने से रोकना है। सूत्र ने खुलासा किया कि इसके कारण फिलहाल कुछ समय के लिए ट्रेनिंग रोक दी गई है। उन्होंने कहा, रफाएल और अली कमर कुछ अन्य सहयोगी कोचों के साथ पॉजिटिव आए हैं। ओलंपिक जाने वाली मुक्केबाज पॉजिटिव नहीं हैं, लेकिन वे स्पारिंग के दौरान कोविड-19 पॉजिटिव आने वाली मुक्केबाजों के संपर्क में आई हो सकती हैं, इसलिए इसकी और निगरानी की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि हर किसी को पृथकवास में भेज दिया गया है। अभी कोई ट्रेनिंग नहीं चल रही। एक अन्य सूत्र ने कहा कि अली कमर का मामला फॉल्स पॉजिटिव का हो सकता है क्योंकि वह स्पेनिश टूर्नामेंट से लौटने के बाद हाल में इस संक्रमण से उबरे हैं। सूत्र ने कहा, वह हाल में कोविड-19 संक्रमण से उबरे हैं, यह काफी हैरानी भरा है कि उनकी जांच पॉजिटिव आई है। उन्हें कोई भी लक्षण नहीं है। हो सकता है कि उनके शरीर में अब भी वायरस मौजूद हो।

## स्ट्रीक पर लगा आठ साल का प्रतिबंध

**दुबई**। जिंबाब्वे के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक को बुधवार को सभी तरह के क्रिकेट से आठ साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता उल्लंघन के पांच आरोपों को स्वीकार किया है जिसमें अंदरूनी जानकारी का खुलासा करना और भ्रष्ट संपर्क में मदद करना शामिल है। जिंबाब्वे के सबसे शानदार तेज गेंदबाजों में से एक रहे स्ट्रीक के खिलाफ 2017 और 2018 के दौरान के कई मैचों को लेकर जांच चल रही है जब उन्होंने कोच की भूमिका निभाई थी। आईसीसी की ईटीग्रिटी इकाई के महाप्रबंधक एलेक्स मार्शल ने एक बयान में कहा कि हीथ स्ट्रीक अनुभवी पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेट और राष्ट्रीय टीम के कोच रहे, जिन्होंने कई भ्रष्टाचार रोधी शिक्षा सत्र में हिस्सा लिया और वह संहिता के अंतर्गत अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह अवगत थे।

## टोक्यो ओलंपिक की उल्टी गिनती शुरू

**टोक्यो**। टोक्यो को साढ़े सात साल पहले जब ओलंपिक खेलों की मेजबानी सौंपी गई थी तब उसने स्वयं को सुरक्षित स्थल के रूप में पेश किया था जबकि अंतराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के तत्कालीन उपाध्यक्ष क्रेग रीडी ने ब्यूनस आयर्स में 2013 में वोटिंग के बाद कहा था कि निश्चितता अहम मुद्दा होगी। पिछले साल स्थगित किए गए टोक्यो ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए बुधवार को हालांकि जब 100 दिन की उल्टी गिनती शुरू हुई तो कुछ भी निश्चित नहीं है। कोविड-19 के बढ़ते मामलों, असंख्य घोटालों और जापान में खेलों के आयोजन को लेकर जनता के विरोध के बावजूद आयोजक और आईओसी खेलों के आयोजन पर जोर दे रहे हैं।

## हार के बावजूद पीएसजी सेमीफाइनल में

**पेरिस**। नेमार ने कई मौके गंवाए, जिसके कारण पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में घरेलू मैदान पर बायर्न म्यूनिख के खिलाफ 0-1 गोल से हार झेलनी पड़ी लेकिन इसके बावजूद टीम चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही। क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में जर्मनी में 2-3 गोल की हार के बाद बायर्न को मंगलवार को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए कम से कम दो गोल करने थे लेकिन टीम ऐसा करने में नाकाम रही और पीएसजी ने विरोधी के मैदान पर अधिक गोल की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई।

## मनप्रीत और रानी को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली**। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह को लगता है कि अगर उनकी टीम अपनी शानदार मौजूदा फार्म को जारी रखती है तो उसमें इस साल तोक्यो में ओलंपिक पदक के चार दशक के सूखे को समाप्त करने की काबिलियत है। भारत ने अपने आठ ओलंपिक स्वर्ण पदकों का अंतिम पदक 1980 मॉस्को ओलंपिक में जीता था जिसके बाद टीम का स्तर काफी तेजी से नीचे गिर गया। लेकिन पिछले दो वर्षों में भारत ने अच्छी प्रगति की है। मनप्रीत ने 23 जुलाई से आरंभ होने वाले टोक्यो खेलों की 100 दिन की उलटी गिनती शुरू होने के मौके पर कहा कि पहले तो, काफी लंबे समय बाद अंतराष्ट्रीय हॉकी खेलना अच्छा था। मैं पिछले 18 महीनों में टीम की प्रगति से काफी खुश हूं। अगर हम इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो मुझे भरोसा है कि हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं।

## चेल्सी भी पहुंचा अंतिम चार में

सेविले। चेल्सी ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में पोर्टो के खिलाफ 0-1 गोल से हार के बावजूद कुल स्कोर के आधार पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेहदी तारेमी ने चैंपियन्स लीग के मौजूदा सत्र का संभवतः सबसे खूबसूरत गोल दागकर पुर्तगाल के चैंपियन पोर्टो को जीत दिलाई लेकिन यह टीम को अंतिम चार में जगह दिलाने के लिए काफी नहीं था। चेल्सी की टीम ने घरेलू मैदान पर 2-0 से जीत दर्ज की थी और कुल स्कोर के आधार पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए 2014 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रही।

## ओलंपिक पदक विजेता फिंडले का निधन

**वाशिंगटन**। रोइंग और सेलिंग में चार बार के ओलंपिक पदक विजेता कोन फिंडले का निधन हो गया है। फिंडले 90 साल के थे। रोइंग कोच और फिंडले के लंबे समय से मित्र माइक सुलिवन ने बताया कि उनका निधन गुरुवार को सेन मेटियो के उत्तरी कैलीफोर्निया शहर में हुआ। फिंडले ने मेलबर्न 1956 और टोक्यो 1964 ओलंपिक में कॉक्सड पेयर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने इसी स्पर्धा में 1960 रोम खेलों में कांस्य पदक जीता। उन्होंने 1976 मांट्रियल खेलों में सेलिंग में कांस्य पदक भी जीता।

## सेरेना ने एमेजन स्टूडियोज से करार किया

**वाशिंगटन**। अमेरिकी टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने एमेजन स्टूडियोज से एक करार किया है जिसमें वह एक डाक्यूसीरीज सहित स्क्रिप्टेड और नॉन स्क्रिप्टेड कार्यक्रम बनाएंगी। इस टेनिस स्टार ने कहा कि इनमें उनकी कोर्ट और कोर्ट से बाहर की उपलब्धियां शामिल होंगी। सेरेना ने यह घोषणा अभिनेता माइकल बी जोर्डन के साथ बातचीत के दौरान की। यह साक्षात्कार जरूरतमंदों की मदद के लिए धन जुटाने के लिए कराया गया था। सेरेना 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब अपनी झोली में डाल चुकी हैं और सर्वकालिक खिताब जीतने की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह फिल्म और लोगों के घरों के लिए सचमुच विशेष बातें दे पाएंगी।

## खिलाड़ियों को जल्द लगेंगे टीके: आईओए

**नई दिल्ली**। भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने बुधवार को कहा कि तोक्यो ओलंपिक जाने वाले खिलाड़ियों को जल्दी ही टीके लगेंगे हालांकि उन्होंने इसके लिए समय सीमा नहीं बताई। टोक्यो ओलंपिक की 100 दिन की उलटी गिनती शुरू होने पर वर्चुअल वेबिनार में मेहता ने कहा कि ओलंपिक जाने वाले खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। मेहता ने फरवरी में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन को पत्र लिखकर टोक्यो ओलंपिक खेलने वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता के आधार पर टीके लगवाने का अनुरोध किया था ताकि टोक्यो रवानगी से पहले उनके पास पर्याप्त समय रहे। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से प्रक्रिया तेज करने का भी अनुरोध किया था।

## अमेरिकी महिला फुटबाल ने फ्रांस को हराया

ला हावरे (फ्रांस)। मेगान रेपिनो और एलेक्स मोर्गन के गोल की मदद से अमेरिका की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम ने एक प्रदर्शनी मैच में मंगलवार को यहां फ्रांस को 2-0 से हराया। अमेरिकी टीम ने इसके साथ ही अपने अजेय अभियान को 39 मैचों तक पहुंचा दिया। टीम को पिछली बार जनवरी 2019 में फ्रांस के खिलाफ ही 1-3 गोलों से हार झेलनी पड़ी थी। रेपिनो ने मंगलवार को पेनल्टी किक पर गोल दागा। वह इस साल सात मैचों में सात गोल कर चुकी हैं। मोर्गन ने इसके बाद 19वें मिनट में अपने करियर का 109वां गोल दागते हुए स्कोर 2-0 किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

## भारत ने अर्जेंटीना को 4-2 से हराया

**ब्यूनस आयर्स**। भारतीय हॉकी टीम ने आखिरी अभ्यास मैच में बुधवार को अर्जेंटीना को 4-2 गोलों से हराया। भारत के लिए रूपिंदर पाल सिंह (तीसरा मिनट), जसकरण सिंह (12वां), शिलानंद लाकड़ा (50वां) और सुरेंदर कुमार (58वां) ने गोल दागे। अर्जेंटीना के लिए दो गोल लिएंड्रो टोलिनी (14वां) और पेड्रो इबारा (54वां) ने किए। भारत ने आक्रामक शुरुआत की और मनदीप सिंह ने तुरंत पेनल्टी कार्नर बनाया जिसे रूपिंदर ने गोल में बदला। इसके बाद गेंद पर नियंत्रण में भारतीय आगे रहे और अर्जेंटीना के गोल पर कई हमले बोले। पहले क्वार्टर के खत्म होने से तीन मिनट पहले भारत के लिए जसकरण ने दूसरा गोल दागा। इसके दो मिनट बाद टोलिनी ने अर्जेंटीना के लिए पहला गोल किया। आखिरी क्वार्टर में लाकड़ा ने 50वें मिनट में भारत का तीसरा गोल दागा।

## सार्वजनिक पेशकश के जरिए जुटाया गया धन वित्त वर्ष 2020-21 में दोगुना हुआ

**नई दिल्ली**। वित्त मंत्रालय ने कहा कि कोविड-19 महामारी के चलते पैदा हुई अनिश्चितता के बावजूद वित्त वर्ष 2020-21 में सार्वजनिक निर्गम और राइट इश्यू के जरिए जुटाए गए धन में क्रमशः 115 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस दौरान 55 आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) और एक अनुगामी सार्वजनिक पेशकश आया। बयान के मुताबिक वित्त वर्ष में 21 राइट इश्यू आए, जबकि इससे पिछले साल यह आंकड़ा 17 था। मंत्रालय ने कहा कि 2020-21 के दौरान सार्वजनिक निर्गम और राइट इश्यू के जरिए क्रमशः 46,029.71 करोड़ रुपए और 64,058.61 करोड़ रुपए जुटाए गए, जबकि इससे पिछले साल यह आंकड़ा 21,382.35 करोड़ रुपए और 55,669.79 करोड़ रुपए था। यह पिछले साल की तुलना में 2020-21 के दौरान क्रमशः 115 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसी तरह 2020-21 के दौरान कॉरपोरेट बॉन्ड के 2003 निर्गम आए, जिनकी कुल राशि 7,82,427.39 करोड़ रुपए थी।

## जापान की तोशिबा कंपनी के प्रमुख ने पद से इस्तीफा दिया

**टोक्यो**। तोशिबा कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष नोबुआकी कुरुमतानी ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इससे एक सप्ताह पहले जापान की तकनीकी एवं निर्माण क्षेत्र की इस बड़ी कंपनी को ओर से कहा गया था कि वह एक वैश्विक कोष से मिले अधिग्रहण के प्रस्ताव पर विचार कर रही है जहां कुरुमतानी पहले काम करते थे। टोक्यो स्थित तोशिबा की ओर से एक बयान में कहा गया कि कुरुमतानी ने बुधवार को कंपनी के बोर्ड की एक बैठक में इस्तीफा दिया जो मंजूर कर लिया गया।

वर्ष 2018 में तोशिबा के मुख्य कार्यकारी के तौर पर पदभार संभालने से पहले कुरुमतानी, सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स के जापान में कामकाज के प्रमुख थे।

## आईएमपीसीएल ने रिकार्ड 164 करोड़ रुपये का कारोबार किया

**नई दिल्ली**। आयुष मंत्रालय के तहत आने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की विनिर्माण इकाई इंडियन मेडिसिन फार्मास्यूटिकल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईएमपीसीएल) ने 2020-21 में रिकॉर्ड 164 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। आयुष मंत्रालय ने कहा कि कंपनी ने लगभग 12 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया, तो अब तक सर्वाधिक है। इससे पहले कंपनी ने 2019-20 में 97 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। बयान के मुताबिक इस वृद्धि से कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बीच लोगों में आयुष उत्पादों और सेवाओं की बढ़ती स्वीकार्यता के बारे में पता चलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हाल में कुछ टिप्पणियों के साथ आईएमपीसीएल के 18 आयुर्वेदिक उत्पादों की सिफारिश डब्ल्यूएचओ जीएमपी सीओपीपी प्रमाणन के लिए की थी। प्रमाणन आईएमपीसीएल के उत्पादों की गुणवत्ता की पुष्टि करके हैं। इससे कंपनी को निर्यात शुरू करने में भी मदद मिलेगी। आईएमपीसीएल सबसे भरोसेमंद आयुष दवाओं का विनिर्माता है। बयान के मुताबिक कोविड-19 महामारी के दौरान कंपनी ने बेहद कम समय में देश की जरूरतों को पूरा किया और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली दवाओं को बाजार में पेश किया। ऐसी ही एक किट की कीमत 350 रुपए है, जो अमेजन पर उपलब्ध है।

## इन्फोसिस का शुद्ध लाभ 17.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली**। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इन्फोसिस ने बुधवार को कहा कि मार्च 2021 में समाप्त चौथी तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 17.5 प्रतिशत बढ़कर 5,076 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने इसके साथ ही अधिकतम 1,750 रुपए प्रति शेयर के दाम पर 9,200 करोड़ रुपए तक के शेयरों की वापस खरीद करने की भी घोषणा की है। बेंगलूरू की इस कंपनी को इससे पिछले साल जनवरी- मार्च तिमाही में 4,321 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी का राजस्व 13.1 प्रतिशत बढ़कर 26,311 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 23,267 करोड़ रुपए रहा था।

# चीन-भारत सीमा पर तनाव बरकरार

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के खुफिया समुदाय ने संसद से कहा कि इस साल सैनिकों को हटाए जाने के बावजूद चीन-भारत सीमा पर अधिक तनाव बना हुआ है।

उसने कहा कि चीन अपनी बढ़ती ताकत दिखाने तथा पड़ोसी देशों को विवादित क्षेत्र पर अपने दावों समेत अपनी प्राथमिकताओं को बिना किसी विरोध के स्वीकार करने के लिए विवश करने के वास्ते सभी हथकंडे आजमाना चाहता है।

राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के कार्यालय (ओडीएनआई) ने अमेरिकी संसद को दी अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा कि चीन विदेश में अपनी आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य मौजूदगी का विस्तार करने के लिए अरबों डॉलर के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का प्रचार करता रहेगा। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 2013 में सत्ता में आने के बाद अरबों डॉलर की बीआरआई परियोजना शुरू की थी। इस परियोजना का मकसद दक्षिणपूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका और यूरोप को जमीन तथा समुद्र मार्गों से जोड़ने का है।

रिपोर्ट में कहा गया है, इस साल कुछ सैनिकों की वापसी के बावजूद चीन-भारत के बीच अधिक तनाव बना हुआ है। विवादित सीमा क्षेत्रों में मई 2020 से चीनी सेना की मौजूदगी, दशकों में अब तक की सबसे गंभीर तनावपूर्ण स्थिति है और इसके चलते 1975 के बाद से दोनों देशों के बीच सीमा पर पहली जानलेवा झड़प हुई।

इसमें कहा गया है, फरवरी तक कई दौर की बातचीत के बाद दोनों देशों ने विवादित सीमा के कुछ इलाकों से सेनाओं तथा सैन्य उपकरणों को हटाया।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन अपनी बढ़ती ताकत को दिखाने तथा पड़ोसी देशों को विवादित क्षेत्र तथा ताइवान पर संप्रभुत्ता के दावों समेत अपनी प्राथमिकताओं को बिना किसी विरोध के स्वीकार करने के लिए विवश करने के वास्ते सभी हथकंडे आजमाना चाहता है।

चीन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तेजी से सैन्य और आर्थिक प्रभाव बढ़ा रहा है जिससे क्षेत्र में विभिन्न देशों के बीच चिंता पैदा हो गई है। उसके दक्षिण चीन सागर तथा पूर्वी चीन सागर दोनों में गंभीर क्षेत्रीय विवाद हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ताइवान पर एकीकरण के लिए दबाव बढ़ाता रहेगा और अमेरिका-ताइवान के बीच बढ़ते रिश्तों की निंदा करता रहेगा।

दरअसल, चीन ताइवान को एक बागी प्रांत की तरह देखता है जिसका एकीकरण होना चाहिए चाहे इसके लिए उसे बलप्रयोग क्यों न करना पड़े। अमेरिकी खुफिया समुदाय ने कहा, हमें उम्मीद है कि खींचतान बढ़ेगी, क्योंकि बीजिंग ने ताइपे को अंतरराष्ट्रीय तौर पर अलग-थलग और आर्थिक समृद्धि के लिए चीन पर निर्भर दिखाने की कोशिशें तेज कर दी हैं तथा वह इस द्वीप के आसपास सैन्य गतिविधि बढ़ा रहा है।

ओडीएनआई ने कहा कि चीन टीका कूटनीति के जरिए अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करेगा जिसके तहत वह उन देशों को कोविड-19 टीके उपलब्ध कराएगा जिनसे उसे फायदा लेना है। चीन कोविड-19 का टीका बना रहा है।

उसने कहा, चीन अमेरिका की प्रौद्योगिक प्रतिस्पर्धा के लिए सबसे बड़ा खतरा बना रहेगा। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्रों और वाणिज्यिक एवं सैन्य प्रौद्योगिकी को निशाना बनाती है। साथ ही चीन अपनी प्रौद्योगिकी क्षमताओं को बढ़ाने के वास्ते जासूसी और चोरी के लिए विभिन्न हथकंडों का इस्तेमाल करता है।

## पाक को जवाब देने के लिए अधिक सैन्य ताकत का प्रयोग कर सकता है भारतः अमेरिकी इंटेलिजेंस रिपोर्ट

**वाशिंगटन ( भाषा )।** अमेरिका की इंटेलिजेंस कम्यूनिटी (खुफिया विभागों का समूह) ने संसद को सौंपी गई अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत, पाकिस्तान द्वारा की गई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उकसावे की कार्वाई का जवाब पहले के मुकाबले अब और अधिक सैन्य ताकत से दे सकता है। ऑफिस ऑफ द डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस (ओडीएनआई) ने अमेरिकी कांग्रेस (संसद) को सौंपी अपनी वार्षिक संकट समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि हालांकि भारत और पाकिस्तान के बीच पारंपरिक युद्ध होने की संभावना नहीं के बराबर है, फिर भी दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ने की आशंका है। रिपोर्ट में कहा गया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत, पाकिस्तान द्वारा की गई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उकसावे की कार्वाई का जवाब पहले के मुकाबले अब और अधिक सैन्य ताकत से दे सकता है तथा तनाव बढ़ने से परमाणु अस्त्र संपन्न दोनों देशों के बीच संघर्ष का खतरा बढ़ गया है। कश्मीर में अशांति का हिंसक माहौल या भारत में आतंकवादी हमले से इसकी आशंका है। ओडीएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान, इराक और सीरिया में चल रहे युद्ध से अमेरिकी सेनाओं पर सीधा प्रभाव पड़ता है और परमाणु अस्त्र संपन्न भारत तथा पाकिस्तान के बीच तनाव विश्व के लिए चिंता का कारण हैं। अफगानिस्तान पर ओडीएनआई की रिपोर्ट ने कहा कि अगले साल के दौरान शांति समझौते की संभावना कम रहेगी।




ब्रुकलिन सेंटर में पुलिस विभाग के बाहर डैनियल राइट की मौत के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

## दक्षिणी मिस्र में बस और ट्रक की टक्कर में 20 लोगों की मौत, तीन घायल

**काहिरा ( एपी )।** दक्षिणी मिस्र में राजमार्ग पर ट्रक से आगे निकलने की कोशिश में एक बस के पलटने और ट्रक से टकरा जाने के कारण 20 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को इस बारे में बताया।

दक्षिणी प्रांत असयूत के गवर्नर एसाम साद ने एक बयान में बताया कि बस मंगलवार को काहिरा से आ रही थी, तभी काहिरा से 320 किलोमीटर दक्षिण असयूत में वह पलट गई और एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। बयान के अनुसार दोनों ही वाहनों में आग लग गई।गवर्नर कार्यालय द्वारा जारी तस्वीरों में एक जली हुई बस दिख रही है और बचाव दल हादसे में जीवित बचे लोगों को निकालते दिख रहे हैं। पीड़ितों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिस्र में हर साल यातायात दुर्घटना में हजारों लोगों की मौत होती है।

# अफगानिस्तान से सभी सैनिकों को वापस बुलाने संबंधी योजना का ब्योरा देंगे बाइडन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन युद्धग्रस्त अफगानिस्तान से इस साल 11 सितंबर तक सभी अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने की अपनी योजना का ब्योरा बुधवार को प्रस्तुत कर सकते हैं।

औपचारिक घोषणा से पहले, एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बाइडन ने अफगानिस्तान में शेष बचे अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने और अंत में 20 साल बाद वहां जारी अमेरिकी युद्ध को समाप्त करने का फैसला किया है। अफगानिस्तान में फिलहाल 2,500 अमेरिकी सैनिक हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने मंगलवार को कहा, राष्ट्रपति, अफगानिस्तान में आगे बढ़ने की योजना पर कल ब्योरा देंगे



जिसमें हमारे साझेदारों, सहयोगियों और अफगान सरकार के साथ करीब से समन्वय कर अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने की योजना एवं घटनाक्रम शामिल होगा। साथ ही दुनिया भर के अवसरों एवं खतरों पर ध्यान देने की उनकी प्रतिबद्धता पर भी बात करेंगे।

एक अधिकारी के मुताबिक, बाइडन इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अमेरिका 11 सितंबर से पहले अफगानिस्तान से अपने बलों को वापस बुला लेगा और यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।अधिकारी ने कहा, हम शेष बलों को एक मई से पहले क्रमवार तरीके से वापस बुलाना शुरू कर देंगे और हमारी योजना है कि 911 की 20वीं बरसी से पहले अमेरिकी सैनिकों को देश से वापस बुला लें।

उन्होंने कहा कि सैनिकों की वापसी शर्तों पर आधारित नहीं होगी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, राष्ट्रपति का अनुमान है कि शर्तें लगाने वाला रवैया, जैसा कि पिछले दो दशकों में रहा है, वह अफगानिस्तान में सदा के लिए बना रहने वाला है।

# यूरेनियम का 60 प्रतिशत तक संवर्धन का फैसला दुष्टता का जवाब है : ईरानी राष्ट्रपति

**एपी।** दुबई

**ईरान** के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने एक परमाणु संयंत्र पर हमले के बाद यूरेनियम का संवर्धन 60 प्रतिशत तक करने के फैसले को दुष्टता का जवाब बताया। साथ ही उन्होंने इस घटना को विश्व शक्तियों के साथ खटाई में पड़े परमाणु समझौते पर विएना में चल रही वार्ता से जोड़ा। नातांज परमाणु संयंत्र पर साताहांत हुए हमले का संदेह इजराइल पर है। लेकिन उसने इस हमले पर अभी तक टिप्पणी नहीं की है। यूरेनियम संवर्धन को लेकर दोनों देशों के बीच टकराव बढ़ सकता है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह ईरान को कभी परमाणु हथियार बनाने नहीं देंगे। रूहानी ने मंत्रिमंडल से कहा कि नतांज में बर्बाद हुए पहली पीढ़ी के आईआर-। सेंट्रीफ्यूज के स्थान पर आधुनिक आईआर-6 सेंट्रीफ्यूज लाए जाएंगे जिससे यूरेनियम का संवर्धन और तेजी से होगा। रूहानी ने कहा, आप चाहते थे कि बातचीत के दौरान हमारे हाथ कुछ न लगे लेकिन हमारे हाथ भरे हुए हैं। उन्होंने कहा, 60 प्रतिशत तक संवर्धन करने का फैसला तुम्हारी दुष्टता का जवाब है। हम आईआर-6 सेंट्रीफ्यूज और 60 प्रतिशत संवर्धन के साथ आपके दोनों हाथ काट देंगे। आईआर-6 संपन्न यूरेनियम आईआर-। से कहीं अधिक तेज है।

ईरान ने मंगलवार को घोषणा की थी कि वह नातांज परमाणु संयंत्र पर हुए हमले के जवाब में अब तक के सबसे अधिक स्तर पर यूरेनियम का संवर्धन करेगा। साथ ही उसने कहा कि वह ।,000 और आधुनिक सेंट्रीफ्यूज बनाएगा। अधिकारियों ने शुरुआत में कहा था कि संवर्धन बुधवार को शुरू होगा। बहरहाल अंतरराष्ट्रीय आण्विक ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) में ईरान के दूत काजिम गरीबादादी ने बुधवार सुबह ट्वीट कर कहा कि संवर्धन बाद में शुरू हो सकता है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है जबकि पश्चिमी देशों अऔर आईएईए का कहना है कि ईरान का 2003 के अंत तक संगठित सैन्य कार्यक्रम था।

# सीनेट में नस्ली घृणा से प्रेरित अपराध संबंधी विधेयक पर चर्चा की संभावना

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** सीनेट में एशियाई अमेरिकियों के खिलाफ नस्ली घृणा से प्रेरित संभावित अपराध में इजाफे पर अंकुश लगाने के लिए एक विधेयक पर चर्चा होने की संभावना है। नस्ली घृणा से प्रेरित अपराध कोरोना वायरस संकट के दौरान एक बढ़ती समस्या है।

डेमोक्रेट्स की ओर से प्रायोजित कोविड-19 नस्ली घृणा अपराध कानून को रिपब्लिकन सांसदों का विरोध झेलना पड़ सकता है जिनके इस मुद्दे पर अलग विचार हैं।सीनेट के सदस्यों के बीच इस साल की शुरुआत में हुए समझौते के मुताबिक रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स इस विधेयक पर कम से कम चर्चा करने की कोशिश करेंगे कि क्या वे विधाई प्रक्रिया के जरिए किसी समझौते पर पहुंच सकते हैं। इस पर होने वाले अहम मतदान से पहले कई एशियाई अमेरिकी और हिंद प्रशांत समुदाय के नेताओं ने नस्लवाद की अपनी-अपनी कहानियां सुनाईं। विधेयक पेश करने वाले डेमोक्रेटिक सांसद ग्रेस मेंग ने मंगलवार को कहा, एक साल से अधिक समय से एशियाई अमेरिकी समुदाय दो संकटों - कोविड-19 महामारी और एशियाई लोगों के प्रति नस्ली घृणा का सामना कर रहा है। रिपब्लिकन सांसदों ने इस विधेयक में कई कमियों का जिक्र किया है लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि वे इसे बाधित नहीं करेंगे।

## शहबाज शरीफ को जमानत मिली

**लाहौर ( भाषा )।** पाकिस्तान की अदालत ने धन शोधन और आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में विपक्ष और पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ को बुधवार को जमानत दे दी। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के भाई शहबाज को सात अरब रुपए के धन शोधन व आय से अधिक संपत्ति के मामलों में आठ महीने पहले गिरफ्तार किया गया था।



ब्रुसेल्स में बुधवार को नाटो मुख्यालय में एक बैठक के बाद ग्रुप फोटो के दौरान अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन, इतालवी विदेश मंत्री लुइगी डि माओ, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, तुर्की के विदेश मंत्री मेव्लुत कैवसोग्लू, नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग और ब्रिटिश विदेश सचिव डोमिनिक राब

## क्विक न्यूज

### ऑस्ट्रेलिया में पुलिस अधिकारियों की हत्या के जुर्म में भारतीय मूल के चालक को 22 साल की जेल

**मेलबर्न (भाषा)।** ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के 48 वर्षीय चालक को पुलिस अधिकारियो पर ट्रक चढ़ाने और उनमें से चार की हत्या करने के जुर्म में बुधवार को 22 साल की जेल की सजा सुनाई गई। मीडिया में आई खबरों के अनुसार यह घटना पिछले साल मेलबर्न के ईस्टर्न फ्रीवे की है। हादसे के वक्त ट्रक चालक नशे में था और उसे नीद भी आ रही थी। विक्टोरिया के उच्चतम न्यायालय ने मोहिंदर सिंह को सजा सुनाई। घटना के वक्त सिंह थका हुआ और नशे में था। घटना से पहले वह मादक पदार्थ का एक सौदा करने के लिए रास्ते में रुका था। द गार्जियन की खबर के मुताबिक हादसे में कांस्टेबल लिनेट टेलर, वरिष्ठ कांस्टेबल केविन किंग और कांस्टेबल ग्लेन हम्फ्रिस और जोश प्रिस्टनी की मौत हो गई थी। खबर के अनुसार सिंह को 22 साल की जेल की सजा सुनाई गई जिसमें से साढ़े 18 साल तक उसे पेरोल नही मिलेगी। अन्य चालकों ने भी सिंह को लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए देखा था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, वह किसी की हत्या करने के लिए जा रहा था। जांचकर्ताओं ने बताया कि सिंह आइस नामक ड्रग का आदी था और उसने हादसे से पहले 72 में से महज पांच घंटे ही विश्राम किया था और इन तीन दिनो में अधिकतर समय मादक पदार्थों का सौदा करने और सेवन करने मे बिताया।

### चीन को व्यापक अधिकार देने वाला चुनाव सुधार विधेयक हांगकांग की संसद में पेश

**हांगकांग (एपी)।** हांगकांग मे चुनाव सुधार से संबंधित विधेयक बुधवार को नगर की संसद मे पेश किया गया। इसके साथ ही मौजूदा प्रक्रिया में बदलाव की शुरूआत हो गई जिसके तहत प्रत्यक्ष निर्वाचित जनप्रतिनिधियो की संख्या कम हो जाएगी वही चीन को इस संबंध मे व्यापक अधिकार मिल जाएंगे।।यह विधेयक हांगकांग मे राजनीतिक विरोध और विपक्ष पर नियंत्रण स्थापित करने के प्रयासों का हिस्सा है। हांगकांग चीन का हिस्सा है, लेकिन 1997 में ब्रिटेन द्वारा चीन को सौप दिए जाने के बाद यहां अपेक्षाकृत उदार राजनीतिक व्यवस्था रही है। चीन द्वारा पिछले साल हांगकांग को लेकर एक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किए जाने के बाद से यहां राजनीतिक स्वतंत्रता को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही है। संवैधानिक और मुख्य भूमि मामलो के लिए हांगकांग के सचिव एरिक सांग ने संसद की एक बैठक मे कहा कि इस विधेयक से राष्ट्रीय नीव को मजबूती मिलेगी और हांगकांग के शासन में सुधार होगा। इस विधेयक के कुछ विरोध के बीच मई के अंत तक पारित हो जाने का अनुमान है। लोकतंत्र समर्थक सभी सांसदो ने अपने चार सहयोगियो के निष्कासन के बाद नवंबर मे इस्तीफा दे दिया था।

### श्रीलंका ने इस्लामिक स्टेट और अल कायदा समेत 11 संगठनों पर लगाए प्रतिबंध

**कोलंबो (भाषा)।** श्रीलंका सरकार ने देश मे चरमपंथी गतिविधियो से जुड़े होने के कारण इस्लामिक स्टेट और अल कायदा समेत 11 कट्टर इस्लामी संगठनो पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक अधिसूचना मे यह जानकारी दी गई। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने मंगलवार को जारी किए गए विशेष राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से आतंकवाद निरोधक कानून के तहत कट्टरपंथी संगठनो पर पाबंदी लगा दी। अधिसूचना के अनुसार, कानून का पालन न करने वाले या ऐसी किसी साजिश मे शामिल होने वाले किसी भी व्यक्ति को 10 से 20 साल कैद की सजा हो सकती है। प्रतिबंधित संगठनो मे श्रीलंका इस्लामिक स्टूडेंट्स मूवमेंट समेत कुछ स्थानीय मुस्लिम समूह शामिल है। वर्ष 2019 मे ईस्टर पर हुए आत्मघाती हमले के बाद श्रीलंका सरकार ने स्थानीय जिहादी समूह नेशनल तौहीद जमात तथा दो अन्य संगठनो को प्रतिबंधित कर दिया था।

### ब्रिटेन ने कोविड टीकों के मिश्रण व मिलान संबंधी अध्ययन का विस्तार किया

**लंदन (भाषा)।** कोरोना वायरस टीकों की खुराकों के मिश्रण और मिलान से होने वाले लाभो का आकलन करने के लिए किए जा रहे एक अध्ययन का दायरा बढ़ाते हुए इसमें मॉडर्ना और नोवावैक्स टीको को भी शामिल किया गया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के नेतृत्व में कॉम-कोव अध्ययन मे स्वयंसेवियों को ऑक्सफोर्ड । एस्ट्राजेनेका टीके दिए जाने के बाद फाइजर टीके देने पर प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पर गौर किया जा रहा है। यह अध्ययन फरवरी से चल रहा है और इसमें टीके लगाए जाने की कड़ी का उलटे क्रम मे भी पालन किया जा रहा है। अध्ययन का दायरा बढ़ाने के बाद अब 50 से अधिक आयु के लोगों को इसमें शामिल करने पर जोर दिया जाएगा जिन्होंने पिछले आठ से 12 हफ्तों मे टीकों की पहली खुराक ली है। उन्हें अन्य टीके की दूसरी खुराक दिए जाने के बाद उनमे प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पर गौर किया जाएगा। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय मे प्रोफेसर और इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता मैथ्यू स्नेप ने कहा कि इसका तथा मूल अध्ययन का मकसद यह पता लगाना है कि क्या उपलब्ध विभिन्न कोविड टीकों का पहली और दूसरी खुराक के रूप मे अधिक लचीलेपन के साथ इस्तेमाल किया जा सकता है।

# रूस ने संयुक्त राष्ट्र में कोसोवो की विदेश मंत्री को बोलने से रोकने की कोशिश की

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**रूस** ने कोसोवो के प्रतिनिधि को अपने देश के झंडे के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बोलने से पहली बार रोकने की कोशिश करते हुए कहा कि परिषद के ज्यादातर सदस्य सर्बिया से इसकी आजादी को मान्यता नहीं देते।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्रि पॉलिन्स्काई ने कोसोवो पर परिषद की बैठक की शुरुआत में मंगलवार को उसके झंडे पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया जिसके चलते यह डिजिटल बैठक 45 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। इस दौरान परिषद के 15 सदस्यों ने निजी तौर पर इस मुद्दे पर चर्चा की।

पॉलिन्स्काई ने कहा कि सुरक्षा परिषद के 15 में से आठ सदस्य कोसोवो को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देते हैं इसलिए कोसोवो की विदेश मंत्री दोनिका गर्वाला के पीछे देश का झंडा नहीं दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि रूस को उनके बोलने पर आपत्ति नहीं है।

ब्रिटेन के कानूनी सलाहकार चनाका विक्रमसिंघे ने कहा कि सुरक्षा परिषद की वीडियो कांफ्रेंस से होने वाली बैठकें औपचारिक बैठकें नहीं हैं और कोसोवा का झंडा पिछली बैठक के दौरान भी उसके प्रतिनिधि के पीछे लगा हुआ था।

जब बैठक फिर से शुरू हुई तो सुरक्षा परिषद के मौजूदा अध्यक्ष वियतनाम के संयुक्त राष्ट्र में राजदूत डांग दिन्ह क्यू ने कहा कि डिजिटल बैठकों की पृष्ठभूमियों से परिषद की बैठकें बाधित नहीं होनी चाहिए और यह झंडा लगा रह सकता है।

गर्वाला संयुक्त राष्ट्र की बैठक में बोलने वाले तीन वक्ताओं में से एक थीं और जब उन्होंने परिषद को संबोधित किया तो कोसोवो का छह सफेद सितारों के साथ नीले रंग का ध्वज उनके पीछे लगा हुआ था।

गौरतलब है कि कोसोवो ने अलगाववादी जातीय अल्बानियाई विद्रोही और सर्बिया की सेना के बीच 1998-1999 के बर्बर युद्ध के एक दशक बाद 2008 में सर्बिया से आजादी की घोषणा की। गत सितंबर तक संयुक्त राष्ट्र के 193 देशों में से 98 ने कोसोवो को मान्यता दी। सर्बिया के साथ करीबी संबंध रखने वाले रूस और चीन उन देशों में शामिल हैं जिन्होंने इसकी आजादी को मान्यता नहीं दी।

# पाकिस्तान में कोरोना वायरस से एक दिन में 135 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद ( भाषा )।** पाकिस्तान में कोरोना वायरस की तीसरी लहर के दौरान एक दिन में संक्रमण से सबसे अधिक 135 लोगों की मौत हुई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कोविड-19 महामारी से सबसे अधिक मौत 20 जून को हुई थी जब 153 लोगों ने जान गंवाई थी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के अनुसार, स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि कोविड-19 के ब्रिटेन के स्वरूप वाली तीसरी लहर अधिक संक्रामक और खतरनाक है। इसके साथ ही देश में इस महामारी से मरने वाले लोगों की संख्या 15,754 हो गई है। अन्य 4,216 मरीजों की हालत गंभीर है।

उसने बताया कि पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 4,681 नए मामले आए हैं। इसके साथ ही संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 734,423 हो गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 3,645 लोगों के साथ ही 641,912 लोग इस बीमारी से उबर चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में अब भी 75,758 मरीज उपचाराधीन हैं। अभी तक 10,878,086 नमूनों की जांच हो चुकी है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने योजना मंत्री असद उमर के हवाले से कहा, हर दिन 60 से 70 हजार टीके लगाए जा रहे हैं और हमारी कोशिश ईद के बाद इसे दो लाख तक बढ़ाने की है। असद, महामारी से निपटने के लिए बनाए नेशनल कमांड एंड ऑपरेशन सेंटर के भी प्रमुख हैं।

उमर ने बताया कि देश में अभी तक नौ लाख टीके उपलब्ध हैं और अगर देश को पहले से तय प्रतिबद्धता के तहत टीके मिलते हैं तो ईद के बाद सभी पाकिस्तानियों को टीके लगाए जाएंगे। उन्होंने साथ ही बताया कि मंत्रिमंडल ने लोगों के लिए टीके खरीदने के वास्ते 15 करोड़ डॉलर का बजट पारित किया है।

# एलडीसी सदस्यों ने कोविड टीकों संबंधी बौद्धिक संपदा अधिकार पर अस्थाई रोक का समर्थन किया

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**सबसे** कम विकसित देशों के 46 सदर्सीय समूह ने कहा है कि वे कोविड-19 टीकों के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों पर अस्थाई रोक लगाने के भारत और दक्षिण अफ्रीका के विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) से किए गए आग्रह का समर्थन करते हैं। इससे इन देशों तक कोविड टीकों की पहुंच बढ़ेगी।

कोविड-19 के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में अग्रिम भूमिका निभा रहे भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को पिछले महीने बताया था कि टीकों में असमानता कोरोना वायरस की रोकथाम के सामूहिक वैश्विक संकल्प को कमजोर कर देगी क्योंकि टीकों तक पहुंच में असमानता से सबसे गरीब देश सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

भारत और दक्षिण अफ्रीका ने डब्ल्यूटीओ से सीमित समय के लिए कोविड-19 से जुड़े बौद्धिक संपदा अधिकारों पर रोक लगाने का आग्रह किया था ताकि टीकों का निर्माण तेजी से किया जाएगा और सभी के लिए टीकों की किफायती उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। एलडीसी के प्रमुख एवं मालावी राष्ट्रपति लेजारस मैककार्थी चाकवेरा ने विकास फोरम के लिए छठे वित्तपोषण के दौरान कहा, हम कोवि-19 वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आभारी हैं। हम कोवैक्स सुविधा के लिए पर्याप्त एवं उम्मीद के मुताबिक वित्तपोषण, टीके की पहुंच का आह्वान करते हैं ताकि सुनिश्चित हो कि कोविड-19 टीके के 20 प्रतिशत के वर्तमान प्रावधान से अधिक उपलब्ध हो।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एलडीसी हमारे देशों में कोविड-19 टीकों की पहुंच को बढ़ाने के मकसद से बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार संबंधित पहलु के अमल पर अस्थाई रोक लगाने के लिए डब्ल्यूटीओ के समक्ष किए गए भारत और दक्षिण अफ्रीका के आग्रह का समर्थन करते हैं।

# चिंता का कारण

**राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस से पहले, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ पूनम मुटरेजा का कहना है कि मातृ स्वास्थ्य के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में बीमारी को शामिल करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।**



**पॉपुलेशन** फाऊंडेशन ऑफ इंडिया की कार्यकारी निदेशक, पूनम मुत्रेजा कहती हैं, 'हमने कोविड-19 महामारी के दौरान मातृ-मृत्यु में तीव्र वृद्धि देखी है। इस संकट ने हमें दिखा दिया है कि हमें आवश्यक सेवाओं को प्रभावित किए बिना आपात स्थिति से निपटने हेतु स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना होगा।'

भारत में कोविड-19 मामलों के भारी बोझ के अलावा, महामारी के अप्रत्यक्ष प्रभाव चिंता का कारण हैं, खासकर पहले से ही कमजोर समुदायों के मामले में। पूर्व-कोविड दौर की तुलना में कोविड के दौर में मृतजन्मों और मातृ मृत्यु की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करने के साथ, महिलाएं व बच्चे बेइंतहा प्रभावित हुए हैं। मातृ और बाल स्वास्थ्य परिणामों पर द लांसेट के अध्ययन पर एक हालिया समीक्षा ने पुष्टि की है कि कोविड-19 से जुड़ी तालाबंदी का प्रभाव माताओं और नवजात शिशुओं के लिए विनाशकारी रहा है। निम्न और मध्यम आय वाले देश (एलएमआईसी) सबसे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

महामारी के कारण की गयी तालाबंदी के दौरान क्लिनिकों और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के अत्यंत दुर्लभ हो जाने के कारण हजारों लोग आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान लगाया है कि इससे अकेले दक्षिण एशिया में ही अतिरिक्त 2,20,000 बच्चों की मृत्यु और 11,000 मातृ मृत्यु की संभावना बन सकती है। ये संख्या भारत में, संभावित रूप से सबसे बड़े अनुपात के मद्देनजर, बढ़ने की संभावना है। भारत में, महामारी के दौरान, उन महिलाओं की संख्या में, जिन्होंने सभी चार प्रसवपूर्व जांच सुविधाएं प्राप्त की थीं, उनकी संख्या में महामारी के दौरान 51 प्रतिशत की गिरावट भी आई और संस्थागत प्रसव की संख्या में 79 प्रतिशत की कमी आई। आधुनिक तरीकों से संतुष्ट परिवार नियोजन सेवाओं की मांग में 67 प्रतिशत की गिरावट आई है।

कस्तूरबा गांधी की जयंती पर हर साल 11 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष, सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाओं व प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

एक मजबूत परिवार नियोजन कार्यक्रम रोकथाम योग्य मौतों को रोकने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। पूनम कहती हैं, ''ज्यादा सुलभ और न्यायसंगत परिवार नियोजन सेवाएं, जो दंपत्तियों को गर्भनिरोधक विधियों का एक व्यापक विकल्प प्रदान करती हैं, एक सरल, कम लागत वाला हस्तक्षेप है जो बाद की उम्र में प्रारंभिक गर्भधारण और अवांछित गर्भधारण को रोककर मां और बच्चे की मृत्यु दर को कम कर सकता है।'' पूनम अपनी बात में आगे बताती हैं, ''पापुलेशन फाऊंडेशन आफ इंडिया में, हमने नीति निर्माताओं, दानदाताओं, गैर-सरकारी संगठनों और समुदायों के साथ मिलकर महिलाओं के स्वास्थ्य पर जानकार निर्णय लेने की आवश्यकता पर चर्चा को लगातार बढ़ाया है। हम प्रभावी और लिंग आधारित संवेदनशील स्वास्थ्य और विकास रणनीतियों और नीतियों को बढ़ावा देते हैं। हमने लगातार नियोजित परिवारों के महत्व पर जोर दिया है, जन्म अंतराल रखने और उचित आयु मे विवाह को मातृ स्वास्थ्य में सुधार की रणनीतियों के रूप में महत्व दिया है। लैंगिक असमानता, लिंग आधारित हिंसा और एजेंसी की कमी से मातृ और प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने की महिलाओं की क्षमता लगातार प्रभावित है। भारत में, प्रतिगामी लैंगिक मानदंड के परिणामस्वरूप बेटों के लिए प्राथमिकता निरंतर जारी है, जिससे लगातार गर्भधारण होते हैं। बाल और कम उम्र में विवाह से संबंधित सामाजिक मानदंड भी माता और बच्चे के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। हालांकि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली पर महामारी का पूरा प्रभाव थोड़े समय के लिए स्पष्ट नहीं होगा, मगर कोविड-19 ने इस बात को रेखांकित किया है कि बेहतर मातृ एवं शिशु देखभाल प्रणाली स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

यह फाऊंडेशन जेंडर परिवार नियोजन, किशोर यौनिकता और प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी धारणाओं को बदलने के लिए राष्ट्रीय, राज्य और सामुदायिक स्तर पर काम कर रहा है।



नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में अभिनेत्री गौहर खान फोटो पंकज कुमार

## अमेजन प्राइम के कॉमेडी शो एलओएल - हंसे तो फंसे की मेजबानी करेंगे अरशद वारसी, बोमन ईरानी

**मुंबई।** अमेजन प्राइम वीडियो ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय अमेजन के मूल सीरीज एलओएल के भारतीय संस्करण को शुरू करने की घोषणा की। इसकी मेजबानी अभिनेता अरशद वारसी और बोमन ईरानी करेंगे। एलओएल - हंसे तो फंसे रियलिटी कॉमेडी शो छह कड़ी में प्रसारित होगा। कार्यक्रम का प्रसारण 30 अप्रैल से होगा। एसओएल-प्रोडक्शन की सीरीज में 10 कॉमेडियन - आदर मलिक, आकाश गुप्ता, अदिति मित्तल, अंकिता श्रीवास्तव, सायरस बरोचा,



गौरव गेरा, कुशा कपिला, मल्लिका दुआ, सुनील ग्रोवर और सुरेश मेनन दिखेंगे। मूल कार्यक्रम का निर्माण जापान में हुआ था और बाद में ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको, जर्मनी, इटली और कनाडा में इसके संस्करणों का प्रसारण हुआ। अमेजन स्टूडियोज के स्थानीय प्रमुख जेम्स फैरेल ने कहा, कार्यक्रम के प्रसारण के लिए जाहिर तौर पर अगले देश के रूप में भारत का नाम हमारे जेहन में था। हमारे भारतीय दर्शक कार्यक्रम को जरूर पसंद करेंगे। हमें भरोसा है कि वे एलओएल - हंसे तो फंसे को पसंद करेंगे।


## आलिया भट्ट की कोविड जांच रिपोर्ट निगेटिव

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने बुधवार को बताया कि उनकी कोविड-19 जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। इससे 10 दिन पहले दो अप्रैल को आलिया की जांच में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई थी और वह तभी से घर पर पृथक-वास में थीं। आलिया (28) ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीर साझा की और लिखा, इस समय सिर्फ निगेटिव होने पर अच्छा लग रहा है। संक्रमित होने से पहले आलिया, संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बन रही फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की शूटिंग कर रही थीं।



## रणवीर सिंह तमिल फिल्म अन्नियन के हिंदी रूपांतरण में नजर आएंगे

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह, तमिल ब्लॉकबस्टर फिल्म अन्नियन के हिंदी रूपांतरण में नजर आएंगे जिसका निर्देशन ख्यातिलब्ध फिल्मकार शंकर द्वारा किया जाएगा। शंकर, 2005 में आई मूल तमिल फिल्म के भी निर्देशक हैं। मनोवैज्ञानिक एक्शन थ्रिलर फिल्म अन्नियन में दक्षिण के अभिनेता विक्रम ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म एक ऐसे किरदार पर आधारित थी जो कई पहचान वाली मनोवैज्ञानिक बीमारी (मल्टीपल पर्सनैलिटी डिस्ऑर्डर) से ग्रसित था। हिंदी रूपांतरण का निर्माण पेन स्टूडियोज के जयंतीलाल गड़ा द्वारा किया जाएगा। सिंह (35) ने कहा कि यह फिल्म उनके लिए वरदान के समान है।



## ऐसी फिल्मों में काम करना चाहती हूं जहां महिलाएं प्रमुख हों : पाउली दाम



**मुंबई।** अभिनेत्री पाउली दाम का कहना है कि वह सिनेमा में हमेशा महिलाओं के दृष्टिकोण को सामने रखना चाहती हैं और उनकी हाल की फिल्में इस सोच को दर्शाती हैं। बंगाली और हिन्दी सिनेमा में काम करने वाली दाम की 2020 में दो फिल्में काली और बुलबुल आईं जिन्हें आलोचकों और दर्शकों दोनों ने खूब पसंद किया। बुलबुल में अभिनेत्री ने जहां विधवा की भूमिका निभाई है वहीं काली में वह अपने बेटे को बचाने के लिए भ्रष्टतंत्र से लड़ रही मां की भूमिका में थीं। कोलकाता से जूम पर पीटीआई से बातचीत में पाउली दाम ने कहा, मैं हमेशा से यही करना चाहती थी। ऐसा नहीं है कि मुझे मेरे करियर की शुरुआत से ही ऐसे मजबूत किरदार मिलने लगे। मुख्य धारा की सिनेमा में आप कुछ सीमित तरीके के किरदार ही कर सकते हैं। आप एक ही तरह से सोचते हैं। लेकिन मैं ऐसी फिल्में करना चाहती थी जहां महिलाओं की भूमिका प्रमुख हो, जहां वे मजबूत किरदार में हों। दाम (40) ने 2006 में अपने करियर की शुरुआत की और तीन साल बाद नक्सल आंदोलन पर आधारित गौतम घोष के बंगाली ड्रामा कालबेला से उन्हें लोकप्रियता मिली। फिलहाल पाउली दाम की थ्रिलर फिल्म रात बाकी है जी5 पर आने वाली है। इसमें अनूप सोनी और राहुल देव मुख्य भूमिका में हैं।


## फिल्म निर्माता गुनीत मोंगा को मिला फ्रांस का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान

**नई दिल्ली।** लंचबॉक्स और मसान जैसी फिल्मों के लिए जानी जाने वाली निर्माता गुनीत मोंगा को फ्रांस का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान दिया गया है। फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां यवेस ले द्रियां ने मंगलवार को दिल्ली स्थित फ्रांसीसी दूतावास में मोंगा को नाईट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स से सम्मानित किया। एक वक्तव्य में कहा गया कि मोंगा को फ्रांस के साथ मिलकर फिल्म निर्माण के जरिए विश्व सिनेमा में योगदान देने और महिला सशक्तिकरण के लिए अथक परिश्रम के वास्ते यह पुरस्कार दिया गया है। अपनी फिल्म निर्माण कंपनी सिख्या एंटरटेनमेंट के माध्यम से मोंगा ने कई फिल्मों का निर्माण किया है। मोंगा ने कहा कि वह फ्रांस की फिल्मों की बड़ी प्रशंसक हैं और इसलिए यह सम्मान मिलना उनके लिए एक विशेष क्षण है।



## बाबासाहेब आंबेडकर पर बनी दुर्लभ लघु फिल्म को एनएफएआई ने अपने संग्रह में किया शामिल

**नई दिल्ली।** संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर पर 1968 में बनी एक दुर्लभ मराठी लघु फिल्म को राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय (एनएफएआई) ने अपने संग्रह में शामिल कर लिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि महापुरुष डॉक्टर आंबेडकर नाम से बनी फिल्म का निर्माण प्रचार निदेशक, महाराष्ट्र सरकार ने जुलाई 1968 में किया था। इस फिल्म के निर्देशक नामदेव वातकर थे और उन्होंने इस फिल्म को वातकर प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनाया था। इस 18 मिनट लंबी फिल्म में संगीत प्रसिद्ध संगीतकार दत्ता दावजेकर ने दिया था। एनएफएआई के निदेशक प्रकाश मोगदुम ने कहा कि संग्रहालय को यह फिल्म ऐसे समय में प्राप्त हुई है जब देश 14 अप्रैल को संविधान निर्माता की 130वीं जयंती मनाएगा।



## ब्रिटेन की महारानी ने पति प्रिंस फिलिप के निधन के बाद शाही कामकाज किया शुरू

**लंदन।** ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने अपने पति एवं ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग प्रिंस फिलिप के निधन के चार दिन बाद शाही दायित्वों का निर्वहन करना शुरू कर दिया है। महारानी (94) ने शाही परिवार के प्रमुख सहायक अर्ल पील ने लॉर्ड चैम्बरलेन के पद से सेवानिवृत्ति की औपचारिक घोषणा की। एलिजाबेथ ने उनसे मंगलवार को मुलाकात की। लॉर्ड चैम्बरलेन शाही राजकाज में सबसे वरिष्ठ अधिकारी का पद होता है। गत शुक्रवार को फिलिप के निधन के बाद ब्रिटेन में राष्ट्रीय शोक मनाया जा रहा है और शाही परिवार दो सप्ताह के लिए शोक मना रहा है। शाही



परिवार के एक अधिकारी ने बताया कि परिवार के सदस्य परिस्थितियों के हिसाब से उचित कामकाज करते रहेंगे। इस सप्ताहांत एलिजाबेथ के बेटे प्रिंस एंड्रयू ने कहा कि उनके पिता के निधन से उनकी मां के जीवन में बहुत खालीपन आ गया है। अर्ल पील को फिलिप के अंतिम संस्कार से जुड़ा कामकाज संभालना था जिसे ऑपरेशन फॉर्थ ब्रिज नाम दिया गया। पूर्व एमआई5 खुफिया प्रमुख बारोन पार्कर एक अप्रैल से नए लॉर्ड चेम्बरलेन होंगे और शनिवार को होने वाले अंतिम संस्कार का पूरा कार्यभार वह ही संभालेंगे। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लगाए लॉकडाउन के कारण अंतिम संस्कार समारोह में केवल 30 लोग ही मौजूद रहेंगे।

## फिलिप के अंतिम संस्कार में मिट सकती है हैरी और विलियम की दूरियां

**लंदन।** ब्रिटेन के दिवंगत प्रिंस फिलिप के पार्थिव शरीर को जब शनिवार को दफनाया जाएगा तब लोगों का ध्यान राष्ट्रीय शोक के बीच, युवराज विलियम और उनके भाई युवराज हैरी पर भी होगा। इस दौरान लोग निश्चित रूप से देखने की कोशिश करेंगे कि प्रिंस हैरी और शाही परिवार के बीच सुलह का कोई संकेत है या नहीं। सबकी निगाहें विशेष रूप से हैरी और उनके बड़े भाई प्रिंस विलियम पर टिकी होंगी। हैरी ने अपनी पत्नी मेगन के साथ पिछले साल मार्च में शाही दायित्वों का परित्याग कर दिया था और अपने बेटे आर्ची के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया चले गए थे।



**सबकी निगाहें विशेष रूप से हैरी और उनके बड़े भाई प्रिंस विलियम पर टिकी होंगी। हैरी ने अपनी पत्नी मेगन के साथ पिछले साल मार्च में शाही दायित्वों का परित्याग कर दिया था और अपने बेटे आर्ची के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया चले गए थे।**

अमेरिका जाने के बाद वह, फिलिप के अंतिम संस्कार के दौरान पहली बार शाही परिवार का सामना करेंगे। उनके पारिवारिक रिश्तों में पिछले महीने दरार तब और बढ़ गई थी जब मेगन ने ओपरा विनफ्रे को दिए साक्षात्कार में कहा था कि शाही परिवार के एक अनाम शख्स ने मेगन के बच्चे की त्वचा के रंग पर टिप्पणी की थी। नस्लवाद के आरोपों के कुछ दिन बाद विलियम ने पलटवार करते हुए संवाददाताओं से कहा था कि उनका परिवार नस्लवादी नहीं है। तनाव के बावजूद शनिवार को प्रिंस फिलिप के अंतिम संस्कार में दोनों भाइयों को उस दिन की याद भी आएगी जब 1997 में वह अपनी मां प्रिंसेस डायना के ताबूत के पीछे खड़े थे।

शनिवार को विंडसर कैसल से शवयात्रा निकाली जाएगी और उम्मीद जताई जा रही है कि हैरी (36) तथा विलियम (38) शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपने दादा के ताबूत के पीछे चलेंगे। बहुत से लोगों का मानना है कि इस दौरान उन्हें दुनिया के बीच दृढ़ता के साथ यह दिखाने का आदर्श मौका मिलेगा की वे एकसाथ हैं। प्रिंस फिलिप का 99 वर्ष की आयु में पिछले हफ्ते निधन हो गया था।

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 173
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 15 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आलिया भट्ट की कोविड जांच रिपोर्ट निगेटिव
विविध-16

# देश-प्रदेश में कोरोना के रिकॉर्ड मामले

● भारत में एक दिन में 1,84,372 नए केस,1,027 लोगों की मौत

● प्रदेश में 20,510 नए कोविड-19 रोगी, 68 की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर प्रदेश** में बीते 24 घण्टे में कोरोना के 20,510 और लखनऊ में 5433 नए मामले सामने आए हैं। जबकि प्रदेश में 68 व लखनऊ में 14 की मौत हुई है। देश में कोरोना के एक दिन में अब तक के सर्वाधिक 1,84,372 नए मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार के आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण के कुल मामले 1,38,73,825 हो गए हैं जबकि 13 लाख से अधिक लोग अब भी संक्रमण की चपेट में हैं। मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 1,027 लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या 1,72,085 हो गई है जो 18 अक्टूबर, 2020 के बाद सबसे ज्यादा है। लगातार 35वें दिन मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है और संक्रमित लोगों की संख्या 13,65,704 हो गई है जो कुल मामलों का 9.84 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की दर घटकर 88.92 प्रतिशत हो गई है। इससे पहले 12 फरवरी को संक्रमित लोगों की सबसे कम संख्या 1,35,926 थी और 18 सितंबर 2020 को सबसे ज्यादा 10,17,754 थी। आंकड़ों के मुताबिक, बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या 1,23,36,036 हो गई है जबकि संक्रमित मरीजों की मृत्यु दर और घटकर 1.24 प्रतिशत हो गई है।

भारत में कोविड-19 मरीजों की संख्या सात अगस्त को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख और 16 सितंबर को 50 लाख हो गई थी। इसके बाद 28 सितंबर को यह 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ के पार पहुंच गई थी। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक, 13 अप्रैल तक 26,06,18,866 नमूनों की जांच की जा चुकी है जिनमें से 14,11,758 नमूनों की जांच मंगलवार को की गई। मौत के 1,027 नए मामलों में महाराष्ट्र के 281, छत्तीसगढ़ के 156, उत्तर प्रदेश के 85, दिल्ली के 81, गुजरात और कर्नाटक के 67-67, पंजाब के 50, मध्य प्रदेश के 40, झारखंड के 29, राजस्थान के 28, केरल और पश्चिम बंगाल के 20-20, हरियाणा के 16, बिहार के 14, उत्तराखंड के 13, हिमााचल प्रदेश के 11 और आंध्र प्रदेश के 10 मामले हैं।

उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड-19 संक्रमण से 67 और लोगों की मौत हो गई तथा 20,510 नए मरीजों में इस संक्रमण की पुष्टि हुई। नए रोगियों का यह एक दिन का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बुधवार को यहां बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान 67 लोगों की मौत के साथ इस वायरस से राज्य में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 9376 हो गई है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में 20510 नए मरीजों में कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रदेश में किसी एक दिन का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले 13 अप्रैल को 18021 नए मामले सामने आए थे। प्रसाद ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान 4517 मरीज ठीक भी हुए हैं। प्रदेश में इस वक्त 1,11,835 मामले उपचाराधीन हैं।



.कानपुर के झकरकटी बस स्टैंड पर अपने गंतव्य के लिए जाने वालों की उमड़ी भीड़। खतरनाक होते कोरोना संक्रमण के बीच भी लोग सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं

## 25 हजार रेमेडीसिवर इंजेक्शन की खेप लखनऊ पहुंची

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में कोरोना संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर रेमेडीसिवर इंजेक्शन के लिए सुबह भेजा गया स्टेट प्लेन देर शाम को लखनऊ को पहुंच गया। अधिकारियों के मुताबिक इंजेक्शन की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# सीएम योगी आदित्यनाथ हुए कोरोना पॉजिटिव

● सारे कार्य वर्चुअली करेंगे मुख्यमंत्री

● सपा प्रमुख अखिलेश यादव, नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन भी संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण की दूसरी लहर में बढ़ती संक्रमित मरीजों की तादाद के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं।

एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के पॉजिटिव होने के बाद सीएम ने खुद को आइसोलेट कर लिया था। मुख्यमंत्री आइसोलेशन में हैं और सारी गतिविधियों का संचालन वर्चुअली कर रहे हैं। साथ ही कई ब्यूरोक्रेट्स के संक्रमित होने के बीच पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी कोरोना संक्रमण के शिकार हो गए हैं। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन भी संक्रमित हो गए हैं व होम आइसोलेशन में हैं। अपने कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी को ट्वीट करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि शुरुआती लक्षण दिखने पर मैंने कोविड की



जांच कराई और मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मैं सेल्फ आइसोलेशन में हूं और चिकित्सकों के परामर्श का पूर्णत: पालन कर रहा हूं। सभी कार्य वर्चुअली संपादित कर रहा हूं। प्रदेश सरकार की सभी गतिविधियां सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। इस बीच जो लोग भी मेरे संपर्क में आएं हैं वह अपनी जांच अवश्य करा लें और एहतियात बरतें। साथ ही उन्होंने सभी मंत्रियो को निर्देश जारी कर अपने प्रभार वाले जनपदों में अधिकारियों के साथ मिलकर इलाज सुनिश्चित कराने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य योजना को सम्पादित कराया जाए। उधर टीम इलेवन के साथ समीक्षा में मुख्यमंत्री ने सबंधित विभागों के अधिकारियों को आरटीपीसीआर के टेस्ट के निर्देश दिये हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कोरोना संक्रमित होने की जानकारी देते हुए कहा कि वे होम आइसोलेशन में हैं।

## तृतीय चन्द्रघंटा



पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता॥

शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करनी चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी व सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इन देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं।

# सीबीएसई 10वीं की परीक्षा रद, 12वीं की टली

● प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुई बैठक में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने देश भर में कोविड-19 महामारी के बढ़ते मामलों के मद्देनजर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं की परीक्षा रद्द कर दी है जबकि 12वीं की परीक्षा स्थगित करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को हुई एक बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, केंद्रीय शिक्षा सचिव, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव तथा अन्य शीर्ष अधिकारियों ने शिरकत की। बैठक के बाद शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर परीक्षाओं के संबंध में लिए गए निर्णयों की जानकारी साझा की। बयान के मुताबिक बैठक में प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि छात्रों का स्वास्थ्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार छात्रों के सर्वोच्च हित का





ध्यान रखेगी और सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि उनके स्वास्थ्य के साथ ही उनके शिक्षा सत्र का भी नुकसान ना हो। बयान में कहा गया, महामारी की वर्तमान स्थिति, स्कूलों के बंद होने और छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर कक्षा 12वीं की परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। यह परीक्षा चार मई से 14 जून के बीच होनी प्रस्तावित थी।

सीबीएसई बोर्ड एक जून को कोविड महामारी की स्थिति की समीक्षा करेगा और उसके बाद परीक्षा की तारीखों के संबंध में फैसला लेगा। बयान में कहा गया, परीक्षा की शुरुआत से कम से कम 15 दिन पहले छात्रों को इसकी सूचना दी जाएगी। 10वीं की परीक्षा भी चार मई से 14 जून के बीच होनी थी। बयान में कहा गया, 10वीं की परीक्षा रद्द कर दी गई हैं। इसके परिणाम बोर्ड द्वारा तैयार किए गए एक मानदंड के आधार पर तैयार किए जाएंगे। बयान के मुताबिक यदि कोई छात्र उसे मिले अंकों से संतुष्ट नहीं होता है तो उसे परीक्षा में बैठने का एक मौका दिया जाएगा लेकिन यह तभी होगा जब परिस्थितियां परीक्षा के आयोजन के अनुकूल होंगी। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में निशंक ने कहा कि कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने आज तत्काल प्रभाव से एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई और उन्होंने साफ कर दिया कि छात्रों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन के आधार पर 10 वीं की परीक्षा को रद्द करने और 12वीं की परीक्षा स्थगित करने का फैसला लिया गया। उन्होंने कहा, इस फैसले से बच्चों की सुरक्षा होगी और हम निश्चित रूप से उनके भविष्य को संवार सकेंगे। कई राजनीतिक दलों ने कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते खतरे के मद्देनजर सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं को रद्द करने की मांग की थी। इनके अलावा तकरीबन दो लाख छात्रों ने एक ऑनलाइन याचिका में हस्ताक्षर कर बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित किए जाने की मांग की थी।

## पंचायत चुनाव के पहले चरण में 18 जिलों में मतदान आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पंचायत** चुनाव के पहले चरण के तहत बृहस्पतिवार 15 अप्रैल को 18 जिलों में 2.21 लाख से ज्यादा पदों के लिए मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य के 2.21 लाख से अधिक पदों के लिए 3.33 लाख से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में हैं। चार चरणों में होने वाले चुनाव के पहले चरण में अयोध्या, आगरा, कानपुर, गाजियाबाद, गोरखपुर, जौनपुर, झांसी, प्रयागराज, बरेली, भदोही, महोबा, रामपुर, रायबरेली, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, सहारनपुर, हरदोई और हाथरस जिलों में मतदान होगा। पहले चरण में जिला पंचायत सदस्य के 779 पदों के लिए 11,442 प्रत्याशी, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 19,313 पदों के लिए 81,747 उम्मीदवार, ग्राम प्रधान के 14,789 पदों के लिए 1,14,142 प्रत्याशी तथा ग्राम पंचायत वार्ड सदस्यों के 1,86,583 पदों के लिए 1,26,613 उम्मीदवार मैदान में हैं।

# भारत विश्वसनीय सहयोगी पाक से सीमित सहयोग: रूस

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** को एक विश्वसनीय सहयोगी करार देते हुए रूस ने बुधवार को कहा कि दोनों देशों के बीच कोई मत भिन्नता या गलतफहमी नहीं है और स्वतंत्र संबंधों के आधार पर उसका पाकिस्तान के साथ सीमित सहयोग है। रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने हाल ही में भारत और पाकिस्तान की, नियंत्रण रेखा पर 2003 के संघर्ष विराम समझौते का सख्ती से पालन करने की प्रतिबद्धता का स्वागत किया और कहा कि यह क्षेत्रीय स्थिरता के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम है। बाबुश्किन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में रूसी राजदूत निकोलाई कुदाशेव ने पश्चिमी देशों की हिन्द प्रशांत रणनीति की आलोचना करते हुए इसे खतरनाक और शीत युद्ध की मानसिकता को उभारने का प्रयास बताया। वहीं, बाबुश्किन ने कहा कि अफगानिस्तान के मुद्दे पर क्षेत्रीय आम सहमति बनाने की प्रक्रिया में भारत को हिस्सा होना चाहिए तथा अफगान शांति प्रक्रिया को लेकर नई दिल्ली और मास्को का



रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन

रूख समान है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की भारत यात्रा और उसके बाद उनके इस्लामाबाद दौरे को लेकर बनी धारणा के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बाबुश्किन ने कहा कि रूस के पाकिस्तान के साथ स्वतंत्र संबंध हैं और यह किसी के साथ रिश्तों को किसी और के खिलाफ लक्षित नहीं करता है। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि यह देखने का कोई कारण नहीं है कि हमारे बीच किसी तरह की भिन्नता या गलतफहमी है। भारत-रूस संबंधों में ऐसी कोई बात नहीं है। दूसरी ओर, कुदाशेव ने कहा कि भारत, रूस का विश्वसनीय सहयोगी है और दोनों देशों के बीच संबंध समान, समग्र, सद्भावनापूर्ण, ठोस और भविष्योन्मुखी हैं।

## महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख सीबीआई के समक्ष पेश हुए

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में पूछताछ के लिए बुधवार को सीबीआई के समक्ष पेश हुए। एक अधिकारी ने बताया कि देशमुख सुबह करीब 10 बजे उपनगर सांताक्रूज में डीआरडीओ के अतिथि गृह पहुंचे जहां केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम डेरा डाले हुए है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने सोमवार को एक नोटिस जारी कर, देशमुख को परमबीर सिंह और निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाजे द्वारा उनके खिलाफ लगाए आरोपों की जांच के सिलसिले में पेश होने के लिए कहा था। सहायक पुलिस इंस्पेक्टर वाजे दक्षिण मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के पास एक एसयूवी कार मिलने के मामले में जांच के घेरे में हैं। इस कार में विस्फोटक सामग्री पाई गई थी। सीबीआई सिंह द्वारा देशमुख के खिलाफ लगाए गए आरोपों की प्रारंभिक जांच कर रही है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,544 | |
| निफ्टी | 14,504 | |
| सोना | 46,093 | /10g |
| चांदी | 66,040 | /kg |

## क्विक न्यूज

### काशी विश्वनाथ मंदिर आने वाले के लिए कोरोना जांच अनिवार्य

**वाराणसी।** वाराणसी में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए श्री विश्वनाथ मंदिर एवं अन्नपूर्णा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं केलिए संक्रमित न पाए जाने की तीन दिन पहले की आरटी पीसीआर जांच रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य कर दिया गया है। वाराणसी मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लोगों से फिलहाल यात्रा करने से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर कोई जरूरी कार्य न हो तो आसपास के जनपदो से लोग वाराणसी न आएं और अपने घरो में ही रहे। उन्होने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अन्नपूर्णा मंदिर में भी दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं को संक्रमित न पाए जाने की तीन दिन पहले की आरटी पीसीआर जांच रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य है, अन्यथा उन्हें मंदिर परिसर में प्रवेश करने नही दिया जाएगा।

# मेधावी महिला वकीलों को हाईकोर्ट में जज नियुक्त करने की याचिका सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**महिला** अधिवक्ताओं की एसोसिएशन की एक अर्जी पर उच्चतम न्यायालय बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा। इस अर्जी में काफी संख्या में मौजूद मेधावी महिला वकीलों को उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने पर विचार करने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ सुप्रीम कोर्ट वूमन लॉयर्स एसोसिएशन की इस अर्जी पर सुनवाई करेगी। यह अर्जी अधिवक्ता स्नेहा कलिता ने दायर की है। इसमें उच्चतर न्यायापालिका में न्यायाधीशों के तौर पर महिलाओं की 11.04 प्रतिशत भागीदारी रहने का उल्लेख करते हुए इसे काफी कम बताया गया है। इस हस्तक्षेप अर्जी में विभिन्न उच्च न्यायालयों में वर्तमान में पदस्थ महिला न्यायाधीशों का चार्ट भी दिया गया है और उच्चतर न्यायपालिका में रिक्तियों को भरने से



जुड़े लंबित विषय में पक्षकार बनाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है, चार्ट से यह प्रदर्शित होता है कि न्यायाधीशों की 1,082 मंजूर पदों (स्थाई एवं अतिरिक्त न्यायाधीश, दोनों ही) में हमारे पास 661 न्यायाधीश ही हैं, जिनमें 73 महिला न्यायाधीश हैं और वे 11.04 प्रतिशत ही हैं। इसमें कहा गया है कि देश की आजादी से लेकर आज तारीख तक उच्चतम न्यायालय में सिर्फ आठ महिला न्यायाधीश नियुक्त की गईं हैं, जबकि 1950 से लेकर 2020 तक कुल 247 न्यायाधीश नियुक्त किए गए। महिला वकीलों के एसोसिएशन ने उच्चतम न्यायालय में वकालत कर रहीं मेधावी महिला अधिवक्ताओं को उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश नियुक्त करने पर विचार करने के लिए निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। अर्जी के जरिए केंद्र को मेमोरेंडम ऑफ प्रॉसीजर में उच्च न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों की नियुक्ति का प्रावधान शामिल करने और उन पर विचार करने के लिए निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है।

## अदालत से बाहर भी तलाक ले सकेंगी मुसलमान महिलाएं

● केरल उच्च न्यायालय ने 1972 का फैसला पलटा

**भाषा।** कोच्चि

**केरल** उच्च न्यायालय ने अपने करीब 50 साल पुराने फैसले को पलटते हुए अदालती प्रक्रिया से इतर तलाक देने के मुसलमान महिलाओं के अधिकार को बहाल कर दिया है। केरल उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया है। परिवार अदालतों में दायर विभिन्न याचिकाओं में राहत की मांग की गई थी। पीठ ने अदालत की एकल पीठ के 1972 के फैसले को पलट दिया है जिसमें न्यायिक प्रक्रिया के इतर अन्य तरीकों से तलाक लेने के



मुसलमान महिलाओं के अधिकार पर पाबंदी लगा दी गई थी। पीठ ने रेखांकित किया कि पवित्र कुरान में पुरूषों और महिलाओं के तलाक देने के समान अधिकार को मान्यता देता है। पीठ ने कहा कि मुसलमान महिलाओं की दुविधा, विशेष रूप से केरल राज्य में, समझी जा सकती है जो के सी मोईन बनाम नफीसा एवं अन्य के मुकदमे में फैसले के बाद उन्हें हुई। इस फैसले में मुस्लिम विवाह अधिनियम, 1939 समाप्त होने के मद्देनजर न्यायिक प्रक्रिया से इतर तलाक लेने के मुसलमान महिलाओं के अधिकार को नजरअंदाज कर दिया गया था। एकल पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि किसी भी परिस्थिति में कानूनी प्रक्रिया से इतर एक मुस्लिम निकाह समाप्त नहीं हो सकता है। वहीं, न्यायमूर्ति ए. मोहम्मद मुश्ताक और न्यायमूर्ति सी. एस. डियास की खंड पीठ ने अपने फैसले में इस्लामी कानून के तहत निकाह को समाप्त करने के विभिन्न तरीकों और शरिया कानून के तहत महिलाओं को मिले निकाह समाप्त करने के अधिकार पर विस्तृत टिप्पणी की। इनमें तलाक-ए-तफविज, खुला, मुबारत और फस्ख शामिल हैं। अदालत ने नौ अप्रैल के अपने फैसले में कहा, शरियत कानून और मुस्लिम निकाह समाप्ति कानून के विश्लेषण के बाद हमारा विचार है कि मुस्लिम निकाह समाप्ति कानून मुसलमान महिलाओं को अदालत के हस्तक्षेप से इतर फश के जरिए तलाक लेने से रोकता है। अदालत ने कहा, शरियत कानून के प्रावधान दो में जिन सभी न्याएतर तलाक के तरीकों का जिक्र है, वे सभी अब मुसलमान महिलाओं के लिए उपलब्ध हैं। इसलिए हम मानते हैं कि केसी मोइन मामले में घोषित कानून, सही कानून नहीं है।

# बनारस में कोरोना के 1484 मरीज मिले, छह की मौत

## ● जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 9776 हो गई, मरने वालों की संख्या का रिकॉर्ड टूटा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**कोरोना संक्रमण** की बढ़ती रफ्तार थमने का नाम ही ले रही।पुराने सारे रिकॉर्ड एक एक ध्वस्त होते जा रहे हैं।दस मार्च को जिले में जहाँ 50 सक्रिय मरीज थेए वही 14 अप्रैल को यह आंकड़ा 7766हो गया।इससे पता चलता है कि संक्रमण कितनी तेजी से फैल रहा है।जिले में सोमवार को 1484 पॉजिटिव मिले।वही आज तीन मरीजो की मौत हो गई।इसी के साथ कोरोना से मरने वालों की संख्या 411 हो गया है।अब एक्टिव मरीजो की संख्या 9776 हो गया है।जबकि 481 मरीज होमआइसोलेशन से डिस्चार्ज किये गए।कोरोना से जिले में मरने वालों की संख्या 411हो गई है। अब तक एक दिन में मरने वालों की संख्या हो गई।

मंगलवार को संक्रमितों में बीएचयू शिक्षक, चिकित्सक, छात्रों, कर्मचारियों के साथ ही बरेका परिसर में कर्मचारी, अधिकारी, आईआईटी बीएचयू सहित अन्य जगहों के लोग शामिल हैं। जिला महिला अस्पताल, मंडलीय अस्पताल कबीरचौरा, ईएसआईसी, रेलवे, रोडवेज बस स्टेशन, एयरपोर्ट आदि जगहों पर लोगों की जांच की गई। उधर रिपोर्ट के अनुसार 100 से अधिक संक्रमितों के बारे में स्वास्थ्य विभाग को कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### प्रशासन के रिकार्ड से कोरोना से तीन की मौत, लेकिन 13 शव पहुंचे हरिश्चन्द्र घाट

**वाराणसी।** कोरोना संक्रमितों की मौत को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से बेमेल आंकड़े उजागर किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को कोरोना संक्रमित तीन लोगों की मौत का आंकड़ा जारी किया जबकि हरिश्चंद्र घाट पर स्थापित प्राकृतिक शवदाह गृह में कुल 13 चिताएं जलाई गईं। इसमें वाराणसी के रहने वाले सात थे तो अन्य जनपदों के छह के शव रहे। यह कागजी और जमीनी आंकड़ों का फर्क ही कोरोना संक्रमण की भयावहता बताने के लिए काफी है। संक्रमण के दावों का सच घाट पर सज रही चिताएं बता रही हैं। जबकि सरकारी आंकड़े सब कुछ कंट्रोल की स्थिति बता रहे हैं। जबकि चिताओं की संख्या प्रशासन के आंकड़ों को झूठा साबित कर रही हैं। इस बाबत प्रशासन की ओर से ही न अन्य स्रोतों से कहीं कोई मुह खोलने को तैयार है। दूसरी ओर अस्पतालों में फुल चल रहे बेड भी संक्रमण की दास्तान उजागर कर रहे हैं।



## आरटीपीसीआर टेस्ट निगेटिव के बाद ही श्रद्धालु श्री काशी विश्वनाथ व संकटमोचन मंदिर में दर्शन के लिए प्रवेश पाएंगे

**वाराणसी।** कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए कमिश्नर ने कहा है कि जरूरी न हो तो वाराणसी न आएं। कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बढ़ते कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए जन सामान्य से अपील की है कि वाराणसी आने से फिलहाल अवॉइड करें। यदि कोई जरूरी कार्य न हो तो आसपास के जनपदों से लोग वाराणसी न आएं और अपने घरों पर ही रहें। कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अन्नपूर्णा मंदिर में भी दर्शनार्थ आने वाले भक्तों का तीन दिन पूर्व का कोरोना का आरटीपीसीआर टेस्ट निगेटिव होना चाहिएए अन्यथा उन्हें मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस बाबत एडवायजरी जारी होने के बाद से ही लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण और इसकी भयावहता को लेकर चिंता होने लगी है।

**वाराणसी जिले में आगमन की एडवाइजरी:** देश विदेश से वाराणसी आने का कार्यक्रम बनाने वाले सभी व्यक्तियों और यात्रियों से अपील की गई है कि वाराणसी में अभूतपूर्व कोविड संक्रमण फैल जाने की वजह से अप्रैल के पूरे महीने में वाराणसी ना आएं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भी सूचित किया गया है कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में भी दिनांक 14 अप्रैल से प्रवेश के लिए कोविड नेगेटिव टेस्ट रिपोर्ट आवश्यक कर दी गई हैए इसके बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बाहरी प्रदेशों से आने वाले यात्रियों को शहर में ठहरने के लिए भी शीघ्र कोविड नेगेटिव रिपोर्ट की व्यवस्था लागू की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### गोदौलिया दूध सट्टी में बिना मास्क वाले लोगों का चालान काटा गया



**वाराणसी।** शहर में कोरोना के मरीज तीव्र गति से बढ़ रहे हैं किन्तु सुरक्षा की दृष्टि से बिना मास्क लगाये बाजार में पहुँच जा रहे हैं। गोदौलिया दूध सट्टी में यादव बिरादरी बिना मास्क लगाये दूध के बाल्टा को लेकर पहुँच जा रहे है। दशाश्वमेध थाना प्रभारी के नेतृत्व में बुधवार को दूध सट्टी गोदौलिया में व बिना मास्क लगाये गाड़ी चलाने वालों की चालान काटी गई तथा उनको मास्क भी दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने लोगों को हिदायत दिया कि दोबारा बिना मास्क लगाये बाजार में पहुँचे तो पांच सौ रूपये अर्थदंड भरना होगा। इस दौरान महिला दारोगा भी महिलाओं को पकड़कर चालान कर रही थी।

### युवककी तालाब में गिरने से हुई मौत

**वाराणसी।** रोहनिया थाना क्षेत्र के गंगापुर सुईचक में बुधवार की सुबह तालाब में युवक के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर पहचान कराई तो पता चला कि लालू शर्मा 30 वर्ष निवासी रामनगर अपनी बहन सुमन के यहां गंगापुर सुईचक में रहकर मजदूरी का कार्य करता था। सुबह शौच के लिए घर से निकला था। मृतक को मिर्गी की दवा भी चलती थी। आशंका है कि शौच के बाद तालाब पर गया था जहां मिर्गी के दौरान पानी में गिरकर मौत हो गई। मृतक के पिता रामचंद्र और बड़ा भाई संतोष दुकान चलाते हैं। मृतक के भांजे किशन शर्मा ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार जांच के उपरांत जो भी साक्ष?य होंगे उसी अनुरूप विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### समरसता दिवस के रूप में मनी डॉ. आंबेडकर की 130वीं जयंती



**प्रयागराज।** भारतीय संविधान के शिल्पी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 130 वीं जयंती समरसता दिवस के रूप में आज मनाई गई। दरियाबाद स्थित अंबेडकर जयंती समारोह में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का संपूर्ण जीवन देश के शोषित एवं वंचित रहे लोगों को अधिकार दिलाने के प्रति समर्पित रहा। वह एक इस राष्ट्र के सच्चे नायक थे। उन्होंने जो समाज के अंदर भेदभाव से पीड़ित वर्ग के लोग थे उनके अधिकारों की समानता के लिए लड़ाई लड़ते रहे और आज उनको उनके सपनों को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर गरीबों शोषित वंचितों के अधिकारों की रक्षा करते हुए उनके जीवन में गुणात्मक परिवर्तन ला रही है। इस अवसर पर भाजपा महानगर द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा महानगर प्रयागराज के 1252 बूथों पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की सचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन पर दर्शन डालते हुए कार्यक्रम का आयोजन बूथ अध्यक्ष एवं बूथ प्रभारियों की देखरेख में किया गया। बताया कि भाजपा युवा मोर्चा पिछड़ा मोर्चा महिला मोर्चा अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा गरीबों की बस्तियों में जाकर सेवा का कार्य किया गया। महानगर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ हाईकोर्ट स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ किया गया। दरियाबाद में आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह में कार्यक्रम के संयोजक सुशील निषाद द्वारा भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडल अध्यक्ष रहे। इस अवसर पर कुंज बिहारी मिश्रा वरुण केसरवानी रमेश पासी राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल राजू पाठक गिरजेश मिश्रा श्याम चंद्र हेला राजन शुक्ला सुभाष वैश्य किशोरी लाल जायसवाल मनोज मिश्रा दिलीप केसरवानी दिनेश विश्वकर्मा रणविजय सिंह ज्ञान बाबू केसरवानी दीनानाथ कुशवाहा संजय कुशवाहा कौशिकी सिंह गौरव गुप्ता ज्ञानेंद्र मिश्रा भरत निषाद अनिल भट्ट अजय सिंह विजय श्रीवास्तव परमानंद वर्मा अजय अग्रहरि रितेश केसरवानी आशीष जायसवाल किशन चंद्र जयसवाल आलोक वैश्य नीरज केसरवानी विजय कृष्ण मेहता दीपक शर्मा केशव शर्मा एवं क्षेत्र के समस्त पार्षद मंडल के पदाधिकारी एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने बूथों पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों में श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भारतीय राजनीति के सर्वकालिक महानायक हैं बाबा साहेब

## ● सपा ने पार्टी कार्यालय में मनाई अम्बेडकर जी की 130वीं जयंती, गोष्ठी आयोजित हुई

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**असमानता,** लिंगभेद अन्याय, अत्याचार और के प्रबल विरोधी दलित चेतना के महानायक और भारतीय संविधान के कुशल चितेरे भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर भारतिय राजनिति के सर्वकालिक महानायक हैं। उक्त विचार आज ईंगलिसियालाईन स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी फाउन्डेशन की ओर से बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के जन्मदिवस पर पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं द्वारा व्यक्त किया गया।

वक्ताओं ने आगे कहा कि बाबा साहब ने पहले स्वयं शिक्षित होकर खुद को इस योग्य बनाया कि वो समाज के दबे कुचलों ए शोषितों और वंचितों की लड़ाई को मजबूती से लड़ सकें उसके बाद उन्होंने ने दलित वंचित समाज का आवाहन किया कि पहले स्वयं शिक्षित बनो फिर संगठित होकर अपने हक के लिये लड़ो तभी समाज में बदलाव सम्भव हो पायेगा । और आज उनकी कही हुई बात से प्रभावित समाज तेजी से परिवर्तन की ओर अग्रसर है । विचार गोष्ठी की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष विजय शंकर पान्डेय ने और संचालन पूर्व चेयरमैन बैजनाथ सिंह ने किया । इसके अलावा विचार गोष्ठी में प्रमुख रूप से महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ पत्रकारिता विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर अनिल कुमार उपाध्याय, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, पीसीसी सदस्य भूपेन्द्र प्रताप सिंह, डाक्टर उमापति उपाध्याय, प्रमोद श्रीवास्तव, आनन्द मिश्रा, सुशील सोनकर, अशोक कुमार पाण्डेय, पुनीत मिश्रा, विनोद सिंह कल्लू, महेन्द्र चौहान, सुवाष राम, मोहम्मद अरशद, पिन्टू शेख आदि ने विचार प्रकट किया। समाजवादी पार्टी ने अर्दली बाजार स्तिथ पार्टी कार्यालय पर कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 130 वीं जयंती मनाई। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 130 वीं जयंती उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई व सोशल डिस्टेंसिंग रखते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन किया।श्री शर्मा ने अम्बेडकर जी के बारे में अपने विचारों को रखते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर भारतीय बहुज्ञए संविधानशिल्पी, समाजसुधारक, प्रथम कानून एवं न्यायमन्त्री रहे। एक सामाजिक राजनीतिक सुधारक के रूप में आंबेडकर की विरासत का आधुनिक भारत पर गहरा असर हुआ है। बाबासाहेब ने तीन मंत्र दिए हैं . शिक्षित बनोए संघर्ष करो और संगठित रहो। आज हमें इस विचारधारा पर चलना होगा तभी देश में एकता आएगी। उन्होंने हमेशा समाज के दबेए कुचले तथा गरीब लोगों के हित के लिए कार्य किया। संविधान बनाकर देश में कानून स्थापित किया। आज हमें अलग.अलग जाति को छोड़कर सबको एक धागे में पिरोकर रहना होगा।

## वासंतिक नवरात्र में मॉ ब्रह्मचारिणी देवी व ज्येष्ठा गौरी के दरबार में टेका मत्था



**वाराणसी।** चैत्र के वासंतिक नवरात्र के दूसरे दिन दुर्गाघाट स्थित मॉ ब्रह्माचारिणी देवी व ससागर स्थित एक मकान में ज्येष्ठा गौरी के मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहुँचकर दर्शन-पूजन किया तथा मॉ को अड़उल का माला-फूल, नारियल, चुनरी, प्रसाद तथा सिंदूर चढ़ाये। कोरोना काल के इस समय में श्रद्धालु भी कोविड- 19 का पालन करते हुए अपने घर में रहकर भगवती की आराधना कर रहे। लोग मान रहे हैं कि कलयुग का समय चल रहा है इसलिए बचकर ही पूजा-पाठ करना होगा। बनारस में कोरोना के रिकार्ड तोड़ मरीज आने से श्रद्धालु भी डर गये हैं जिससे दोनों सिद्धपीठ मॉ के मंदिरों में दर्शन-पूजन के दौरान भीड़ कम देखा गया।



# धर्मगुरुओं से घर पर ही रहकर पूजा अर्चना करने की अपील




बैठक करते जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी

## ● डीएम ने धर्मगुरुओं के साथ की बैठक सहयोग की अपील

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी भानुचन्द्र गोस्वामी ने पुलिस लाइन सभागार में विभिन्न धर्मो के गुरूओं के साथ कोरोना प्रसार को रोकने में सहयोग प्रदान करने तथा लोगों को जागरूक किये जाने के संबंध में बैठक की। उन्होंने धर्मगुरूओं से अपने संस्थानों मंदिरों मस्जिदों गुरूद्वारों में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को कम से कम करने हेतु अपने लोगो से अपील करें। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने की हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों की संख्या सीमित है। क्योंकि सतर्कता से ही बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ साथ आप सबकी जिम्मेदारी है कि अपने स्तर से कोरोना के बढ़ते खतरे को रोकने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों से अपील करें कि लोग कम से कम संख्या में धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लें एवं घर में ही पूजा अर्चना इबादत करें। लोग मास्क का प्रयोग करें एवं उचित दूरी बनाये रखें। उन्होंने कहा कि आपका प्रबंधन इस बात का ध्यान रखे कि प्रतिष्ठानों के बाहर लंबी लाइनें न लगे। इसके लिए लोगों को श्रद्धालुओं से अपील करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संवेदनशील मौको पर लोगों का सहयोग प्रशासन को मिला है। इस बार भी आप सब का पूर्ण सहयोग मिलता रहे। यही अपेक्षा है। आप सभी के सहयोग से इस बार भी हम इस बीमारी से जिले के लोगों को सुरक्षित रखने में अवश्य सफलता प्राप्त करेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासन तो मास्क एवं दूरी का पालन सुनिश्चित करता ही रहा है परंतु आप लोगों से भी सहयोग जरूरी है।

### कोविड 19 में तकनीक और उसका समाधान जरूरी

प्रयागराज। कोविड 19 महामारी के इस दौर में जब तकनीक एक समाधान के रूप में कार्य कर रही है। डिजिटल जीवन रेखा बन गया है। मोबाइल और साउंड एक्सेसरीज़ उत्पादों की यह नई शृंखला लोगों की गैजेट्स के साथ दोस्ती को फिर से परिभाषित करेगी। ये निश्चित रूप से सभी आयु वर्ग के लोगों की बाहरी दुनिया से जुड़े रहने की सारी जरूरतों को पूरा करेंगे। मोबाइल फोन एक्सेसरीज ब्रांड मोबिला ने 10वीं वर्षगांठ का जश्न मनाते हुए नए युग के उपयोगकर्ताओं की डिजिटल समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए लाइफस्टाइल एक्सेसरीज़ की अपनी नई शृंखला बाज़ार में उतारी। मोबिला के को फाउंडर जिग्नेश शाह ने कहा ऐसे बदलाव की कगार पर हैं। जिसके लिए दुनिया कभी तैयार नहीं थी। तकनीक लोगों के बचाव में आ गई है। जहां सोशल डिस्टेंसिंग ने लोगों को अलग रहने के लिए मजबूर किया। प्रौद्योगिकी ने उन्हें एकजुट किया है।

# मॉडल विवि के रूप में विकसित होगा यूपीआरटीओयू: प्रो सीमा

## ● राजर्षि टंडन मुक्त विवि प्रयागराज की पहली महिला कुलपति ने संभाला दायित्व कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा-संस्थान को पूरी तरह से कराएंगे डिजिटलाइज

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की नवनियुक्त पहली महिला कुलपति के रूप में प्रोफेसर सीमा सिंह ने कुलपति पद का दायित्व संभाल लिया। उन्होंने निवर्तमान कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह से चार्ज संभाला। इस अवसर पर नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर निवर्तमान कुलपति प्रोफेसर के एन सिंह एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। प्रो सीमा सिंह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय बीएचयू में शिक्षाशास्त्र विभाग में प्रोफेसर पद पर कार्यरत रहीं। उन्होंने राजर्षि टंडन विश्वविद्यालय की 11वीं और प्रथम महिला कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। मूलरूप से गाजीपुर के खानपुर जखनियां की रहने वाली प्रो सीमा सिंह के पिता राजाराम सिंह बिजली विभाग में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी मां डा कुसुम सिंह वाराणसी में यूपी ऑटोनॉमस कालेज में शिक्षाशास्त्र विभाग की अध्यक्ष रही हैं। प्रो सीमा सिंह ने अपनी पढ़ाई लिखाई बीएचयू से की। उन्होंने बीएससी एमएससी बीएड एमएड और फिर पीएचडी किया। उनके 80 शोध पत्र और 10 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। प्रो सीमा सिंह के निर्देशन में 16 शोधार्थी शोध कार्य कर रहे हैं। उनकी प्राथमिकता होगी कि राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय को सूबे के मॉडल विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित हो। कहा कि महिलाओं और ग्रामीण इलाकों की छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास होगा। लोगों का यह भ्रम दूर करने का प्रयास होगा कि यह मुक्त विश्वविद्यालय केवल डिग्री और डिप्लोमा बांटने वाला विश्वविद्यालय है। पदभार संभालने के बाद नवनियुक्त कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि मुक्त विश्वविद्यालय को पूरी तरह से डिजिटलाइज किया जाए। कहा कि छात्रों को भेजी जाने वाली अध्ययन सामग्री का ऑडियो और वीडियो तैयार किया जाएगा। सभी लेक्चर्स का ऑडियो वीडियो तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। जिससे इसका लाभ अधिक से अधिक छात्रों को मिल सके। कुलपति के दायित्व संभालने के दौरान निवर्तमान कुलपति प्रो के एन सिंह कुलसचिव डा ए के गुप्ता वित्त अधिकारी एस के सिंह इंदुभूषण पांडेय डा प्रभात चंद्र मिश्र सहित कई शिक्षक एवं प्रोफेसर मौजूद रहे। बता दें प्रो सीमा सिंह की नियुक्ति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने तीन वर्ष के लिए किया है। अब तक यहां कुलपति रहे प्रो कामेश्वर नाथ सिंह का कार्यकाल 21 फरवरी को ही समाप्त हो गया था।



प्रो सीमा सिंह को गुलदस्ता भेंट करते निवर्तमान कुलपति प्रो के एन सिंह

# खाली मैदान, बैंक्वेट हाल और छावनी क्षेत्र के स्कूल कालेज को कोविड हास्पिटल बनाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**वाराणसी में** कोरोना के बढ़ते संक्रमण से धीरे.धीरे कोविड हॉस्पिटल में बेड भी भरते जा रहे हैं। यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में हालात बेकाबू हो जाएंगे। आगामी दिनों में मरीजों को भर्ती करने में किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए खेल मैदान को कोविड केयर सेंटर के रूप में इस्तेमाल करने की तैयारी चल रही है।स्वास्थ्य विभाग जिला प्रशासन की मदद से खाली मैदान, बैंक्वेट हाल, छावनी क्षेत्र, स्कूल कालेज को अधिग्रहण की तैयारी में जुट गया है। ऐसे बड़े मैदान की तलाश की जा रही हैए जहां 500 बेड लगाकर मरीजों का इलाज किया जा सके। पिछले साल दिल्ली में मरीजों की बढ़ती संख्या के बाद स्टेडियम और प्रगति मैदान में अस्थायी तौर पर मरीजों के इलाज के लिए बेड लगाया गया था।उसी तर्ज पर अब यहां भी जरूरत पड़ने पर खेल के बड़े मैदान में अस्थायी कोविड केयर सेंटर बनाया जाएगा। इसके लिए कैंटोमेंट में मैदान सहित अन्य जगहों पर खाली पड़े खेल मैदानों को विकल्प के तौर पर रखा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त रूप से इसकी सूची भी बनाई जा रही है। प्रभारी सीएमओ डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर ही खेल मैदानों को अस्थायी कोविड केयर सेंटर बनाने पर विचार चल रहा है। मरीजों को केंद्रीयकृत आक्सीजन सिस्टम की व्यवस्था भी रहेगी। बताया कि दिल्ली में एक कंपनी द्वारा इस तरह की व्यवस्थाएं दी जाती हैं। इसके लिए जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार को प्रस्ताव भी भेजा जाएगा। इसके अलावा शहर के छोटे.बड़े बैंक्विट हाल, स्कूल, कॉलेज, महाविद्यालयों का भी अधिग्रहण कर वहां भी बेड लगाकर मरीजों का इलाज किया जा सकता है।

# पीसीएस 2020 परिणाम: राहुल, कमलेन्द्र बीएसए और अमीषा बनीं नायब तहसीलदार

## ● इविवि के छात्र डा. ललित कुमार मिश्र ने हासिल किया एसडीएम पद, मिली छठी रैंक

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** लोक सेवा आयोग की ओर से सोमवार को घोषित पीसीएस 2020 के परिणाम में लूकरगंज की रहने वाली अमीषा यादव को नायब तहसीलदार के पद पर सफलता मिली है। इसी प्रकार सोरांव के जुड़ापुर के राहुल मिश्र का चयन बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर हुआ है। राहुल को यह सफलता लगातार तीसरे साक्षात्कार के बाद मिली है। बीएसए के पद पर ही झूंसी के बहादुरपुर कछार के डा कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा को सफलता मिली है। कमलेन्द्र ने इससे पहले नायब तहसीलदार आबकारी निरीक्षक सहित कई अन्य पदों के लिए हुई परीक्षाओं में सफलता पाई है। आजमगढ़ के मनीष कुमार सिंह डायट प्रवक्ता के पद पर चयनित हुए हैं। मनीष ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अपनी शिक्षा पूरी की है। बता दें कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित पीसीएस 2020 के परिणाम में संगम नगरी के डा ललित कुमार मिश्र ने एसडीएम रैंक हासिल की है। डा ललित की छटवीं रैंक आयी है। ललित कुमार मिश्र ने संस्कृत को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर न केवल सफलता हासिल की बल्कि टॉप टेन में भी उन्होंने जगह बनाई है। पीसीएस 2020 में छठी रैंक हासिल करके ललित ने प्रतियोगी छात्रों में यह जज्बा कायम किया है कि संस्कृत से बड़ी सफलता पाई जा सकती है। परीक्षा में शामिल होने वालों महेंद्र नाथ कृष्ण कुमार अखिलेश चौबे आदि का कहना है कि नब्बे के दशक में पीसीएस के परीक्षार्थियों में संस्कृत के साथ दूसरे काम्बिनेशन में दर्शन शास्त्र और इतिहास रखने पर सफलता की गारंटी मानी जाती थी। इनका कहना है कि ललित मिश्र की सफलता ने आयोग के तत्कालीन सचिव रहे एल बी तिवारी के दौर की याद ताजा कर दी है। उनकी सफलता से उनके परिवार में खुशी का माहौल है।



इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्रोफेसर डा रामसेवक दुबे से आशीर्वाद लेते चयनित एसडीएम डा ललित कुमार मिश्र

## डॉ. ललित कुमार मिश्र ने प्रोफेसर डॉ. रामसेवक दुबे से लिया आशीर्वाद

**प्रयागराज।** संस्कृत विषय से पीसीएस 2020 में सर्वोच्च स्थान और सम्पूर्ण परीक्षा में छठा स्थान पाकर डिप्टी कलेक्टर पद हेतु चयनित होकर सफलता प्राप्त करने वाले संस्कृत विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डा ललित कुमार मिश्र ने बीए और एमए की कक्षाओं के शिक्षक प्रोफेसर डा रामसेवक दुबे आचार्य संस्कृत विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज के आवास पर जाकर आज आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रोफेसर डा दुबे ने उन्हें ईमानदारी सत्यनिष्ठा देश प्रेम और कर्त्तव्य पालन की भावना से देश सेवाकार्य करने हेतु सत्प्रेरणा का उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम करके अन्तिम क्षण तक एक कर्मयोगी की भांति साधना में लगे रहने पर साधक को एक न एक दिन सफलता अवश्य ही मिलती है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 13/2021
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं :
क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण : दोहना स्टेशन पर तीन लाइन क्रासिंग स्टेशन पर 52 किग्रा. रेल जोड़ों को एस.के.बी. पद्दित से बेल्डिंग का कार्य (स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत कानपुर-कासगंज-मथुरा जंक्शन-कासगंज-बरेली जंक्शन-लालकुँआ अनुभाग में गेज परिवर्तन का कार्य) साथ में मटेरियल मोडीफिकेशन हेतु बरेली से लालकुँआ और मंधना से ब्रह्मावर्त तक बढ़ाना (552.9 किमी.)। अनुमानित लागत : रु. 5,98,770.00, बयाना राशि : रु. शून्य, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 01 माह। क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण : लालकुँआ-बरेलीसिटी-कासगंज अनुभाग में 04 नग रक्षित समपारों पर (एल.एच.एस.) लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण कार्य। अनुमानित लागत : रु. 11,63,78,745.04, बयाना राशि : रु. शून्य, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 08 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 07.05.2021 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-15 इज्जतनगर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# 14 नए पॉजिटिव, ज्वैलर्स की मौत, 350 को लगे टीके

- पीएचसी समेत नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र ब्रह्मनगर व गोताखोर कॉलोनी में भी हुआ वैक्सीनेशन
- नगर के राजधानी मार्ग स्तिथ एक ज्वैलर्स की कानपुर में इलाज के दौरान हुई मौत

संवाददाता। शुक्लागंज उन्नाव



**कोरोना की** दूसरी लहर ने सबको बेबस कर दिया है। इसको लेकर हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। पहले लोगों द्वारा मास्क न पहनने में की गई लापरवाही के कारण तेजी से बढ़ते संकमण से लोग अब दहशत में जीने को मजबूर हैं। संक्रमण की चपेट में अब युवक से लेकर बुजुर्ग तक आ रहे हैं। जहां अस्पताल संक्रमित मरीज को लेने से इनकार कर रहे हैं, वहीं शमशानों में चिता जलाने के लिए भी लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। शुक्लागंज नगर में संक्रमण ने पाश मोहल्लों से लेकर मलिन बस्तियों तक में पैर पसार रखे हैं। उधर नगर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले ज्यादातर लोग बाहर रोजी रोटी कमाने के लिये गुजर बसर करते हैं लेकिन कई दिनों से यूपी में लॉकडाउन की खबरों को देखकर वो लोग भी धीरे धीरे बिना टेस्टिंग के ही सबके बीच लौट रहे हैं।

कोरोना पर्यवेक्षक डॉक्टर प्रदीप दिवाकर ने बताया कि नगर के शक्ति नगर और इंद्रानगर से एक महिला, अम्बिकापुराम, मरहला चौराहे के आगे एक होटल के सामने, राजधानी मार्ग दुर्गा मंदिर के पास, एक एक पुरुष, भातूफार्म, गोपिनाथपुरम, ऋषि नगर कोतवाली गंगाघाट के पास से एक एक पुरुष, गाजीखेड़ा से एक पुरुष, वहीं मिश्रा कॉलोनी से एक महिला व एक पुरुष, एक पुरुष उन्नाव से, कुक मिलाकर बुधवार को कुल 13 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इन्हीं क्षेत्रों में रोजाना जांच में मिल रहे मरीजों के कारण लोग दहशत में हैं। उन्होंने बताया कि सात लोगों को होम आईसोलेशन किया गया है बाकी लोगों को फैसलटी भेजा गया। वहीं कई दिनों से राजधानी मार्ग पोनी रोड तिराहे के पास रहने वाले एक ज्वैलर्स की कोरोना के कारण कानपुर के सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। उनकी मौत से परिजनों समेत सभी व्यापारियों में गम का माहौल व्याप्त है। उधर नगर पालिका गंगाघाट ने कोरोना के कंटेन्मेंट क्षेत्रों में बॉस बल्लियों से रास्ता बन्दकर वहां पर ब्लीच के साथ सेनेटाइज का काम कराया। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए लोगों द्वारा मास्क न लगाकर की जा रही लापरवाही को लेकर गंगाघाट पुलिस ने लोगों के चालान काटकर हिदायत दी। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर आशुतोष वार्ष्णेय ने बताया कि बुधवार को अस्पताल में 230 लोगों को वैक्सीन, ब्रह्मनगर के नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में 80 लोगों को वहीं गोताखोर कालोनी के नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में 40 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। उन्हीने बताया कि 350 लोगों को वैक्सीन लगाई गई।

## क्विक न्यूज

### घाटमपुर में 57 की जॉच में 5 मिले संक्रमित

**घाटमपुर।** बीते कई दिनों से घाटमपुर सीएचसी गेट की जॉच में कोरोना संक्रमित की रफ्तार आज कम हुई, चिकित्सा अधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा ने बताया कि गेट में 57 की जॉच में 5 लोगों कोरोना पॉतिटिव मिले जिन्हे होम कवारंटाइन के लिये कहा गया है। उधर सीएचसी भीतरगांव में भी आज 35 की जॉच हुई, चिकित्साधीक्षक डा0 अजय मौर्या ने बताया कि सीएचसी गेट की जॉच में सभी निगेटिव पाये गये है।

### घाटमपुर आरओ अतुल कुमार वंसल संक्रमित

**घाटमपुर।** घाटमपुर ब्लाक के आरओ अतुल कुमार बंसल जॉच में कोराना संक्रमित पाये जाने से हड़कम्प मच गया है। इस संवंध में उप जिलाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि उनकी बीपी का दिक्कत के चलते अस्वस्थ्य हो गये थे।

### घाटमपुर में मतदान आज, देर रात तक रवाना हुई पोलिंग पार्टी

- पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के चलते स्टेट हाइवे 46 मुगल रोड रहा ब्लाक
- दिन भर रहा चौराहे पर जाम जैसे हालात वाहनों की लगी रही लाइन

**घाटमपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिये आज गुरुवार यानी 15 अप्रैल को जिले के साथ ही घाटमपुर क्षेत्र के तीनों बिकास खण्डों में मतदान होगा, तहसीलदार बिनीत कुमार ने बताया कि मतदान सबेरे 7 बजे से शांम 6 बजे तक होगा। उधर मतदान कराने के लिये सबेरे 8 बजे से तीनों ब्लाकों घाटमपुर, पतारा और भीतरगांव की पोलिंग पार्टियॉ रवाना होना शुरु हो गयी थी तथा देर रात तक सभी मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियॉ पंहुच गयी थी। घाटमपुर और पतारा ब्लाक की पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिये चौराहे पर फतेहपुर से भोगनीपुर की ओर जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया था जिसके चलते दिन भर चौराहे पर जाम जैसे हालात रहे और कानपुर-कबरई नेशनल हाइवे पर वाहनों की लाइने लगी रही।

### कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जारी हुई विशिष्ट चिकित्सकों की सूची, आमजन करें संपर्कः जिलाधिकारी

**कानपुर देहात।** कोविड.19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आमजन को राहत प्रदान करते हुए जिले के विशिष्ट डॉक्टरों की एक सूची बनाई हैए साथ ही उनका मोबाइल नम्बर आमजन के लिए जारी करवा दिया हैए ताकि आमजन को किसी प्रकार की कोई तकलीफन रहेए यदि कोई तकलीफहोती है तो दिए गए मोबाइल नंबरों पर कभी भी वह संपर्क कर सकते हैंए इन डॉक्टरों की सूची एवं उनका मोबाइल नंबर इस प्रकार है. ईएमओ डॉ निशांत पाठक 9696 541201ए इसी क्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ अभय कुमार 76688485 330ए डॉक्टर श्री प्रकाश 9935000678ए डॉ पंकज श्रीवास्तव 99 56078358ए डॉ अशोक कुमार 9935 284427ए डॉ सतीश चंद्र वर्मा 9415068 0 49ए डॉ राम कुमार चौबे 9936982839ए डॉ मनोज कुमार निगम 9415483018ए डॉ पुस्कर आनंद 9415 170273ए डॉ आराधना 8317047325ए डॉक्टर रियाज अली मिर्जा 7860729550ए डॉ विनोद पाल सिंह 9935677074ए डॉक्टर प्रतीक सक्सेना 8860170 870ए डॉक्टर जय वीर सिंह 7518736350ए डॉ अमर चंद्र 993642 8204ए डॉ अवधेश कुमार 9415 45 9920ए डॉ प्रियंका सिंह 7905222721 पर आमजन संपर्क कर अपनी तकलीफका समाधान करा सकते हैं।

### 56 लोगों को कोरोना होने से मचा हड़कंप

**कानपुर देहात ।** बुधवार को जनपद में आधा सैकड़ा से अधिक लोग कोरोना संक्रमित पाये गए है। सीएमओ राजेश कटियार ने बताया कि जनपद के विभिन्न ब्लाकों में 56 लोग कोरोना सॅक्रमित पाये गये है संक्रिमित लोगों को होम आइसोलेट सहित जनपद के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है।

## आधुनिक किसानों की बदलती जरूरतें होंगी पूरी

**प्रयागराज।** इस वर्ष के किसानों को खेती के प्राथमिक और उन्नत कामों में बेहतर सहूलियत देकर मजबूत बनाने के लिए न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर ने ट्रैक्टर टायरों के लिए योकोहामा ऑफहाईवे टायर के ब्रांड अलायंस के साथ गठजोड़ किया है। गठजोड़ के बाद न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर के ट्रैक्टरों में जापानी कंपनी के जाने माने कृषि टायर अलायंस ट्रैकप्रो विशाल का इस्तेमाल होगा। वाईओएचटी को कृषि वन निर्माण औद्योगिक जमीन खोदने खनन और बंदरगाह तथा अन्य वाणिज्यिक गतिविधियों में काम आने वाले टायर डिजाइन करने विकसित करने बनाने और उनकी मार्केटिंग करने में महारत हासिल है। जिनसे ट्रैक्टर का प्रदर्शन बेहतर होगा। मिट्टी कम दबेगी और टिकाऊपन गति एवं टायर के लंबे जीवन का फायदा एक साथ मिलेगा। योकोहामा ऑफहाईवे टायर्स के प्रेसिडेंट सेल्स अपैक हरिंदर सिंह ने कहा गठजोड़ के जरिये हम न्यू हॉलैंड एग्रिकल्चर के ट्रैक्टरों को अत्याधुनिक खूबियों और बेहतरीन गुणवत्ता वाले टायर उपलब्ध कराएंगे। सेल्स निदेशक भारत एवं सार्क कुमार बिमल ने कहा गठजोड़ से हमारे ट्रैक्टरों को अतिरिक्त खूबी मिल जाएगी। देश में आधुनिक किसानों की बदलती जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करेंगे।

## जरूरी सुरक्षा और सड़क परीक्षकों ने निर्धारित किए गए मानक

**प्रयागराज।** पहले के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ करके इंडिया बुक ऑफ़रिकॉर्ड्स और फेडरेशन ऑफमोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ़इंडिया एफ़एमएससीआई में जगह बनाते हुए इतिहास रच दिया है। बजाज पल्सर एन एस एक सौ साठ ने सबसे लंबे नो हैन्ड्ज़ व्हीली के रिकार्ड को तोड़ा है। रोड टेस्टर ऋषिकेश मांडके ने एफ़एमएससीआई के वरिष्ठ प्रतिनिधि और इंडिया बुक ऑफ़रिकॉर्ड्स के न्याय निर्णायक एडज्यूडिकेटर की उपस्थिति में रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 186ण्8 मीटर का नो हैन्ड्ज़ व्हीली के रिकॉर्ड को पूरा कर 89 मीटर के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

## बाबा साहेब की 130वीं जयंती समारोहपूर्वक मनी

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**संविधान निर्माता** , भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव की 130 वी जयंती नगर एवं क्षेत्र में समारोह पूर्वक मनाई गई । बाबा साहब के अनुयायियों ने अपने अपने घरों में अच्छे-अच्छे पकवान बनवाए और शाम को घरों में दीप व मोमबत्ती जलाकर बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया । क्षेत्र की ग्राम पंचायत कलवारी मोहम्मदाबाद में भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार व नगर पंचायत गंज मुरादाबाद के चेयरमैन रामनरेश कुशवाहा ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इसी क्रम में नगर स्थित भाजपा कार्यालय में बाबा साहेब की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई । पार्टी के नगर अध्यक्ष गोविंद कुशवाहा व अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। भाजपा नेता नीरज गुप्ता ने कहा भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के छोटे से गांव महू में हुआ था। बाबा साहब के पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल और माता का नाम भीमाबाई था। इस वजह से शुरू में उनका सरनेम सकपाल था। उन्होंने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में अम्बेडकर को महान समाज सुधारक माना जाता है। उन्होंने दलितों पिछड़ों अस्पृश्यों के विरुद्ध हो रहे अन्याय का सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक धरातल पर भी विरोध किया। आन्दोलनों के माध्यम से शोषित वर्ग में आत्मबल तथा चेतना जागृत करने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया। श्री गुप्ता ने कहाकि अम्बेडकर के अनुसार अस्पृश्यता की जड़ें वर्णव्यवस्था में है । अत: समाज के उत्थान के लिए अस्पृश्यता का निवारण अति आवश्यक है। भीमराव अम्बेडकर ने दलितों के विकास के लिए अंतर्जातीय विवाह, दलितों की शिक्षा, संघर्ष और संगठन पर बल व्यवस्थापिका कार्यपालिका तथा राजकीय सेवाओं में उनके पर्याप्त प्रतिनिधित्व का समर्थन किया। इसी तरह नगर के मोहल्ला प्रेम गंज में सुनील गौतम सभासद के अगुवाई में अंबेडकर जयंती मनाई गई । इस अवसर पर छोटेलाल , गुड्डू पप्पू , बबलू , सुशील गौतम , अखिलेश व हुकुम आदि मौजूद रहे ।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने तृणमूल नेता के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। उन्नाव

**भाजपा जिलाध्यक्ष** राजकिशोर रावत ने पश्चिम बंगाल में आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की नेता सुजाता मंडल खान द्वारा अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों को लेकर अत्यंत अपमानजनक टिप्पणी करने को लेकर भाजपाइयों के साथ महामहिम राष्ट्रपति के नाम प्रेसित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञात हो बीते दिवस पश्चिम बंगाल में आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की नेता सुजाता मंडल खान द्वारा पश्चिम बंगाल के अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों को लेकर अत्यंत अपमानजनक टिप्पणी की गई थी। जिसमें उनके द्वारा कहा गया था यह लोग भिखारी स्वाभाव के होते हैं। टिप्पड़ी को लेकर जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत ने कहा कि आज बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती है। बाबा साहब ने हमेशा दलित वर्ग के लोगों को न्याय दिलवाने के लिए कार्य किया और ममता सरकार के नेता दलितों का अपमान करके बाबा साहब का अपमान कर रही हैं। ज्ञापन देने पहुंचे लोगों में जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत सहित जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज त्रिपाठी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला, जिला कार्यसमिति सदस्य विवेक तिवारी, मोनू दीक्षित, अश्वनी त्रिपाठी रहे।

## संक्रमित व्यक्ति को 1450 में मिलेगी मेडिकल किट

- जिलाधिकारी के साथ बैठक के बाद पांच मेडिकल स्टोर का हुआ चयन

संवाददाता। उन्नाव



**करोना संक्रमण** से पीड़ित लोगों को होम आइसोलेशन के दौरान आवश्यक मेडिकल किट उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जिला अधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में मेडिकल स्टोर एसोसिएशन एवं जिला औषधि निरीक्षक अजय संतोषी के साथ कैंप कार्यालय में बैठक आयोजित हुयी।

जिलाधिकारी ने उपस्थित मेडिकल स्टोर प्रतिनिधियों से कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जिस तरह से पूर्व में गत वर्ष होम आइसोलेशन के दौरान मेडिकल किट आप लोगों द्वारा उपलब्ध कराई गई थी उसी प्रकार से संक्रमित व्यक्ति को निर्धारित दर पर मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाय। जिलाधिकारी के निद्रेश पर मेडिकल स्टोर के उपस्थित प्रतिनिधियों ने बताया कि मांग पर किट उपलब्ध करा दी जाएगी। जिलाधिकारी ने मेडिकल की दर 1450 रुपए निर्धारित करते हुए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिला औषिध निरीक्षक ने बताया कि जिलाधिकारी की स्वीकृति के उपरांत जनपद के पांच मेडिकल स्टोर का चयन किया गया है। जिसमें मेडिपॉइंट आदर्श नगर, कृष्ण देव मेडिकल स्टोर रामपुरी, ड्रग एरिना मेडिकल हिरन नगर, प्रमेंद्र मेडिकल स्टोर ए0बी0 नगर तथा कल्याणी मेडिकल स्टोर आवास विकास का चयन किया गया है। मेडिकल किट में 25 मास्क, पल्स ऑक्सीमीटर, डिजिटल टेंपरेचर, सेनिटाईजर, सोडियम हाइपोक्लोराइट, विटामिन सी तथा जिन्क गोली का किट बनाया गया है। बताया इसकी कीमत 1450 रुपए निर्धारित की गई है। औषधि निरीक्षक ने बताया कि मेडिपॉइंट मोबाइल नंबर 7752956660 तथा ड्रग एरिया मेडिकलस किट्स का मोबाइल नंबर 775295661 के मेडिकल स्टोर पर आवश्यक मेडिकल किट 24 घंटे में कभी भी फोन करके प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट तथा मेडिकल स्टोर प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

### कोरोना मरीजों के लिए आक्सीजन की कमी नहीं रहनी चाहिएः डीएम

- ऑक्सीजन के अभाव में किसी भी तरह जानहानि न हो यह प्रयास करें

**उन्नाव।** कोरोना संक्रमण के बढ रहे आंकड़े के बीच संक्रमण की दर पर नियंत्रण पाने को लेकर जिला अधिकारी रविंद्र कुमार ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ कैंप कार्यालय में बैठक कर आवश्यक निर्देश जारी किये।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निद्रेशित करते हुए कहा हमारी लड़ाई काविड 19 संक्रमण को कम करने की है। सभी अपनी-अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए प्रयास करें कि किसी को कोरोना संक्रमण से जानहानि न हो। यदि हम किसी की जान बचाने में सफल होते हैं तो अपनी जिम्मेदारी के साथ पीड़ित परिवार की खुशियां अपार होंगी। सभी सक्रिय रहकर कोरोना संक्रमण से निजात दिलाने में सक्रिय सहयोग के भागीदार बने। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट चंदन कुमार पटेल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऑक्सीजन का स्टाक पूरा रखा जाय। कहीं भी ऑक्सीजन की कमी न रहे यह अभी से सुनिश्चित कर लिया जाए। ऑक्सीजन सिलेंडर आपूर्ति एवं भंडारण पर चर्चा करते हुए कहा कि वैसे जनपद में ऑक्सीजन की कमी नहीं है सभी पीड़ित को आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराई जा रही है। छोटे एवं बड़े ऑक्सीजन सिलेंडर का भंडारण आवश्यकता से अधिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए है। सरकारी / गैर सरकारी अस्पतालों में भी पर्याप्त गैस सिलेंडर रखने के निर्देश दिए गए है। कुछ सिलेंडर रिजर्व में भी रखने को कहा गया है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि कंट्रोल रूम में स्वास्थ्य विभाग की टीम 24 घंटे सक्रिय की जाय। प्रत्येक टीम में 1 डॉक्टर का होना आवश्यक है। टीम को कोरोना संक्रमण से निपटाने की पूरी जानकारी से अपडेट किया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तन्मय कक्कर, डॉक्टर आर0के0 गौतम आदि उपस्थित रहे।

## यूटीआई वैल्यू अपोर्चनिटी फंड मार्केट कैंप में अवसर की तलाश करता है

**वाराणसी।** निवेशकों को अक्सर वित्तीय विशेषज्ञ यही सलाह देते हैं कि उन्हें निवेश के लिए ऐसे फंड्स को चुनना चाहिएए जो बाजारों के निकट पूर्ण स्पेक्ट्रम को कैप्चर करते हैंए दूसरे शब्दों में अच्छी तरह से विविध फंड। एक तरीका तो यह है कि आप बिग कैप फंड की तरफ बढ़ने लगते हैंए क्योंकि वे बाजार पूंजीकरण के लगभग 80.85 फीसदी को किसी न किसी रूप में कवर करते हैं। यूटीआई वैल्यू अपोर्चुनिटी फंड इस तरह के फंड में से एक है जो किसी दिए गए स्टॉक के सापेक्ष आंतरिक मूल्य के संदर्भ में व्यक्त होने वाले अवसरों की तलाश करता हैए जिसका अर्थ है निवेश की ष्वैल्यूष् शैलीए बाजार पूंजीकरण स्पेक्ट्रम में जिसे हम मल्टी.कैप फंड कहते हैं। जहां ष्वैल्यूष् का तात्पर्य अपने आंतरिक मूल्य से कम के लिए खरीद है। आंतरिक मूल्य केवल नकदी प्रवाह का वर्तमान मूल्य है जो कंपनी अपने शेयरधारकों के लिए समय.समय पर उत्पन्न करती है। अविकसित व्यवसाय स्पेक्ट्रम के दोनों छोर पर पाए जा सकते हैं। एक छोर पर बाजार प्रतिस्पर्धी फायदे की स्थिरता और ध्या कंपनी के लिए ग्रोथ रनवे की लंबाई की सराहना की जा सकती है। स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर ऐसी कंपनियां हैं जो चक्रीय कारकोंए माहौल में बदलाव या अपने पिछले कार्यों के कारण चुनौतियों का सामना कर रही हैं। लेकिन यदि मूल व्यवसाय स्वस्थ है और बेहतर भविष्य का मार्ग ;नकद प्रवाहए रिटर्न अनुपातद्ध दिखाई देता है तो उनके निराशाजनक मूल्यांकन एक आकर्षक प्रवेश बिंदु प्रदान करते हैं।

## रमजान के महीनों में घरों से ही करें अल्लाह की इबादतः डॉ. जावेद

**वाराणसी।** कोरोना महामारी की बेतहाशा बढ़ोतरी की वजह से मुकद्दस रमज़ान के पाक महीने में मुसलमान घरों से ही इबादत करें तो बहुत बेहतर है। उक्त अपील जारी करते हुए सेण्ट्रल हज कमेटी, भारत सरकार के पूर्व सदस्य डॉण् इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा कि अल्लाह हमसब का कड़ा इम्तिहान ले रहा। कोरोना महामारी की दूसरी लहर बेहद खतरनाक साबित हो रहीए अस्पतालों में जगह नहीं मिल पा रही है। ऐसे में हमसब को अपने परिवार की चिंता करते हुए ज़्यादा से ज़्यादा घरों में रहने की आदत डालनी होगी। डॉण् जावेद ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि आप सब को यह भी पता है कि इस बीमारी से बचने का एक ही उपाय है कि हम घर में रहें।

## विकास कराने का वादा कर दिलीप ने मांगे वोट



**घाटमपुर।** बीते दिवस जिला पंचायत सीट बेंहटा बुजुर्ग वार्ड नंबर 22 से बसपा प्रत्याशी डा0 दिलीप पटेल ने गांव उदईपुर, गुगुरा, हरीपुर, बीहूपुर, इर्टरा तथा बेहटा बुजुर्ग सहित कई गांवों में जाकर बिकास कराने का वादा कर अपने चुनाव चिन्ह कैची के लिये बोट मॉगे, उनके साथ रामऔतार सचान, रामप्रकाश कुरील, राज -बिश्म्भर संखवार, दीपेंन्द्र यादव, रबि कुरील, रामू कुटार, राम खिलावन कुटार, गोविन्द यादव, देवाशीष के अलावा कानपुर नगर जनपद के अध्यक्ष रामशंकर कुरील व महानगर अध्यक्ष रामनरायन निषाद आदि प्रमुख लोग रहे।

## कोविड-19 के तहत निगरानी समितियां करें कार्य, लापरवाही क्षम्य नहींः डीएम

- 45 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों का किया जाए शत प्रतिशत कोविड-19 टीकाकरण : डीएम

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी जितेन्द्र** प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कोविड.19 की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कोविड.19 गाइडलाइन के अनुसार निगरानी समितियां ग्राम स्तर पर सक्रिय किए जाने के निर्देश दिए। जिस पर डीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने बताया कि रसूलाबाद व झींझक में लगी निगरानी समिति की टीम जिसमें आशाए आंगनवाड़ीए शिक्षामित्रए ग्राम पंचायत सचिव आदि द्वारा लापरवाही की जा रही हैं तथा कुछ के फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने निगरानी समिति टीम को निर्देशित किया है कि जिसके द्वारा लापरवाही पाई जाएगी व फोन स्विच ऑफ पाया जाएगा तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित किया कि कोविड.19 के बढ़ाते संक्रमण को देखते हुए सभी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं ठीक रहे तथा चिकित्सक समय से अस्पतालों मे उपस्थित हों तथा कोरोना पॉजिटिव पाए गए मरीजों की कांटेक्ट ट्रेसिंग शत प्रतिशत की जाए। उन्होंने कहा कि कोविड.19 के चलते सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाएए सेनेटाइजर का भी प्रयोग किया जाए तथा लोगों को मार्क्स लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कोरोना पॉजिटिव पाए गए मरीजो के स्थानों पर सेनेटाइज समय से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड.19 टीकाकरण ज्यादा से ज्यादा किया जाए तथा लोगों को टीका लगवाने हेतु प्रेरित भी करें तथा प्रचार प्रसार भी किया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्माए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लालए अतिरिक्त मजिस्ट्रेटए जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहनए डीडीओए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि अधिकारीगण व चिकित्सक उपस्थित रहे।




डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह कोविड-19 निगरानी समिति की बैठक करते हुये

# भाजपा की सूची आते ही मचा घमासान

## ● भीटी चतुर्थ के प्रत्याशी पर सबसे ज्यादा विवाद

## ● भियांव उत्तरी के प्रत्याशी को लेकर भी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**त्रिस्तरीय पंचायत** चुनाव के लिए भाजपा ने जिला पंचायत के सभी 41 वार्डों के प्रत्याशियों के नामों की सूची मंगलवार को देर शाम जारी कर दी । सूची जारी होने के बाद कुछ क्षेत्रों में प्रत्याशियों के नामों को लेकर घमासान मचा हुआ है । उन नामों को पार्टी के कार्यकर्ता हजम नहीं कर पा रहे हैं हालांकि पार्टी नेताओं का कहना है कि पार्टी ने जिस पर विश्वास जताया है उसका समर्थन किया जाएगा। सबसे ज्यादा विवाद भीटी चतुर्थ पर घोषित नाम को लेकर है । यहां पर पार्टी ने अमरेंद्र पाल को प्रत्याशी घोषित किया है ।बताया जाता है कि अमरेंद्र पाल भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य तक नहीं है इसके बावजूद उसका नाम प्रत्याशियों की सूची में कैसे पहुंच गया , इसको लेकर पार्टी के कई नेता खुद भी सकते हैं। अमरेंद्र को अजय सिंह सिपाही का मोहरा बताया जा रहा है । चर्चा यह भी है कि अजय सिंह सिपाही के प्रभाव में आकर ही पार्टी के कुछ नेताओं ने वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर अमरेंद्र पाल को प्रत्याशी घोषित कराने में मदद की। सोशल मीडिया पर सामने आए एक ऑडियो में पार्टी के एक वरिष्ठ नेता द्वारा अमरेंद्र पाल के नाम पर आपत्ति जतायी गयी है। अब देखना यह है कि इस अंतरविरोध के बीच अमरेंद्र पाल का चुनाव परिणाम किस करवट बैठता है। ऐसा ही मामला भियांव उतरी में देखने को मिल रहा है। यहां पर पार्टी के जिला मंत्री व वरिष्ठ नेता विकास तिवारी अपनी पत्नी को टिकट दिलाने के प्रति आश्वस्त थे। उन्होंने बीते लगभग दो माह से चुनाव अभियान को जबरदस्त धार दे दे दी थी लेकिन यहां पर अचानक जैशराज निषाद को प्रत्याशी घोषित कर दिया गया जिसको लेकर विकास तिवारी ने सोशल मीडिया पर जमकर भड़ास निकाली है। अब देखना यह है कि पिछले जिला पंचायत चुनाव में एक पार्टी नेता के डमी प्रत्याशी के रूप में खड़े होकर पांचवें स्थान पर रहे जैशराज निषाद भाजपा के लिए कौन सा गुल खिलाते हैं। जैशराज निषाद को जलालपुर क्षेत्र के एक भाजपा नेता का करीबी बताया जा रहा है। चर्चा यह भी है कि जिला स्तर पर संगठन में बदलाव के बाद ही विकास तिवारी को किनारे लगाने का काम शुरू हुआ। इसी का परिणाम हुआ कि उन्हें टिकट से वंचित होना पड़ा। अब टिकट कटने के बाद विकास तिवारी का अगला कदम क्या होगा, यह देखने वाली बात होगी। पार्टी में कुछ अन्य सीटों पर भी प्रत्याशियों के नामों को लेकर अंदर ही अंदर सुगबुगाहट चल रही है लेकिन फिलहाल अभी वह मुखर नहीं हो सकी है।

## डीएम व एसपी ने पढ़ाया आचार संहिता का पाठ



**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन एवं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने जलालपुर और टांडा कोतवाली में बैठक कर संभावित प्रत्याशियों को आचार संहिता का पाठ पढ़ाया ।जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आचार संहिता का पालन करना जनहित व समाज हित में है। यही हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार का प्रलोभन देना आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि बढ़ते कोरोनावायरस को देखते हुए सभी कोविड-19 के नियमों का भी पालन करें,मास्क पहने और मतदान के लिए सभी कोरोनावायरस से अपना बचाव कर मतदान करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पंचायत चुनाव में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# मेडिकल कॉलेज टाण्डा में वृहद रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**भारतीय के** संविधान निर्माता और भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जनपद के यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता के नेतृत्व में राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टाण्डा में एक रक्तदान शिविर का आयोजन युवान फाउंडेशन एवं प्रेमा राधे मेमोरियल एजुकेशन एण्ड चौरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में किया गया जिसमें एक दर्जन युवाओं ने रक्तदान कर कोरोना काल में समाजसेवा का एक मिसाल प्रस्तुत किया है। इस मौके पर शिविर संयोजक रविन्द्र राजभर ने कहा कि रक्तदान के लिए यदि लोग जागरूक हो जाएं तो रक्त की कमी से किसी भी मरीज की मृत्यु को हम रोक सकते हैं। इस अवसर पर यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर जीवनदायिनी रक्त का दान करें और अनजान जीवन को बचाकर वसुधैव कुटुम्बकम के नारे को चरितार्थ करें। '21वीं बार रक्तदान करते हुए रविन्द्र राजभर' ने आह्वान किया कि हम सभी को नियमित रूप से रक्तदान में सहभाग करना चाहिए। अकेली महिला रक्तदानी के रूप में अपना अनुभव साझा करते हुए डॉ0 निधि ने पहली बार रक्तदान किया और बताया कि उन्हें रक्तदान करके बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। इससे पूर्व आयोजकों द्वारा फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर में कुल 13 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया जिसमें से फिट पाए गए कुल आठ लोगों



रक्तदान करते युवा

ने रक्तदान किया ।डॉ0 विनोद कुमार (तीसरी बार), डॉ0 राहुल गौतम (दूसरी बार), रविन्द्र राजभर (इक्कीस बार), भानुप्रताप (पहली बार),संदीप कुमार वर्मा (दूसरी बार),विपिन कुमार (तीसरी बार),डॉ0 निधि (पहली बार),डॉ0 विपिन कुमार (दूसरी बार),रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से ज्योत्सना सिद्धार्थ, प्रज्ञा वर्मा, रतिभान, विवेक कुमार, दीपक नाग, आदर्श, नवीन दीक्षित, राजकुमार, रमेश आदि उपस्थित रहे।

# निर्बल व वंचित समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही भाजपा: जिलाध्यक्ष

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**सामाजिक समरसता** और समन्वय स्थापित कर समता मूलक समाज की परिकल्पना ही समाज के अन्तिम व्यक्ति के उत्थान के लिए आवश्यक आवश्यकता है। भाजपा सदैव निर्बल और वंचित समाज की उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। उक्त विचार भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने सामाजिक समरसता और न्याय के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हुए दलित और कमजोर वर्ग के लिए समर्पित रह कर देश सेवा करने वाले महान विचारक डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रतिमा के समक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर साफसफाई कर दीप प्रज्जवलित कर एवम् 14 अप्रैल को मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किया।भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा पंच तीर्थ स्थापित करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और वंचित समाज के तरफ से आभार व्यक्त किया। भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के निर्णय के क्रम में 13 और 14 अप्रैल को डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की जंयती को भव्य तरीके से समारोह पूर्वक मनाने की योजना को सफल बनाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष ने जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद को जिला संयोजक और जिला सह संयोजक शिव पूजन राजभर को बनाया था। कार्यक्रम के जिला संयोजक चंद्रिका प्रसाद ने बताया कि संगठन के निर्देशानुसार जनपद में डाक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन और पुष्पांजलि कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। चंद्रिका प्रसाद ने बताया कि जनपद के सभी मंडलों और विभिन्न स्थानों पर सम्पन्न हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,पूर्व सांसद हरिओम पांडेय,विधायक अनीता कमल,संजू देवी,चेयर मैन सरिता गुप्ता,पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी,भूमि विकास बैंक डायरेक्टर यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह,पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्त,दशरथ यादव,सुमन पाण्डेय,रफत एजाज,जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया,जिला मंत्री दीपक तिवारी,दिलीप पटेल देव,भाजपा नेता मनोज गुप्त गुड्डू,श्याम बाबू गुप्ता,विनोद सिंह,अशोक उपाध्याय,गौतम उपाध्याय,संजय सिंह,अमित पाण्डेय,राजेश सिंह बब्लू,संजीव मिश्र,अमरजीत मौर्य,रवि सिंह चौहान,सुनील गुप्ता,गया प्रसाद वर्मा,दिलीप तिवारी,सुभाष वर्मा सदा राम वर्मा,मनोज मौर्य,रणंजय सिंह,भगवान पाण्डेय,महेन्द्र प्रताप वर्मा,आनन्द श्रीवास्तव, कृष्ण भगवान मिश्र,अंकित पाण्डेय,कुलदीप सिंह सहित भाजपा के घोषित सभी जिला पंचायत प्रत्याशी ने अपने अपने वार्ड में जंयती मनाया।

# अभाविप टांडा नगर इकाई ने मनाई बाबा साहेब की जयंती



जयंती मनाते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**भारतीय समाज** को एकत्मता और समरसता के सूत्र में बांधने का बाबा साहब भीमराव राम जी का योगदान सदियों तक सभी भारतीयों को प्रेरणा देता है और रहेगा,ऐसे भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर जी की जयंती पर टांडा नगर इकाई के द्वारा ताज टॉकीज अंबेडकर पार्क स्थित ''बाबा साहब भीमराव रामजी अंबेडकर जी'' की प्रतिमा पर विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री सौरभ मिश्रा के द्वारा माल्यार्पण किया गया। सौरभ मिश्रा ने बाबासाहेब भीमराव राम जी अम्बेडकर के 130वीं जयंती पर कहा कि बाबासाहब जी हमें जो मार्ग्ग दिखाकर गए हैं, उस पर देश निरंतर चले, इसकी जिम्मेदारी हमारी शिक्षा व्यवस्था और हमारे विश्वविद्यालयों पर हमेशा रही है और जब प्रश्न एक राष्ट्र के रूप में साझा लक्ष्यों का हो, तो सामूहिक प्रयास ही सिद्धि का माध्यम बनते हैं। विद्यार्थी परिषद के तहसील संयोजक देवेश अग्रहरी निशु ने कहा कि बाबासाहेब को जब हम पढ़ते हैं, समझते हैं तो हमें अहसास होता है कि वे एक न्दपअमतेंस टपेपवद के व्यक्ति थे ।नगर मंत्री अतुल सोनी जी ने कहा कि ''बाबा साहब भीमराव अंबेडकर '' की जयंती पर संकल्प लिया आज के भारत में समरस भारत समृद्ध भारत हो। तहसील सह संयोजक उमंग मांझी, नगर सहमंत्री हिमांशु शाहू, अभिषेक,रोहित,ेे प्रमुख बादल कुमार, कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार,आयुष, नीरज, आलोक, अरविन्द, वरुण, राहुल रमन, विवेक, उमेश, राहुल, मयंक, हर्ष, आदित्य,रोहित जायसवाल, अखिलेश कुमार, रोमिल राव व समस्त कार्यकर्ता रहे।

## एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती



बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता

**अम्बेडकरनगर।** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती में बड़े ही सादगी के साथ मनाई गई. एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जिल के कई स्थानों पर बाबा साहेब की जयंती बहुत ही सादगी के साथ मनाई, अकबरपुर, जलालपुर, रामनगर, टांडा, अकबरपुर नगर इकाई द्वारा अकबरपुर नगर में स्थित काशीराम आवास में माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने मनाई जयंती एबीवीपी जिला संयोजक आकाश पाण्डेय ने कहा कि बाबा साहेब का पूरा जीवन लोगों को उनका हक दिलाने और समतावादी समाज को स्थापित करने के लिए समर्पित रहा. उन्होंने देश के संविधान निर्माण में बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए लोगों से उनके बताये मार्ग पर चलने की अपील भी किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सह संयोजक अंकित सिंह, नगर मत्री रणधीर सिंह, राजन सिंह, नितिन सिंह, बृजेश राजभर, शिवम् राना, अनमोल चौरसिया, भास्कर आदित्य, पीयूष यादव, नितिन कुमार, अभिषेक दुबे, देवेश अग्रहरि, अतुल सोनी, अमन श्रीवास्तव, विकास यादव, रजनीश पांडे, शिवम पांडे, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विवाहिता की मौत के मामले में तीन आरोपी भेजे गये जेल

## ● वही पीएम रिपोर्ट की बात करें तो पुलिस के द्वारा मौत का कारण हैंगिंग बतायी जा रही

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**सोमवार की** सुबह हुई विवाहित युवती की मौत के मामले में बुधवार को बसखारी पुलिस के द्वारा तीन आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही पीएम रिपोर्ट की बात करें तो पुलिस के द्वारा मौत का कारण हैंगिंग बतायी जा रही है। बता दे बीते सोमवार की सुबह बसखारी थाना क्षेत्र के संदहा मजगवां गांव के बुढ़ियापुर में स्थित अपने ही घर में एक विवाहित महिला ज्योति उम्र 26 वर्ष का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया था। जिस मामले में मृतका के पिता घेरवा मरौंचा निवासी कौशल कुमार श्रीवास्तव पुत्र लालबिहारी श्रीवास्तव के द्वारा मृतका की सास चंद्रावती देवी,ससुर श्रीनिवास, आलोक कुमार एवं छोटी ननद अंशिका को आरोपी बनाते हुए दहेज उत्पीड़न एवं अपनी बेटी ज्योति उर्फ संध्या की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए बसखारी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। तत समय सीओ सिटी अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार आलापुर आलोक रंजन एवं थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल के विभिन्न पहलुओं की जांच पड़ताल करते हुए शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वही मौके से ही आरोपियों को पुलिस के द्वारा हिरासत में लेने की भी बात सामने आई थी। फिलहाल बुधवार को बसखारी पुलिस के द्वारा आरोपी सास ,ससुर एवं पति को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने का दावा किया जा रहा है,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग का मामला सामने आया है। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे ने बताया कि घटनाक्रम से संबंधित तीनों आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही अन्य पहलुओं की जांच पड़ताल की जा रही है।

# कैसे होगी जांच जब एलटी की चुनाव में लगी ड्यूटी

## ● जिला अस्पताल के चार एलटी की चुनाव में लगी ड्यूटी

## ● कोरोना संक्रमण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी को लेकर उठे सवाल

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**विश्वव्यापी महामारी** कोविड-19 को नियंत्रण में लाने के लिए सरकार हर संभव कदम उठा रही है। इस महामारी से निपटने में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका सबसे प्रभावशाली हो चुकी है। स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी जा रही है तो वही अंबेडकर नगर का जिला प्रशासन स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी के साथ ही मजाक कर रहा है। दो दिन पूर्व एक लैब टेक्नीशियन के कोरोना संक्रमित होने के बाद से जिला अस्पताल में 24घण्टे से अधिक समय तक आरटी पीसीआर का सैंपल नहीं लिया जा सका था। अब जिला प्रशासन ने जिला अस्पताल में कार्यरत चार अन्य लैब टेक्नीशियन की ड्यूटी चुनाव में लगा कर नहले पर दहला मार दिया। यहां यह बताना महत्वपूर्ण है कि कोविड-19 से संबंधित समस्त जांचों को लैब टेक्नीशियन द्वारा ही किया जाता है लेकिन जब जिला अस्पताल में कार्यरत 4 लैब टेक्नीशियन की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई हो तो फिर जाचो पर क्या असर पड़ेगा, यह आसानी से जाना जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आरटी पीसीआर जांचों की संख्या को बढ़ाने का निर्देश दिया जा चुका है लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन ने लैब टेक्नीशियन तक को चुनावी ड्यूटी में समाहित कर लिया है । बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय में कार्यरत ए एम त्रिपाठी, टीके सिंह, अमीन व धीरेंद्र की ड्यूटी चुनाव कार्य में लगा दी गई है । इसके अलावा वहां पर कार्य रत वरिष्ठ लिपिक राकेश श्रीवास्तव व कनिष्ठ लिपिक सुभाष सिंह की ड्यूटी भी चुनाव कार्य में लगाई गई है। इन कर्मियों के चुनाव कार्य मे लग जाने के बाद जिला अस्पताल में व्यवस्था का प्रभावित होने तय माना जा रहा है। इस सम्बंध में जब मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओम प्रकाश से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इस सम्बंध के वह जिलाधिकारी से वार्ता करेंगे।

# प्रतीकात्मक रूप से हुई सरयू महा आरती

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**भारतीय नव** वर्ष विक्रमी संवत 2078 चौत्र शुक्ल प्रतिपदा की प्रथम संध्या पर नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति टांडा के महामंत्री दिनेश नारायण सिंह एवं अन्य ने प्रतीकात्मक रूप से श्री सरयू महा आरती की । ज्ञात हो कि कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते प्रकोप के कारण समिति ने प्रशासन के आग्रह और सुझाव परनिर्णय लिया था कि इस वर्ष नव संवत्सर के स्वागत में आयोजित होने वाली श्री सरयू महा आरती और दुग्ध अभिषेक समारोह को प्रतीकात्मक रूप से ही संपन्न किया जाएगा। भारतीय नव वर्ष समाज के लिए प्रसन्नता ,उल्लास और समृद्धि लेकर आता है ।वर्तमान में कोरोना वायरस नामक संक्रमण से समाज जूझ रहा है ऐसी स्थिति में समाज के हित के लिए तथा लोगों के स्वास्थ्य रक्षा की दृष्टि से यह समारोह प्रतीकात्मक रूप में ही संपन्न किया गया। समारोह के पुरोहित पण्डित राकेश कुमार मिश्र ज्योतिषाचार्य ने ''आनन्द'' नामक सम्वत्सर के आगमन पर समाज के स्वस्थ रहने और राष्ट्र की समृद्धि की शुभकामना की। अनिरुद्ध अग्रवाल, राजेश कुमार साहू,बजरंगी लाल सोनी, दिनेश कश्यप, दिव्यांशु नारायण सिंह आदि कोविड-19 से बचाव के निर्देशों का पालन करते हुए उपस्थित रहे।

# मानव मूल्यों की स्थापना के लिए हुआ था श्रीराम का जन्म: जगुरत्नेश

**संवाददाता।** अयोध्या





**भगवान श्री** राम के जन्मोत्सव के अवसर पर चक्रवर्ती श्री दशरथ जी का राजमहल बड़ा स्थान में विंदूगद्माचार्य मंहत श्री देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज के सानिध्य में श्री राम कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री राम का अवतार मानव मूल्यों की स्थापना तथा मानवता का संदेश देने के लिए था। पिता पुत्र मित्र गुरु शिष्य आदि सम्बन्धों की गरिमा का उपदेश देने के लिए हुआ था। मात्र राक्षसों का वध ही उनके अवतार का उद्देश्य नही था।पूरी पृथ्वी पर मानवता के प्रतिनिधि के रूप में अवतार लेकर भगवान राम नें समस्त सृष्टि के प्राणियों को मानवता का महत्व समझाया तथा दानवता का समूल विनाश किया?।श्री व्यास जी नें प्रवचन करते हुए कहा कि सम्पूर्ण सूर्य वंशी राजाओं की पावन परम्परा को आगे बढाते हुए भगवान श्री राम नें अपने कार्य काल में जनकल्याण एवम समस्त प्राणियों की रक्षा के लिए अत्यंत अद्भुत एवं महान कार्य किये तथा तेरह हजार वर्ष तक धरती लोक में निवास किया। दशरथ राजमहल के महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान के जन्म के अवसर पर सभी देवी देवता पृथ्वी पर आ जाते हैं और भगवान के जन्म से पहले ही उनके द्वारा कार्यों को संपन्न कराने और सहयोग करने के लिए विभिन्न रूपों में अवतरित हो जाते हैं। श्री महाराज जी ने कहा जब इस मंगल अवसर पर कलयुग में भगवान की कथा होती है और अवसर विवाह का होता है तो सभी देवी देवता पृथ्वी पर विराजमान रहते है तो उस कथा में सभी देवी देवता विराजमान रहते हैं और कथा सुनने वाले का मंगल होता है। श्री राम कथा के व्यवस्थापक कृपालु जी रामभूषण जी महाराज ने कथा में विराजमान सभी संतो का स्वागत किया और कहा श्री गुरुदेव भगवान की कृपा से हम सभी को कथा के श्रवण का अवसर प्राप्त हुआ है और गुरुदेव भगवान की कृपा से ही श्री राम कथा के मर्मज्ञ जगतगुरु रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज दशरथ राजमहल में भगवान की पावन कथा कह रहे हैं हम सब श्रवण कर रहे हैं। उन्होंने कहा की भगवान की कथा श्रवण से ही जीव पवित्र हो जाते हैं और सभी प्रकार के दुख से निवृत्त हो जाते है। लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना पूरे विश्व को अपने चपेट में ली हुई है इसलिए हम सभी लोग भगवान की कथा में कोविड.19 का पालन करेंगे और कथा श्रवण करेंगे। चक्रवर्ती श्री दशरथ राजमहल बड़ा स्थान में अयोध्या के दर्जनों संत महंत प्रभु श्री राम के पावन चरित्र की कथा श्रवण कर रहे हैं।

# जिले में जारी है कोरोना का कहर

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**जिले में** कोरोना का कहर जारी है। चिकित्सक भी लगातार उसकी चपेट में आ रहे हैं। ग्रामीणांचलों में बड़ी संख्या में लोगों में कोरोना का संक्रमण पाया जा रहा है। बुधवार को तीस लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। मेडिकल कालेज के चिकित्सक डॉ0 सुरजीत सिंह कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। इसके अलावां प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक डॉ0 प्रशान्त सिकरवार भी कोरोना संक्रमित हो गये हैं। अकबरपुर,टाण्डा, जलालपुर, भियांव, कटेहरी सहित अन्य विकास खण्डों में कोरोना से संक्रमित लोगों का मिलना जारी है। जिले में संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 266 पर पंहुच गई है। बुधवार को छः लोग स्वस्थ हुए। संक्रमण के बढ़ते मामलों से स्वास्थ्य महकमा महफूज नही हो पा रहा है। पीएचसी बन्दीपुर भियांव का एक कर्मचारी भी संक्रमित पाया गया है। बावजूद इसके लोग गाइडलाइन का पालन करने से कतरा रहे हैं।

# डीएम-एसएसपी ने पंचायत चुनाव के मद्देनजर किया विकास खंडों का निरीक्षण



**अयोध्या।** जिले की पोलिंग पार्टियां हुई रवाना आज होगा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का मतदान अयोध्या. जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अयोध्या जिले में 15 अप्रैल को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का स्थलीय निरीक्षण किया और कोविड.19 प्रोटोकॉल को समझाते हुए कैसे चुनाव संपन्न कराना है इसके लिए सभी जोनल मजिस्ट्रेट उप जिला अधिकारी पीठासीन अधिकारी वह मतदान अधिकारी सुरक्षाकर्मियों को अपने सुझाव भी दिए। डीएम और एसएसपी विकासखंड पूरा बाजार के पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल बच्चू लाल इंटर कॉलेज पूरा बाजार पहुंच कर संबंधित सुपर जोनल एवं जोनल मजिस्ट्रेट तथा उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी से मतदान स्थल हेतु पोलिंग पार्टियों के रवाना होने की स्थिति जानकारी ली। इसके उपरांत अधिकारी द्वय द्वारा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल मयाबाजार पहुंच कर स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तदोपरांत विकास खंड तारुन के मतदान पार्टी रवानगी स्थल श्री अनंत इण्टर कॉलेज खपराडीहए तारुन व विकास खंड बीकापुर के मतदान पार्टी रवानगी स्थल भारती इण्टर कॉलेज बीकापुर का निरीक्षण किया गया सभी जगहों पर मतदान हेतु पोलिंग पार्टियों को मतदान स्थल के लिए रवानगी का कार्य सुचारू रूप से संचालित होता पाया गया। उक्त विकास खंडों के पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थलों के भ्रमण व निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री झा व एसएसपी श्री पाण्डेय ने विकासखंड तारुन क्षेत्र अंतर्गत तकमीनगंज बाजार व जाना बाजार में काली फिल्म लगी चार पहिया वाहनों की फिल्म को निकलवाया गया तथा वाहन का ई. चालान करने के साथ ही वाहन से संबंधित लोगों पर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# सपा ने जिला पंचायत सदस्य पद के 58 प्रत्याशी उतारे मैदान में

● 21 सीटों को रखा ओपेन जिलाध्यक्ष ने दी जानकारी

संवाददाता। सीतापुर

**जिले में** डीडीसी पदों के लिए भाजपा की सूची घोषित होते हुए विरोधी दलों बसपा के बाद सपा ने भी अपने प्रत्याशियों की सूची बुधवार को जारी कर दी है। सपा की जारी सूची में वार्ड 1 बेहटा ओपेन, वार्ड 2 बेहटा वीरेन्द्र कुमार भार्गव, वार्ड 3 बेहटा विजय कुमार वर्मा, वार्ड 4 बेहटा ओपेन, वार्ड 5 बेहटा व सकरन ओपेन, वार्ड 6 सकरन महानदल, वार्ड 7 सकरन षिवकुमारी कनौजिया, वार्ड 8 सकरन ओपेन, वार्ड 9 सकरन व लहरपुर ओपेन, वार्ड 10 लहरपुर ओपेन, वार्ड 11 लहरपुर अनीता वर्मा, वार्ड 12 लहरपुर व हरगांव रेषमा बानो, वार्ड 13 हरगांव रानी राज, वार्ड 14 हरगांव मो.फुरकान खां, वार्ड 15 हरगांव रिंकी देवी राजवंषी, वार्ड 16 हरगांव ओपेन, वार्ड 17 हरगांव व परसेंडी चन्द्रपाल, वार्ड 18 परसेंडी अमित कुमार गौतम, वार्ड 19 परसेंडी ओपेन, वार्ड 20 परसेंडी प्रदीप कुमार कनौजिया, वार्ड 21 परसेंडी व खैराबाद चन्द्रभाल भार्गव, वार्ड 22 खैराबाद ओपेन, वार्ड 23 खैराबाद ओपेन, वार्ड 24 खैराबाद महेन्द्र यादव, वार्ड 25 खैराबाद व ऐलिया आकिफ सिद्दीकी, वार्ड 26 ऐलिया हेमा मालिनी सिंह, वार्ड 27 ऐलिया ओपेन, वार्ड 28 ऐलिया षोएब अहमद षालू, वार्ड 29 ऐलिया व महोली सरदार पिंदर सिंह, वार्ड 30 महोली चन्द्र प्रभा कनौजिया, वार्ड 31 महोली अषोक कुमार भार्गव, वार्ड 32 महोली पिसावां मनोरमा देवी, वार्ड 33 पिसावां षैलेन्द्र सिंह अर्कवंषी, वार्ड 34 पिसावां विन्देष्वरी यादव, वार्ड 35 पिसावां षकरून बानो, वार्ड 36 पिसावां व महोली सरोज यादव, वार्ड 37 पिसावां व मिश्रिख बुद्ध प्रकाष मिश्रा, वार्ड 38 मिश्रिख सीमा राज, वार्ड 39 मिश्रिख ओपेन, वार्ड 40 मिश्रिख नरेष चन्द्र मिश्रा, वार्ड 41 मिश्रिख व गोंदलामऊ आरती तिवारी, वार्ड 42 गोंदलामऊ रहमत जहां, वार्ड 43 गोंदलामऊ राजेष कुमार षुक्ला, वार्ड 44 गोंदलामऊ ओपेन, वार्ड 45 मछरेहटा षुभम राजवंषी, वार्ड 46 मछरेहटा जयकरनलाल, वार्ड 47 मछरेहटा संगीता राजवंषी, वार्ड 48 मछरेहटा व गोंदलामऊ सुमन भार्गव, वार्ड 49 कसमंडा षिवमोहन यादव, वार्ड 50 कसमंडा रालोद, वार्ड 51 कसमंडा ओपेन, वार्ड 52 कसमंडा चित्रकेस यादव, वार्ड 53 कसमंडा व सिधौली षिवप्रसाद यादव, वार्ड 54 सिधौली मुन्नू खां, वार्ड 55 सिधौली रामनरेष रावत, वार्ड 56 सिधौली आचार्य यतीन्द्रनाथ धनगर, वार्ड 57 सिधौली व पहला अषोक यादव, वार्ड 58 पहला षिवदुलारी, वार्ड 59 पहला षान्ती देवी, वार्ड 60 पहला अमलेष कुमारी, वार्ड 51 बिसवां ओपेन, वार्ड 62 बिसवां ओपेन, वार्ड 63 बिसवां ओपेन, वार्ड 64 बिसवां ओपन, वार्ड 65 बिसवां व महमूदाबाद ओपेन, वार्ड 66 बिसवां व महमूदाबाद ओपेन, वार्ड 67 महमूदाबाद महदेई, वार्ड 68 महमूदाबाद विजया वर्मा, वार्ड 69 महमूदाबाद व रामपुरमथुरा विद्यावती, वार्ड 70 रामपुरमथुरा भूपेन्द्र प्रताप सिंह, वार्ड 71 रामपुरमथुरा विमला वर्मा, वार्ड 72 रामपुरमथुरा किरण वर्मा, वार्ड 73 रामपुरमथुरा सीमा अवस्थी, वार्ड 74 रेउसा जितेन्द्र यादव, वार्ड 75 रेउसा ओपेन, वार्ड 76 रेउसा कन्हैयालाल गिरी, वार्ड 77 रेउसा दीपेन्द्र प्रताप सिंह, वार्ड 78 रेउसा श्रीकेषन पाल, वार्ड 79 रेउसा में तौकीर अहमद अल्लन का नाम शामिल है। जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव ने बताया कि 21 सीटों पर सहमति न बनने से उन्हें ओपेन छोड़ दिया गया है।

समाजवादी पार्टी

### सहयोगी दलों के लिए छोड़ीं दो सीटें: एमएलसी

**सीतापुर के** एमएलसी आनंद भदौरिया ने बताया जिला पंचायत सदस्यों की घोषित सूची में सपा ने दो सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ दी है, जिनमें वार्ड संख्या 6 सकरन को महानदल के लिए और वार्ड संख्या 50 कसमंडा को रालोद के लिए छोड़ा गया है। सपा इन सीटों पर सहयोगी दलों के प्रत्याशियों का समर्थन करेगी। वार्ड संख्या 50 से रालोद के आरपी सिंह चौहान दावेदारी पेश कर रहे है।

## डीएम को भाजपा सांसद, जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर

**केंद्र और** राज्य में अपनी ही पार्टी की सरकार होने के बावजूद जब भाजपा के सीतापुर सांसद राजेश वर्मा और जिला अध्यक्ष सचिन मेहरोत्रा सहित संगठन के कई पदाधिकारी ज्ञापन लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे तो लोग

● बंगाल में टीएमसी की नेत्री पर अनुसूचित जाति समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जताया विरोध

अचरज में पड़ गए। बाद में खुलासा हुआ कि यह ज्ञापन पश्चिम बंगाल एक मामले को लेकर दिया गया है। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज को सौंपा गया, जिसमें टीएमसी नेत्री सुजाता मंडल खान पर अनुसूचित जाति समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। इस दौरान रोहित सिंह, संजय मिश्रा, नीरज वर्मा झल्लर, राजेश शुक्ला आदि मौजूद थे।

## बसपा ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए घोषित किए 26 प्रत्याशी

● पहली सूची में बसपा ने उतारे समर्थित प्रत्याशी

संवाददाता। सीतापुर

**बसपा ने** जिला पंचायत सदस्य की 26 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए है। बसपा जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी ने बताया कि यह पार्टी की ओर से जारी पहली सूची है। शेष सीटों पर भी जल्द ही प्रत्याशियों का नाम घोषित कर दिया जाएगा। पहली सूची में वार्ड-1 बेहटा प्रथम से जहीर अहमद, वार्ड-4 बेहटा चतुर्थ से विषमा देवी मधुकर, वार्ड-9 सकरन व लहरपुर से फुरकान गाजी, वार्ड-11 लहरपुर द्वितीय से सूबी बानो, वार्ड-12 लहरपुर व हरगांव से संगीता देवी गौतम, वार्ड-25 खैराबाद व ऐलिया से अनिल भारती, वार्ड-27 ऐलिया से अर्पिता पांडेय, वार्ड-34 पिसावां द्वितीय से हेमपाल सिंह अर्कवंशी, वार्ड-35 पिसावां तृतीय से रानी गुप्ता, वार्ड-39 मिश्रिख द्वितीय से रीता पाल, वार्ड-37 पिसावां व मिश्रिख से मनोज भास्कर, वार्ड-40 मिश्रिख तृतीय से संतोष यादव, वार्ड-42 गोंदलामऊ प्रथम से गुड्डी देवी, वार्ड-43 गोंदलामऊ द्वितीय से सुदर्शन लाल भारती को प्रत्याशी बनाया गया है। वार्ड-45 मछरेहटा प्रथम से मुन्नीलाल राजवंशी, वार्ड-49 कसमंडा प्रथम से मनीष मिश्र, वार्ड-57 सिधौली व पहला से दिग्विजय सिंह यादव, वार्ड-59 पहला द्वितीय से रामवती, वार्ड-62 बिसवां द्वितीय से शाकिर अली, वार्ड-63 बिसवां तृतीय से अतीकर्रहमान, वार्ड-68 महमूदाबाद द्वितीय से रामलली यादव, वार्ड-69 महमूदाबाद व रामपुर मथुरा से सुनीता देवी, वार्ड-72 रामपुर मथुरा तृतीय से किरन भारती, वार्ड-73 रामपुर मथुरा चतुर्थ से अंजूमन, वार्ड-75 रेउसा द्वितीय से राजिया तथा वार्ड-78 रेउसा पंचम से मोहम्मद शमीम के नाम शामिल है।

कोरोना को लेकर

## अब घर बैठे ले सकेंगे चिकित्सक की सलाह

● स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सकों के मोबाइल नम्बर किए गए जारी



संवाददाता। सीतापुर

**कोरोना काल** में अब आप दूरभाष के माध्यम से भी चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय के चिकित्साधिकारियों एवं वरिष्ठ परामर्शदाताओं के मोबाईल नंबर जारी किए गए हैं। जिला महिला चिकित्सालय की वरिष्ठ परामर्शदाता डा. सुनीता कश्यप से 7572068852, डा. खुर्शीद जेहरा जैदी से 7607785411, डा. चित्रा सोनकर से 8953694382, डा. रीतावर्मा से 8765829271, डा. कमलेश कुमारी से 9415847465, डा. रितु चौधरी से 9919170299, डा. प्रतिभा अवस्थी से 8115111151 तथा डा. जुबेरिया हसनात से 7668873785 पर सम्पर्क कर टेलीमेडिसिन सुविधा का लाभ जनसामान्य द्वारा लिया जा सकता है। इसी प्रकार कोविड महामारी के प्रसार को देखते हुए जिला चिकित्सालय सीतापुर में तैनात बाल विशेषज्ञ चिकित्सक डा. नन्द नैथानी से 8004942055, डा. राकेश कुमार से 8004942048, डा. अशोक कुमार से 9412127194, नेत्र सर्जन डा. .ष्ण दत्त पाण्डे से 8004942067, डा. एके गौतम से 9415184805, डा. पीके सिंह से 9415766485, डा. अभय स्वरूप से 8318207508, फिजीशियन डा. देवी लाल से 8004942046, डा. जेएन सिंह से 9412881460, डा. अनुपम मिश्रा से 8853918623, डा. राजा राम वर्मा से 9453326949, डा. प्रेम प्रकाश राय से 9919696259, ईएनटी सर्जन डा. सुरेन्द्र सिंह नेगी से 9451051815, डा. यशवन्त सिंह से 9412546971, सर्जन डा. एससी लाभयान से 8004942051, स्किन विशेषज्ञ डा. एमके प्रजापति से 8004942056, डा. बृजेश कुमार सिंह से 9149266953, आर्थो सर्जन डा. इन्द्रेश्वर वर्मा से 9792980888, डा. दिनेश कुमार से 9415437234, डा. एके टण्डन से 9451136331, डा. पवन कुमार वर्मा से 9453801983, डा. डेन्टल सर्जन सुनीता अम्बष्ट से 9935077870, आयुष चिकित्सक डा. एमएन खान से 8756128886, डा. हरिदत्त आर्या से 9651512253, डा. संदीप भार्गव से 9415173650, मानसिक चिकित्सक डा. प्रांशू अग्रवाल से 8455553227, चिकित्सक एनसीडी क्लीनिक डा. एपी मिश्रा से 9452046636, डा0 त्रिपाठी से 7007247636, डा. मोहम्मद आफाक से 8130547252 पर संपर्क कर सलाह ली जा सकती है।

पहले सत्ताधारी जनप्रतिनिधि ने की पंचायत चुनाव रद कराने की मांग

## पहले जान बचाना जरूरी, चुनाव कराना नहीं: कौशल किशोर

● मोहनलालगंज से भाजपा सांसद कौशल किशोर ने चुनाव आयोग से की मांग

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** में तेजी से बढ़ रहे कोरोना के मरीजों और हो रही मौतों को लेकर हर कोई कांपने लगा है। हाईकोर्ट ने भी पूर्ण लॉकडाउन लगाने पर सरकार को विचार करने की सलाह दी है। नेता और अधिकारी भी कोरोना की जद् में आने लगे है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी कोरोना पॉजिटिव हो गए है। लेकिन पंचायत चुनाव फिर भी कराएं जा रहे है। इस बार नाइट कर्फ्यू नगरीय क्षेत्र में लगाया गया है जबकि कोरोना का प्रसार गांवो तक पहुंच गया है। भाजपा के बड़े नेता बंगाल चुनाव को लेकर सबकुछ करने के लिए आगे आ रहे है। मगर कोरोना के प्रचार-प्रसार को कैसे रोंका जाए। इस पर कुछ भी नहीं बोल रहे है। मोहनलालगंज से भाजपा सांसद कौशल किशोर ऐसे इकलौते सांसद है जिन्होंने ट्वीट कर चुनाव आयोग से पंचायत चुनाव रद्द करने की मांग की है। सांसद ने कहा है कि पहले जान बचाना जरूरी है चुनाव कराना नहीं।



कौशल किशोर

शोक में डूबी बार बेंच नैमिष में हुआ अंतिम संस्कार

## नहीं रहे छोटे कद के बड़े अधिवक्ता आनंद माधव अवस्थी

● बीती रात लखनऊ में ली अंतिम सांस

संवाददाता। सीतापुर

**बड़े शौक** से सुन रहा था जमाना तुम ही सो गए दास्तां कहते कहते कुछ इसी अंदाज में वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद माधव अवस्थी अपने सैकड़ों जूनियरों को नाम रोशन करने के लिए छोड़ कर इस दुनिया को विदा कह गए करीब 80 साल की उम्र में उन्होंने लखनऊ के एक अस्पताल में हार्ट अटैक के बाद दम तोड़ दिया देर रात उनका पार्थिव शरीर सीतापुर स्थित आवास पर लाया गया जहां बार सहित समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए दोपहर उनके शव को पूरे सम्मान के साथ तीर्थ नगरी नैमिषारण्य ले जाया गया जहां पर दोपहर अंतिम संस्कार कर दिया गया मूल रूप से मुबारकपुर निवासी शिवभगवान अवस्थी के घर सन 1941 में जन्मे आनंद माधव अवस्थी ने 1962 से वकालत शुरू करने के बाद 1963 में रजिस्ट्रेशन भी करा लिया था वकीलों की ही नहीं समाज के विभिन्न लोगों की लड़ाई में अव्वल रहने वाले आनंद माधव को यदि छोटे कद का बहुत बड़ा अधिवक्ता कहा जाए तो गलत नहीं होगा एक बार बार अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अवस्थी हमेशा कांग्रेसी विचारधारा को मानते रहे उनका कद उनकी पार्टी की नहीं दूसरी पार्टियों में भी इतना बड़ा था कि इंदिरा गांधी और राहुल अपनी यात्राओं पर सीतापुर आए तो न केवल उनसे व्यक्तिगत मिले थे बल्कि मुलायम सिंह यादव तो सिर्फ उनसे मिलने ही सीतापुर आए थे हमेशा कोई छोटा हो या बड़ा क्या हाल है मेरे दोस्त कहकर मिलने वाले आनंद माधव अवस्थी का यूं जाना न केवल बहुतों को खटक गया है बल्कि उनकी कमी जिला बार में हमेशा महसूस की जाती रहेगी।




## बुधवार को पाए गए कोरोना के 132 नए मरीज

● जनपद में बढ़ता जा रहा संक्रमण का ग्राफ

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** बुधवार को कोरोना के अब तक सबसे ज्यादा 132 नए मरीज पाए गए हैं। दूसरी लहर में यह आंकड़े सर्वाधिक और बेहद भयावह हैं। जनपद में एक्टिव केसों की संख्या 600 के पार पहुंच गई है। नगर में सर्वाधिक पॉजिटिव मरीज मिले हैं। एपीटीसी में पॉजिटिव मरीज मिलने से हड़कंप मच गया। सभी मरीजों को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने होम आइसोलेट करा दिया है। सीतापुर में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, रामपुर मथुरा के डाक्टर समेत कई विशिष्ट व्यक्तियों की कोरोना जांच पॉजिटिव आई है। इससे जनपद में हड़कंप मच गया है। अफसोस जनक पहलू यह है कि कोरोना खतरनाक स्तर पर पहुंचता जा रहा है फिर भी अधिकतर लोग कोविड गाइडलाइन का पालन करने में गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। कोरोना से होने वाली मौतों का सिलसिला भी सीतापुर में थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिला अस्पताल में बुधवार को इलाज के दौरान एक कोरोना मरीज की फिर मौत हो गई। 45 वर्षीय मृतक रफीक खैराबाद का रहने वाला बताया जा रहा है। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उसका इलाज जिला अस्पताल के वैक्सीनेशन रूम नंबर दो में चल रहा था। सीतापुर में कोरोना स अब तक 92 लोग जान गंवा चुके हैं। हांलाकि स्वास्थ्य विभाग के दस्तावेजों में यह आंकड़ा कम है। उत्तर प्रदेष में तेजी से बढ़ रहे कोरोना के मरीजों और हो रही मौतों को लेकर हर कोई कांपने लगा है। हाईकोर्ट ने भी पूर्ण लॉकडाउन लगाने पर सरकार को विचार करने की सलाह दी है। नेता और अधिकारी भी कोरोना की जद् में आने लगे है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी कोरोना पॉजिटिव हो गए है। लेकिन पंचायत चुनाव फिर भी कराएं जा रहे है। इस बार नाइट कर्यू सिर्फ नगरीय क्षेत्र में लगाया गया है जबकि कोरोना का प्रसार गांवो तक पहुंच गया है।



## डीएम ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

**रामपुरमथुरा सीतापुर।** जिलाधिकारी सीतापुर विशाल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने पंचायत चुनाव के मद्देनजर ब्लॉक रामपुर मथुरा में नामांकन स्थल तथा मतगणना स्थल पंडित संतोषी लाल शुक्ल इंटर कॉलेज चांदपुर बाजार का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ अशोक कुमार चौरसिया को डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि नामांकन के लिए प्रत्याशी के साथ में सिर्फ प्रस्तावक ही गेट के अंदर प्रवेश करेगा। कोई भीड़ भाड़ एकत्रित नहीं होगी। मास्क सैनिटाइजर की उचित व्यवस्था तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन होना चाहिए। डीएम और एसपी ने थाना रामपुर मथुरा व सदरपुर पहुंचकर कार्यालय, शस्त्रागार का मुआयना करते हुए अब तक की गई निरोधात्मक कार्रवाई की जानकारी ली। दोनों थानों के एसओ को कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर उप जिला अधिकारी महमूदाबाद सुरेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक रविशंकर प्रसाद खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार चौरसिया सहित ब्लॉक के सभी कर्मचारी मौजूद थे। डीएम और एसपी ने महमूदाबाद पहुंचकर श्री संकटा देवी मंदिर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार मंदिर में व्यवस्थाएं करने के निर्देष तहसील प्रषासन व मंदिर प्रबंधन को दिये। डीएम ने मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष आर.के. वाजपेई से प्रबंध समिति द्वारा की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम सुरेष कुमार, तहसीलदार अशोक कुमार, सीओ रविषंकर प्रसाद, कोतवाल अनिल पाण्डेय आदि मौजूद थे।

# जिले भर में डॉ. भीमराव आंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि



सीतापुर-बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सांसद राजेश वर्मा




अम्बेडकर पार्क में कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षकगण




सीतापुर-दीप जलाकर श्रद्धांजलि देते कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, प्रवीन सैनी, शेखर यादव व अन्य

● भाजपा, सपा व विभिन्न संगठनों ने किया नमन

संवाददाता। सीतापुर

**संविधान निर्माता** व भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 130वीं जयंती भाजपा ने समरसता दिवस के रूप में जिले के सभी बूथों पर मनाई। नगर के म्युनिसिपल मार्केट स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद राजेश वर्मा, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, संजय मिश्रा, रोहित सिंह चौहान, राजेश शुक्ला, नीरज वर्मा झल्लर, नैमिष रतन तिवारी, जया सिंह, विष्णु मौर्या, अनूप विश्वकर्मा, अभिषेक मिश्रा, सत्यम सिंह, शुभम पांडे, शिवा गोस्वामी, मृदुल मिश्रा, उत्तम पांडे आदि मौजूद थे।

### दीप जलाकर किया बाबा साहेब को नमन

**समाजवादी पार्टी** के जिला कार्यालय में बुधवार को भारतीय संविधान के निर्माता समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 130वीं जयंती 'संविधान रक्षा दिवस' के रूप मे मनाई गई। इस दौरान एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन, वंदन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। फिर जिले के अन्य नेतागण व पदाधिकारियों ने बाबा साहब को नमन किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व प्रत्याशी अफजाल कौसर, जिला महासचिव मसूद आलम अंसारी, कार्यालय प्रभारी जय सिंह यादव, जिला सचिव सुहैल अहमद, चन्द्रशेखर यादव, रामप्रकाश यादव, चंद्रभाल भार्गव, श्रीपाल, असद अराफात आदि मौजूद थे। उधर सपा की गोष्ठी में जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव ने कहा डॉ. भीमराव अंबेडकर का भारत के विकास में बड़ा योगदान रहा है। एक अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, शिक्षाविद् और कानून के जानकार के तौर पर अंबेडकर ने आधुनिक भारत की नींव रखी थी। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। शाम को पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर, सार्वजनिक स्थल अथवा डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर दीपक जलाकर संविधान बचाने की शपथ ली।

# लखीमपुर में कोरोना कर्फ्यू

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**गुरुवार को** कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने एसपी विजय दुल के साथ व्यापारियों संग वर्चुअल बैठक की। बैठक में डीएम ने कोविड के संक्रमण की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। कहा कि अगर वक्त रहते नहीं चेते तो स्थितियां अनियंत्रित व गंभीर होंगी। जिले में गुरुवार की रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रतिदिन कोरोना कर्फ्यू रहेगा। इस दौरान अपरिहार्य स्थितियों को छोड़कर परिवहन पर रोक रहेगी। कोविड के गाइडलाइन व प्रोटोकाल के अनुपालन, मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग को आदत में शुमार करने, 45 आयु से ऊपर के लोगों का अनिवार्य टीकाकरण, उद्यम प्रतिष्ठान का नियमित सैनिटाइजेशन, हर आने जाने वाले की थर्मल स्कैनिंग आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने सभी व्यापारियों से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। लक्षण आने पर अनिवार्य रूप से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर टेस्टिंग कराएं। जिले में टीकाकरण हेतु 102 केंद्र बनाए गए। जिसमें सभी 45 आयु व उससे ऊपर आयु वर्ग के उद्यमी व नागरिक अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराएं।

एसपी विजय दुल ने कहा कि व्यापारी बंधु ग्राहकों को कोविड.19 प्रोटोकाल के प्रति सजग करें। बिना मास्क के प्रतिष्ठान में प्रवेश ना दें। साप्ताहिक बंदी का सख्ती से अनुपालन करें। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में वायरस का जबरदस्त स्ट्रीम है। जो पहले से ज्यादा खतरनाक है। बचाव ही सुरक्षा है। मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग को आदत में शुमार करें। वैक्सीनेशन के जिले में 102 सेंटर बनाए गए। अपने निकटतम वैक्सीनेशन सेंटर पर जाकर वैक्सीनेशन कराएं। पौष्टिक आहार लेकर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाये। वर्चुअल बैठक में एडीएम अरुण कुमार सिंह एसपी अरुण कुमार सिंहए डीएसओ विजय प्रताप सिंह सहित काफी संख्या में उद्यमी वर्चुअल जुड़े रहे।

# अधिग्रहीत वाहनों की आमद कराएं वरना होगी एफआईआर:डीएम

- डीएम ने दिए सख्त आदेश
- 16 अप्रैल की सायं 4 बजे तक करानी होगी वाहनों की आमद

**संवाददाता लखीमपुर-खीरी।**



जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने अपने कैंप कार्यालय में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 को संपन्न कराए जाने हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अधीन वाहनों के अधिग्रहण किए जाने के संबंध में समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

बैठक में एआरटीओ ने बताया कि वाहनों के अधिग्रहण आदेश थानों से प्रेषित किये जा चुके है। चुनाव हेतु भारी वाहनों को 16 अप्रैल की सायं 4 बजे तक नियत विकास खंडों व हल्के वाहन जीआईसी मैदान लखीमपुर में आमद करानी है।

बैठक में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जिन वाहनों के अधिग्रहण हेतु वाहन स्वामियों को प्रशासन से नोटिस निर्गत की जा चुकी। वह 16 अप्रैल को सायं 4 बजे तक नियत स्थान पर मय वाहन चालक वाहन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ऐसे वाहन चालक जिनके द्वारा वाहन अधिग्रहण की नोटिस प्राप्त होने के बाद भी वाहन उपलब्ध नहीं कराये तो उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराएं। चुनाव में शामिल वाहनों को सरकारी दरो पर डीजल व भाड़ा उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में डीएम ने अधिग्रहित वाहनों की संख्या व विवरण प्रभारी अधिकारी यातायात/एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे से तलब किया। डीएम ने निर्देश दिए कि चुनाव में लगे वाहनों का अनिवार्य रूप से अधिग्रहण कराना सुनिश्चित करें। इसमें खलल डालने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने में हिचक न दिखाएं। डीएम ने पंचायत चुनाव में वाहन स्वामी व स्कूल संचालक पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील भी की।

# सादगी से मनाई गई आंबेडकर जयंती

- विश्व के सभी देशों में भारत का लोकतंत्र सबसे मजबूत:डीएम

**संवाददाता। लखीमपुर-खीरी**







**गुरुवार को** भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयन्ती कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। जिलाधिकारी के साथ-साथ अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरूण कुमार सिंह प्रथम, उपजिलाधिकारी सदर डा. अरूण कुमार सिंह सहित मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजंलि समर्पित की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि विश्व के सभी देशों में भारत का लोकतंत्र सबसे मजबूत है। इसका श्रेय भारत के संविधान को जाता है। जिसकी रचना बाबा साहब द्वारा की गई थी। अंग्रेजो से जब देश आजाद हुआ और संविधान का निर्माण हुआ तबसे लेकर आज तक देश में बहुत परिवर्तन हुए। संविधान में अधिकार के साथ कर्तव्य एवं दायित्वों का वर्णन भी है। हमें अधिकारों के प्रति सचेत रहने के साथ कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। डाण् आंबेडकर ने कहा था शिक्षित बनो और संघर्ष करों इसलिए हमें शिक्षा पर विशेष ध्यान देना है। जब हम शिक्षित होगें तो देश प्रगति की ओर बढ़ेगा और देश की प्रगति के साथ हमारी भी तरक्की भी जुड़ी है।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरूण कुमार सिंह ने डा. आंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके साथ एसडीएम सदर अरूण कुमार सिंह डीएम के ओएसडी रामकुमार राकेश त्रिपाठी प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद सलीम सुरेश कुमार वर्मा कलेक्ट्रेट कर्मी सुधीर सोनी श्रीराम उप्र कलेक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जाहिद खां ने किया।

**मोहम्मदी संवाददाता के अनुसारए** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती बार एसोसिएशन के श्रीराम सभागार में अध्यक्ष शिव कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष शिव कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हमारे संविधान की संरचना की है। हमें इनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब पूरी जिंदगी संघर्ष करते रहे। वो हम सबके प्रेरणा स्रोत है। गोष्ठी को पूर्व अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिवेदी कोषाध्यक्ष रामकिशोर शर्मा आदित्य कुमार सिंह जगदीश मित्रा श्याम बाबू मिश्रा मोहम्मद हसन नकवी अजीज सिद्दीकी व रमाकांत द्विवेदी ने भी संबोधित किया। अध्यक्ष शिव कुमार सिंह ने कोरोना को देखते हुए सभी से सजग रहने की अपील की और सरकार की गाइडलाइन का पालन करने को कहा। सभी अधिवक्ताओं को मास्क वितरित किए।

**गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसारए** डा. भीमराव अम्बेडकर जी की 130 वीं जयंती को भारतीय जनता पार्टी द्वारा समरसता दिवस के रुप में नगर के अलीगंज रोड स्थिति प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया और उनके सिद्धांतो पर चलकर समाज के वंचित शोषित जनो के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री ठाकुर प्रसाद गंगवार जिला उपाध्यक्ष विजय महेश्वरी विजय शुक्ला रिंकू नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा जिला मंत्री विनोद वर्मा सुर्जनलाल वर्मा नगर महामंत्री राजेश राठौर नगर उपाध्यक्ष सीमा सक्सेना नगर मंत्री विनोद कुमार वर्मा राजीव वर्मा रेखा मिश्रा नामित सभासद सचिन गुप्ता सेक्टर संयोजक गीता विश्कर्मा अविनाश चन्द्र मिश्रा अरुण सिंह हिमांशु सिंह शिवम कश्यप व अमन फतेहपुरी आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई डॉ आम्बेडकर जयंती

**संवाददाता।** बरेली




**डॉक्टर भीमराव** अंबेडकर जी के जन्मदिवस पर राजीव गांधी स्टडी सर्किल के द्वारा एक आयोजन किया गया जिसमें जोनल कोऑर्डिनेटर डॉक्टर चारू मेहरोत्रा ने डॉक्टर अंबेडकर के जीवन वाह कृतित्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा की वह केवल संविधान के रचनाकार ही नहीं थे वरन वह सच्चे अर्थों में दलितों के मसीहा थे उन्होंने अपने लोगों की विकास और उन्नति के लिए शिक्षा कितनी महत्वपूर्ण है इस मंत्र को बहुत पहले ही समझ लिया था उनका यह मानना था कि सामाजिक बुराइयों को और अंधविश्वासों को अगर दूर करना है तो समाज का शिक्षित होना परम आवश्यक है । यह बात उन्होंने अपने जीवन में सिद्ध करके दिखाई थी ऐसे महापुरुष हमारे देश में पैदा हुए इसका हम सब को गर्व है इस अवसर पर राजीव गांधी स्टडी सर्किल की सदस्य डॉ अलका ने कहा की डॉक्टर अंबेडकर ना केवल एक उच्च शिक्षा विदित है बल्कि समाज सुधारक भी थे उन्होंने देश विदेश में हमारे भारत का नाम रोशन किया वह एक अमर व्यक्ति है इस अवसर पर राजीव गांधी स्टडी सर्किल के सदस्य इलमा , शेरिन, ध्रुव कुमार, नक्षत्र रस्तोगी, आकर्ष कुमार, उत्कर्ष अग्रवाल, दिव्या, खुशी देवल, राहुल आदि उपस्थित रह कार्यक्रम के अंत में सभी ने डॉक्टर अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पमाला व पुष्प भेंट की व भारत के गौरव डॉक्टर अंबेडकर को याद किया । इसके अलावा कलेक्ट्रेट सभागार में डा0 अंबेडकर की प्रतिमाओं एवं चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं उनके जीवन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठियां हुई। साथ ही सामाजिक न्याय पर डा0 अंबेडकर के योगदान पर विशेष व्याखान हुये।कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगर मजिस्ट्रेट ने डा0 भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि सामाजिक न्याय के प्रति अंबेडकर जी का योगदान सराहनीय है। डा0 अंबेडकर जी का व्यक्तित्व बहूमुखी एवं बहुआयामी है। आज के समय में भारत एक महाशक्ति बन चुका है।

# कैंसर पीड़ित की बेटी का सामूहिक सहयोग से विवाह

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**बेहजम ब्लॉक** के ग्राम सुन्सी के निवासी कैंसर पीड़ित सुनील कटियार की पुत्री साधना के विवाह के लिए ग्राम वासियों ने दरियादिली दिखाई।

कैंसर से पीड़ित 45 वर्षीय सुनील कटियार साइकिल से गांवों में फेरी लगाकर फ्ल आदि बेचकर जीविकोपार्जन करते थे। डेढ़ वर्ष से कैंसर का इलाज करवाते हुए लखनऊ से लेकर दिल्ली हरियाणा तक इलाज करवाया। अब डॉक्टरों ने भी जवाब दे दिया। इस दौरान घर की सारी पूंजी इलाज में खर्च हो गई तथा सिर पर भारी कर्जा भी हो गया। चार लड़कियों और दो लड़कों के पिता सुनील अब अपने जीवन की अंतिम सांसे गिन रहे हैं। इस दौरान कैंसर पीड़ित सुनील ने घर की जवान बेटी का अपनी आंखों के सामने कन्यादान करने की अंतिम इच्छा जताई। परिवारीजनों द्वारा आनन.फानन में साधना का विवाह सीतापुर के रामकोट के मोहित कटियार ;अंकितद्ध से तय किया गया। शादी की तैयारियों के लिए गांव के जागरूक लोगों ने मोर्चा संभाला।

आपदाग्रस्त परिवार की मदद के लिए गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ से जुड़े ग्रामवासी आशीष तिवारी ने सोशल मीडिया पर अपील की। गायत्री परिवार के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से परिवार की करुण स्थिति से अवगत होकर अग्रवाल महिला संघ इनरव्हील नवदिशा, गायत्री परिजनों सहित अन्य भावनाशील परिजनों द्वारा दिन के दिन गृहस्थी के सामान व नकद धनराशि की व्यवस्था की गई जिसे माता भगवती देवी भोजन प्रसाद सेवा टीम द्वारा बुधवार 14 अप्रैल को सुनसी गांव जाकर सुनील के परिजनों को सौंपा गया। चैत्र नवरात्रि के दौरान कन्या के हित में किया गया यह कार्य सच्चे अर्थों में नवरात्रि पर होने वाले देवी पूजन के स्वरूप को सार्थक करता है । सुनील की पत्नी प्रीति कटियार ने बताया सामूहिक सहयोग से अब तक कन्या के विवाह हेतु बेड, अलमारी, कुर्सी-मेज सेट, कूलर, मिक्सी, प्रेस, कपड़े बर्तन, इंडक्शन चूल्हा व दीवार घडी सहित अन्य गृहस्थी का सामान उपलब्ध कराया जा चुका है।

# इबादत में ही गुजर जाता है पूरा रमजान

- पहले रोजे से ही कड़क धूप

**संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी**

**पवित्र माह** रमजान की शुरुआत हो चुकी है। बच्चे होए बुजुर्गएनौजवान या महिलाएं सभी इबादत में मशगूल हो रोजा रखना शुरू कर दिया है।

इस बार रमजान का रोजा सबसे बड़ा होने की उम्मीद है। रोजदारो के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही है। कोरोना के चलते शासन के दिशा निर्देश और प्रशासन का सहयोग करते हुए सभी रोजदार इबादत मे मशगूल हो गये हैं। वही कुरान पढ़ने की सदाएं भी घरों से आ रही हैं। रमजान के 30 रोजे रखने के बाद ईद आती है। तीसो दिन प्रात: पहले शहरी खाने के बाद पूरे दिन बगैर पानी एखाना खाए भूखा रहना पड़ता है और दिन से लेकर शाम तक नमाज और इबादत मे गुजर जाती है। शाम को तय समय पर रोजा का अफ्तार किया जाता है। इससे जहां रूहानी ताकत मिलती है वही और लोग इससे प्रेरणा लेकर रोजा रखना शुरू करते हैं। रमजान में लोग दिल खोलकर खर्च करते हैं तथा अफ्तार के समय अच्छे.अच्छे पकवान रोज बना कर उनको अफ्तार करते और कराते हैंए 14 अप्रैल को पहला रोजा शुरू हुआ तथा पहले रोजा से ही ऊपर बाले ने रोजदारों का इम्तिहान लेना शुरू कर दिया। तेज कडक धूप जिससे पहला रोजा रखने वालों के लिए कडक धूप मे निकलना बेहद मुश्किल भरा है।

# कोरोना टीकाकरण उत्सव में 11325 लोगों ने लगवाई डोज



**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**11 अप्रैल से** 14 अप्रैल तक चार दिवसीय कोरोना टीकाकरण उत्सव मनाये जाने के निर्देश दिए गए थे द्य इसके तहत 13 अप्रैल को ज्योतिबा फुले जयंती और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर सरकारी अस्पतालों में छुट्टी के दिन भी जनपद के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर विशेष कोरोना टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर कोरोना टीकाकरण उत्सव मनाया गया टीकाकरण उत्सव के अंतिम दिन 2414 लोगो का टीकाकरण हुआ

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ लक्ष्मण सिंह ने बताया कि जनपद में 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण लगातार चलता रहेगा द्य सभी जनपद वासियों से अपील है कि 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोग जिन्होंने अभी तक अपना कोरोना टीकाकरण नही कराया हैए अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर टीकाकरण जरुर कराएं द्य टीकाकरण के लिए जाते समय अपने साथ अपना मोबाइल नंबर और पहचान पत्र एराशन कार्डए आधार कार्डए पैन कार्ड इत्यादि में से कोई भी एक आईण्डी अपने साथ लेकर जाएं तथा कोरोना संक्रमण को मात देने के लिए अपना टीकाकरण जरुर कराएं द्य अपने आस.पास और संपर्क में आने वाले लोगों को कोरोना टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि जनपद में टीकाकरण उत्सव के प्रथम दिवस में 2586 दूसरे दिवस में 7474 तीसरे दिवस में 5618 तथा अंतिमध्चौथे दिवस बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर बुधवार को 2412 लोगों को कोरोना का टीका लगाकर प्रतिरक्षित किया गया

## पुलिस ने मुठभेड़ में दो चोरो को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया

**शाहजहाँपुर ।** थाना निगोही की संयुक्त पुलिस टीम ने मुठभेड मे 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया पुलिस ने चोरो के कब्जे से अवैध असलहा सहित चोरी किया डम्फर, मोटरसाइकिल बरामद की । निगोही थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात व्यक्तियों द्वारा राईखेडा टूटी पुलिया के पास से डम्फर चोरी कर लिया गया था । इस सम्बन्ध मे निगोही थाने में सुंसगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए थाना निगोही पुलिस की संयुक्त टीम ने घटना का अनावरण करते हुए मुखबिर की सूचना पर थाना निगोही की पुलिस टीम के द्वारा बालाजी पेट्रोल पम्प के पास ग्राम गिरगिचा से पुलिस मुठभेड़ के दौरान 02 अभियुक्त मुबारक व अन्जू को मय 02 अदद तमंचा देशी 315 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस व 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर एक डंपर व चोरी की मोटरसाइकिल के साथ कर गिरफ्तार किया गया ।

## याकूबपुर चौराहे पर जेबकतरों ने काटी जेब 50000 उड़ाए

**शाहजहांनपुर ।** तहसील जलालाबाद में कलान के गांव श्रीनगर निवासी आस मोहम्मद अपनी बेटी की शादी के लिए खरीदारी करने के लिए जलालाबाद में अपने रिश्तेदार राशिद के आने के बाद याकूबपुर से जलालाबाद जा रहे थे तभी कलान अड्डे के पास उनकी जेब कट गई और उनके पास बैठा जेबकतरा ईरिक्स से कूदकर बाइक पर बैठ कर भाग गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी जेब में 50000 थे वही मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने आश्वासन दिया कि वह छानबीन कर रहे हैं और जेब कटरा शीघ्र पकड़ा जाएगा ।

## ग्राम पंचायत चुनाव की फीस आनलाइन जमा करें

**शाहजहांपुर।** जिला मजिस्ट्रेटजिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया है कि उ.प्र. में ग्राम पंचायत चुनाव के लिए जमानत राशि पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। जमानत धनराशि जमा करने के लिए स्टेट बैंक की राजकीय शाखा में लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए वित्त विभाग के पोर्टल तंरावी.नच.दपब.पद पर ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य जमानत राशि नेट बैंकिग, डेविट या क्रेडिट कार्ड द्वारा जमा कर सकते है।

# निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: इन्द्र विक्रम सिंह

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**त्रिस्तरीय पंचायत** सामान्य निर्वाचन 2021 को शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु सम्पूर्ण तैयारी पूर्ण कर ली जाए। निर्वाचन के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। लापरवाही करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने न्यू कलेक्ट्रेट सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 की आयोजित बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा है कि निर्वाचन के कार्य मे बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करने वालो पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। कहा है कि मतदान के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति अमन चौन में बाधा उत्पन्न करेगा तो निश्चित ही उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी कहा है कि मतदान दिवस में मतपत्र को सावधानीपूर्वक वितरित किया जाए। कोविड-19 के नियमो का पालन करते हुए समस्त निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाए। उन्होंने कहा है कि प्रत्याशियों को नामांकन करने से पहले प्रत्याशी एवं प्रस्तावक को कोविड-19 का टेस्ट अवश्य करना होगा। कोविड टेस्ट की सुविधा सीएचसीध्पीएचसी व ब्लाक स्तर पर उपलब्ध होगी।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री राम सेवक द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी विध्रा श्री गिरिजेश कुमार चौधरी, उपजिलाधिकारी जलालाबाद श्री सौरभ भट्ट, उप जिलाधिकारी तिलहर श्री सुरेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी पुवायां श्री सतीश चन्द्र, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट श्री वेदपाल सिंह चौहान आदि अधिकारी उपस्थित रहें।



पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 15 अप्रैल, 2021



# संविधान निर्माता बाबा साहेब की जयंती धूम से मनाई गयी

**बिंदकी (फतेहपुर)।** भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ0 साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती नगर क्षेत्र में परंपरागत ढंग से मनाई गई हालांकि कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए भीड़ बहुत कम रही, गाइडलाइन का पालन किया गया। सभागार कक्ष में एसडीएम की मौजूदगी में गोष्ठी का आयोजन हुआ। लोगों ने कम संख्या में एक रैली निकाली तथा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा नारे लगाए गए। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती नगर क्षेत्र में मनाई गई। तहसील परिसर स्थित सभागार कक्ष में जयंती के मौके पर कम संख्या के लोगों के बीच एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कोविड-19 की गाइडलाइन का पूरा पालन किया गया। उपस्थित उप जिलाधिकारी प्रियंका के अलावा तहसीलदार चंद्रशेखर यादव, नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंह तथा भाजपा नेत्री संगीता तिवारी समेंत तमाम लोगों ने चित्र पर माल्यार्पण किया। उप जिलाधिकारी ने बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन पर चर्चा करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा किया और कहा कि निश्चित रूप से उन्होंने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर, अशिक्षित, गरीबों के मसीहा थे और पूरा जीवन निचले समाज की जीवन के उद्धार के लिए लगा दिया। उनको हमेशा याद रखा जाएगा।

वही नगर के ललौली चौराहे में भाजपाईयों ने भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह पटेल, भाजयुमों के जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, भाजपा मंडल बिंदकी के अध्यक्ष अतुल द्विवेदी, पार्टी की स्वाति ओमर, सोमवती निषाद, संगीता तिवारी, सत्यम शुक्ला, सत्यम अग्रवाल, अंकित गुप्ता, सौरभ शास्त्री, आकाश साहू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

वही नगर के माला मीराकुल रविदास मंदिर के समीप से बहुजन समाज पार्टी द्वारा गाइडलाइन का पालन करती हुई कम संख्या में लोगों ने एक जुलूस निकाला। जुलूस तहसील रोड होते हुए नगर के ललौली चौराहा पहुंचा। जहां पर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन मुन्ना लाल सोनकर, बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गौतम, दयाराम गौतम सहित तमाम लोग मौजूद रहे। प्रतिमा में माल्यार्पण करने के बाद पार्टी के लोग पैदल ललौली रोड होते हुए पैगंबरपुर पहुंचे। वहां पर भी अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। दयाराम अमीन, राजेश कुमार, सर्वेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सपा ने घोषित किये दूसरे चरण में तेरह प्रत्याशी

● पूर्व मंत्री की पुत्री मो. तृतीय से लड़ेंगी चुनाव

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के दूसरे चरण की सूची जारी हो गयी। जिसमे राजनीति में पहली बार एंट्री कर रहीं पूर्व मंत्री की पुत्री मोनिका यादव को भी टिकट मिला है।

सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी नें कमालगंज प्रथम से पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव के पुत्र अरविन्द यादव, तृतीय से ताहिरा मिस्कात सिद्दीकी पत्नी जुनैद सिद्दीकी, चतुर्थ से चन्द्रभान जाटव पुत्र रामभजन, कमालगंज पंचम से राजीव कुमार लोधी पत्नी सरनाम सिंह, मोहम्मदाबाद द्वितीय से किरन पत्नी भोला यादव, तृतीय से पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव की पुत्री मोनिका यादव, चतुर्थ से आलोक कुमार पुत्र प्रमोद कुमार, पंचम से अमित कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह व नवाबगंज तृतीय से सुबोध यादव को टिकट मिला है। कायमगंज प्रथम से शाहिस्ता बेगम पत्नी शाहिद खान, तृतीय से कृष्णपाल सिंह पुत्र लज्जाराम, चतुर्थ से अमित कुमार पुत्र रामप्रकाश (कल्लू यादव), पंचम से नीलेश पुत्र दफेदार सिंह को समर्थित प्रत्याशी बनाया है।

### इन 5 सीटों पर अभी चल रहा मंथन

कमालगंज द्वितीय, कमालगंज षष्ठम, मोहम्मदाबाद प्रथम अधोषित, नवाबगंज प्रथम व द्वितीय अधोषित, कायमगंज द्वितीय अघोषित रखीं गयी है। जिलाध्यक्ष नदीम फारुखी नें बताया कि अघोषित सीटों पर सामन्जस्य स्थापित होनें अथवा लोकप्रियता के आधार पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जा सकती है।

# चुनाव की पंचायत लगाये पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष सहित 66 के खिलाफमुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत अपनी पंचायत कर रहे बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सहित 66 के खिलाफ पुलिस नें महामारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। 66 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पांचाल घाट चौकी इंचार्ज बलराज भाटी नें शहर कोतवाली में दर्ज करायी एफआईआर में कहा है कि गस्त के दौरान पंचायत घर के निकट से गस्त करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तरफजा रहे थे। तभी कुरियाना मोहल्ले के निकट पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष विजय भाष्कर, बंटी पुत्र रामनिवास, गौरव पुत्र पुत्तुलाल, दाताराम पुत्र नामालूम, सौरभ पुत्र पुत्तुलाल बकील पुत्र हरीशंकर व 50-60 अज्ञात लोग बिना मास्क लगाये सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किये बिना मीटिंग कर रहे थे। पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ 188, 269 व 270 के साथ ही महामारी अधिनियम की धारा 3 की तहत मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

## क्विक न्यूज

### पीएम आवास योजना में धांधली पर लगेगा अंकुश

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बुधवार को नगर विकास समिति ने नगर पालिका अध्यक्ष धीरेन्द्र आर्य शहरी आवास योजना में धांधली को रोकने के लिए व 577 लाभार्थियों की सूची की निष्पक्ष जाँच कराकर 15 दिन के अंदर शासन को भेजने के लिए ज्ञापन सौपा गया। जिससे पात्रो को पीएम आवास योजना का लाभ मिल सके। नगर विकास समिति के पदाधिकारी संजय गुप्ता व उमाकांत सैनी ने पालिकाध्यक्ष धीरेन्द्र आर्य से वार्ता कर समस्या के निस्तारण की मांग की। कहा कि आवास दिलाने के नाम पर हो रही लूट में एक रुपया भी किसी को न दे। यदि कोई घूस मांगता है तो वह सीधे नम्बर 9838919140 पर काल करें। रिश्वत मांगने वालो के खिलाफ दंडनीय कार्यवाही कराई जाएगी। नगर विकास समिति अब पात्रो से घूस मांगने वालो के खिलाफअभियान चलाकर लूट को रोकेगी।

### जमीनी विवाद में किसान की गोली मारकर हत्या

**कम्पिल (फर्रुखाबाद)।** जमीनी रंजिश किसान की जान की दुश्मन बन गयी। कंपिल थाना इलाके के गांव देवरैया निवासी किसान तिलक राम शाक्य ;65वर्ष रात को खेत पर कटी पड़ी तंबाकू की फसल को रखने गया था। वह चारपाई पर सो रहा था तभी उसके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। किसान की हत्या से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। कंपिल थाना इलाके के गांव देवरैया निवासी किसान तिलक राम शाक्य ;65वर्ष रात को खेत पर कटी पड़ी तंबाकू की फसल को रखने गया था। वह चारपाई पर सो रहा था तभी उसके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सुबह जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई है। घटना के पीछे भूमि विवाद की रंजिश बताई गई है। किसान के एक ही पुत्र हैए उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है।

### शराबी ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मदरियापुर में बुधवार की सुबह लगभग 45 वर्षीय शराबी ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मदरियापुर गांव निवासी स्व0 राम बहादुर का पुत्र राजेन्द्र बहादुर शराब पीने का आदी था। जिसके चलते घर में आये दिन पत्नी संतोष कुमारी से झगड़ा होता था। आज सुबह नशे में धुत होकर घर आया तो पत्नी से विवाद हो गया जिसके चलते उसने पत्नी को उल्टा सीधा बोलने के बाद घर के अंदर जाकर कमरे में धन्नी में रस्सी का फंदा डाल आत्महत्या कर लिया। परिजनों की नजर पड़ी तो घर में कोहराम मच गया। जल्दी-जल्दी परिजनों ने शव को फांसी के फंदे से उठा जिला चिकित्सालय लाये। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर किया आत्महत्या

**फतेहपुर।** खागा कस्बा के रेलवे स्टेशन के समीप बीती रात मायके में रह रही 35 वर्षीय एक महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार खखरेरू थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव निवासी शिव कुमार तिवारी की पत्नी शशि तिवारी जो अपने मायके खागा कोतवाली क्षेत्र के बल्दी का पुरवा में काफी समय से रह रही थी। बताते हैं कि शशि कुछ दिनों से बीमार चल रही थी काफी इलाज कराया गया लेकिन कोई लाभ न हुआ बीती रात लगभग दस बजे वह घर से चुपचाप निकल गयी और रेलवे स्टेशन के समीप आ रही ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के भाई के अनुसार इसके पूर्व भी उसकी बहन ने आत्महत्या करने का प्रयास किया था लेकिन उसे बचा लिया गया था।

### छूटे हुए कार्मिकों का प्रशिक्षण 17 को

**फतेहपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक/प्रभारी प्रशिक्षण अधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु ठा0 युगराज सिंह महाविद्यालय लॉ कालेज शांतिनगर में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमे किसी कारणवश छूटे हुए मतदान कार्मिकों को 17 अप्रैल को अपराह्न 2 बजे से शाम 5 बजे तक द्वितीय पाली में प्रशिक्षण दिया जायेगा। छूटे हुए कार्मिक प्रशिक्षण में समय से भाग लेकर प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करे।

### संदिग्ध अवस्था में वृद्ध महिला आग में झुलसी

**बिंदकी (फतेहपुर)।** संदिग्ध अवस्था में रात में वृद्ध महिला घर के अंदर आग में झुलस गई। जिसके चलते हड़कंप मच गया। रात में ही महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के बहरौली गांव में कुंती देवी उम्र 60 वर्ष पत्नी ज्ञानी घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में रात में आग में गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया काफी देर चले उपचार के बाद महिला की हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार मोमबत्ती की आग से वृद्ध महिला झुलस गई जब परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने आग को बुझाया और निजी वाहन से लाकर सीएचसी में भर्ती कराया।

### सपा प्रत्याशी को राठौर समाज ने दिया समर्थन

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार ने गति पकड़ ली है। वही वार्ड नंबर 09 के सपा प्रत्याशी को तेरारब्बू निवासी राठौर समाज के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने समर्थन देते हुए पार्टी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुये प्रत्याशी की जीत का संकल्प लिया।बुधवार को नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित आवास कार्यालय पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी एवं पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के समक्ष तेरारब्बू से आए राठौर समाज के अमित कुमार, राघवेंद्र, प्रवेश कुमार, संतोष कुमार, हरिप्रसाद, मनोज कुमार, अशफाक ने वार्ड नंबर 9 की सपा प्रत्याशी जुवेरिया शाह सिद्दीकी को समर्थन देते हुए कहा कि उन्होंने समाजवादी पार्टी एवं प्रत्याशी की लोकप्रियता के चलते समर्थन दिया है।

### भाजपा नेता के नेतृत्व में मनाई गयी बाबा साहेब की जयंती

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष व कलक्टरगंज सभासद दिवाकर अवस्थी के नेतृत्व में डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। पार्टी जिला कोषाध्यक्ष ने कहा कि संविधान रचयिता डॉ. अंबेडकर ने समाज को नई दिशा देने का काम किया था। जिससे लोग लाभान्वित हुए।

### धार्मिक भावनायें भडकानें में युवक के खिलाफ मुकदमा

**फर्रुखाबाद।** सोशल मीडिया पर देवी दुर्गा के लिए अशोभनीय टिप्पणी करनें वाले युवक के खिलाफ पुलिस नें मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है । मोहल्ला सुनारवाली गली निवासी अंकित तिवारी पुत्र रमाकान्त नें कोतवाली फर्रुखाबाद में तहरीर दी। जिसमे कहा कि वह अपने मित्र शुभम तिवारी के घर गया था। तभी शुभम तिवारी के मोबाइल पर अरविन्द कटेरिया ना के व्यक्ति नें माँ शक्ति के लिए एक अभद्र टिप्पणी की। जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई। आरोपी अरविन्द कटेरिया के खिलाफआईटीएक्ट के साथ ही 295-। के तहत दोषी पाते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया।

# संदिग्ध हालात में लहुलुहान पड़ी मिली मजदूर की लाश, हत्या की आशंका

**फर्रुखाबाद।** बीती शाम घर से गायब हुए भट्टा मजदूर की लाश हाई-वे के किनारें लहुलुहान हालत में पड़ी मिली। परिजनों नें हत्या का आरोप लगाया। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम काली तलैया निवासी 18 वर्षीय अमन पुत्र रामविलास थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के जसमई स्थित एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करता था। उसका विवाह कोतवाली कायमगंज के ग्राम अलेपुर निवासी भईयालाल की पुत्री वर्षा के साथ तय हुआ था। 28 मई को बारात जानी थी। घर में विवाह की खुशियों के आगमन की तैयारी चल रहीं थी।मृतक अमन के ताऊ रामसागर नें बताया कि वह कल शाम काम से लौटा और लगभग 6 बजे घर से निकला। रात में जब घर नही लौटा तो उसके परिजनों नें उसकी खोजबीन शुरू की। जिसके बाद बुधवार सुबह उसका शव कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के इटावा-बरेली हाई-वे पर बजरंग रेस्टोरेंट के निकट कच्ची सड़क पर पड़ा मिला। उधर नें निकले लोगों नें साइकिल पर एक युवक का शव पड़ा देखा तो अमन के घर पर सूचना दी। परिजन नें आकर उसकी शिनाख्त कर ली। जिसके बाद कोहराम मच गया। कोतवाल जेपी पाल, चौकी इंचार्ज सेंट्रल जेल जितेन्द्र चौधरी आदि फोर्स के साथ मौके पर आ गये। उन्होंने जाँच पड़ताल की। युवक के माथे पर छोटा घाव और पीछे के हिस्से के चीथड़े उठे हुए हैं। जिससे आशंका जाहिर की जा रही कहीं गोली तो नही मारी गयी। लेकिन फिलहाल पुलिस अमन की मौत दुर्घटना से मान कर चल रही है। मृतक की माँ सुधा देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक के पिता रामविलास की मौत बीते तीन वर्ष पूर्व हो चुकी है। पुलिस नें शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा।घर से जाने से पूर्व माँ से की थी फोन पर बातबीते कुछ दिन पूर्व ही मृतक अमन की माँ सुधा जनपद कन्नौज के छिबरामऊ के वित्तिया मोहल्ला अपनी बहन के घर गयी थी।

# अम्बेडकर जयन्ती पर आयोजित हुये विभिन्न कार्यक्रम

**फतेहपुर।** शहर आबूनगर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर शिक्षा सदन में जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता आरपी मौर्य एडवोकेट के द्वारा की गई। सुबह 8 बजे बाबा साहेब की 130वीं जयंती पर कार्यकर्ताओं ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण करके उनके जीवन पर चर्चा की व अपील किया कि उनके पद चिन्हों पर चलकर के ऊंच-नीच जातिवाद को खत्म करें। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेई व जिला मंत्री श्रीमती सुशीला मौर्या ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला। अंत में 40 वर्ष पुराने विद्यालय को बनवाने हेतु वर्तमान सरकार से मांग की है। इस मौके पर देव नारायण यादव, अरुण मौर्या, राज बहादुर पाल, सुमन सिंह, अर्जुन, केदार वर्मा, मुकेश मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, शिव विलास मौर्य, रविंद्र मौर्य, अनूप दीक्षित, इंद्रपाल कुरील, कृष्ण गुप्ता, प्रकाश बाजपेई, महेश मौर्य, निधान सिंह यादव, ओम प्रकाश पाल आदि मौजूद रहे।



इसी कड़ी में आबूनगर सीओ ऑफिस के बगल में डॉ0 अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अतुल कुमार व राम प्रकाश के नेतृत्व में अंबेडकर के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण करके उनके विचारों को साझा किया गया। सुबह से ही शरबत वितरण का कार्यक्रम निरंतर चलता रहा। इस मौके पर डॉ0 राजेंद्र प्रसाद गौतम, आर्यन राज गौतम, आकाश, मृदुल कुमार एड0 आदि लोग मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट परिसर में जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके बाद उनकी प्रतिमा पर पूर्व विधायक मुरलीधर गौतम व एसपी गौतम ने माल्यार्पण करते हुए उनके विचारों को व उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प दिलाया। इस दौरान भंडारे का आयोजन कुलदीप गौतम व विनोद गौतम के द्वारा किया गया। उधर अंबेडकर जयंती विकास खंड तेलियानी परिसर में नवनिर्मित अंबेडकर पार्क में अनीता साहू निवर्तमान ब्लाक प्रमुख तेलियानी के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाई गई। इस मौके पर राजू साहू, विकास पासी, संजय सोनकर, शिवम यादव, अजय पटेल, प्रमोद साहू, राजेंद्र पासी, रामू पासवान, दीपक, आशीष यादव, हिमांशु सोनकर, अखिलेश राय दास, प्रमोद पाल, केपी पासी, सुशील पासी आदि उपस्थित रहे।

वहीं बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता आरिश सिद्दीकी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और आवाहन किया और कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लें। इस दौरान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बसपा नेता ने कहा कि संविधान रचयिता ने संविधान की रचना करके लोगों को जीने का तरीका सिखाया था। आज हम सबको उनके बताए गए रास्ते पर चलकर यह संकल्प लेना है कि हम सत्य मार्ग को अपनाकर आगे बढ़े और गरीब मजलूम निर्धन जरूरतमंद लोगों के काम आए। इस दौरान बूंदी वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। साथ ही अलग-अलग स्थानों में संविधान रचयिता के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मुरलीधर गौतम, पीके गौतम, विनोद गौतम, बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक मदुरै आदि मौजूद रहे।

# आज तमाम बागी भाजपाई करायेंगे अपना नामांकन

**फतेहपुर।** भाजपा हाईकमान के फरमान के बावजूद मंगलवार को प्रदेश सरकार में मंत्री रणवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह के पुत्र कुं0 आदित्य प्रताप सिंह द्वारा पार्टी से खुली बगावत करके फतेहपुर जिला पंचायत के वार्ड नं0 46 ऐरायां से नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में बड़ी संख्या में बागियों का जहां मनोबल बढ़ा है, वहीं कल नामांकन पत्र दाखिला के अंतिम दिन तमाम बागियों के नामांकन करने की खबर है। सूत्रों की मानें तो महना सीट से भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य राजा सिंह कछवाह व सेक्टर अध्यक्ष विजय सिंह कछवाह के नामांकन करने की योजना है। इस सीट पर भाजपा ने चर्चित लैंड डेवलपर संजय पाण्डेय को समर्थन देने की घोषणा की है। इसी कड़ी में वार्ड नं0 22 बागबादशाही से बागी प्रत्याशी के रुप में मंडल अध्यक्ष खजुहा अवधेश सिंह राठौर के नामांकन कराने की खबर है। इस सीट पर भाजपा ने मंजू शुक्ला को समर्थन की घोषणा कर रखी है। उधर सूबे में किसी मंत्री पुत्र द्वारा बगावत किए जाने का यह पहला मौका है। इस सन्दर्भ में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि इस मामले को प्रदेश अध्यक्ष के संज्ञान में लाया जाएगा। वहीं क्षेत्रीय प्रभारी (पंचायत चुनाव) दयाशंकर सिंह ने कहा कि मामला गंभीर है। नामांकन पत्र वापस नहीं होता तो कार्यवाही तय है।

# 101 कोरोना पॉजिटिव मिले, मेडिकल कॉलेज के 23 विद्यार्थी आए चपेट में

● अब तक 96 की जा चुकी जान ● एक्टिव केसों की संख्या पांच सैकड़ा के करीब

**फर्रुखाबाद।** भले ही डीएम मानवेन्द्र सिंह ने जिले में रात्रिकालीन कर्फ्यू से इनकार कर दिया होए लेकिन कोरोना की स्थिति भयावह है चिन्ताजनक है। लापरवाही की पटरी मिी तो कोरोना सरपट दौडने लगा है। बुधवार सुबह मिली रिपोर्ट में 101 लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। अब तक 96 लोग कोरोना से जान गंवा चुके हैं। कोरोना ने नये.नये ठिकाने तलाशे हैं और अब लगभग हर क्षेत्र में उसने अपना घर बना लिया है।

जिन महत्वपूर्ण लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आयी है, उनमें बद्रीविशाल के विनोद दुबे और उनकी पत्नी भी शामिल हैं। फतेहगढ़.फर्रुखाबाद के 61 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। मेडिकल कॉलेज के 23 छात्र.छात्राएं संक्रमित हो गए। जिले भर में अब तक कोरोना से 5268 लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैंए 4704 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। सक्रिय केसों की संख्या 468 है। 96 की कोरोना से जान जा चुकी है।

### डीएम बोले, अभी रात्रि कर्फ्यू नहीं

**फर्रुखाबाद।** डीएम ने कहा अभी जिले में रात्रि कर्फ्यू के कोई आदेश नहीं हैं। अभी इसकी आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही। कोरोना का देश भर में प्रकोप है। उत्तर प्रदेश और फर्रुखाबाद जनपद भी इससे अछूता नहीं है। लेकिन अभी जिले में स्थिति नियंत्रण में है। लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। खासकर बिना मास्क घर से न निकलें। भीड़ एकत्रित न करें। यदि जनपद में 500 से अधिक सक्रिय मामले होंगे तो रात्रि कर्फ्यू पर विचार किया जाएगा।

# 2800 मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण, 109 अनुपस्थित

**फतेहपुर।** त्रिस्तरीय पँचायत सामान्य निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये ठा0 युगराज सिंह महाविद्यालय लॉ कालेज में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तीसरे दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण दो पालियों में पीठासीन/मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एव तृतीय को मतपेटी को बन्द करना/खोलना व सील करना तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से निविदत्त मतपत्र एव सूची लिफाफे में रखना, उपयोग में लाये गये मतपत्रों की प्रति लिफाफे में सील बन्द करना, सभी सांविधिक लिफाफों को एक साथ सीलबन्द करना, रद्द किए गए मतपत्रों, चिन्हित मतदाता सूची लिफाफे में रखने के साथ मतदान अधिकारी द्वितीय, तृतीय के सम्पादित कार्यो को विधिवत बताया गया। दोनों पालियों में कुल 2800 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया के सापेक्ष 109 कार्मिक अनुपस्थित रहे। जिनका एक दिन का वेतन एव लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया। जिविनि/प्रशिक्षण प्रभारी मास्टर ट्रेनर सहित पीठासीन एव मतदान अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### बगावत करने पर सांसद मुकेश राजपूत ने दो प्रतिनिधि हटाए

**फर्रुखाबाद।** कोरोना से जंग लड़ रहे सांसद मुकेश राजपूत ने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लडने वाले अपने दो प्रतिनिधियों को पद से हटा दिया है। जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा में खेमेबाजी शुरू हो गई है। भाजपा ने जिला पंचायत के सभी 30 वार्डों में समर्थित प्रत्याशी उतारे हैं। इसमें पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को तरजीह नहीं मिली। वहीं सपा से भाजपा के खेमे में आने वालों को टिकट मिल गए। इसी के बाद भाजपा में बगावत शुरू हो गई है। कई भाजपा नेता पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफचुनाव लडने के लिए ताल ठोंक रहे हैं। इसमें सांसद के अमृतपुर क्षेत्र के गांव राजपुर निवासी डॉण् आदिराम राजपूत व मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव खिमसेपुर निवासी अनुज राजपूत शामिल हैं। इनको सांसद ने प्रतिनिधि पद से हटा दिया है। सांसद ने बताया कि दोनों प्रतिनिधियों को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़कर विरोध करने पर उनके पद से हटा दिया है।

# नक्श थियेटर व सहयोगी संस्था वीणा साहित्य के बैनर तले होगा कार्यक्रम

● नाटक विधा लुप्त होती जा रही है जिसे पुनः अस्तित्व में लाने का किया जा रहा प्रयास

**फर्रुखाबाद।** जिले में रंगमंच को बढ़ाबा देने के लिये नक्श थियेटर द्वारा संचालित रूफथियेटर के मंच पर नशे के प्रति लोगो को जागरूक करने व नशा मुक्ति अभियान को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय नाटक - कलारी् का मंचन 15 अप्रैल शाम 6 30 को किया जाएगा । यह बात निर्देशक अमित सक्सेना ने अपने मेमरान मोहल्ला स्टेशन स्थित आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी देते कही। उन्होंने बताया कि जिले की एक मात्र रंगमंच से जुड़ी संस्था नक्श थियेटर व सहयोगी संस्था वीणा साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में युवा लेखक दिलीप कश्यप कलमकार् द्वारा लिखित नाटक कलारी का मंचन किया जाएगा जिसका निर्देशन मेरे द्वारा किया जा रहा है।




उपरोक्त नाटक में एक साधारण व्यक्ति की कहानी को चित्रित किया गया है जो कि शराब पीने का आदी हो जाता है और आये दिन अपनी पत्नी से मारपीट करता है । एक दिन जहरीला शराब पीने की बजह से उनकी मौत हो जाती है । नाटक में दर्शकों को जोड़े रखने के लिये एक दृश्य में हास्य व्यंग्य का भरपूर प्रयोग किया गया नाटक कलारी् में शमशेर् व उसकी पत्नी बिंदिया मुख्य पात्र हैं । जिसे शमशेरके रुप में विशाल पाठक,- बिंदिया् का किरदार शैली दिवाकर द्वारा किया जा रहा है । अन्य सहयोगी पात्र में कलुआ- मिथुन राजपूत् व बिरजू - धीरज मौर्य शमशेर के दोस्त हैं वहीं डॉक्टर कमल सिंह गौतम् पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगे, निहाल सक्सेना मसखरा लड़का व मासूम वंशी् के रूप में अंश को मौका दिया गया है, पूरे नाटक में सूत्रधार की अहम भूमिका है जो कि सौरभ सोमवंशी कर रहे है।

अमित सम्सेर नक्श थियेटर के डायरेक्टर अमित सक्सेना ने बताया कि उन्होंने फर्रुखाबाद में रंगमंच को बढ़ावा देने के लिये नाटकों का मंचन शुरू किया हैं। ताकि अधिक से अधिक लोगो का ध्यान रंगमंच की और आकर्षित हो और वह रंगमंच से जुड़े । जिले में पिछले कई वर्षो से नाटक विधा लुप्त होती जा रही है जिसे पुन: अस्तित्व में लाने का प्रयास

किया जा रहा है। इससे पहले भी रूफ थियेटर के माध्यम से पिछले अक्टूबर माह में दो नाटकों नैना व इंतजार् का सफल मंचन किया जा चुका हैं। इसके बाद इन्ही दोनों नाटकों का मंचन फतेहगढ़ में भी हुआ था। अभिनय सीखने के इच्छुक लोग हमारे थियेटर से जुड़ सकते है। वही युवा लेखक दिलीप कश्यप कलमकार ने बताया कि नाटक कलारी् में साधारण मेहनतकश मजदूर व्यक्ति के चरित्र को चित्रित किया गया जो कि नशे का शिकार होकर खुद के जीवन को किस तरह मौत की गर्त में ढकेल देता है। ऐसी घटनाए हमारे समाज में हर रोज घटती हैं। सामाजिक विसंगतियों पर वह पहले भी लिखते रहे हैं और आगे भी इस प्रयास को जारी रखेंगे ।

# मतदाताओं को प्रलोभन देने वालों पर करें कड़ी कार्रवाई

● त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत आयुक्त ने दिए निर्देश

**कन्नौज।** कोविड 19 के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। बड़े बदमाशों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही कर पाबंद किया जाए। शराब वितरण व अन्य प्रलोभन देने वालों के विरुद्ध सख्ती से नजर रखी जाए। ड्यूटी पर तैनात फोर्स हेतु भोजन, पेयजल एवं रुकने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शत प्रतिशत शस्त्र जमा किये जायें।

यह निर्देश बुधवार को आयुक्त कानपुर, मण्डल कानपुर, डा0 राज शेखर एवं पुलिस महानिरीक्षक मोहित अग्रवाल ने निरीक्षण भवन में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के दृष्टिगत प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त बैठक के दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा सहित उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने समीक्षा करते हुए सभी को शत प्रतिशत असलाह जब्त किए जाने, बड़े बदमाशों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध गैंग्स्टर, गुंडा एक्ट एवं हिस्ट्री शीटर से संबंधित नियमानुसार कार्यवाही किये जाने एवं शराब वितरण के साथ ही अन्य प्रलोभन दिए जाने, आदि पर सख्ती से नजर रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शेखर ने निर्वाचन में मतदान दिवस के दिन भीड़ को व्यवस्थित किये जाने के दृष्टिगत अभी से फोर्स के तैनाती की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फोर्स को तैनात स्थल पर मतदान से एक दिन पूर्व रात्रि में एवं मतदान दिवस के दिन समय पर भोजन की व्यवस्था पूर्व से ही व्यवस्थित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बाहर से आने वाली फोर्स के रुकने, खाने एवं उनको ड्यूटी कार्ड वित्रं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कोविड के दृष्टिगत कहीं पर भी सभा स्थापित न किये जाने, सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने चिन्हित बदमाशों की भौतिक, डिजिटल एवं एलेक्ट्रॉनिक सर्वेलेंस कराये जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सौरिख एवं विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में शत प्रतिशत असलाह न जमा कराने एवं गैंगस्टर, हिस्ट्री शीटर, गुंडा एक्ट की कार्यवाही में कमी मिलने पर रोष व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिसंवेदनशील प्लस हेतु चिन्हित 70 मतदान केंद्रों के अंतर्गत आने वाले सभी 190 बूथों पर बड़े कैमेरा के माध्यम से रिकॉर्डिंग कराये जाने एवं जिन केंद्रों पर पहुंच मार्ग सकरा है, उन स्थलों पर फोर्स की अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत किसी भी प्रकार से लापरवाही न दिखाये जाने एवं मास्क का प्रयोग न करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर चालान किये जाने के निर्देश दिए। जनपद में सार्वजनिक स्थलों पर, विभिन्न शराब दुकानों व अन्य दुकानों पर मास्क का प्रयोग न करने वाले व सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन न करने वालो के विरुद्ध चालान के साथ ही कड़ी कार्यवाही भी सुनिश्चित करें, जिससे अन्य व्यक्तियों को भी समझें एवं कोरोना के प्रति सजगता बढ़े। उन्होंने फोन पर आने वाली शिकायतों को सजगता से लेते हुए पूर्ण जांच कराने के साथ ही यदि शिकायत मिथ्या पाई जाती है या शरारती तत्वों द्वारा भ्रामक जानकारी दिया जाना पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध मुकदमा दायर किये जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंनें शास्त्रों को शत प्रतिशत जमा कराने, गैंगस्टर, एनएसए, हिस्ट्री शीटर आदि धाराओं में व्यापक कार्यवाहियां करने एवं कोविड नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर चालान किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दिवस के दिन आने वाले मतदाताओं हेतु थर्मल स्कैनर के साथ टीम लगाए जाने के निर्देश दिए। जिसमें यदि किसी मतदाता का तापमान ज्यादा पाया जाता है तो धूप व गर्मी के दृष्टिगत उसे छांव में बैठाकर मतदान कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कोरोना का घातक हमला

## जीनोमिक परीक्षण आवश्यक

**भारत** में कोरोना के घातक हमले का कारण वायरस का नया स्ट्रेन हो सकता है। इसका पता लगाने के लिए ज्यादा जीनोमिक परीक्षण जरूरी है। कुछ सप्ताह पहले एक प्रेस बयान में सरकार ने घोषणा की थी कि एक बिल्कुल नया स्ट्रेन भारत में उभरा है जिसे 'दुहरे म्यूटेंट' का नाम दिया गया था। इसका कारण यह था कि कोविड-19 की स्पाइक प्रोटीन में न केवल एक, बल्कि दो बड़े परिवर्तन हुए थे जिनसे यह वायरस कोशिकाओं से जुड़ता है। इसके बाद से कुछ और विस्तृत विवरण सामने आए हैं, पर महामारी विज्ञानियों का मानना है कि संभवत: यह परिवर्तन ज्यादा संक्रामकता का कारण है जैसा कि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन के अन्य स्ट्रेनों से सिद्ध हुआ है। अप्रैल के पहले दो सप्ताहों में यह लगभग निश्चित हो चुका है कि हालांकि, भारतीयों में संक्रमण की समुचित जीनोमिक टेस्टिंग हुई है, पर निश्चित रूप से यह नहीं कहा जा सकता है कि नया स्ट्रेन या संभवत: 'दुहरा म्यूटेंट' ही देश में कोरोनावायरस मामलों में असाधारण वृद्धि का जिम्मेदार है। वास्तव में अब भारत दुनिया का दूसरा सर्वाधिक प्रभावित देश बन गया है तथा संक्रमणों की बढ़ती संख्या ने ब्राजील को वैश्विक कोरोना रैंकिंग में तीसरे स्थान पर धकेल दिया है। डबुल म्यूटेंट का हमला 1950 दशक की एक हालीवुड फिल्म जैसा लगता है, पर शायद अब यह यथार्थ बन गया है। अब केवल इस तथ्य पर आधारित नहीं रहा जा सकता है कि पहले चीन के वूहान में जन्मे वायरस के नए म्यूटेंट मूल वायरस की तुलना




में ज्यादा घातक हैं। तथ्य यह है कि जब कुल संख्या बहुत अधिक हो जाए तो कम मृत्यु दर महत्वपूर्ण नहीं रह जाती है, जैसा कि वर्तमान समय में हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप मामले अभूतपूर्व रूप से बढ़ रहे हैं और इसके साथ मौतें भी बढ़ रही हैं।

स्वास्थ्य अधिकारियों तथा केन्द्र व राज्य सरकारों को इस बात से ज्यादा चिन्तित होना चाहिए कि हर सप्ताह लाखों भारतीयों को लगाई जाने वाली वैक्सीनों की वायरस के नए स्ट्रेनों, खासकर 'दुहरे म्यूटेंट' के खिलाफ प्रभावशीलता का समुचित परीक्षण नहीं हुआ है। हम निश्चित रूप से नहीं कह सकते हैं कि कोवीशील्ड या कोवैक्सिन या यहां तक की हाल ही में स्वीकृत स्पुतनिक वी या दुनिया में दूसरे स्थानों पर स्वीकृत वैक्सीनें नए स्ट्रेन के खिलाफप्रभावी होंगी और बीमारी की संक्रामकता या गंभीरता रोकने में सफल होंगी। इनमें एमआरएनए आधारित फाइजर बायोन्टेक व माडर्ना वैक्सीनें शामिल हैं। शवदाह गृहों के पूरी क्षमता से काम करने और उनके उपकरण पिघलने या बेकार होने की खबरों के बीच भारत में जीवन संभवत: अपनी सामान्य गति से चल रहा है। वास्तव में हरिद्वार के कुंभ मेले में मनाया जा रहा उत्सव इस बात का संकेत है कि अनेक भारतीयों का विश्वास सरकार के बजाय ईश्वर के प्रति आस्था में अधिक है। इसके साथ ही सरकार के नेता पश्चिम बंगाल व अन्य स्थानों पर पूरी तरह चुनाव अभियान में लगे हैं, अत: ऐसे में धार्मिक आयोजनों में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को दोषी कैसे ठहराया जा सकता है। भारत में रोज नए मामले रिकार्ड पैमाने पर बढ़ रहे हैं, पर अभी 15 सितंबर, 2020 को रिकार्ड 1,290 मौतों का आंकड़ा नहीं टूटा है। लेकिन वर्तमान गति जारी रहने पर कुछ ही समय बाद ऐसा भी हो सकता है। ऐसा खासकर कुंभ मेला समाप्त होने और श्रद्धालुओं के अपने घर लौट कर खतरनाक वायरस संपूर्ण भारत में फैलाने पर होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# किसानों को सीधे भुगतान जरूरी

राज्य को कृषि उत्पाद एवं मवेशी बाजार कानून, 2017 में संशोधन कर कमीशन एजेंटों के बजाय किसानों को वास्तव में सीधे भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।



**सुखपाल सिंह**
(लेखक आईआईटी अहमदाबाद में प्रोफेसर हैं)



**यदि** पंजाब का मामला न होता तो देश के अधिकांश अन्य राज्यों की तरह किसानों को उनके उत्पाद के सीधे भुगतान का मामला सुर्खियों में स्थान न पाता। किसी खरीदार को विक्रेता और अपने बीच हुई सहमति के आधार पर भुगतान का अधिकार है जिसमें सीधे भुगतान भी शामिल है। वास्तव में पंजाब में हास्यास्पद रूप से भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियों द्वारा भी कृषि उत्पादों का भुगतान कृषि उत्पादन मंडी समिति-एपीएमसी व्यवस्था में कच्चा अढ़तिया-कमीशन एजेंट के माध्यम से किया जाता है। भारत सरकार ने राज्य से भुगतान प्रक्रिया केन्द्र के दिशानिर्देशों के अनुसार किसानों को सीधे आनलाइन करने का अनुरोध किया। 2018 से यह व्यवस्था सार्वजनिक वित्त प्रबंधन व्यवस्था-पीएफएमएस के अंतर्गत आती है। राज्य ने बार-बार अनेक कारणों से व्यवस्था में शामिल होने का समय बढ़ाया। एफसीआई खरीद खर्च कम करने के लिए अढ़तिया को खरीद प्रक्रिया से हटाना चाहती है। पंजाब में कपास किसानों को नए कृषि कानून लागू होने के बाद तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा क्रियान्वयन स्थगित करने से पहले पिछले खरीफ सीजन में अढ़तियों को कमीशन देने के बजाय सीधे भुगतान किया गया था।

पंजाब सरकार ने अब तक केन्द्रीय एजेंसियों को किसानों को सीधे भुगतान से रोका है। एपीएमसी कानून में 2013 के संशोधन के माध्यम से पंजाब सरकारों ने किसानों को सीधे भुगतान का विकल्प दिया था जिसकी मांग किसान यूनियनों ने की थी। लेकिन इसके लिए किसानों को धान या गेंहू की खरीद प्रक्रिया शुरू होने के 45 दिन पहले इसे लिखित में देना होता था कि वह सीधे भुगतान चाहता है। 2017 में राज्य सरकार ने एपीएमसी कानून में संशोधन के माध्यम से किसानों को भुगतान अढ़तियों के माध्यम से करने की व्यवस्था कर दी जिससे एजेंट कृषि उत्पाद पर अपना कमीशन काट कर बाकी किसान के खाते में जमा करता है। अढ़तिया असोसियेशनों का दावा है कि वे बिना कुछ बंधक रखे किसानों को कर्ज देते हैं और एफसीआई को कृषि उत्पाद की बिक्री से प्राप्त धनराशि से इसे प्राप्त करते हैं। यदि किसानों को सीधे भुगतान होने लगे तो वे कृषि उत्पादों से अपना कर्ज नहीं वसूल सकेंगे। अढ़तियों को कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री में सहायता के लिए लाइसेंस लेना होता है, लेकिन उनका दूसरा बिजनेस किसानों को कर्ज देना है जो अनौपचारिक व अवैध है। सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर खरीद करने पर वे किसानों को मिलने वाले भुगतान से यह कर्ज वसूल करते हैं। वे ऐसे कर्ज पर 18-36 प्रतिशत तक ब्याज तथा हर सीजन के बाद बकाया मूल धन भी वसूलते हैं। इस प्रकार अढ़तिया किसानों का अनेक प्रकार से शोषण करते हैं।

बड़े किसान तो इससे बचने में सफल होते हैं, लेकिन यह व्यवस्था छोटे व सीमान्त किसानों के लिए बड़ी समस्या है। किसानों के पास किसान क्रेडिट कार्ड या कैश क्रेडिट कार्ड होते हैं जिनसे वे बैंकों या प्राथमिक कृषि कर्ज सोसाइटी-पीएसीएस से कर्ज प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन फसल कर्ज का भुगतान न होने पर अढ़तिए किसानों को कर्ज दे देते हैं ताकि वे अगले सीजन में बकायेदार न रहें। इस प्रकार अढ़तिए किसानों की सहायता करते हैं। वे किसानों को गैर-कृषि व सामाजिक कार्यों के लिए भी कर्ज देते हैं। पंजाब की फल और सब्जी मंडियों में अढ़तियों को पांच प्रतिशत कमीशन मिलता है, जबकि अनाज मंडियों में यह 2.5 प्रतिशत है, लेकिन यहां एमएसपी लागू नहीं होता है। इसलिए सरकारी खरीद न होने पर अढ़तियों द्वारा दिए कर्ज का जोखिम बढ़ जाता है। अढ़तिया असोसियेशनों ने अतीत में बासमती धान किसानों को कर्ज नहीं देने का फैसला किया था क्योंकि इसकी एमएसपी पर सरकारी खरीद नहीं होती है। किसान यूनियनों, अढ़तिया यूनियनों तथा राज्य सरकार का दावा है कि गेंहू व धान की खेती बड़े पैमाने पर पट्टे पर होती है। ऐसे में किसानों को एमएसपी खरीद के लिए भूमि के रिकार्ड देना कठिन हो सकता है। राज्य सरकार अढ़तियों के माध्यम से किसानों को भुगतान को वैध बताती है। केन्द्र ने सुझाव दिया था कि पंजाब पड़ोसी हरियाणा का माडल अपनाए जहां पट्टे वाले किसानों का विवरण एक पोर्टल पर दर्ज किया गया है। हालांकि, किसानों को सीधे भुगतान होने की स्थिति में यह डर भी सता रहा है कि बैंक ऐसे भुगतान से अपनी बकाया धनराशि काट लेंगे।

> छोटे किसानों को वित्तीय समर्थन तथा गोदाम रसीद व्यवस्था दी जानी चाहिए ताकि वे अपने उत्पादों पर बैंक से कर्ज प्राप्त कर सकें तथा अढ़तियों के चंगुल में न फंसें। पट्टे वाले किसानों के लिए पंजाब सरकार को कार्पोरेट-समर्थक भूमि पट्टा कानून बनाना चाहिए जिसमें छोटे किसानों को समुचित स्थान मिलता हो।

एपीएमसी बाजारों तथा एमएसपी पर अनाज खरीद नीति से अढ़तियों द्वारा कर्ज देने का बिजनेस फलता-फूलता है। इससे अढ़तिए बिना किसी जोखिम के किसानों को कर्ज देते हैं और एफसीआई समेत खरीदारों द्वारा किए भुगतान से पैसा काट लेते हैं क्योंकि यह भुगतान सीधे किसानों के बजाय अढ़तियों को होता है। प्राथमिकता क्षेत्र कर्ज-पीएसएल नीतियों के अंतर्गत कृषि कर्ज के मानकों में बदलाव किया गया है ताकि कृषि को कर्ज केवल फसलों पर कर्ज न होकर इसमें कोल्ड स्टोरेज व खाद्य प्रसंस्करण के लिए कर्ज को शामिल किया जा सके। यदि बैंक पीएसएल का लक्ष्य पूरा नहीं कर पाते हैं तो वे यह पैसा ग्रामीण ढांचागत विकास फंड में जमा कर अन्य बैंको से प्राथमिक क्षेत्र कर्ज खरीद सकते हैं जिनका लक्ष्य पार हो गया हो। चूंकि राज्य ने दशकों से एपीएमसी संस्थाओं में चुनाव नहीं कराए हैं, इसलिए अढ़तियों का एपीएमसी पर प्रभुत्व है क्योंकि प्रतिनिधियों का चयन नामांकन से होता है। अढ़तिया व्यवस्था समाप्त करने के लिए पंजाब सरकार को सीधे किसानों से खरीद कर उनको उनकी अपनी सामूहिक एजेंसियों से भुगतान सुनिश्चित करना होगा। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ व ओडिशा में अनाजों की सरकारी खरीद के लिए बनी है। हरियाणा में अढ़तियों की हड़ताल के चलते इस सीजन में 380 एफपीओ व पीडीएस राशन डिपो को अस्थाई एपीएमसी मंडी कमीशन एजेंटों के लाइसेंस दिए गए हैं।

छोटे किसानों को वित्तीय समर्थन तथा गोदाम रसीद व्यवस्था दी जानी चाहिए ताकि वे अपने उत्पादों पर बैंक से कर्ज प्राप्त कर सकें तथा अढ़तियों के चंगुल में न फंसें। पट्टे वाले किसानों के लिए पंजाब सरकार को कार्पोरेट-समर्थक भूमि पट्टा कानून बनाना चाहिए जिसमें छोटे किसानों को समुचित स्थान मिलता हो। राज्य को कृषि उत्पाद व मवेशी बाजार कानून, 2017 में संशोधन कर किसानों को अढ़तियों के बजाय सीधे भुगतान की व्यवस्था करनी चाहिए। वैसे फिलहाल राज्य और केन्द्र सरकार के बीच सहमति बनी है कि कृषि उत्पाद बेचने वाले किसानों की पहचान एक राजस्व क्लर्क या सरपंच द्वारा की जाएगी।

# भारत की महान विभूति डॉ. आंबेडकर


> "आंबेडकर ने केवल दलितों के लिए समानता की तलाश नहीं की बल्कि अपने महान आदर्शों की छत्रछाया में पूरे भारत को लाने का प्रयास किया।"

**रतन लाल कटारिया**
(लेखक सामाजिक न्याय, सशक्तीकरण एवं जलशक्ति राज्य मंत्री हैं)



**कुछ** साल पहले, देश के एक प्रमुख अंग्रेजी टीवी न्यूज चैनल ने ऑनलाइन और मोबाइल वोटिंग के माध्यम से "ग्रेटेस्ट इंडियन" चुनने का अभियान शुरू किया था। देश के लोगों ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को "महानतम भारतीय" चुना। यह बाबासाहेब की सबसे बड़ी विरासत है। अन्य नेताओं के विपरीत, वह अभी भी करोड़ों दलितों और हतोत्साहित भारतीयों के लिए गरिमापूर्ण जीवन के लिए लड़ने वालों के दिलों में उतना ही प्रासंगिक हैं, जितना कि उनके समय में था। जैसा कि देश 14 अप्रैल को बाबासाहेब की 130 वीं जयंती मनाता है, आंबेडकर का संघर्ष और मूल्य भारतीयों और यहां तक कि अमेरिका में अश्वेत समुदाय और दुनिया भर में भेदभाव से लड़ने वाले अन्य लोगों को प्रेरित करते हैं। आंबेडकर इस अर्थ में अन्य नेताओं से अलग थे कि उन्होंने शिक्षा और राजनीतिक संघर्ष के माध्यम से वंचितों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रोत्साहित किया। तमाम विरोधों, अपमानों, तिरस्कारों और उपेक्षाओं के बावजूद, उन्होंने हिंसा का रास्ता नहीं छोड़ा और कभी भी सिस्टम को नष्ट करने का सपना नहीं देखा। संवैधानिक प्रतिबद्धताओं के दायरे में रहकर, सिस्टम के भीतर काम करना और इसे भीतर से बदलना, उनके संघर्ष की पहचान थे।

बाबासाहेब न केवल भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे, वे लोकतांत्रिक रूप से जीवित रखने में संवैधानिक मूल्यों की भूमिका में दृढ़ विश्वास रखते थे। शिक्षा, लोकतांत्रिक संघर्ष और एकता उनके दर्शन के मूल थे। उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए समाजवादी दर्शन और साम्यवाद के बीच का रास्ता निकाला। 1931 में गोलमेज



सम्मेलन के बाद, अंग्रेजों ने एक अलग निर्वाचक मंडल का प्रस्ताव रखा। जब मदन मोहन मालवीय ने इस संबंध में बाबासाहेब से बात की और हिंदू समाज पर इसके व्यापक प्रभाव की परिकल्पना की, तो आंबेडकर ने पृथक निर्वाचन के स्थान पर दलितों के लिए अधिक सुसंगत आरक्षण प्रणाली रखने पर सहमति व्यक्त की। इस प्रकार, 1932 के ऐतिहासिक पूना पैक्ट पर हस्ताक्षर किए गए। आंबेडकर ने हमेशा सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई लड़ी और कहा कि अस्पृश्यता को मंजूरी देने वाले शास्त्रों को नए ज्ञान की रोशनी में देखा जाना चाहिए। अम्बेडकर ने केवल दलितों के लिए समानता, बंधुत्व और स्वतंत्रता की तलाश नहीं की बल्कि पूरे भारतीय समाज को उनके महान आदर्शों की छत्रछाया में लाने का प्रयास किया। जब पंडित नेहरू हिंदू कोड बिल पर अपने वादे से मुकर गए, तो आंबेडकर ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। वर्तमान में, जबकि वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका पर गहन मंथन हो रहा है, बाबासाहेब पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

संवाद, संवैधानिक संघर्ष और निरंतर समन्वय के मूल्य अब वर्तमान व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बाबासाहेब ने भी राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में इसी तरह के प्रयास किए थे। जिस तरह सरकार भारत को विश्व गुरु के रूप में फिर से स्थापित करने के लिए काम कर रही है, अम्बेडकर भी, भरत के लिए वैश्विक कद के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वह धर्म, संस्कृति, जाति और भाषा की प्रतिस्पर्धी निष्ठा की प्रमुखता के विरोधी थे। उनका मानना था कि इससे भारतीयता और भारत के प्रति वफादारी कायम करना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा, "मैं चाहता हूं कि लोग पहले भारतीय हों और अंत तक भारतीय रहें, लेकिन भारतीय कुछ भी नहीं।"

उनके नक्शेकदम पर चलते हुए, केंद्र न केवल सामाजिक न्याय सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से वंचितों को मुख्यधारा में लाने का भी प्रयास कर रहा है। 'स्टार्ट-अप इंडिया',-स्टैंड-अप इंडिया', राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम और माध्यमिक और उच्च अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति, इस दिशा में सभी प्रयास हैं। 14 अप्रैल को पूरी दुनिया देश के सच्चे सपूत बाबासाहेब को सलाम करेगी और राष्ट्र निर्माण के लिए उनके योगदान को याद किया जाएगा।

हालांकि, युवा पीढ़ी को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके आदर्शों का पालन ही नहीं बल्कि उनके जीवन के हर पल का अनुसरण करना चाहिए।

## आप की बात

### चिंताजनक हालात

**मोदी** जी ने मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में रात के कर्फ्यू का समर्थन किया, किन्तु रात का कर्फ्यू औचित्यहीन लगता है। ये जनता में भ्रम और पूर्ण लॉकडाउन का डर पैदा करेगा। भले ही मोदी जी कहें की पूर्ण लॉकडाउन नहीं लगेगा मगर वर्तमान हालात पर नज़र डालें तो जहां-जहां रात का कर्फ्यू लगा वहां बाद में लॉकडाउन भी लगा। पिछले अनुभव बताते हैं कि कोरोना से ज्यादा लॉकडाउन सताता है। कुछ हिस्सों से खासतौर पर मुंबई से आ रही पलायन की ख़बरें इसका सबूत हैं। कोरोना भीड़ से ज्यादा फैलता है इसलिए दिन वाली भीड़ को नियंत्रित करने की ज़रूरत है। पूर्ण लॉकडाउन लगाए बिना भी ये काम किया जा सकता है जैसे आईपीएल जैसे गैरज़रूरी आयोजनों को रोकना, न्यायालयों में पुन: वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई शुरू करना, सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में घर से कार्य को बढ़ावा देना, सार्वजनिक और निजी आयोजनों पर पाबन्दी लगाना, शहरी परिवहन में आर्ड-इवन व्यवस्था लागू करना, शिक्षा को पुन: अनिवार्य रूप से ऑनलाइन करना, इत्यादि-इत्यादि। इसके साथ ही चुनावी रैलियों और भीड़ पर भी रोक लगानी होगी। क्योंकि विधान सभा चुनाव भले ही खात्मे की ओर हों मगर निकाय व पंचायत चुनाव लगातार हो रहे हैं।

– **बृजेश माथुर**, गाज़ियाबाद

### जल बचाएं, प्यास बुझाएं

गर्मी के तेवर में तेजी आने लगी है। इस वजह से पानी की खपत बढ़ने लगी है। जितना भी जल हमारे घर तक स्थानीय स्रोतों से प्राप्त होता है। कोशिश करें कि उसका अपव्यय ना हो और ना ही वो व्यर्थ जाए। नदियों को जोड़ना, कुएं-तालाबों को गहरा करना या नए निर्माण करना, वनों की रक्षा करना, बरसात के जल को समुद्र में जाने से कैसे बचाना आदि काम तो सरकार का है और वो योजनाबद्ध तरीके से उसे वर्तमान से दीर्घकाल तक करती ही रहती है। किन्तु व्यक्तिगत रूप से हम जल को कैसे बचाएं और उसका सदुपयोग करें इस बारे में हमें स्वयं सोचना है। हर व्यक्ति और हर घर यदि जल के अपव्यय को रोकने के प्रयास करेगा तो अवश्य हमारे गरमी के दिन राहत भरे गुजर सकते हैं। बर्तन, कपडे आदि के लिए वापस पानी क पुन: उपयोग जैसे पौधों में, आंगन की सफाई में कर सकते हैं। नहाने-धोने के समय व्यर्थ नल आदि से पानी ना बहाएं। हम और हमारे परिजन कितना पानी को बचाने के मामले में खुद, परिवारवालों और सेवकों/सेविकाओं को सतर्क कर सकते हैं या सलाह दे सकते है उस पर सोचकर काम करेंगे तो अवश्य हम जल के अपव्यय को रोककर बहुत सारे पानी की बचत कर सकते हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, गिरधर नगर, इंदौर


### अदृश्य वायरस

**यह** बात समझ से परे है कि देश में फैल रहे कोरोना के संक्रमण की दूसरी लहर पहले से भी ज्यादा घातक साबित होती दिखाई दे रही है। लेकिन इस स्थिति में भी होने वाली चुनावी रैलियों पर पाबंदी नही लगाई गई। कहां खो गई है देश की कानून व्यवस्था? कोरोना जब विकराल रूप धारण करता जा रहा है, शायद आज के समय मे अपनी और सबकी जीविका बचा लेना ही सबसे बड़ा पुण्य है। लेकिन लोग गंभीरता को समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं। वहीं सोमवार को कुंभ मेले में तीस लाख से अधिक लोगों ने स्नान किया है। क्या इससे कोरोना का संक्रमण नहीं फैलेगा? कैसे बचें लोग? केवल दु:ख बल्कि चिंता होती है कि कोरोना दिशा निर्देशों के बारे में वहां लोग क्या सोच रहे है। क्या प्रशासन के पास ऐसी क्षमता है कि वह तीस लाख लोगों की कोरोना जांच कर सके ? इसका कोई उपाय नही है। यह समय है जब भीड़ से बचा जाए और कोई खतरा मोल न लिया जाए। स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है, स्वास्थ्य सम्बन्धी हिदायतों का पालन हो।

– **खुशबू वेद**, आलोट, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemailÐhindipioneer@gmailÐcom पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैं** हर किसी से कोविड मानकों का पालन करने एवं जबतक अति आवश्यक न हो तब तक अस्पताल न जाने एवं वैक्सीन लगवाने का आग्रह करता हूं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**यह** नरसंहार है। मैंने तस्वीरें देखी हैं। केंद्रीय बलों ने पैरों की ओर गोली चलाने के बजाए गोलियों की बौछार कर दी।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



**हर** मौत दु:खद है, लेकिन ऐसा क्यों है कि ममता दीदी को होने वाली प्रत्येक मौत पर राजनीति करनी पड़ती है।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

# पूरी गति से जारी रहे कोविड नियंत्रण अभियान: योगी

● प्रत्येक जिले में क्वारंटीन सेंटर स्थापित करने के निर्देश

● लखनऊ में कोविड मरीजों के लिए 840 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी जनपदों में कोविड बेड तथा ऑक्सीजन की कोई कमी न होने पाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक जनपद में कोविड बेड, दवाओं, मेडिकल उपकरणों तथा बैकअप सहित ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता हमेशा बनी रहे। उन्होंने टेस्ट, ट्रेस, ट्रीट, के संकल्प के साथ कोविड.19 के नियंत्रण अभियान को पूरी गति से जारी रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री बुधवार को वर्चुअल माध्यम से आहूत उच्चस्तरीय बैठक में कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर नगर, गोरखपुर, झांसी सहित कोरोना के अधिक ऐक्टिव केस की संख्या वाले सभी जनपदों में पर्याप्त बेड्स सुनिश्चित कराएं। इसमें आइसोलेशन बेड्स तथा आईसीयू बेड्स, दोनों श्रेणी के बेड्स की व्यवस्था हो। किडनी रोग से ग्रसित कोरोना मरीजों के उपचार के लिए कोविड अस्पताल में डायलिसिस मशीनों का प्रबन्ध किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य तथा प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा इस व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करें।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि प्रत्येक जनपद के कोविड अस्पतालों में ऑक्सीजन की अनवरत उपलब्धता बनी रहे। जिन अस्पतालों में सिलेण्डर के माध्यम से मरीजों को ऑक्सीजन देने की व्यवस्था है, वहां ऑक्सीजन सिलेण्डरों को तत्काल रिप्लेस करने की व्यवस्था रहे। उन्होंने अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य तथा प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को इसके लिए नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद लखनऊ में कोविड मरीजों के लिए 840 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था हो गयी है। बेड की संख्या में और बढ़ोत्तरी के लिए तेजी से प्रभावी कार्यवाही की जाए। जिन निजी मेडिकल कॉलेजों को कोविड चिकित्सालय के तौर पर संचालित किया जा रहा है, वहां अतिरिक्त चिकित्साकर्मियों एवं मेडिकल संसाधन की व्यवस्था प्राथमिकता पर की जाए। उन्होंने जिला प्रशासन तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम भेजकर इन संस्थानों को कोरोना मरीजों के उपचार के लिए पूरी क्षमता के साथ क्रियाशील करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जाए। प्रदेश स्थित केन्द्रीय संस्थानों की प्रयोगशालाओं में उपलब्ध आरटीपीसीआर क्षमता का उपयोग करते हुए आरटीपीसीआर टेस्ट की संख्या बढ़ायी जाए। इन संस्थानों की आवश्यकताओं के अनुरूप मैनपावर का भी प्रबन्ध किया जाए। उन्होंने कोविड जांच के लिए ट्रूनेट मशीनों का उपयोग तत्काल प्रारम्भ करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होम आइसोलेशन में रह रहे कोरोना मरीजों से नियमित संवाद बनाकर उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जाए और आवश्यकतानुसार उनका मार्गदर्शन किया जाए। इस कार्य में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 का भी उपयोग किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि लखनऊ सहित समस्त जनपदों में होम आइसोलेशन के कोविड मरीजों को सभी निर्धारित दवाओं के मेडिकल किट की सुचारु आपूर्ति होती रहे। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री तथा अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को इस व्यवस्था को चेक करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जनपदों में स्थापित इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर सुचारु ढंग से कार्यशील रहें। इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर के स्तर पर बेड की उपलब्धता, एम्बुलेंस व्यवस्था की नवीनतम जानकारी होनी चाहिए। इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने और जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से वहां जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी की तैनाती की जाए। यह अधिकारी आवश्यक समन्वय कार्य के साथ साथ विभिन्न गतिविधियों की स्थिति की अद्यतन जानकारी रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतिदिन इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर में बैठक आहूत कर स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीति तय करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जनपद में युद्धस्तर पर स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का कार्य किया जाए। प्रदेश में अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में लोगों के सम्भावित आगमन को देखते हुए प्रत्येक जनपद में क्वारंटीन सेण्टर स्थापित किए जाएं। उन्होंने कण्टेनमेंट जोन के प्राविधानों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी एवं निजी कार्यालयों तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कोविड हेल्प डेस्क को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए।

# दवा, टेस्टिंग, एन- 95 मास्क व पीपीई किट के लिए सौ करोड़ रुपए जारी

● सरकार का दावा, पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध, 507 मीट्रिक टन ऑक्सीजन में 232 मीट्रिक टन का ही उपयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चिकित्सा** शिक्षा विभाग ने मेडिकल कॉलेजों, राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों और संस्थानों में दवा, टेस्टिंग और एन 95 पीपीई किट के लिए सौ करोड़ रुपए जारी किए हैं। सीएम योगी कोरोना के खिलाफ लड़ाई में रोजाना उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर खुद समीक्षा करते हैं। जिसका परिणाम है कि प्रदेश में रोजाना न सिर्फसंसाधनों और बेडों में ईजाफा हो रहा है बल्कि पर्याप्त मात्रा में दवाईयों के साथ ऑक्सीजन भी उपलब्ध है। हालांकि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सीएम योगी ने इसे और बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने प्रदेश में दूसरी लहर आने के बाद होम आईसोलेशन की अनुमति के कारण एल 1 अस्पताल शुरू नहीं किया है। जबकि एल 2 और एल 3 अस्पताल शुरू किए गए हैं और इसमें गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक एल 2 और एल 3 अस्पतालों में 25,764 ऑक्सीजन के साथ सामान्य बेड और लगभग 7000 आईसीयू बेड हैं। विशेष सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि प्रदेश में आक्सीजन की उपलब्धता 507 मीट्रिक टन है। जबकि ऑक्सीजन का उपयोग 232 मीट्रिक टन है, जिसमें औद्योगिक उपयोग 99.6 मीट्रिक टन है। प्रदेश में वेंटिलेटर 5000 से अधिक हैं।

**प्रदेश सरकार ने भारत सरकार से मांगे 15 सौ और वेंटिलेटर: आलोक कुमार**

प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने बताया कि पिछले 24 घंटे में विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों में एक दिन में 121 आईसीयू और एचडीयू बेड बढ़ाए गए हैं। एरा मेडिकल कॉलेज को पूर्ण रूप से कोविड हॉस्पिटल घोषित किया गया है। इसके अलावा राज्य आपदा मोचक नीति के तहत प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों, चिकित्सा विश्वविद्यालयों, राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों और चिकित्सा संस्थानों में दवा, टेस्टिंग और एन 95 मास्क, पीपीई किट की एक माह की आवश्यकता के लिए सौ करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने प्रस्ताव भेजकर भारत सरकार से 15 सौ और वेंटिलेटर मांगे हैं।

**इन्हें भेजे गए सौ करोड़ रुपए**

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कानपुर, आगरा, मेरठ, प्रयागराज, झांसी, गोरखपुर, बांदा, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, कन्नौज, जालौन, सहारनपुर और बदायूं मेडिकल कॉलेज, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या, बस्ती, बहराईच, फिरोजाबाद और शाहजहांपुर, केजीएमयू लखनऊ, उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ, सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान नोएडा, एसजीपीजीआई लखनऊ और राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा को सौ करोड़ रुपए की धनराशि भेजी है।

**लखनऊ में बढ़ेंगे पांच सौ से ज्यादा बेड:** इंटीग्रल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में 200 बेड और तैयार किए जा रहे हैं। जबकि यहां 120 आईसीयू बेड और आइसोलेशन सहित कुल 400 बेड हो जाएंगे। टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज में कल तक डेढ़ सौ आईसीयू और एचडीयू बेड सहित 500 बेड हो जाएंगे। चिकित्सा शिक्षा विभाग मैन पावर उपलब्ध कराने में सहयोग करेगा। कैंसर इंस्टिट्यूट में भी 100 बेड बढ़ाने, मेयो इंस्टिट्यूट बाराबंकी में 200 से अधिक बेड क्रियाशील हैं, जिसे और बढ़ाया जा रहा है।

# कोविड से सुरक्षा के हों पूरे इंतजाम: श्रीकान्त

● ऊर्जा मंत्री ने कोविड 19 गाइडलाइंस को लेकर उपकेन्द्रों का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**ऊर्जा** एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने विद्युत उपकेन्द्रों में कोविड.19 से सुरक्षा की गाइडलाइंस के अनुपालन को लेकर बुधवार को उपकेन्द्रों का निरीक्षण किया। ऊर्जा मंत्री ने यूपीपीसीएल चेयरमैन को निर्देश दिए कि उपकेन्द्रों में आने वाले उपभोक्ताओं और 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति व उपभोक्ता सेवा में जुटे विद्युत कार्मिकों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम हों।

ऊर्जा मंत्री ने लेसा के वृंदावन उपखंड के सेक्टर 9, सेक्टर 5, रजनी खण्ड और रतन खण्ड उपकेन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपभोक्ताओं और निर्बाध विद्युत आपूर्ति में जुटे कार्मिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी उपकेन्द्रों के विद्युत कार्मिकों के वैक्सीनेशन की जानकारी ली। कार्मिकों को पर्याप्त फेस शील्ड, मास्कए सेनेटाइजर व ग्लव्स उपलब्ध कराने के लिए कहा। विद्युत कार्मिकों से अपने संवाद में उन्होंने कहा कि कोरोना की पहली लहर में आप लोगों ने निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर लोगों का घर में रहना और सुरक्षित रहना तय किया। इस बार भी आप बेहतर आपूर्ति व उपभोक्ता सेवा से कोरोना के खिलाफ जंग को आसान करें। उन्होंने कहा कि कार्मिक स्वयं की भी रक्षा करें और तय दिशानिर्देशों का पालन कर उपभोक्ताओं को भी कोरोना से बचायें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए उपकेन्द्रों में सैनिटाइजर डिस्पेंसर, फिजिकल डिस्टेंसिंग, पीने के पानी, बैठने के लिए जगह हो यह सभी एमडी डिसकॉम सुनिश्चित करें। यूपीपीसीएल चेयरमैन इसकी मॉनिटरिंग करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को घर बैठे ऑनलाइन बिल जमा करने के लिए प्रेरित करें। बिल संशोधन की टोल फ्री नम्बर 1912 पर या ऑनलाइन आई शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो यह भी सुनिश्चित करें। विद्युत कार्मिक डोर नॉक की बजाय उपभोक्ताओं को फोन कॉल कर बकाया जमा करने के लिए प्रेरित करें।

# टीका उत्सव में गरीबों व जरूरतमंदों को लगे फ्री वैक्सीन: मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अंबेडकर** जयंती के मौके पर बुधवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार ने कोरोना वायरस वैक्सीन लगाने को एक उत्सव के रूप में मनाने का जो विशेष अभियान चलाया है वह अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि अगर यह उत्सव देश के गरीब और जरूरत मंद लोगों को फ्री में वैक्सीन लगाने के रूप में मनाया जाता तो ज्यादा उचित होता। मायावती ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों से अनुरोध किया की पूरे देश में गरीब और जरूरत मंद लोगों को वैक्सीन मुफ्त में लगाने का निर्णय लें।

मायावती ने कहा कि इस साल भी कोरोना नियमों का पालन करते हुए बसपा के सभी सदस्य बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती मना रहे हैं। ये दिन हमारी पार्टी के लिए खास हैए क्योंकि इसी दिन बसपा की शुरुआत की गई थी। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश में इस वक्त बीएसपी ऐसी पार्टी है, जो जातिवाद की राजनीति करने वाली पार्टियों का मुकाबला कर रही हैं। कोरोना संकट को मायावती ने कहा कि देश के गरीबों को वैक्सीन दी जानी चाहिएए केंद्र जो टीका उत्सव मना रहा है, उसमें गरीबों को मुफ्त में टीका मिलना चाहिए। कोरोना के बढ़ते प्रकोप के बीच शुरू हुए पलायन पर मायावती ने कहा कि प्रवासी मज़दूरों के लिए राज्य सरकारों को खाने और रहने की व्यवस्था करनी चाहिएए ताकि उन्हें पलायन ना करना पड़े और वो कोरोना की चपेट में ना आएं। बता दें कि बसपा प्रमुख मायावती के अलावा देश के अन्य नेताओं ने भी बुधवार को बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर नमन किया।

# यूपी की स्थिति विस्फोटक, सरकार छुपा रही आंकड़े

● प्रदेश में कोरोना की स्थिति पर कांग्रेस महासचिव ने वर्चुअली की आपात बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव व यूपी प्रभार प्रियंका गांधी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोरोना की भयावहता को देखते हुए आपात बैठक बुलाई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष, नेता कांग्रेस विधायक दल, पीसीसी के उपाध्यक्ष, महासचिव समेत राष्ट्रीय महासचिव के सलाहकार मण्डल और रणनीति समिति के सदस्य शामिल थे।

प्रियंका गांधी ने जारी बयान में कहा कि यूपी में कोरोना महामारी की दूसरी लहर बहुत तेजी से फैल रही है। पूरे सूबे से जो खबरें आ रही हैं वह बेहद दु:खद और दिल दहलाने वाली हैं। उन्होंने कहा कि विडंबना देखिए कि बहुमत की इस सरकार ने अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने के लिए पूरे साल कुछ नहीं किया और आज इन्हें श्मशान घाटों की क्षमता बढ़ानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि आज सुबह मैंने उप्र कांग्रेस की सलाहकार और रणनीतिक समिति के सदस्यों, पार्टी के विधायकों, प्रदेश कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं प्रदेश के प्रत्येक कोने में स्थित मंडल प्रभारियों से कोरोना से उत्पन्न विपत्ति पर चर्चा की। यूपी प्रभारी महासचिव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस विपत्ति की घड़ी में प्रदेश की जनता के साथ खड़ी है। हमारी पार्टी जनता को हर तरह से सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही साथ हमारा फर्ज है कि संक्रमित लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए हम सरकार से मांग करें। उनके सवालों के लिए लड़ें। यह विपक्ष का धर्म है और हम दृढ़ता से इसे निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यूपी की स्थिति सबसे ज्यादा विस्फोटक होने के कगार पर है जबकि यूपी सरकार लगातार आंकड़े छुपा रही है। अगर यूपी सरकार कोरोना महामारी के पहले दिन से ही सचेत रही होती तो शायद आज इस तरह के दिन नहीं देखने पड़ते। इस महामारी में पहले ही दिन से बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था करने के बजाय सरकार ने संक्रमण के आंकड़े और मौतों की संख्या को लगातार कवरअप किया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार की कोई व्यवस्था और प्लानिंग ही नहीं दिख रही है, इसकी बजाए ऐसा लग रहा है कि यूपी की जनता पर दोतरफा वार हो रहा है। एक तरफसे कोरोना और दूसरी तरफ से योगी सरकार की नाकाम, असंवेदनशील और गैर जिम्मेदार व्यवस्था। उन्होंने कहा कि वास्तव में यूपी सरकार के इस रवैए ने प्रदेश की जनता को मौत के मुंह में धकेलने का कार्य किया है। 5 से 11 अप्रैल के बीच पूरे देश में कोरोना के 70 प्रतिशत मामले बढ़े हैं तो उत्तर प्रदेश में इस दौरान कोरोना मामलों में 281 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# आक्सीजन की आपूर्ति पर लगातार नजर रखी जा रही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने बताया कि आक्सीजन की आपूर्ति पर निरन्तर नजर रखी जा रही है। सहगल ने बताया कि हर जनपद के गांव तथा शहर में क्वारेंटाईन सेन्टर बनाये जा रहे है। जहा पर प्रवासियों को इन सेन्टरों में रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि इन सेन्टरों में मूलभूत सुविधायों के साथ साथ खाने पीने के व्यवस्था होगी।

प्रत्येक जनपदों के जिलाधिकारी अपने स्तर से प्रदेश के बाहर से आने वाले लोगों को इन सेन्टरों में खाने व ठहराने की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने कटेमेण्ट जोन में प्रभावी नियंत्रण करने के निर्देश दिये है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में टेस्टिंग का कार्य करते हुएए टेस्टिंग की क्षमता निरन्तर बढ़ायी जा रही है। गत एक दिन में कुल 2,10,121 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 3,73,84,344 सैम्पल की जांच की गयी है। इसमें 90,000 से अधिक सैम्पलों की जांच आरटीपीसीआर के माध्यम से की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 20,510 नये मामले आये है। प्रदेश में 1,11,835 कोरोना के एक्टिव मामले में से 97,190 लोग होम आइसोलेशन में हैं। निजी चिकित्सालयों में 1648 लोग तथा शेष मरीज चिकित्सालयों में इलाज भी करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घंटे में 4,517 तथा अब तक 6,22,810 लोग कोविड19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं।

# सेनेटाइज किए जाएंगे यूपी के सभी 1925 कोल्डस्टोरेज

● दिन में रोज दो बार सेनेटाइज किए जा रहे मंडी स्थल के चबूतरे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण से लोगों के बचाव के लिए अब यूपी के सभी कोल्ड स्टोरेज को सेनेटाइज किया जाएगा। इसी के साथ गेहूं बेचने मंडी में पहुंच रहे किसानों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए हर दिन मंडी के चबूतरे को दो बार सेनेटाइज किया जाएगा। उद्यान विभाग और मंडी परिषद के उच्चाधिकारियों ने इस संबंध में जिले के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। सरकार का प्रयास है कि आलू तथा गेहूं उत्पादक किसानों को हर हाल में कोरोना संक्रमण से बचाया जाए और इसके लिए हर जरूरी इंतजाम किए जाएं।

उद्यान निदेशक आरके तोमर ने सूबे के सभी 1925 कोल्डस्टोरेज को सेनेटाइज करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। आरके तोमर के अनुसार इस बार राज्य में 160 लाख टन से भी अधिक आलू का उत्पादन हुआ है। जिसमें से करीब 120 लाख टन आलू कोल्डस्टोरेज में पहुंच चुका है। इसकी सुरक्षा के लिए कोल्डस्टोरेज को सेनेटाइज किया जाएगा। सूबे के सभी कोल्डस्टोरेज को सेनिटाइज कर संचालित करने की प्रक्रिया शुरू है। अधिकारियों के अनुसार कोल्डस्टोरेज को सेनेटाइज करने से आलू के भंडारण और निकासी में कोई समस्या नहीं आने पाएगी। इसी तरह से सूबे में मंडी परिषद की 251 मंडियों में से 220 मंडियों में गेहूं की खरीद हो रही है। इन मंडियों में गेहूं लेकर पहुंच रहे किसानों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए मंडी के चबूतरे को दिन में दो बार सेनेटाइज करने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा हर मंडी में कोविड डेस्क बनाई गई है। मंडी में बिना मास्क के किसी को भी आने पर रोक है, जो किसान मास्क लगाकर नहीं आते हैं उन्हें इस डेस्क के जरिए मास्क उपलब्ध कराया जा रहा है। मंडी में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए गेंहूं की खरीद हो रही हो। सब्जी और फल लेकर आने वाले व्यापरियों से कोरोना प्रोटोकाल का पालन कराया जा रहा है।

**14 दिन में खरीदा गया रिकार्ड 80 हजार मैट्रिक टन गेहूं:** प्रदेश में एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू की गई है। अभी 14 दिन ही बीते हैं कि एक लाख 80 हजार मैट्रिक टन गेहूं खरीद का रिकार्ड बन गया है। इस रिकार्ड को बनाने के साथ ही किसानों को भुगतान के मामले में योगी सरकार ने पिछली सरकारों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। धान खरीद के मामले में भी योगी सरकार नए कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। राज्य सरकार ने 2553804 धान किसानों को 23328.80 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है, जो कि प्रदेश में अब तक का रिकार्ड है। आंकड़ों के मुताबिक योगी सरकार ने चार साल के कार्यकाल में 3345065 किसानों से कुल 162.71 लाख मी. टन गेहूं की खरीद की। प्रदेश में सबसे ज्यादा 24256 क्रय केंद्रों के जरिये खरीदे गए गेहूं के लिए राज्य सरकार ने किसानों को कुल 29017.71 करोड़ रुपये का रिकार्ड भुगतान किया है।

# मतदान वाले 18 जिलों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में बृहस्पतिवार को प्रथम चरण के अंतर्गत 18 जिलों में होने वाले पंचायत चुनाव के मतदान को लेकर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है।

अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि इन 18 जनपदों में कुल 629 निरीक्षक, 7946 उपनिरीक्षक, 15672 मुख्य आरक्षी, 61857 आरक्षी, 66444 होमगार्ड्स, 2710 पीआरडी जवान, 6729 रिक्रूट आरक्षी, 51 कम्पनी 2 प्लाटून पीएसी व 10 कम्पनी सीएपीएफ चुनाव सम्पन्न कराने के लिए तैनात रहेंगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2021 के प्रथम चरण में प्रदेश के 18 जनपदों आगरा, हाथरस, प्रयागराज, महोबा, बरेली, रामपुर, गोरखपुर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, कानपुर, झाँसी, हरदोई, रायबरेली, अयोध्या, गाजियाबाद, सहारनपुर व भदोही में पंचायत चुनाव होना प्रस्तावित है । एडीजी ने बताया कि इसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्थाएं कर ली गयी है। विगत डेढ़ महीने से इन जनपदों में निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही हैं, जिससे कि चुनाव सकुशल सम्पन्न हो सकें। एडीजी ने बताया कि जिन जिलों में मतदान है उन जिलों के 441 निरीक्षक, 3521 उप निरीक्षक, 6219 मुख्य आरक्षी व 23069 आरक्षी चुनाव ड्यूटी में रहेंगे जबकि अन्य जनपद से चुनाव ड्यूटी के लिए 188 निरीक्षक, 4425 उप निरीक्षक, 9453 मुख्य आरक्षी व 38788 आरक्षी प्रदान किए गए है। सात मार्च 2021 से अब तक उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में पंचायत चुनाव को सकुशल एवं भयमुक्त सम्पन्न कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत कुल 2429 अस्त्र बरामद किए गये हैं। 107 अवैध फैक्ट्रीमेड आग्नेयास्त्र, 4325 देशी आग्नेयास्त्र, 7531 कारतूस एवं 2824 किग्रा विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया है।

# आज फायर रैली निकालकर लोगों को किया जाएगा जागरूक

अग्नि सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

## बीते वर्ष अग्निशमन कर्मियों ने की 1513 मनुष्यों व 4270 पशुओं की जीवन रक्षा, साथ ही 4 अरब 51 करोड़ रुपए की सम्पत्ति को क्षति से बचाया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** में बुधवार से अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह का संकल्प अग्नि सुरक्षा उपकरणों का रख रखाव आग के खतरों को कम करने के लिये महत्वपूर्ण है। अग्नि सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य नागरिकों को अग्निकाण्डों के त्वरित नियंत्रण की जानकारी तथा अग्निकाण्ड से होने वाली क्षति के प्रति जागरूक करना व अग्निकाण्डों को रोकने तथा आग से बचावों के उपायों के सम्बन्ध में प्रशिक्षित करना है। अपर मुख्य सचिव गृह, अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रदेश मे आज से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश में अग्निकाण्ड से होने वाली दुर्घटनाओं में जन धन की हॉनि में कमी लाने की दिशा में गम्भीरता पूर्वक प्रयास किए गए है। अग्निशमन सेवा द्वारा प्रदेश की विकसित सम्पदा एवं अर्थव्यस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान दिया गया है।

अवस्थी ने बताया कि वर्ष 2020-21 मे अग्निशमन विभाग को 38 वाटर टेंडर, 35 जीप टोंइग वेहिकल एवं 5 करोड़ के उपकरण विभिन्न जनपदों को आंवटित किए गए हैं। प्रदेश में वर्ष 2020 मे अग्निशमन सेवा कर्मियों द्वारा कुल 20776 अग्नि दुर्घटनाओं व जीव रक्षा पुकारों पर कार्यवाही की गई। जिसमें 1513 मनुष्यों व 4270 पशुओं की जीवन रक्षा करते हुए लगभग 4 अरब 51 करोड़ रुपए की सम्पत्ति को क्षति से बचाया गया। साथ ही प्रदेश के जनपदों में 353 माक ड्रिल आयोजित की गई, 47801 व्यक्तियों को जागरूकता अभियान के दौरान जागरुक किया गया एवं 20,110 व्यक्तियों को अग्निसुरक्षा के बारे में प्रशिक्षित भी किया गया।

उल्लेखनीय है कि वीरगति को प्राप्त हुए अग्निशमन कर्मियों की पावन स्मृति में प्रत्येक वर्ष देश भर में अग्निशमन सेवाओं द्वारा अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस का आयोजन 14 अप्रैल को तथा 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। वर्तमान में प्रदेश के 75 जनपदों में कुल 350 फायर स्टेशन स्वीकृत है, जिनमें से 255 फायर स्टेशन क्रियाशील है एवं नवसृजित 17 फायर स्टेशनों को क्रियाशील कराये जाने की कार्रवाई की जा रही है। उप्र अग्निशमन सेवा द्वारा आनलाइन एनओसी पोर्टल बनने के बाद से इसके माध्यम से अबतक कुल प्राप्त 31,361 प्रार्थना पत्रों में से 21,370 को परीक्षोणपरान्त अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रो में पहली मार्च से 30 जून तक तथा शीतकाल में माह अक्टूबर से जनवरी तक जनपदों के तहसील मुख्यालयों में सीजनल फायर स्टेशन प्रति वर्ष स्थापित किए जाते है। अग्निशमन सेवा सप्ताह के अन्तर्गत 15 अप्रैल को जनपदीय मुख्यालय व तहसील स्तर पर विद्यमान फायर स्टेशनों के सहयोग से फायर रैली निकालकर जनता को जागरूक किया जाएगा। 15 अप्रैल को जनपदीय मुख्यालय व तहसील स्तर पर विद्यमान फायर स्टेशनों के सहयोग से शिक्षा संस्थानों में अग्नि सुरक्षा से सम्बन्धित निबन्ध, चित्रकला एवं व्याख्यान का आयोजन कराया जायेगा। 16 से 19 अप्रैल तक जनपदीय मुख्यालय व तहसील स्तर पर बहुखंडीय भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सभागारों का निरीक्षण, अग्निसुरक्षा से सम्बन्धित जनजागरण, माकड्रिल आदि का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 20 अप्रैल को ग्रामीण अंचलो में अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## संविधान की रक्षा करने का संकल्प ही डॉ. अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि: लल्लू

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि बाबा साहब ने हमारे देश को विश्व का सबसे महान संविधान प्रदान किया है। आज उसी की बदौलत स पूर्ण विश्व में हमारे देश का लोकतंत्र सबसे मजबूत है। उन्होने समतामूलक समाज की स्थापना, सामाजिक न्यायए शिक्षाए संगठित रहने और संघर्ष करने का मूल मंत्र दिया। संविधान के जरिये दलितों और पिछड़ों को संवैधानिक अधिकार देने का काम किया। लल्लू बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मु यालय में आयोजित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होने कहा कि देश कुछ लोग बाबा साहब के बनाए संविधान और हमारे देश के लोकतंत्र को कमजोर और तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। आज के दिन हम सभी को देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए हर संघर्ष करते रहने का संकल्प लेना चाहिए, यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 15 अप्रैल 2021



# बाबा साहेब के सपनों को साकार कर रहे मोदी

## ● कोरोना प्रोटोकॉल के साथ सांसद ने सादगी के साथ मनाई डॉ अंबेडकर की 130 वीं जयंती



**संवाददाता।** चित्रकूट

**भारत के** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर की 130 वीं जयंती बुधवार को कोरोना प्रोटोकॉल के अनुपालन के साथ बाँदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल के आवास पर बड़ी ही सादगी के साथ मनाई गई।इस मौके पर सांसद श्री पटेल ने कहा कि बाबा साहेब का सम्पूर्ण जीवन समाज के शोषित ,पीड़ित और वंचितों के उत्थान में समर्पित रहा है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ ,सबका विकास की नीति पर चलकर बाबा साहेब के सपनो को साकार कर रहे है।

बुधवार को बाँदा -चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल के मुख्यालय के बलदाऊ गंज स्थित आवास पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर की 130 वीं जयंती बड़ी सादगी के साथ मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि आज पूरा देश बाबा साहेब की 130वीं जयंती मना रहा है। सांसद ने कहा कि समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए किया गया उनका संघर्ष हर पीढ़ी के लिए एक मिसाल बना रहेगा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चल समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे है।भाजपा सरकार में हर धर्म और जाति के लोगो का समानरूप से विकास हो रहा है।देश मे समता मुल्क समाज की स्थापना के लिए बाबा साहेब के नीतियों और सिद्धान्तों पर चलने की जरूरत है।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह पटेल ने कहा कि शिक्षा विकास की रीढ़ है। बाबा साहेब की बदौलत ही समाज के दलितों -पिछडो और वंचितों को शिक्षा का अधिकार मिला है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा साहेब के नीतियों और सिद्धांतों पर चलकर समाज के सभी वर्गों और जाति -धर्म के लोगो का चहुमुखी विकास कर रहे है।उन्होंने सभी से कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग अपनाकर पीएम मोदी और सूबे के सीएम योगी के कोरोना के खिलाफ जारी जंग में सहयोग करने की अपील की है। इस मौके पर राजकुमार त्रिपाठी ,हरि गोपाल मिश्रा और शनि याज्ञिक आदि भाजपाई मौजूद रहे।

# चुनाव प्रभावित करने वाले होंगे जेल में: एसपी



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिला मजिस्ट्रेट** शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने सेमरिया जगन्नाथवासी व बिहारा गांव में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जयदेव सिंह व एसडीएम सदर रामप्रकाश की मौजूदगी में ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें भरोसा दिया कि चुनाव पारदर्शिता एवं निष्पक्षता तथा शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जायेंगे। मंगलवार की देर रात डीएम-एसपी ने ग्रामीणों से कहा कि पंचायत चुनाव को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने में सभी लोग सहयोग करें। कोई दबंग मतदान करने को डराता या धमकाता या प्रलोभन देता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस अधिकारियों को दें। चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों से कहा कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न करें। मतदान दौरान कोरोना गाइडलाइन का पालन करें। कोरोना संक्रमण बढता जा रहा है। सम्भावित उम्मीदवारों व समर्थकों से कहा कि सभी लोग मास्क व सैनेटाइजर का प्रयोग करें। उन्होंने वैक्सीनेशन को भी प्रोत्साहित किया। एसपी अंकित मित्तल ने कहा कि चुनाव में बाधा डालने वाले को बख्शा नहीं जायेगा। मतदान को प्रभावित करने वाले लोगों को चिन्हित करने में सहयोग दें। प्रत्येक मतदान केन्द्रों में भारी तादाद में पुलिस बल तैनात किया जायेगा। बाहरी व्यक्तियों को चुनाव में न बुलायें। सूचना मिलने पर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर बिहारा के रामचन्द्र, अनिल किशोर, जगतपाल, अशोक मिश्रा, सेमरिया के संतोष त्रिपाठी, गुड्डू आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## नाथ सम्प्रदाय के प्राचीन मठ बाला जी मंदिर के महंत

# सद्गुरु मंगलनाथ महाराज के निधन से शोक की लहर

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिला मुख्यालय** के पुरानी बाजार स्थित नाथ सम्प्रदाय की आध्यात्मिक ऊर्जा स्थली बाला जी के प्राचीन मंदिर ( नाथ-गादी) के अधिपति, ओजस्वी वक्ता सद्गुरू परम श्रद्धेय डॉ. मंगलनाथ महाराज (श्री माधव रत्नपारखी) जी 85 वर्ष की आयु में बुधवार को औरंगाबाद में ब्रह्मलीन हो गये। बुधवार को बालाजी मंदिर के पुजारी एवं शिष्य कृपा शंकर तिवारी ने बताया कि नाथ-गादी के अधिपति, ओजस्वी वक्ता सद्गुरू परम श्रद्धेय डॉ. मंगलनाथ महाराज (श्री माधव रत्नपारखी) जी के गोलोकवासी होने से नाथ शिष्यों में शोक की लहर है। बताया कि गोलोकवासी सद्गुरु मगलनाथ महाराज ने श्री नवनाथ परंपरा का प्रचार-प्रसार अत्यंत प्रगतिवादी विचारों के साथ अद्भुत ढ़ंग से किया। वे मराठी



साहित्य और संत-वांड्रूमय में एमए थे और लोकमान्य तिलक विश्वविद्यालय, पुणे ने उन्हें डी. लिट्. की उपाधि से विभूषित किया था। वे सदैव आडंबरविहीन सादगीपूर्ण जीवन और उच्च विचारों के समर्थक रहे है। आपको बता दे कि विंध्य पर्वत श्रंखला के मध्य स्थित आदि तीर्थ चित्रकूट भगवान श्रीराम की तपोभूमि होने के साथ -साथ नाथ सम्प्रदाय की आध्यात्मिक ऊर्जा स्थली रही है। नाथ सम्प्रदाय की गौरव गाथा का बखान कर रहे इस प्राचीन मठ (मंदिर ) को पांच हजार वर्ष से पूर्व स्वंय भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले स्वामी मंच्छिद्र नाथ महाराज ने स्थापित किया था। मंदिर के संस्थापक स्वामी मंच्छिद्र नाथ महाराज ने इस मंदिर में एक गददी का निर्माण कराया था। जिसमें बैठकर उन्होंनें कई वर्षों तक धर्म का प्रचार-प्रसार व साधना की थी। उनके पश्चात इस गदी में चौरंगी नाथ,गैनी नाथ,निवृत्ति नाथ,संत ज्ञानेश्वर नाथ,सत्यामल नाथ,गुस नाथ महिला संत,सत्यामल नाथ,गुस नाथ,परम हंस,ब्रम्हानन्द नाथ,काशी नाथ,विटठल नाथ,विश्व नाथ,माधव नाथ तथा वर्तमान में मंगल नाथ जी महाराज गादी का दायित्व संभाल रहे थे। सद्गुरु मंगलनाथ महाराज के बुधवार को हृदय आघात के कारण हुए आकस्मिक निधन से देश भर में नाथ संप्रदाय से जुड़े शिष्यों में शोक की लहर दौड़ गई है। बालाजी मंदिर के पुजारी कृपा शंकर तिवारी ,सीमा तिवारी ,.श्रीराम पांडेय ,बच्चीलाल ,सुधाकर जैजुरकर ,आनंद राव तैलंग ,मधुकर राव तैलंग ,श्रीमती जय श्री योग,प्रेम यादव ,अशोक धुरिया आदि ने पुष्पांजलि देकर गोलोकवासी महंत को श्रद्धांजलि दी है।

## हॉटस्पाट क्षेत्रों समेत विभिन्न स्थानों परं हुआ सैनेटाइजेशन

**चित्रकूट।** कोरोना के बढते संक्रमण के मद्देनजर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि बुधवार को नगर पालिका परिषद कर्वी समेत विभिन्न स्थानों व हॉटस्पाट क्षेत्रों में सैनेटाइजेशन के कार्य कराये गये। बुधवार को डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि कोरोना का संक्रमण बढता जा रहा है। नगर पालिका परिषद कर्वी, नगर पंचायतों, कचहरी परिसर, सभी न्यायालय, वकीलों के बस्ते, राज्य बाल सम्प्रेक्षण गृह, वृद्धावस्था आश्रम, सीतापुर चौकी, कामदगिरि भवन, रामघाट का सम्पूर्ण क्षेत्र, निर्मोही अखाडा, मिश्रा काम्पलेक्स, पुरानी बाजार कर्वी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कर्वी, ब्लाक परिसर कर्वी, गोकुलपुरी कर्वी, खण्ड विकास अधिकारी कर्वी आदि एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के चिन्हित हॉटस्पाट क्षेत्रों में व अधिकारियों के आवासों पर सैनेटाइजेशन तथा साफ-सफाई करवाई गई।

# आंबेडकर जयंती पर हुये विभिन्न कार्यक्रम

**संवाददाता।** ललितपुर

**बोधिसत्व भारत** रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार ने जनपद के अन्य अधिकारियों सहित अम्बेडकर पार्क पहुंकर बाबासाहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अम्बेडकर पार्क में कोविड प्रोटोकॉल के तहत संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन नन्दलाल पहलवान के द्वारा किया गया इसके उपरान्त कलैक्ट्रेट सभागार में बाबासाहब डॉ अम्बेडकर कीजयंती के अवसर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अम्बेडकर के जीवन मूल्यों सेसम्बंधित संक्षिप्त विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान गोष्ठी में उपस्थित सभीअधिकारियों कर्मचारियों एवं अन्य अतिथियों द्वारा कोविड प्रोटोकॉल के तहत मास्क पहने गए व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया।आयोजन में जिलाधिकारी सहित पुलिस अधीक्षक मुख्य विकास अधिकारी अपरजिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी न्यायिक अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं अन्यअधिकारियों ने भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा.सुम अर्पित किये।तत्पश्चात जिलाधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सम्बोधित करते हुए डॉ अम्बेडकर के जीवन मूल्य एवं उनके समाज में योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे लवकुश त्रिपाठी ने कहा कि आजादी मिलने के बाद देश चलाने के लिए संविधान की आवश्यकता पड़ी जिस कारण बाबा साहब को संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। बाबासाहब का जन्म आज ही के दिन महाराष्ट्र के महु जिले में हुआ था। इनका प्रारंभिक जीवन अत्यधिक संघर्षशील रहा। बाबासाहब को अम्बेडकर नाम उनके गुरुजी के द्वारा मिला।

बाबासाहब को शिक्षा की विभिन्नविधाओं में महाराथ हाशिल थी। बाबा साहब को संविधान का जनक की उपाधि दी जाती है।उन्होंने समाज के पिछड़े व वंचित लोगों को आगे बढ़ाने के लिए अपना सारा जीवन न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि हमें बाबासाहब के सिद्धान्तों पर चलते हुए अपने अधिकारों केसाथ.साथ अपने कर्तव्यों का भी निर्वहन करना चाहिए। वर्तमान समय में हम विकास केप्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर रहे हैं किन्तु सामाजिक कर्तव्यों के प्रति उदासीन हैं। हमें अपने पूर्वजों के स्वप्न को साकार करने के लिए संविधान का पालन करना हैए हमे मानसिक रुप से एकसूत्र में बंधकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती में छाया रहा कोरोना का हौवा, प्रशासनिक अधिकारियों ने नहीं तोड़ी चुप्पी

**संवाददाता ।** राठ(हमीरपुर)

**संविधान निर्माता** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 130 वी जयंती के मौके पर बीती शाम भाजपाइयों ने उनकी मूर्ति के सामने दीप प्रज्वलन किया। जबकि आज अन्य पार्टी के नेताओं सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर लोगों को उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत बताया। इस दौरान ज्यादातर लोगों ने कोविड-19 नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई। इस दौरान मौजूद प्रशासनिक अधिकारी मूकदर्शक बने रहे।

गरीब उपेक्षित वर्ग सहित महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने वाले भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 130 वी जयंती की पूर्व संध्या पर कल मंगलवार की शाम बाबा साहब की अंबेडकर चौराहे स्थित प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करते हुए क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा की आज महिलाएं पुरुषों की तुलना में किसी से कम नहीं है यह अधिकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की देन है महिलाएं उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को कभी नहीं भुला सकेंगी। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष रविंद्र शर्मा महामंत्री मुकेश गुप्ता, दीपू मुंशी, कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ बंटी, अनुज सक्सेना, महेंद्र शुक्ला, महेंद्र गांधी, भाजयुमो जिला महामंत्री स्वदेश राजपूत,मंत्री अजय साहू,कपिल कुमार, मनीष गौतम सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

वही आज सुबह राठ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया सहित समाजवादी युवजनसभा के पूर्व जिला अध्यक्ष सतपाल यादव,लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव राम सजीवन यादव, ज्योति ओमप्रकाश अनुरागी, सम्यक बुद्ध विहार समिति राठ के लक्ष्मी वर्मा,जय किशन कबीर, रमेश वर्मा, दीप्ति वर्मा ,शिवम अनुरागी, संतोष अनुरागी, दर्शन सिंह बौद्ध इत्यादि ने संविधान निर्माता बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और लोगों को राष्ट्रहित में उनके द्वारा किए गए साहसिक कार्यों की जानकारी दी।

इस दौरान ज्यादातर पार्टियों के नेता व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कोविड-19 के नियमों का जमकर उल्लंघन करते हुए बगैर मास्क लगाए ही बाबा साहब को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं दूसरी तरफ मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारी मूकदर्शक बने खड़े रहे।अब देखना यह है कि जहां एक और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ लोगों को कोविड-19 के नियमों का पालन न करने वालों के ऊपर सख्त कार्रवाई के आदेश को यह अधिकारी किस हद तक मानते हैं।

## तृणमूल नेता के बयान की भाजपाइयों ने की निन्दा

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अगुवाई में आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की नेता श्रीमती सुजाता मंडल के पश्चिम बंगाल के अनुसूचित जाति के लोगों पर अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ भाजपाइयों ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने प्रतिनिधि मंडल के साथ जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि तृणमूल नेता सुजाता मंडल ने पश्चिम बंगाल के अनुसूचित जाति के लोगों को स्वभाव से भिखारी कहा है। ये निन्दनीय बयान सभी अनुसूचित जाति के लोगों को अपमानित करने वाला है। किसी को अपमानित करने की संविधान इजाजत नहीं देता है। तृणमूल नेता के एससी समुदाय के लोगों को भिखारी कहने पर आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया जाये। उनका बयान बाबा साहब अम्बेडकर के रचे लोकतंत्र व गणराज्य की परिकल्पना के खिलाफ है। प्रतिनिधि मंडल में पंकज अग्रवाल, आलोक पाण्डेय, रामबाबू गुप्ता, श्याम गुप्ता, अर्पित जायसवाल, अश्वनी अवस्थी आदि शामिल रहे।

# संविधान निर्माता बाबा साहेब को किया गया याद



माल्यार्पण करते खंड शिक्षा अधिकारी

**संवाददाता।** मौदहा (हमीरपुर)

**धूमधाम से** मनाई गई भारत रत्न व भारतीय संविधान रचयिता बाबा साहब की जयंती। भारतीय संविधान रचयिता शिल्पकार राष्ट्र के पुरोधा गरीबों के मसीहा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की 130 वीं जन्मतिथि पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में धूमधाम से व कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मनाई गई जयंती खंड शिक्षा कार्यालय,उप जिलाधिकारी कार्यालय सहित तमाम सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में धूमधाम से मनाई गई जयंती वही जानकारी के अनुसार नगर मौदहा की भीम आर्मी इकाई के कार्यकर्ताओं ने बिना परमिशन किया था जुलूस निकालने का प्रयास इसकी सूचना मिलने पर ही पुलिस प्रशासन ने नगर के मराठी पुरा स्थित अंबेडकर पार्क में जुलूस की तैयारी कर रहे भीम आर्मी कार्यकर्ताओं को जुलूस निकालने से किया मना और कोविड-19 के दिशा निर्देशों का हवाला देते हुए सक्त हिदायत भी दी जिसका अनुसरण करते हुए भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने पार्क में ही सादगी पूर्ण ढंग से मनाया कार्यक्रम वही नगर के खंड शिक्षा कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार के दिशा निर्देशन में बाबा साहब की जन्म तिथि पर उनके चित्र का माल्यार्पण कर उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम इस कार्यक्रम के दौरान अध्यापक सोमनाथ बाजपेई,अध्यापक मुहम्मद शईद सिद्धकी नगर प्रभारी नगर क्षेत्र, नरेंद्र कुमार चौरसिया, अध्यापक हरिमोहन कसौधान, अध्यापक विवेक अग्निहोत्री, अध्यापक हरिहर तिवारी सहित तमाम अध्यापक स्टाफ भी मौजूद रहा।

# शादी के दो सप्ताह पहले युवक फांसी पर झूला

**संवाददाता।** हमीरपुर

**कुरारा क्षेत्र** में कल रात अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खाकर एक युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली तो दूसरे ने घर पर ही रस्सी से फांसी लगा आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि जहर खाने वाले युवक की 8 मई को की शादी होनी थी।थाना क्षेत्र के शेखूपुर गांव निवासी 24 वर्षीय युवक गौरव प्रजापति पुत्र राजेन्द्र प्रजापति ने मंगलवार देर शाम जहरीला पदार्थ खा लिया पता चलने पर परिजन उसे कुरारा सीएचसी लाये जहा से उसे जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से कानपुर ले जाते समय रास्ते मे गौरव की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि आने वाली 8 मई को मौदहा ब्लाक के भइसता गांव में गौरव की शादी होनी थी। इस घटना के बाद से के परिवारीजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वही दूसरी घटना में लहरा गांव निवासी 42 वर्षीय संजय सिंह पुत्र शिवदत्त सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में रस्सी से फंदा बना आत्महत्या कर ली। म्रतक संजय के दो बच्चे है जिनमे एक लड़का व एक लड़की। पुलिस ने दोनो शवो का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## डामर गांव में आग से लाखों का सामान जलकर खाक

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के डामर गाँव में आज सुबह खाना बनाते समय चूल्हे की आग से मकान में आग लग जाने से खपरैल वाला मकान तथा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। वही ग्रामीणों ने एक जुट होकर आग पर काबू पाया। वही दमकल दस्ता ने मौके पर जाकर आग पूरीतरह आग को बुझाया। गाँव के शारदा प्रसाद अहिरवार के पुत्र महेंद्र के मकान में आग लग गई। जिससे मकान व गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित के भाई ब्रजेंद्र ने बताया कि छोटा भाई अपने परिवार के साथ अलग रहता था। वह इस समय गुजरात प्रान्त में काम कर रहा है।तथा उसकी पत्नी शशि बच्चों के साथ रहती है।आज सुबह 8 बजे वह चूल्हे पर खाना बना रही थी। तथा कोई सामान लेने अपने दूसरे घर में चली गई। इतनी देर में चूल्हा की चिंगारी से गृहस्थी में आग पकड़ गयी । जिससे वह धू धु कर जलने लगी ।जब तक जानकारी हुई तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। तथा कच्चा खपरैल वाला मकान जल गया । तथा सारा सामान कपड़े, जेवर , नकदी , बक्सा अलमारी, कूलर ,तथा बच्चों के आधार कार्ड, पंखा आदि सभी सामान आगजनी की भेंट चढ़ गया है। इससे पीडित परिवार परेशान हैं। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तथा दमकल दस्ता भी मौके पर पहुंचे । तथा आग बुझाने में मदद की। पीड़ित महिला ने बताया कि इस आगजनी में मेरा तीन लाख रुपये की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी गाँव के लेखपाल को दी गई है।

## रामचरित मानस के दर्शन श्रवण करने मात्र से धन्य हो जाता है जीवन - दीनबन्धु दास



**चित्रकूट।** श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बडी गफा जानकीकुण्ड चित्रकूट में चौत्र रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री मलूक पीठाधीश्वर परमपूज्य राजेन्द्रदास जी महाराज के कृपापात्र दीनबन्धु दास जी महाराज के श्रीमुख से वर्चुअल ( ऑनलाइन ) श्रीरामचरित मानस कथा चल रही है । कथा के दूसरे दिन बुधवार को महाराज जी ने बताया कि भगवान की कृपा पाने के लिये भक्त का हृदय सरल होना चाहिये । तुलसीदास जी महाराज ने रामचरित मानस ग्रंथ की रचना कर हम सबको अदभुद उपहार दिया है । मनुष्य को किसी तीर्थ का फल प्राप्त करने के लिये उस तीर्थ स्थान तक जाना पड़ता है किन्तु तुलसीदास जी महाराज की कृपा से रामचरित मानस रूपी तीर्थ का फल हमें घर बैठे ही मिल जाता है । जिस ग्रंथ में साक्षात रघुवीर जी विराजमान हो उसके दर्शन करने , श्रवण करने मात्र से जीवन धन्य हो जाता है । दीनबंधु दास जी ने बताया कि बिना श्रद्धा और विश्वास के कोई भी कार्य किया जाये उसमें सफलता कभी नहीं मिलती है । परमात्मा की भक्ति हो या कर्म क्षेत्र हो जितनी ज्यादा श्रद्धा होगी लाभ भी उतना अधिक मिलेगा । उन्होने बताया कि गुरु के मार्गदर्शन से ही जीवन में सफलता मिलती है। जिस प्रकार तुलसीदास जी ने रामचरित मानस की रचना भगवान शिव को गुरु मानकर की । गुरु की महिमा ऐंसी होती है कि वह अपने भक्त के सभी दोषों को गुणों में बदल देता है । जो दुर्बुद्धि को सदबुद्धि में बदल दे वहीं सदगुरु है । गुरु के मार्गदर्शन से भक्त को भगवान का आश्रय मिलता है । जब भक्त को परमात्मा की कपा प्राप्त हो जाती है तब कोई भी किंचित मात्र अनहित नहीं कर सकता । रघुवीर जी के चरित्र से सीखकर स्वयं को सरल बनाये और प्रेम को आधार बनाकर जीवन यापन करना चाहिये ।

## क्विक न्यूज

### मजदूर की बाइक चोरी

**राठ।** बीती शाम नगर की कृषि उत्पादन मंडी समिति में तुलाई का काम कर रहे एक मजदूर की बाइक अज्ञात चोर चुरा कर ले गए हैं।जिसकी लिखित तहरीर पीड़ित ने राठ कोतवाली में दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परा निवासी मलखान पुत्र राजबहादुर ने बताया कि वह नगर की कृषि उत्पादन मंडी समिति में तुलाई का काम करता है। मंगलवार कि सुबह वह मंडी में अपने भाई की हीरो हौंडा डीलक्स बाइक लेकर गया और उसे गेहूं तुलाई केंद्र पीसीएफके पास खड़ा कर दिया। शाम को जब वह बाइक लेने गया तो अज्ञात चोर बाइक चुरा कर ले जा चुके थे। जिसकी लिखित तहरीर उसने राठ कोतवाली में दी है।राठ पारिवारिक कलह से तंग आकर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिल्ली निवासी राजू (20) पुत्र रमेश व ग्राम धमना निवासी सीमा (28) पत्नी लखन ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है।

### पंचायत चुनाव स्थगित होने की संभावना पर प्रत्याशी मायूस

**राठ।** कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के लगातार बढ़ रहे मरीजों से पंचायत चुनाव स्थगित होने की संभावना पर प्रत्याशियों के चेहरों पर मायूसी छा गई है।वही मतदाताओं में खुशी देखी जा रही है।बताते चलें कि प्रदेश में कोरोना के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।बताया जाता है कि मरीजों की संख्या में लगातार हो रहे इलाफा को देखते हुए प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हो रहे त्रिस्तरीय चुनाव को स्थगित करने के लिए उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी बात रखी है।जिस पर पंचायत चुनाव में प्रत्याशी बने लोगों में अपनी लगभग एक माह की जी तोड़ मेहनत व पानी के पानी की तरह बहाए गए पैसे को देखते हुए उनके चेहरों पर मायूसी छा गई है।वही चुनाव के स्थगित होने की संभावना पर मुर्गा दारू की पार्टी का लुफ्त उठाने के आदि हो चुके मतदाताओं में और अधिक समय तक इसका लाभ होते देख खुशी छाई है।

### रोडवेज बसों में व बैंको में कोरोना गाइड लाइन का नहीं है कोई असर

**हमीरपुर।** कोरोना के हालात लगातार विगड़ने के बाद भी रोडवेज बसों में इसका कोई असर नही दिखायी पड़ रहा है। रोडवेज बसो में सवारिया भूसे के सामान भर कर जा रही है। न यहा पर सोशल डिस्टेंसिंग है न ही कोई सवारी मास्क लगाये है,जिससे जिले के हालात लगातार बिगड़ते जा रहे है। जानकारी के मुताबिक जिले में कही भी कोरोना की गाइड लाइन का पालन नही किया जा रहा है। बैंको में इतनी भीड कि जिससे लोगों का भीड़ की बजह से दम घुटने लगता है किसी भी बैंक में कोई भी ग्राहक बैंक में मास्क लगा कर नही जाता है बैक में मैनेजर व गार्ड इस मामले में किसी को टोकाटाकी नही करते है जिससे हालात और भी खराब होते जा रहे है। बताया जाता है कि बाजारो में जमकर भीड भाड हो रही है मगर कोई भी व्यक्ति मास्क लगाये नही दिखायी पडता है सुवह से ही रोडवेज बसो में भूसे के सामान सवारिया भर ली जाती है बसों के परिचालकों का कहना है कि उन्हे विभाग को शाम को आय देनी पड़ती है जिससे वह कोई सोशल डिस्टेंसिंग की बात नही करते है यदि सवारिया नही बैठायी जायेगी तो सरकार को आय कहा से दी जायेगी। यही हाल पूरे जिले में बताया जाताहै।

### पंचायत चुनाव में विशेष सावधानी बरतें : डीएम

**ललितपुर ।** जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कोविड 19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई बैठक में सर्वप्रथम विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुईए जिसमें बताया गया कि आज 1520 टेस्ट किये गए हैं। विगत 24 घण्टे में जनपद में कुल 147 धनात्मक मरीज पाये गए हैं साथ ही 48 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जनपद में वर्तमान में कुल डिस्चार्ज मरीजों की संख्या 3704 तथा कुल 910 एक्टिव केस हैं। जनपद में अब तक कुल 394880 सैम्पल लिए गए हैं जिनमे से 1418 रिजेक्ट हुए हैं। अब तक कुल 390643 रिपोर्ट प्राप्त हुईंए जिनमे 386144 ऋणात्मक 4499 धनात्मक 162 जनपद के बाहर की लैब से प्राप्त कुल धनात्मक मरीज 4661 एवं 47 मृतक तथा 2819 परिणाम लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सैम्पल की संख्या बढ़ाई जाये पंचायत चुनाव के मद्देनजर विशेष सावधानी रखी जाये। पंचायत निर्वाचन के सभी प्रत्याशी विशेष सावधानी बरतें तथा अपनी एवं अपने सहयोगियों की कोविड जांच अवश्य करायें

### प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**कुरारा।** कुरारा कस्बा कुरारा के भौली रोड स्थित अम्बेडकर पार्क में पूर्व चेयर मेन माया बाल्मीक ने भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । तथा लोगो से उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का आवाहन किया। इस अवसर पर अशोक, घनश्यामबाल्मीकि, गोविंद बाल्मीकि, गंगाचरण, रामाधीन, कप्तान सिंह, जीतेन्द्र प्रजापति विनय कुमार आदि मौजूद रहे।

# ठोस कार्यों से आदर्श राष्ट्र का निर्माण संभवः डीएम



**रायबरेली।** डीएम वैभव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार व एडीएम प्रशासन राम अभिलाष, उप निदेशक सूचना प्रमोद कुमार ने संविधान शिल्पी, भारतरत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस 14 अप्रैल के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई दी। बाबा साहब डा. अम्बेडकर ने समाज के उपेक्षित, दलित शोषित, निर्बल वर्ग व महिलाओं को उन्नति, उत्थान करने, तथा देश सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। आहवान किया कि प्रत्येक नागरिक को अच्छे नागरिक के कर्तव्य का पालन करना चाहिए। आधुनिक भारत के निर्माता बाबा साहब डा. अम्बेडकर के मानवतावादी, करुणामय सिद्धान्त आज ज्यादा प्रासांगिक हैं। मानवता और देश की सेवा ही डा0 अम्बेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।बचत भवन के प्रागण में जिला प्रशासन व नगर पालिका द्वारा आयोजित संविधान शिल्पी बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन राम अभिलाष, मुख्य कोषाधिकारी जीतेन्द्र सिंह, एडीएम वि.रा. प्रेम प्रकाश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर शिखा संखवार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी दिलीप सिंह, उप निदेशक सूचना प्रमोद कुमार आदि ने भी बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन आर्पित किये। एडीएम ने कहा कि आपसी भाईचारा, मित्रता, सौहार्द व रचनात्मक, ठोस कार्यो से हम एक आदर्श राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन में 15 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस पर मतदाता अपना मत का प्रयोग कर आदि सकारात्मक रचनात्मक राष्ट्रीय कार्य कर राष्ट्र सेवा ही अम्बेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्य कोषाधिकारी जितेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर शिखा संखवार, रामेन्द्र मिश्रा, कर्मचारी नेता रविन्द्र श्रीवास्तव, मंजू दीक्षित आदि कलेक्ट्रेट के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

## शहद निकालने के चक्कर में लगी आग, 3.30 बीघा गेहूं जलकर भस्म

**बछरावां रायबरेली।** अज्ञात लोगों द्वारा पेड़ में लगे मधुमक्खी के छत्ते से शहद निकालने के चक्कर में जलाई गई आग की चपेट में आकर लगभग 3.30 बीघा गेहूं जलकर खाक हो गया घटनाक्रम के अनुसार स्थानीय कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे अचानक दोपहर में गेहूं के खेतों से आग की लपटें उठनी शुरू हो गई जब तक लोग समझ पाते तब तक आग ने रामनरेश पुत्र पुत्री लाल वार्ड नंबर 10 की ढाई बीघा तथा अशोक कुमार पुत्र माता प्रसाद वार्ड नंबर 3 की 10 बिस्वा फसल तथा 3 आम के पेड़ों को चपेट में ले लिया कस्बे वासियों द्वारा तत्काल मौके पर मौजूद ट्यूबवेल चला कर आग पर काबू पाया गया फायर ब्रिगेड की गाड़ी जब तक पहुंचती लोगों ने आग बुझाने में सफलता प्राप्त कर ली थी खेतों के पास ही एक पेड़ पर मधुमक्खियों का छाता लगा हुआ था और उसके पास से एक रस्सी लटक रही थी कयास लगाया जाता है कि किसी के द्वारा शहद निकालने के लिए आग जलाई गई जिसकी चिंगारियों से यह घटना घटित हो गई सच क्या है जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

## शिवगढ़ में 93683 मतदाताओं के हाथ में प्रत्याशियों का भविष्य

**शिवगढ़,रायबरेली।** 43 ग्राम पंचायतों वाले शिवगढ़ क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए क्षेत्र में 2 पंचायत निर्वाचन जोन व 12 पंचायत निर्वाचन सेक्टर बनाए गए हैं। 63 मतदान केंद्र व 168 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। 58 बीडीसी वार्ड व 3 डीडीसी वार्ड बनाए गए हैं। ग्राम पंचायत वार्डों की कुल संख्या 559 है। अंतिम मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं की कुल संख्या 93683 है, 43 ग्राम पंचायतों वाले शिवगढ़ क्षेत्र को कुल 7 न्याय पंचायतों में विभाजित किया गया है। निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए चुनाव आयोग के साथ ही प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

## जयंती पर बाबा साहब को अर्पित किये श्रद्धासुमन

**रायबरेली।** संविधान शिल्पी बाबा साहब डा. बीआर आम्बेडकर के जन्म दिवस अवसर पर जिला सूचना कार्यालय रायबरेली में बाबा साहब डा. भीमराव आम्बेडकर के चित्र पर उप निदेशक सूचना प्रमोद कुमार, मो. राशिद रियाज, बड़े लाल यादव, इफ्तिखार अहमद खां व पत्रकार धीरज श्रीवास्तव, अविनाश कर्ण, ज्ञान प्रकाश तिवारी ने सामाजिक दूरी बनाते हुए माल्यापर्ण किया गया। संविधान शिल्पी भारतरत्न बाबा साहब डा. भीमराव आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उप निदेशक सूचना ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव रामजी अम्बेडकर द्वारा विश्व के सबसे बडेघ् लोकतन्त्र के संविधान के निर्माण में भूमिका को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने देश को नई दिशा और दुनिया का सबसे बड़ा संविधान दिया जिसके लिए सम्पूर्ण राष्ट्र उनका ऋणी है।

## विचक न्यूज

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत, एक जख्मी

**सुलतानपुर।** सड़क हादसे में एक की मौत हो गई तो एक युवक गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घटना कोतवाली नगर थाना क्षेत्र की है। बुधवार को दोपहर कोतवाली नगर क्षेत्र के केएनआई कस्बे के पास सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर बरौसा निवासी देवी प्रसाद पाण्डेय पुत्र ठाकुर प्रसाद बुधवार की सुबह करीब सात बजे गांव के ही आशीष पाण्डेय पुत्र शेर बहादुर के साथ जिला मुख्यालय की तरफ से बाइक से घर लौट रहे थे। दोनों अयोध्या-सुलतानपुर मार्ग पर केएनआई कस्बे के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रास्ते में गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां देवी प्रसाद की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल आशीष का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

### समरसता दिवस के रूप में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**सुलतानपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने जिले के 26 मण्डलों एवं 2000 से अधिक बूथों पर भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 130 वीं जयंती समरसता दिवस के रूप में मनायी। वहीं जयंती की पूर्व संध्या पर मंगलवार को बाबा साहब की प्रतिमा पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अगुवाई में भाजपाइयों ने नगर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने भारत को एक सर्वस्पर्शी, सर्व समावेसी संविधान देकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव रखी थी, जिससे देश का हर नागरिक समान अधिकार के साथ अपने सपनों को साकार कर सके। उन्होंने कहा हम सबको संकल्पित भाव से बाबा साहेब के आदर्शों व विचारों को समाजिक जीवन में आगे बढ़ाने का संकल्प व प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर जगजीत सिंह छंगू, प्रवीन कुमार अग्रवाल, डॉ प्रीति प्रकाश आदि रहे। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि 26 मण्डलों एवं 2000 से अधिक बूथों पर बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती समरसता दिवस के रूप में मनायी गई और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**डलमऊ ;रायबरेलीद्ध।** पिकअप और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घुरवारा निवासी बचोले जयसवाल उम्र लगभग 45 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से किसी काम से जा रहे थे तभी घुरवारा बाजार के पास पिक अप से भिड़ंत हो गई जिस पर मोटरसाइकिल सवार बचोले गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल में भी हालत ज्यादा गंभीर होने पर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। जहां ले जाते समय रास्ते में घायल की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई प्रधान पद की दावेदारी कर रहे हैं।बचोले की मौत से घुरवारा ही नहीं बल्कि डलमऊ के लोग भी गमजदा हो गए।

### अश्लील टिप्पणी पर भेजा गया जेल

**सुलतानपुर।** चांदा थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर अश्लील टिप्पणी करने के आरोप में एक व्यक्ति पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। एसपी कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार पकड़े गए व्यक्ति की पहचान चांदा थाना के तातोमुरैनी निवासी जावेद खान के रूप में की गई है।नौ पर हुई शांति भंग की कार्यवाहीसुलतानपुर। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने शांतिभंग करने के सम्बंध में नौ लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार लम्भुआ कोतवाली से दो, जयसिंहपुर से छह तथा कूरेभार थाना से एक व्यक्ति के खिलाफकार्रवाई की गई है।

### आग से राख हुई आठ बीघा गेहूं की फसल

**सुलतानपुर।** आग का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। गरियावां गांव में आग ने कई बीघा गेहूं की फसल को जलाकर राख कर दिया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना के बाद हल्का लेखपाल मौके पर नही पहुंचा। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गरियावां गांव में बुधवार को दोपहर दो बजे अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते कई बीघा फसल को आग ने अपने आगोश में ले लिया। स्थानीय ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार आग से मासूक अली व ज्वाला सिंह की लगभग आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक सूचना के बाद राजस्व कर्मी मौके पर नही पहुंचे। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

### मतदान स्थल हटने से मतदाताओं में रोष

**बल्दीराय,सुलतानपुर।** बल्दीराय विकासखंड के ग्राम पंचायत बीहीनिदूरा के बूथ संख्या 147 प्राथमिक विद्यालय निदूरा को काटकर गलत तरीके से 3 किलोमीटर दूर स्थित प्राथमिक विद्यालय बीहीनिदूरा 149 बूथ बना दिया गया है। इसकी दूरी गांव से अधिक होने के नाते ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इसकी शिकायत स्थानीय नागरिक रंजीत सिंह ,घनश्याम तिवारी,शेषनाथ सिंह , अमरजीत सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक व डीएम से शिकायत की है। भाजपा जिलाध्यक्ष को भी मामले से अवगत कराया गया है।

### एसजेएस में धूमधाम से मनायी गयी बाबा साहेब की जयंती

**रायबरेली।** स्थानीय एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल में डॉ. भीम राव अम्बेडकर का जन्मोत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। जानकारी देते हुए विद्याल के जनसम्पर्क अधिकारी श्री मनोज शर्मा ने बताया कि उपस्थित शिक्षकों एवं आए अभिभावक गण की उपस्थिति में विद्यालय के प्रबंधनिदेशक श्री रमेश बहादुर सिंह व प्रद्यानाचार्या डा. बीना तिवारी आदि ने बाबा साहब जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। अपने संक्षिप्त उद्बोधन में बताया कि आज के भौतिक युग में जहाँ परम्पराओं, संस्कृति एवं सभ्यताओं का ह्रास हो रहा है वहा ऐसे कर्मयोगियों के स्मरण मात्र से ही उनकी कर्मठता, सरलता व सहजता का शीतल स्पर्श हो जाता है। बाबा साहब जी को महानायक की संज्ञा देते हुए बतलाया कि वे वास्तव में बहादुरी, साहस व कर्तव्य परायणता की मिसाल रहे हैं।

### फागिंग मशीन बनी शोपीस, मच्छरों का बढ़ा प्रकोप

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां नगर मे इन दिनो मच्छरो का प्रकोप बढ गया है, जिससे मलेरिया सहित अन्य बिमारियो का ग्राफ भी बढा है। जिनकी रोकथाम के लिये नगर पंचायत के पास संशाधन होने के बावजूद भी रोकथाम के प्रयास नही किये जा रहे है। ऐसे मे कस्बे के नागरिक रात तो रात, दिन मे भी मच्छरो को भगाने के उपाय लगाते नजर आते है। अब मच्छरो के सामने नागरिक त्रस्त नजर आ रहे है। वही नागरिको को सुविधाये उपलब्ध कराने के नाम पर नगर पंचायत द्वारा किये जाने वाली व्यवस्थाओ का लाभ भी आम नागरिको को नही किया जा रहा है।मच्छरो पर काबू पाने के लिये नगर पंचायत द्वारा लाखों रुपए खर्च कर फागिंग मशीन क्रय की गई है। वही फागिंग मशीन के उपयोग के लिये हजारों रूपये का आयल भी खरीदा जाता है। लेकिन इसका उपयोग नही किया जा रहा है। जिसके चलते यह लाखो की फागिंग मशीन महज नगर पंचायत मे शोभा बनकर रह गई है।

## अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में लगी आग

**शाहगढ़.अमेठी।** गेहूं की खड़ी फसल में आग लग जाने से दो किसानों को भारी क्षति पहुँची है। अब उनके परिजनों को खाने का सहारा कहा से मिलेगाए यह बरबस सोचकर हैरान है। विदित हो कि मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के अडारु बाजार के पास राजेश गुप्ता व के एन सिंह का खेत है। जिसमें गेंहू की फसल बोये हुये था। फसल को काटने की तैयारी चल रही थी कि अचानक मंगलवार को उनके फसल में आग लगने की सूचना मिली दोनो किसान मौके पर परिजनों के साथ पहुँचते है। ग्रामीण व परिजन मिलकर पानी आदि से आग पर काबू पाते है। लेकिन तब तक सब जलकर राख हो चुका था। काश्तकार व परिजन के आंखों में यह सोचकर आंसू आ जा रहे थे कि अब हमारा कौन सहारा होगा। काश हम पहले फसल को कटवा लेते। सूचना पर पी आर वी 2780 के कर्मी घटनास्थल पर मौजूद रहकर आग बुझाने के साथ लोगो के मनोबल को बढ़ाते रहे। जिससे ससमय आग पर काबू पाया जा सका।

# ग्राम पंचायतों में संशोधित किए गए मतदान केंद्र

**संवाददाता।** अमेठी

**उप जिला निर्वाचन** अधिकारी/अपर जिलाधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि जनपद अमेठी में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन.2021 को लेकर पूर्व में बनाए गए मतदान केंद्रों में त्रुटियां होने के कारण उन्हें संशोधित किया गया है। संशोधित मतदान केंद्र में विकासखंड गौरीगंज के ग्राम पंचायत 12. बस्तीदेई के मतदान केंद्र 14. प्राथमिक विद्यालय बस्तीदेई के बूथ संख्या 42. प्राथमिक पाठशाला बस्तीदेई कक्ष संख्या.1, 14.प्राथमिक विद्यालय बस्तीदेई के बूथ संख्या 43. प्राथमिक पाठशाला बस्तीदेई कक्ष संख्या. 2, तथा 15. जूनियर हाई स्कूल बस्तीदेई के बूथ संख्या 44. जूनियर हाईस्कूल बस्तीदेई दक्षिणी भागए विकासखंड शाहगढ़ के ग्राम पंचायत 37. कपूरपुर के मतदान केंद्र 48.पंचायत भवन कपूरपुर के बूथ संख्या 93. पंचायत भवन कपूरपुर उत्तरी भाग एवं बूथ संख्या 94. पंचायत भवन कपूरपुर दक्षिणी भाग, विकासखंड अमेठी के ग्राम पंचायत 15.रायपुर फुलवारी के मतदान केंद्र 19.देवी पाटन विद्यालय अमेठी के बूथ संख्या 54. देवी पाटन विद्यालय अमेठी कक्ष संख्या 1, बूथ संख्या 55. देवी पाटन विद्यालय अमेठी कक्ष संख्या 2 तथा बूथ संख्या 56.देवी पाटन विद्यालय अमेठी संख्या 3, विकासखंड संग्रामपुर के ग्राम पंचायत 12.ठेंगहा के मतदान केंद्र 14. रणंजय इंटर कॉलेज ठेंगहा के बूथ संख्या 30. रणन्जय इंटर कॉलेज कक्ष संख्या 2 बूथ संख्या 31.रणन्जय इंटर कॉलेज कक्ष संख्या 6, बूथ संख्या 32.रणंजय इंटर कॉलेज कक्ष संख्या 5, विकासखंड जामों के ग्राम पंचायत 41.परसरामपुर के मतदान केंद्र 64. प्राथमिक पाठशाला टोडरपुर मजरे परसरामपुर के बूथ संख्या 149. प्राथमिक पाठशाला टोडरपुर मजरे परसरामपुर पूर्वी भाग, बूथ संख्या 150, प्राथमिक पाठशाला टोडरपुर मजरे परसरामपुर पश्चिमी भाग तथा 65, पंचायत भवन रानीपुर मजरे परसरामपुर के बूथ संख्या 151, पंचायत भवन रानीपुर मजरे परसरामपुर कक्षा संख्या 1, विकासखंड सिंहपुर के ग्राम पंचायत 43.आजादपुर के मतदान केंद्र 85.प्राथमिक पाठशाला आजादपुर के बूथ संख्या 208.प्राथमिक पाठशाला आजादपुर कक्ष संख्या 1, बूथ संख्या 209.प्राथमिक पाठशाला आजादपुर कक्ष संख्या 2 बूथ संख्या 210.प्राथमिक पाठशाला आजादपुर कक्ष संख्या 3, बूथ संख्या 211 प्राथमिक पाठशाला आजादपुर कक्ष संख्या 4 बूथ संख्या 212.प्राथमिक पाठशाला आजादपुर कक्ष संख्या 5ए बूथ संख्या 213.प्राथमिक पाठशाला आजादपुर कक्ष संख्या 6 तथा 86. प्राथमिक पाठशाला महमूदसराय के बूथ संख्या 214.प्राथमिक पाठशाला महमूदसराय कक्ष संख्या 1ए बूथ संख्या 215.प्राथमिक पाठशाला महमूदसराय कक्ष संख्या 2 एवं ग्राम पंचायत 32. ककहारामपुर के मतदान केंद्र 62.पंचायत भवन कुकहारामपुर के बूथ संख्या 154.पंचायत भवन कुकहारामपुर कक्ष संख्या 1, बूथ संख्या 155. पंचायत भवन कुकहारामपुर के कक्ष संख्या 2 के नाम सम्मिलित हैं।

# शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चेकिंग संदिग्ध वस्तु/व्यक्ति के दौरान जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में प्रभारी निरीक्षक थाना फुरसतगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान रेलवे स्टेशन फुरसतगंज के पास मौजूद थे। भदैया महमूदपुर में अभय सिंह के मुर्गी फार्म में अभियुक्त इसरत अली उर्फ अच्छे मियां पुत्र स्व. शाहिद अली नि. ग्राम जलालपुर धई थाना गदागंज रायबरेली हाल पता मशवानी खंझडी नीम मोहल्ला चौकी बाकरगंज फतेहपुर को अवैध असलहा बनाते हुए समय करीब 9.40 बजे रात्रि में गिरफ्तार गया। कब्जे से 7 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व असलहा बनाने की फैक्ट्रीए उपकरण 6 अदद ट्रेगरए 6 अदद हैमर, 5 अदद स्प्रिंग, 6 अदद सुल्ली, 7 अदद लोहे की छेनी, 2 अदद प्लास, 1 अदद लोहा काटने की कैंची, 4 अदद लोहे की सुम्मी, 10 अदद तमंचे की बाडी चाप, 1 अदद लोहे की वाक मशीन, 7 अदद रेती, 70 अदद लोहे की कील, 2 अदद रमर हैण्डल, 2 अदद आरी, 2 अदद हथौड़ा, 80 अदद तमंचा बनाने का लोहा, 1 अदद ड्रिल मशीन, 3 अदद बर्मा आदि बरामद हुआ।

# जयंती पर याद किए गए बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर



अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए डीएम

**अमेठी।** जनपद में आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 130वी जयंती मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अरुण कुमार ने डा. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। एसडीएम गौरीगंज, तहसीलदार गौरीगंज घनश्याम भारती सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों ने भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। डीएम ने कहा कि डॉ आंबेडकर जातिवादए संप्रदायवाद और भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों को विकास के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोध मानते थे। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब शोषित, दलित, पिछड़े व सर्वसमाज के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किए, उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती कलेक्ट्रेट सहित जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों में मनाई गई।

## एलटू हॉस्पिटल में अव्यवस्थाओं के चलते तीमारदारों ने काटा हंगामा

**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना लालगंज में चार कोरोना संक्रमितों की मौत के बाद वहां हड़कम्प मच गया। तीमारदारों ने स्वस्थ्य सुविधाओं के अभाव में मौत होने की बात कह कर चिकित्साकर्मियों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। बुधवार की सुबह कोरोना संक्रमितों की मौत के बाद तीमारदारों ने जमकर हंगामा काटा। सूचना मिलते ही वहां पर कोतवाल अरूण सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। मृतकों के परिजनों समेत अन्य लोगों का कहना था कि मरीजों को समय पर दवा नही दी जा रही है। आक्सीजन की कमी बनी हुई है। अस्पताल में गंदगी का साम्राज्य है। पीने का पानी तक नही मिल पा रहा है। पानी के लिए मरीजों को वार्ड से बाहर तक जाना पड़ता है। घंटो मरीजों को देखने कोई चिकित्साकर्मी तक नही जाता। उपचार में लापरवाही के चलते ही कोरोना संक्रमितों की मौत हो रही है। इसी बीच किसी तीमारदार ने अस्पताल के अंदर फैली गंदगी, वार्ड की गैलरी में बैठी नग्न महिला व अव्यवस्था का वीडियो वायरल कर दिया। इसके बाद तो वहां पर अफरातफरी मच गई। एसडीएम जीतलाल सैनी ने अस्पताल पहुंच कर गंदगी का निरीक्षण किया और लालगंज नगर पंचायत से सफाई कर्मचारियों को भेजने के लिए कहा लेकिन सभी की ड्यूटी चुनाव में लगी होने से सफाई कर्मचारियों को समय से नहीं भेजा जा सका।

# पंचायत के पहले चरण का मतदान आज

**संवाददाता।** रायबरेली

**जिलाधिकारी**/जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि पंचायती निर्वाचन के प्रथम चरण के होने वाले चुनाव की सभी तैयारियाँ पूरी हैं, 15 अप्रैल 2021 को निर्वाचन सकुशल सम्पन्न कराया जाएगा। विकास खण्ड राही की पोलिंग पार्टी की रवानगी स्वामी सत्यमित्रानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय महानन्दपुर रायबरेली स्थल सहित सभी विकासखण्ड वार चयनित स्थलों से सभी पोलिंग पार्टियाँ अपने निर्धारित पोलिंग बूथों पर रवाना की जा चुकी हैं उनके यथास्थान पहुंचने की सूचना प्राप्त हो चुकी है। शान्तिपूर्ण निर्विवाद मतदान सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन तथा पुलिस बल पूरी तरह से सतर्क है। जोनल मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पीठासीन अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि वे प्रत्येक दशा में प्रातः 7 बजे से मतदान प्रारम्भ करवा दें। पोलिंग पर तैनात सुरक्षाकर्मी व पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारियों को भी पूरी तरह से सक्रिय व चौकन्ना रहकर निष्पक्ष निर्भीक भयरहित मतदान कराने के निर्देश दिए हैं।

पोलिंग पार्टियों को गन्तव्य तक पहुचाने में नामित नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने तहसील सदर व महाराजगंज के समस्त विकास खण्डो में तथा अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) ने तहसील ऊँचाहार व सलोन के समस्त विकास खण्ड एवं नगर मजिस्ट्रेट द्वारा आवंटित तहसील डलमऊ व लागलंज के विकास खण्डों की पोलिंग पार्टियों को भ्रमण कर निर्वाचन से सम्बन्धित समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं सहित रवानगी के सम्बन्ध में समुचित योगदान दिया है। इसी प्रकार जिला निर्वाचन अधिकारी(पं0)ध्जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व मुख्य विकास अधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक गोयल ने निर्देश दिये है कि 15 अप्रैल को मतदान दिवस पर नामित नोडल अधिकारी नगर मजिस्टेऊ्ट व कमाण्डेन्ट होमगार्ड द्वारा आवंटित तहसील सदर, महाराजगंज, लालगज तथा अपर जिलाधिकारी वि0रा0 एवं पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक श्रीवास्तव डलमऊ, ऊँचाहार व सलोन के समस्त विकास खण्डो में रहकर भ्रमण करते हुए सभी आवश्यक कार्यवाही करते रहेगे तथा मतदान को सकुशल सम्पन्न करायेंगे।

जिलाधिकारी ने कन्ट्रोल रूम को पूरी तरह से सक्रिय रहने के साथ ही यह भी निर्देश दिए है कि पल-पल की आने वाली सूचनाओं को अद्यतन करते रहें। यदि मतदान दिवस पर किसी सेक्टर मजिस्टेऊ्ट पीठासीन अधिकारी की कोई सूचना आती है तो उसका तत्काल निराकरण करें तथा सम्बन्धित उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराएं। जिलाधिकारी तथा प्रेक्षक ने कन्ट्रोल रूम की गतिविधियों को भी देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## संजय सिंह सोमवंशी बने सह संयोजक

**सुलतानपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री संजय सिंह सोमवंशी को पंचायत चुनाव की दृष्टि से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए जिले का जिला सह-संयोजक नियुक्त किया है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अप्रैल को काशी क्षेत्र अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव ने भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा को लिखे पत्र में अवगत कराया है कि संजय सिंह सोमवंशी को कृपा शंकर मिश्रा के स्थान पर पंचायत चुनाव की दृष्टि से जिले का जिला सह-संयोजक नियुक्त किया है। पंचायत चुनाव के जिला संयोजक पार्टी के जिला महामंत्री घनश्याम चौहान है। आपको बता दे कि पूर्व जिला महामंत्री कृपा शंकर मिश्रा की पत्नी आशा मिश्रा को वार्ड 36 से पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी है इसलिए पार्टी ने उनकों पंचायत जिला सह-संयोजक के पद से कार्यमुक्त किया है। पार्टीजनों ने संजय सिंह सोमवंशी की नियुक्ति पर प्रसन्नता जाहिर की है।

## आस्था का केन्द्र बना भवानी मंदिर

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** तहसील क्षेत्र के समरथपुर (जबरगंज ) में स्थित मां गोलहन भवानी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना है। सोमवार व शुक्रवार को यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है । नवरात्र में यहां पूरे नौ दिन भक्तों से दरबार सजा रहता है। मान्यता है कि मुरादें पूरी होने के बाद लोग यहां पर गोला दाग कर कन्या भोज कराते हैं। गोलहन भवानी मंदिर कालिका नगर समरथपुर में स्थित है।

पौराणिक मान्यता है कि सैकड़ों वर्ष पहले राजा जबर के वंशज ने इस मंदिर की स्थापना की थी। करीब 130 साल पहले गांव के ही कल्याणी नाम के एक व्यक्ति ने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था। मंदिर लखौरी ईंट से बना हुआ है। मनौती पूरी होने पर लोग यहां पर गोला दागने व कन्या भोज की परंपरा को पूरा करते हैं। माता के द्वार पर सजाया गया पंडाल झालर, झूमर, साउंड व घंटों की झंकार से गूंज उठती है। लोगों का मानना है कि मां के दरवाजे पर माथा टेकने से मनोकामना अवश्य पूरी होती है। माता की ख्याति के बारे में यहां के स्थानीय लोगों की मानें तो मंदिर पर गैर जनपद के दूर-दराज के लोग दर्शन करने आते हैं। महिलाएं धाम पर हलवा पूरी चढ़ाकर मंगल गीत गाकर मां को खुश करके स्वयं हर्षित होती हैं। मन्नतें पूरी होने के बाद लोग मां के दरबार में घंटा भी बांधते हैं और कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें वस्त्र दान दक्षिणा आदि उपहार भेंट करते हैं ।

मां काली के प्राचीन मंदिर पर जो भी भक्त मंदिर में दर्शन करने को जाता है बिना गोला दगाने से उसका दर्शन पूर्ण नहीं होता है। रहमान इस मंदिर पर कई वर्ष से गोला दगाने का काम करते हैं। मंदिर के भक्त राजेश तिवारी कहते हैं कि नवरात्र में देवी उपासना का बहुत लाभ मिलता है। जोड़े वंश वृद्धि के लिए माता के दरबार में दर्शन पूजन करने आते हैं। नवविवाहित जोड़े मां के दरबार में बिना दर्शन के अपने घर नहीं जाते हैं। यह मान्यता कई वर्षों से चली आ रही है।

## वैश्विक महामारी कोरोना से मुक्ति के लिए हुई प्रार्थना

**सुलतानपुर।** विश्व हिंदू महासंघ ने वैश्विक महामारी कोरोना से मुक्ति के लिए गंगा गोमती के तट पर प्रार्थना की। प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के आह्वान पर जिलाध्यक्ष डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शंख ध्वनि से पूरा तट गुंजायमान हो उठा। मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने बताया की लोक कल्याण की कामना से किये गए इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मास्क और दो गज दूरी जीवन के लिए बहुत जरूरी का संदेश दिया गया। निश्चित ही सामूहिक प्रयास हमें इस आपदा से मुक्ति दिलाएगा। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्रबन्धक बजरंग बहादुर सिंह एडवोकेट, राम नारायण पाण्डेय, गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ,विजय टंडन,चन्द्र प्रकाश उर्फ डब्बू भाई, अंकित श्रीवास्तव, राजेश पाठक, मुन्ना सोनी, विनय सेन, अजीत शर्मा, अजय प्रताप सिंह, सन्तोष माली, दीपक मोदनवाल, देवेन्द्र विक्रम सिंह, हरी लाल पटवा, हर्ष प्रताप सिंह

# पंचायत चुनाव की तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

● निर्वाचन संबंधी विभिन्न तैयारियों, कार्यों एवं व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करें सभी संबंधित प्रभारी अधिकारीः जिला निर्वाचन अधिकारी



**सुलतानपुर।** जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार की देर सांय त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन, 2021 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न तैयारियों, कार्यों एवं व्यवस्थाओं को ससमय पूर्ण किये जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गयी, जिसमें संबंधित अधिकारियों ने उनके द्वारा की गयी अब तक तैयारियों का जायजा लेकर सम्बन्ध सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने का निर्देश डीएम ने दिया। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 के विभिन्न कार्यों/ तैयारियों को ससमय पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मतदान हेतु पोलिंग पार्टियों की रवानगी विकास खण्ड क्षेत्रों के मुख्यालय से कराये जाने के निर्देश दिये। विकास खण्ड क्षेत्र भदैयाँ में जगह कम होने के कारण मुख्यालय से 7 किमी दूर रिसीविंग विद्यालय से ही पोलिंग पार्टियों के प्रस्थान कराये जाने की व्यवस्था खण्ड विकास अधिकारी भदैयाँ द्वारा करायी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) ने प्रस्थान स्थल की जानकारी समय से ही मतदान कार्मिकों को दिये जाने के निर्देश दिये गये। उक्त के अतिरिक्त विकास खण्ड क्षेत्र कादीपुर, लम्भुआ, करौंदीकलां, दूबेपुर, पी0पी0 कमैचा ब्लाक मुख्यालय से प्रस्थान स्थल की दूरी लगभग एक किमी से कम होने के कारण रिसीविंग विद्यालय से ही पोलिंग पार्टियों के प्रस्थान का प्रबन्ध किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था एवं आचार संहिता, मतदाता सूची व्यवस्था, स्टेशनरी प्रपत्र एवं किट व्यवस्था, मतपत्र व्यवस्था, टेण्टेज व्यवस्था, नियंत्रण कक्ष व्यवस्था एवं सूचना प्रेषण एवं बुकलेट व्यवस्था, मीडिया प्रबन्धन, शिकायत व्यवस्था, बूथ निर्माण एवं एएमएफ व्यवस्था, स्वल्पाहार आदि व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा किट, कोविड-19 एवं स्वास्थ्य व्यवस्था, वाहन एवं ईंधन व्यवस्था,वीडियोग्राफी, एसीसीटी0वी0 आदि व्यवस्था, प्रभारी अधिकारी, रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लान एवं डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेन्ट प्लान, प्रेक्षक व्यवस्था, यात्रा भत्ता व्यवस्था एवं निर्वाचन व्यय लेखा, प्रभारी अधिकारी, मतपेटिका व्यवस्था, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना व्यवस्था, विधि व्यवस्था, पर्सन विद डिसएबिलिटी के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को समस्त व्यवस्थाओं/कार्यों को समय से पूर्ण करने हेतु समस्त प्रभारी अधिकारियों को कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार मिश्रा, सीडीओ, एडीएम (प्रशासन), एडीएम (वि./रा.), मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के0 त्रिपाठी, एसडीएम सदर रामजी लाल, एसडीएम जयसिंहपुर विधेश, एसडीएम कादीपुर महेन्द्र कुमार, एसडीएम लम्भुआ राम अवतार, अपर उप जिलाधिकारी सदर प्रिया सिंह, जिला सूचना अधिकारी धीरेन्द्र कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी सदर, लम्भुआ, कादीपुर सहित समस्त प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम तक पहुंचा डीएम के ओएसडी का भ्रष्टाचार

## भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, जांच की मांग, वर्षों से एक ही जिले और पटल पर कार्यरत स्टेनो-लिपिकों के सम्पत्तियों की भी जांच कराने की मांग, भानपुर तहसील क्षेत्र में 55 लाख में जमीन बैनामा-मूड़घाट में तीन मंजिला आलीशान भवन सहित दिया उनके अन्य कारनामों का ब्यौरा

**संवाददाता।** बस्ती

**डीएम** के ओएसडी बजरंग बली पाण्डेय पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे है। ओएसडी रहते आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने की षिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। यह शिकायत किसी और ने नहीं बल्कि भाजपा के रूधौली विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने की है। उनके भ्रष्टाचार और आय से अधिक सम्पत्ति की जांच कराकर कार्यवाही करने के लिए सम्बन्धित को आदेषित करने का आग्रह किया है। इसके अलावा एक बेनामी षिकायत में ओएसडी पद पर रहते हुए खरीदी गई सम्पत्तियों, परिवार और रिष्तेदारों को पहुंचाए गए लाभ का ब्यौरा दिया गया है। इसके अलावा भी उन पर अनेक गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

डीएम के ओएसडी बजरंग बली पाण्डेय के खिलाफ की गई एक बेनामी षिकायत में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उन पर पिछले पांच साल से डीएम के ओएसडी पद पर जमे रहने की शिकायत की गई है। कहा गया है कि अपने पद का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया गया है। ओएसडी पद पर रहते हुए भानपुर तहसील के मुगरहा में 55 लाख रूपए में एक जमीन का बैनामा कराने, शहर से सटे मूड़घाट में लगभग एक करोड़ की लागत से तीन मंजिला आलीषान मकान बनवाने, विकास खण्ड साऊंघाट क्षेत्र में परिवार के नाम आठ बीघा जमीन खरीदने का ब्यौरा दिया गया है। यह भी आरोप लगाया गया है कि अपने पद के प्रभाव के चलते अपनी बहू के मायके अयोध्या का पता देकर उसकी बस्ती में परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति करा लिया। उनकी बहू के वर्तमान में कप्तानगंज स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत होने की जानकारी दी गई है।

**आलीशान मकान के रहते सरकारी आवास आवंटित कराने की शिकायत:** बेनामी शिकायत में कहा गया है कि उनके विरूद्ध मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, उप मुख्यमंत्री, राजस्व परिषद, आयुक्त, डीएम व अन्य स्तरों पर की गई शिकायत को वे फाड़कर रद्दी की टोकरी में डाल देते हैं। कहते हैं कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। वे डीएम के न केवल ओएसडी हैं बल्कि उनका घर कार्यालय से एक किमी की ही दूरी पर है। वर्ष 2014 से डीएम के ओएसडी पद पर तैनाती को शासनादेश के विपरीत बताया गया है। शिकायत में कहा गया है कि प्रभाव के चलते उनका किसी अन्य जिले में स्थानांतरण नहीं हो पा रहा है। जबकि शासनादेश के तहत इनका किसी अन्य जिले में स्थानान्तरण होना चाहिए। कार्यालय से एक किमी दूर आलीशान घर होने के बावजूद अपने नाम पर सरकारी आवास आवंटित कराने की भी षिकायत की गई है। क्षेत्रीय नेताओं, दबंगो, भ्रष्टाचारियों से बेहतर सम्बन्ध होने के आरोप लगाए गए हैं। जिला स्तरीय अधिकारियों, , कर्मचारियों से माहवार रूपया मांगने का गंभीर आरोप लगाया गया है। बेनामी षिकायत में कहा गया है कि जिन अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा उनकी मांग पूरी नहीं की जाती उनके विरूद्ध वे दण्डात्मक कार्यवाही तक कराने और मौखिक रूप से धमकाने में नहीं चूकते। अपने प्रभाव से दोनो बेटों के नाम शस्त्र लाइसेंस निर्गत कराने की भी षिकायत की गई है।

रूधौली से भाजपा विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने भी ओएसडी बजरंग बली पाण्डेय के भ्रष्टाचार का संज्ञान लिया है। डीएम के ओएसडी सहित दशकों से एक ही जिले और पटल पर तैनात अनेक अधिकारियों के स्टेनो, लिपिकों के भ्रष्टाचार से अर्जित आय से अधिक सम्पत्ति की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। डीएम के ओएसडी द्वारा दिसम्बर 19 में भानपुर तहसील के मुगरहा में 55 लाख रूपए में गाटा संख्या 191/ 01.8920 हेक्टेयर जमीन बैनामा कराने जिसमें पांच लाख नगद और 50 लाख आरटीएस के माध्यम से भुगतान करने, वर्ष 2019 में ही लगभग एक करोड़ मूल्य क मूड़घाट में तीन मंजिला आलीषान मकान बनवाने, विभागों से पैसा वसूलने, छोटे कर्मचारियों को धमकाने, निलम्बन, विभागीय कार्यवाही करने की धमकी देने जैसे मामलों की जांच कराए जाने को जरूरी बताया है। मुख्यमंत्री से प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए इनके भ्रष्टाचार की जांच कराकर विभागीय नियमों के तहत कार्यवाही करते हुए इनका अन्यत्र जनपद में स्थानान्तरण करने के लिए सम्बन्धित को आदेषित करने का आग्रह किया है।

**ओएसडी ने कहा-आरोप निराधार, डीएम ने कहा जांच कराकर होगी कार्रवाई:** डीएम के ओएसडी बजरंग बली पाण्डेय ने इस बावत कहा कि जो भी आरोप लगाए गए हैं वे निराधार है। उनकी कोई षिकायत की गई है इसकी जानकारी उन्हे नही है। वहीं डीएम सौम्या अग्रवाल ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है, इसकी जांच कराकर दोषी मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी आम्बेडकर जयंती

**बाराबंकी ।** बाबा साहब डा0 भीम राव अम्बेडकर की जयंती बुधवार को जनपद मे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी । इस अवसर पर सरकारी एगैर सरकारी एंव शैक्षणिक सेस्थानो पर भी बाबा साहब की जयन्ती पर समोरोह आयोजित कर उन्हे याद किया गया । कार्यक्रम की शुरूवात जिलाधिकारी डाण् आदर्श सिंह ने की । उन्होने इस अवसर पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर नमन किया । इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम मे माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर शपथ दिलाई । उपस्थित पुलिस जनो के बीच अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दिन को श्समानता दिवसश् और श्ज्ञान दिवसश् के रूप में भी मनाया जाता हैए क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले बाबा साहब अम्बेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है । बाबा साहब विश्व भर में उनके मानवाधिकार आंदोलनए संविधान निर्माता और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं और यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डॉ0 अवधेश सिंहए अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार पाण्डेयए क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री सीमा यादवए क्षेत्राधिकारी सदर राम सूरत सोनकर आदि अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे। गांधी भवन में गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा भारत रत्न डाण् भीमराव अम्बेडकर की 130वीं जयन्ती पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री डाण् भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यापण करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि इस दौर में दलित आंदोलन को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने के लिए हमें बाबा साहेब डाण् अम्बेडकर के सपनों के भारत का निर्माण करने का संकल्प लेना होगा।

## खतरनाक होती जा रही कोरोना की दूसरी लहर

# एक दिन में मिले 91 मरीज



**बस्ती।** कोरोना की दूसरी लहर खतरनाक होती जा रही है। जिले में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में कोरोना बम फूट रहा है। जिले का शायद ही कोई ऐसा थाना क्षेत्र है जहां कोरोना के मरीज नहीं पाए गए है। आरटीपीसीआर, एंटीजेन, ट्रूनेट की जांच में 91 कोरोना मरीज पाए गए है।कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। कोतवाली, नगर, हर्रैया, कलवारी, पुरानी बस्ती, परसरामपुर, छावनी, वाल्टरगंज, मुण्डेरवा, कप्तानगंज, दुबौलिया, लालगंज, गौर, रूधौली सहित शायद ही कोई ऐसा थाना क्षेत्र है जहां कोरोना के मरीज नहीं मिले है।हर्रैया में एंटीजन किट से हुई जांच में 24 के संक्रमित होने की पुष्टि हुई। मुंबई से आए तीन यात्रियों की जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सभी सीएचसी पीएचसी पर कैंप लगाकर जांच कराई जा रही है। रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पर टीम लगातार नजर रखे है। अब तक 5871 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

**डीएम ने किसी भी समारोह में 50 से अधिक संख्या पर लगाई रोक:** कोरोना की बढती संख्या को देखते हुए डीएम सौम्या अग्रवाल ने किसी भी समारोह में 50 से अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी है। कहा है कि शादी विवाह के समारोह शुरू होने वाले है। ऐसे में मण्डप के भीतर या किसी सभागार में 50 से अधिक लोग एकत्र न हो। पूरे समारोह में सौ से अधिक व्यक्तियों के शामिल होने की अनुमति नही दी जाएगी। प्रत्येक समारोह के लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा। दफ्तरों में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को कोरोना टेस्ट कराने का निर्देश दिया है।` कहा है कि बड़ी संख्या में लोग कोरोना पाजिटिव हो रहे है। ऐसी स्थिति में एंटीजेन, ट्रूनेट, आरटीपीसीआर जांच कराने पर जोर दिया। बताया कि निजी चिकित्सालयों में 700, प्रयोगशाला द्वारा सैम्पल लेने पर 900, राज्य सरकार के विहित अधिकारी द्वारा निजी प्रयोगशाला में जांच के लिए सैम्पल भेजने पर 500 रूपए में जांच कराई जा सकती है। इन दरों में जीएसटी भी शामिल है।

### कोरोना पॉजिटिव 27 को खोजे नहीं पा रही टीम

**विकास** भवन स्थित कोविड कमाण्ड एवं कंट्रोल सेण्टर में स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रत्येक दिन एंटीजन से एक हजार, आरटीपीसीआर से आठ सौ जॉच करने का सभी एमओआईसी को निर्देश दिया । कहा कि जॉच के दौरान व्यक्ति का पता एंव मोबाइल नम्बर स्पष्ट न होने के कारण उनका फालोअप नहीं हो पा रहा है। दिए गए मोबाइल नंबर को तत्काल चेक भी किया जाय, एड्रेस के लिए आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या अन्य कोई फोटोयुक्त पहचान पत्र की फोटो मोबाइल में लेना सुनिश्चित करें। समीक्षा में पाया कि अनट्रेस्ड 27 मामलों में लगभग 10 लोगों का एड्रेस बाहरी जनपदों का मिला है। तमाम लोगों का मोबाइल नम्बर बन्द मिल रहा है या वो गलत पाया जा रहा है। कोरोना की बीमारी को देखते हुए यह स्थिति ठीक नही है। स्वास्थ्य विभाग को इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### फालोअप के लिए लगाई जाय रैपिड रिस्पांस टीम

**निर्देश** दिया है कि अरबन क्षेत्र में 27 केसेज के फालोअप के लिए रैपिड रिस्पांस टीम को लगाया जाय। इनके कान्टैक्ट को भी टेड्स कर उनकी कोविड जांच कराया जाय। कैली अस्पताल में भर्ती मरीजो से प्रतिदिन फीडबैक में भोजन समय से न मिलने, पंखा खराब होने की शिकायत प्राप्त हुई है, उसे तत्काल ठीक कराया जाय। रेलवे स्टेशन पर थर्मामीटर और पल्सआक्सीमीटर उपलब्ध कराने के लिए डाक्टर सीएल कन्नौजिया को निर्देशित किया । कहा कि सभी 108 टीकाकरण केन्द्र पर यह दोनों मशीन होना आवश्यक है। षहर के पाण्डेय बाजार में अधिक केस मिलने पर यहां विशेष ध्यान देने की जरूरत बताया।बैठक में सीडीओ डॉ0 राजेश कुमार प्रजापति, सीएमओ डा0 अनूप श्रीवास्तव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नन्द किशोर कलाल, एसडीएम सदर आशाराम वर्मा, भानपुर आनन्द श्रीनेत, एसीएमओ डा0 फखरेयार हुसैन, डा0 सीके वर्मा, डा0 राकेश मणि त्रिपाठी, डा0 अजीत कुशवाहा, आलोक कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## जयंती पर याद किए गए बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर



**बस्ती।** कलेक्टेऊट सभागार में डॉ0 भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएम सौम्या अग्रवाल ने उनके चित्र पर माल्यापर्ण किया। कहा कि हम सभी को उनके आदर्शो, विचारों का पालन करते हुए बेहतर समाज के निर्माण में योगदान करना चाहिए। कहा कि डॉ0 आम्बेडकर ने पूरे जीवन भर गरीब, शोषित एवं अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की भलाई के लिए कार्य किया। कहा कि वे शिक्षाविद, विधिवेता, अर्धशास्त्री, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक थे। उन्होने भारतीय संविधान की रचना भी किया। इसके लिए कई देशो के संविधान का अध्ययन कर ड्राफ्ट तैयार किया। यही कारण है कि हमारा संविधान लचीला है, इसके लागू होने के बाद से इसमें सौ से अधिक संशोधन भी हो चुके है, जो समय एवं परिस्थिति के अनुसार रहे। समाज में व्याप्त कुरीतियों, छूआ-छूत, भेद-भॉव आदि को समाप्त करने के साथ समाज को बेहतर बनाने में अनुकरणीय योगदान रहा। एडीएम अभय कुमार मिश्र ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हम सभी को संवैधानिक स्वतंत्रता दिलाने में इनका विशेष योगदान रहा। मुख्य राजस्व अधिकारी नीता यादव ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष और सफलता की अदभुत मिसाल है, जो शायद ही कही मिले। कार्यक्रम में अशोक मिश्र, सुनील शाह, सतेन्द्र पाण्डेय, संचित मोहन तिवारी, रामकुमार पाल, चिंतामणि, सूर्यलाल, पतिराम, राजेश रंजन, गौरव कुमार सहित कलेक्टेऊट के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे। संत रविदास सेवा संस्थान द्वारा नगर पालिका परिसर स्थित डॉ0 आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया गया। संस्थान के अध्यक्ष किशोरी लाल ने कहा कि डॉ0 अम्बेडकर की पहचान एक न्यायविद्, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, समाजसुधारक के रूप में होती है। बाबा साहब को संविधान निर्माता और आजाद भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में जाना जाता है। भारत के संविधान के एक प्रमुख वास्तुकार अम्बेडकर ने महिलाओं के अधिकारों और मजदूरों के अधिकारों की वकालत की। उनके योगदान को देखते हुए हर साल उनके जन्मदिन को समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। जातीय भेदभाव का दंश झेल रहे डॉ0 आम्बेडकर सामाजिक बदलाव चाहते थे। कार्यक्रम में बलराम यादव, पंकज कुमार आर्या, रामदीन, अनिल कुमार, अमरेश कुमार, मौल्हू प्रसाद, विजय कुमार, परशुराम, रंगीलाल, गिरीश चन्द्र व अन्य मौजूद रहे।

# बस्ती में धधक रहीं शराब की भट्ठियां



### गिरफ्त से बाहर कारोबारी, छापामारी में बरामद हो रही कच्ची शराब, लहन और भट्ठियां-सुदुर गांवों और माझा क्षेत्र में कच्ची शराब के खिलाफज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने चलाया सघन अभियान

**बस्ती।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अवैध शराब बड़ी चुनौती बनेगी। उम्मीदवारों द्वारा शराब के शौकीनो को लुभाने के लिए उन तक शराब की खेप पहुचाने की तैयारी की है। अनेक क्षेत्रों से षिकायत मिलने के बाद कच्ची शराब के ठिकानों की ओर प्रशासन ने रूख किया है। हर्रैया तहसील क्षेत्र में धधक रहीं कच्ची शराब की भट्ठियों पर आबकारी और पुलिस की टीमें छापामारी कर रही है। छापामारी के दौरान कच्ची शराब रामद हो रही है, सैकड़ों कुंतल लहन, शराब बनाने की भट्ठियां, उपकरण की बरामदगी कच्ची शराब के कारोबार के जिले में तेजी से जड़ जमाने की पुष्टि करते है। कच्ची शराब के कारोबारियों का काकश इतना मजबूत है कि मौके पर एक भी अवैध शराब के कारोबारी गिरफ्त में नहीं आ पाते। सिर्फ शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण, भट्ठियां, कच्ची शराब और लहन की ही बरामदगी हो पाती है। बरामदगी को लेकर आबकारी और पुलिस दोनो अपनी पीठ थपथपाती है। आरोप है कि कच्ची शराब के ठिकानों से पुलिस और आबकारी दोनों अंजान नहीं है। इन ठिकानों पर उनकी आवाजाही भी बनी रहती है, लेकिन इन ठिकानों से होने वाली अवैध कमाई के चलते वे इस ओर से आंख मूंदे रहते है। हां इतना जरूर होता है कि जब अभियान चलता है तो कारोबारी भले ही गिरफ्त में न आ पाएं, इन ठिकानों पर चाबुक जरूर चल जाता है। आरोप तो यह भी है कि महकमे के कुछ लोग छापामारी की सूचना अवैध कारोबारियों तक लीक कर देते हैं जिसके चलते उनकी धर पकड़ नहीं हो पाती।

हर्रैया के एसडीएम/ ज्वाइट मजिस्ट्रेट नन्द किशोर कलाल ने अवैध कच्ची शराब के कारोबार पर नकेल कसने की मुहिम शुरू की जिससे इसमें संलिप्त कारोबारियों में हड़कम्प की स्थिति है। उनके नेतृत्व मे आबकारी विभाग, स्थानीय थानों की पुलिस कच्ची शराब के ठिकानों पर दबिश देने में लगी है। मंशा है कि अवैध कारोबार पर लगाम लगे जिससे कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में किसी प्रकार का खलल न पड़ने पाए। छावनी थाना क्षेत्र मे आबकारी और पुलिस विभाग की टीम द्वारा अर्जुनपुर, सुनगहा, माझा क्षेत्र मे दी गई दबिश के दौरान 1500 किलो लहन, दो सौ लीटर अवैध कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण, भट्ठियां मिली जिसे मौके पर नष्ट किया गया। लेकिन अवैध कच्ची शराब के कारोबारी गिरफ्त में नहीं आ पाए। जिले मे अवैध शराब का कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में जिले में अपनी जड़े जमा चुका है। इससे न केवल सरकारी राजस्व को भारी क्षति पहुंच रही है बल्कि इसका सेवन कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। बावजूद इसके आबकारी, पुलिस और अवैध शराब कारोबारियों की तिकड़ी के चलते शराब का कारोबार बंद होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है। अवैध शराब के कारोबारियों का काकष कितना मजबूत है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सुदुरवर्ती गांवों में ही नहीं लाइसेंसी शराब की दुकानों तक से नकली शराब की बरामदगी का मामला सामने आ चुका है। मुंडेरवां, दुबौलिया, हर्रैया, छावनी, कप्तानगंज, परसरामपुर, विक्रमजोत सहित अन्य थाना क्षेत्र कच्ची के लिए कुख्यात है। इन इलाकों में आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस के संयुक्त टीम द्वारा दबिश भी दी जाती है। इसके बाद कुछ दिन तक कारोबार रूकने के बाद फिर बदस्तूर चालू हो जाता है।

ज्वाइट मजिस्ट्रेट नन्द किशोर कलाल का कहना है कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अवैध कारोबारियों को सुधरने की चेतावनी दी गई है। अवैध शराब कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके खिलाफप्रर्वतन की कार्यवाही जारी रहेगी।

## पार्टी कार्यालयो पर भी मनाई गयी बाबा साहब आम्बेङकर जयन्ती

**बाराबंकी ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों का अनुपालन करते हुए बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि आज समाज एवं पार्टी को बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। हम सब बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलकर संविधान और अधिकारों की रक्षा कर पाएंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव कौशल किशोर धीमान ने किया। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद सबाहए वरिष्ठ कार्यकर्ता हुमायूं नईम खानए जिला सचिव जसवंत यादवए डॉ शरद वर्माए जिला सचिव वीरेंद्र प्रधानए बसंत गौतमए अमित कुमार यादवए सरवन रावत व अन्य सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।इसी क्रम मेउत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जनपदीय प्रभारी सचिव राहुल त्रिपाठी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पूर्व सांसद डॉ पी0एल0 पुनिया के आवास एवं नाका सतरिख पर अंबेडकर वाटिका में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात कहा किबाबा साहब भीमराव अंबेडकर दलितों के मसीहा ही नहीं एक क्रांतिकारी महामानव थे।

# पोलिंग पार्टियां रवाना, डीएम ने कहा-मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें

## प्रशासन निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए तैयार



**संतकबीरनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रथम चरण में जनपद में मतदान बृहस्पतिवार को प्रात: 7 बजे सांय 5 बजे तक होगा। जनपद के 9 ब्लाको के स्ट्रांग रूम से पोलिंग पार्टी मतदान स्थल/बूथो पर रवाना हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने मतदान के लिए सर्वाजनिक छुट्टी की भी घोषणा की है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने बताया कि पूर्व में पुलिस अधीक्षक के साथ अतिसंवेदनशील, संवेदनशील बूथो का निरीक्षण किया जा चुका है। व्यापक स्तर पर जनपद में पुलिस फोर्स मौजूद है। सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस फोर्स अपने-अपने ड्यूटी पर तैनात है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि मतदान में खलल डालने वालो के साथ पुलिस प्रशासन सख्ती से निपटेगा। मतदान के लिए जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति जिला निर्वाचन अधिकारी ने की है। विकास खण्ड मुख्यालय पौली के लिए शशांक शेखर राय, डॉ0 श्वेता त्रिपाठी तथा वंशीधर सिंह, विकास खण्ड नाथनगर के लिए नवीन चन्द्र श्रीवास्तव, विजय कुमार पाण्डेय, ध्रुव प्रसाद, विकास खण्ड बघौली के लिए श्रीमती वन्दना पाण्डेय, सुश्री प्रियंका यादव तथा डा0 नरेन्द्र सिंह, विकास खण्ड खलीलाबाद के लिए राजेश अग्रवाल, दीपक सिंह तथा प्रमोद कुमार तिवारी, विकास खण्ड बेलहरकला के लिए सुनील कुमार, राकेश तथा धीरेन्द्र त्रिपाठी, विकास खण्ड सांथा के लिए श्रीमती प्रियंका चौधरी, सौरभ कुमार पाण्डेय तथा अनुप कुमार त्रिपाठी, विकास खण्ड मेंहदावल के लिए अजय कुमार त्रिपाठी, महावीर सिंह तथा अशोक राय, विकास खण्ड हैंसर बाजार के लिए रत्नेश तिवारी, ज्ञानेन्द्र सिंह तथा ऋषिककेश सिंह, विकास खण्ड सेमरियावां के लिए राजनारायण त्रिपाठी, रेनू चौधरी, विन्देश्वरी प्रसाद मिश्र ड्यूटी के लिए नामित है।

## जयंती पर याद किये गये अम्बेडकर



**संतकबीरनगर।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव ने कहा कि डॉ0 आंबेडकर की ज्योति पूरे दुनिया में आज जल रही है। जिसके निष्पक्त भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉक्टर साहब को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया गया है तथा बाबा साहब के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया है। जिला महामंत्री विवेकानंद वर्मा ने डॉक्टर अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बताया कि आज सामाजिक समरसता के अग्रदूत के रूप में डॉक्टर अंबेडकर भारतीय समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किए हैं जिसे भारतीय जनता पार्टी के सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के तहत प्रधानमंत्री देश की जनता को एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रहे हैं। प्रमुख रुप से नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह जज्जी, उर्मिला त्रिपाठी, मगहर अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा, सुनीता अग्रहरी, वरिष्ठ भाजपा नेता शंभू नाथ त्रिपाठी, गुड्डू वर्मा, किरण प्रजापति, मीडिया प्रभारी ब्रह्मानंद पाण्डेय, मुरलीधर जायसवाल, निरंजन लोहिया, श्रीमन आनंद, उषा देवी, घनश्याम दास बिड़ला समेत पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोठी पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल चोर गैंग के आधा दर्जन चोरो को किया गिरफ्तार

**सिद्धौरबाराबंकी ।** थाना कोठी पुलिस द्वारा मोबाइल चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए 06 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 43 चोरी का मोबाइल व 04 मोटर साइकिल बरामद किया है। 12 अप्रैल को राजेन्द्र कुमार पुत्र राम लखन निवासी पूरे पंडित मजरे पडारावां तथा मायाराम पुत्र जियालाल निवासी बसन्तपुर थाना कोठी जोकि सेमरावां बाजार में दोनों लोगों की जेब से मोबाइल चोरी हो गया जिसके सम्बन्ध में पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया तलाश शुरू किया था बुधवार को मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर कोठी पुलिस को तब सफलता मिल गयी जब अन्तर्राज्यीय मोबाइल चोर गैंग के 06 सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ गये । पुलिस के पकड़मे आये अभियुक्त देवेन्द्र उर्फदेबिन पुत्र कोडरजी ए इशत पाल पुत्र पर्वत लालए नसीब पुत्र राकेश नि0 सिंघेपुर थाना मेहरोली जिला ललितपुर व इंकू पुत्र नमेलाल एटन्टू पुत्र राजेश खन्ना नि0 प्रकाश नगर देहात जनपद दतिया मध्य प्रदेश तथा.धनवीर पुत्र पन्ना लाल नि0 सिरोन थाना पथरिया जनपद विदिशा ;मध्य प्रदेशद्ध के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी किये गये 43 स्मार्टध्एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद किये गये।

# बगैर अनुमति धार्मिक व चुनावी आयोजन पर होगी कार्रवाई: मीणा

संवाददाता। सकलडीहा (चन्दौली)



**रमजान** और नवरात्र व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर शासन प्रशासन का सख्त रूख है। बुधवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पीपी मीणा और अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम कोतवाली में सर्किल के सभी थाना क्षेत्र के दोनों समुदाय के लोगों के साथ बैठक किया। इस दौरान किसी भी मंदिर या मस्जिद में धार्मिक आयोजन बगैर अनुमति के कराने पर कार्रवाई का निर्देश दिया। इस दौरान हर हाल में सोशल डिस्टेंस और नाइट कर्फ्यू का पालन करने का सख्त हिदायत दिया। चेताया कि दुकानदार या उम्मीदवार द्वारा सोशल डिस्टेंस का अनदेखी करने पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी।

कोरोना के बढ़ते प्रभाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पर डबल जिम्मेदारी बढ़ गयी है। ऐसे में जिला प्रशासन हर पल चौकन्ना है। कोतवाली में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रेमप्रकाश मीणा और अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज ने सर्किल के धानापुरए सकलडीहाए चहनियाए धीनाए कंदवा थाने के दोनों समुदाय के लोगों के साथ बैठक किया। मजिस्दों में पच्चास से अधिक लोगों को नमाज नही पढ़ने की जानकारी दिया। नमाज पढ़ते समय गोला बनाने व थर्मल स्कैनिंग कराने का निर्देश दिया। वही मंदिरों में पूर्ण रूप से सोशल डिस्टेंस का पालन करने का हिदायत दिया। किसी प्रकार के चुनावी या धार्मिक आयोजन बगैर अनुमति कराने पर कार्रवाई का निर्देश दिया। अंत में नाइट कर्फ्यू का सख्ती से पालन करने के साथ कस्बा और बाजारों में दुकानदार सहित ग्रामीणों को मास्क लगाने का निर्देश दिया गया। अनदेखी करने पर चालान करने का थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। अंत में नामांकन के अन्तिम दिन किसी प्रकार की जुलुस या दुकानों पर जलपान के दौरान भीड़ होने पर प्रत्याशियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने को थाना प्रभारी को बताया गया। इस मौके पर सीओ श्रुति गुप्ता, कोतवाल अवनीश राय, एसओ धानापुर बृजेश तिवारी, एसओ बलुआ उदय प्रताप सिंह, सदर रोजन अली सहित अन्य मंदिर के पुजारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### प्रत्याशियों की डाटा चुनाव आयोग की पोर्टल पर हुआ ऑनलाइन

सकलडीहा (चन्दौली)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष ढ़ग से कराने को लेकर राज्य निर्वाचन अधिकारी कटिवद्ध है। मंगलवार को हुई नामांकन प्रक्रिया को चुनाव अधिकारी द्वारा बुधवार को सभी प्रत्याशियों का डाटा ऑन लाइन चुनाव आयोग के पोर्टल पर फीडिंग कराया।

इस दौरान सभी एआरओ सहित ब्लॉक कर्मी और आपरेटर जुटे रहे। सकलडीहा विकास खंड में कुल 1508 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। जिसमें 610 ग्राम प्रधान, 379 ग्राम पंचायत सदस्य और 519 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने नामांकन किया था। बुधवार को देर शाम तक सभी नामांकन पत्रों का डाटा चुनाव आयोग के निर्देश पर ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराया गया। इस प्रकिया से सभी प्रत्याशियों की शिक्षाए सम्पत्ति सहित अन्य डाटा ऑन लाइन होगा। इस बाबत चुनाव अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने बताया कि चुनाव प्रकिया को निष्पक्ष ढ़ग से करने के लिये नामांकन प्रक्रिया से लेकर नाम वापसी और चुनाव चिन्ह पूरी डाटा पोर्टल पर फीड रहेगा। इससे प्रत्येक प्रत्याशियों की पूरी जानकारी ऑन लाइन रहेगी।

**नामांकन के दूसरे दिन प्रत्याशी या उम्मीदवार करेंगे नामांकन**

कोरोना के बढ़ते प्रभाव और सोशल डिस्टेंस को लेकर चुनाव अधिकारी गंभीर है। गुरूवार को दूसरे चरण की होने वाले नामांकन में प्रत्याशी या प्रस्तावक द्वारा नामांकन की प्रकिया कराया जायेगा। जिससे भीड़ नही जुट पाये।

**उम्मीदवारों ने समर्थकों के लिये मिठाई दुकान कराया बुक**

प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ नामांकन के लिये जाता है। ऐसे में सकलडीहा सहित आसपास गांव के उम्मीदवारों द्वारा नामांकन के बाद अपने समर्थकों को अल्पहार के लिये जगह जगह मिठाई की दुकानों की बुकिंग करा दिया है। इसके साथ ही उम्मीदवारों द्वारा चिकन और मटन व मधुशाला के लिये टोकन भी जारी किया जा रहा है।

**अम्बेडकर जंयती पर भी 51 उम्मीदवारों ने खरीदा पर्चा**

सकलडीहा (चन्दौली)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रधान, बीडीसी और सदस्य पद के उम्मीदवारों में काफी उत्साह है। बुधवार को अम्बेडकर जंयती होने के बाद भी 51 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र की खरीदारी किया।

विकास खंड में कुल 104 ग्राम प्रधान के पद सृजित है। 130 बीडीसी और 1328 ग्राम पंचायत पद सृजित है। इस क्रम में बुधवार को अम्बेडकर जंयती पर प्रधान पद पर तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदा। वही छह बीडीसी के लिये और 42 ग्राम पंचायत सदस्य के लिये नामांकन पत्र खरीदा गया। इस प्रकार कुल 954 ग्राम प्रधान और 774 क्षेत्र पंचायत और 1409 ग्राम पंचायत के उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र की खरीदारी किया गया है। इस बाबत चुनाव अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने बताया कि अम्बेडकर जंयती पर भी 51 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र खरीदा गया।

## आग लगने की आधा दर्जन घटनाएं

सकलडीहा (**चन्दौली**)। तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आग लगने से आधा दर्जन से अधिक लोगों का हजारों का सामान जलकर खाक हो गया। वही एक मवेशी की मौत हो गयी। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया।

खड़ेहरा गांव के गंगाधर राजभर के परचुन की दुकान में अज्ञात कारण से आग लगने से करीब 50 हजार की सामान सहित एक हजार नगदी जलकर खाक हो गया। वही दूसरी ओर बथावर गांव में सुंदर गोंड, रामउग्रह और आनंद गोंड के घरों में रखी पुआल में अज्ञात कारण से आग लगने पर हजारों का सामान जलकर राख हो गया।

इसके अलावा एक मवेशी की मौत हो गयी। वहीं चहनिया ब्लॉक के खोनपुर में जंगी यादव व सुदामा यादव के तीन बीघा गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से हजारों का नुकसान हो गया। इसके अलावा धानापुर ब्लॉक नेकनामपुर गांव में धमेन्द्र राम के मड़हा में आग लगने एक बकरी की मौत हो गयी।

## गोरखपुर के महापौर हुए कोरोना पॉजिटिव

**गोरखपुर**। महापौर सीताराम जायसवाल कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। उन्होंने मंगलवार को आरटीपीसीआर जांच कराई थी। बुधवार सुबह रिपोर्ट पॉजिटिव आयी। महापौर ने संपर्क में आने वाले सभी लोगों से खुद की कोरोना जांच कराने की अपील की। महापौर सीताराम जायसवाल ने बताया कि 11 अप्रैल को उन्होंने जांच कराई थी तो रिपोर्ट निगेटिव आयी थी। अब दूसरी जांच की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। हालांकि उनको कोरोना से जुड़ा कोई भी लक्षण नहीं है।

**स्नान करने गया बालक नदी में डूबा, तलाश जारी**

मुगलसराय (चन्दौली)। स्थानीय कोतवाली थाना अंतर्गत ग्रामसभा कुंडा खुर्द स्थित गंगा में स्नान करने गया शिभम नाम का बालक गंगा किनारे स्नान करने गया था, इसी दौरान नहाते समय गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा वही साथियों ने उसको डूबता देख शोरगुल मचाया।

# पंचायत सामान्य निर्वाचन के पहले चरण की वोटिंग आज

संवाददाता। गोरखपुर

**दीनदयाल** उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के संकुल कीड़ा स्थल तथा चंपा देवी पार्क से नगर मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव के लिए जनपद के 20 ब्लॉकों में 1291 गाड़ियां को ब्लॉकों के लिए रवाना की गई। हर ब्लॉक पर दो अतिरिक्त मैजिक गाड़ियां तथा दो लोडर गाड़ियां भेज दी गई हैं। ताकि इमरजेंसी में इन गाड़ियों का उपयोग हो सके।

त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के तहत कल 15 अप्रैल गुरूवार को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया में 25,000 से ज्यादा कर्मचारियों को लगाया गया है। मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के लिए 15,000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। 185 कलस्टर मोबाइल बनाए गए हैं। हर कलस्टर में छह पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। लगभग 30 लाख से ज्यादा वोटर 4637 बूथों पर मतदान कर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। **वाहनों पर नहीं रोक-टोक:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 15 अप्रैल को होने वाले मतदान के दिन वाहनों के संचालन पर कोई रोक-टोक नहीं होगी। मतदाता या कोई भी आम आदमी बूथों के 200 मीटर पहले तक वाहनों से आ जा सकता है। दिव्यांग और बुजुर्ग वोटरों के लिए जिला प्रशासन ने सहूलियत दी है। ऐसे वोटर बूथ तक अपने वाहनों से जा सकते हैं। दृष्टिबाधित मतदाता सहायक या सहयोग ले सकते हैं। यह सहायक उनके परिवार का सदस्य हो सकता है। यदि कोई प्रत्याशी या उसका समर्थक बार-बार किसी वाहन से मतदाताओं को ले जाएगा या ले आएगा तो उसके वाहन को सीज कर मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

**1380 मतदान केंद्रों पर खास नजर**

पंचायत चुनाव में जिले में कुल 1380 मतदान केंद्रों पर प्रशासन और पुलिस की खास नजर रहेगी। यह सभी वे मतदान केंद्र है जहां पर चुनाव में अराजकता या बवाल हुआ था या इस चुनाव में होने की आशंका है। ऐसे बूथों को जिला प्रशासन ने तीन श्रेणियों में बांटा है। पहला संवेदनशील, दूसरा अति संवेदनशील और तीसरा अति संवेदनशील प्लस। इन सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से सीआरपीएफ एसएसबी, स्थानीय पुलिस, पीएसी, होमगार्ड और पीआरडी के जवान भी लगाए गए हैं।

# गांव की बुनियादी जरूरतें पूरी होंगी, तभी गांव बनेगा आदर्श

### मॉडल गांव की अलख जगा रहे राम लाल

### मॉडल गांव के मेनिफेस्टो पर युवाओं से हो रही खुलकर चर्चा

संवाददाता। मीरजापुर

**वकालत** का पेशा छोड़कर गांव की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में जुटे चुनार तहसील के करहट गांव निवासी राम लाल की सोच अन्य ग्रामीणों से बिल्कुल अलग है। उनका मानना है कि अगर हम अपने गांव को ही सुविधा संपन्न बना दें तो हमारे युवा काम-धंधे की तलाश में भटकने को मजबूर नहीं होंगे। वह आईसीआईसीआई फाउंडेशन के सहयोग से काम कर रही मॉडल गांव संस्था के मेनिफेस्टो के साथ युवाओं से मिल रहे हैं और अपने गांव को ही मॉडल गांव बनाने की अलख जगा रहे हैं। उनकी बात ग्रामीणों को समझ भी आ रही है कि उनके गांव में वह सब कुछ है जिससे वह एक आदर्श स्थापित कर सकते हैं, बस जरूरत है तो उस पर सही मायने में अमल करने की।

मॉडल गांव की सोच विकसित करने वाले बांदा के पूर्व जिलाधिकारी हीरा लाल की बात वह ग्रामीणों से करते हैं कि किस तरह से उन्होने पानी के संकट से जूझ रहे बांदा में एक तरह से जल क्रांति लाए थे, तो हम लोग क्यों नहीं अपने क्षेत्र को पानी के संकट से मुक्ति दिला सकते हैं । राम लाल के प्रयास का ही नतीजा है कि अब लोग जल संरक्षण पर जोर दे रहे हैं । उनका कहना है कि कृषि उपज के दामों में वृद्धि गांव के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाएगी। रोजगार के अवसर गांव में भी पैदा किए जा सकते हैं । घर बैठी महिलाओं को लघु उद्यम से जोड़कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जा सकता है। इसके लिए वह 6.7 वर्षों से लगातार वह प्रयासरत भी हैं । इसी का नतीजा रहा कि जिले की करीब पांच दर्जन महिलाओं को वह रोजगार से जोड़ सके हैं । राम लाल का कहना है कि मॉडल गांव बनाने के सपने को साकार करने के लिए वह दृढ संकल्पित हैं, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार आ सके । इसके लिए मॉडल गांव के मेनिफेस्टो पर प्रतिदिन लोगों के बीच चर्चा करते रहते है । इतना ही नहीं बैठक कर ग्रामीणों से मॉडल गांव के मेनिफेस्टो पर विचार-विमर्श भी चलता हैए जिसके जरिए ग्रामीणों की सोच और कुछ नया करने के उनके जज्बे का भी पता चलता है। बैठक में यह भी चर्चा होती है कि कोरोना काल में भी बहुत ही कम पैसे के लिए घर-परिवार से दूर हमारे युवा काम करने को किस तरह मजबूर हो रहे हैं और लाकडाउन जैसी मुसीबत के वक्त उन पर जो गुजरी उस पर भी चर्चा होती है। कुल मिलाकर मॉडल गांव की सोच विकसित करने में मिल रहे सहयोग पर उनका सिर्फ यही कहना है. चला तो अकेले था मगर लोग आते गए और कारवां बनता गया।

राम लाल का कहना है कि वकालत का पेशा छोड़कर प्रयागराज से गांव लौटने पर उन्होंने स्वरोदय सेवा संस्था के जरिये जिले के छह विकास खण्डों हलिया, लालगंज, पटेहरा, राजगढ़, पड़री आदि जगहों पर पानी बचाने का अभियान व अति पिछड़े इलाकों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान चला चुके हैं ।

इसके अलावा समाज में व्याप्त कुरीतियों, दहेज प्रथा, अन्ध विश्वास आदि को खत्म करने का काम कर चुके हैं। उनका कहना है कि गरीब परिवार की बेटियों की पढ़ाई लिखाई और शादी में भी आर्थिक सहायता समाज के हर तबके के लोगों को करनी चाहिए । बेटियों की पढ़ाई में इनकी संस्था के माध्यम से करीब 70 लाख रुपये की मदद अब तक की जा चुकी है । गांव स्तर पर पुलिस थानों के बेवजह हस्तक्षेप को रोकने के लिए समाज के हर तबके के लोगों को जागरूक होना चाहिए । इसके लिए वह ग्राम सभा स्तर पर बैठक कर झगड़ों को सुलझाने का काम करते हैं और अब तक 356 मामलों को सुलझाने में उनको सफलता भी मिल चुकी है ।

**क्या है गांव घोषणा पत्र:** गांव घोषणा पत्र का मुख्य उद्देश्य इसके माध्यम से गांव में विकास का एजेंडा स्थापित कर और चेंजमेकर तैयार कर गांव का सर्वांगीण विकास करना है। इसके अलावा इसमें उन मूलभूत सुविधाओं को शामिल किया गया है, जो उसे मॉडल गांव की श्रेणी में शामिल कर सके और गांव खुशहाली ला सके। इन प्रमुख बिन्दुओं में शामिल हैं, गांव की सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त हो, गांव में कोई भी अनपढ़ ना हो, इलाज. दवा के साथ योगा की भी हो व्यवस्थाए बिजली भरपूर मात्रा में मिले खासकर सोलर वाला गांव बनाने पर जोर होए पेयजल व सिंचाई के लिए पानी की अच्छी व्यवस्था होए रोजगार यानि सभी हाथ को काम पर जोर दिया जाएए गांव में संवाद तंत्र यानी आधुनिक इंटरनेट की सुविधा होए उत्पादों को बेचने की भरपूर और अच्छी व्यवस्था हो। गांव में जैविक उत्पाद को प्राथमिकता मिलेए गाँव को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर होए विवाद रहित खुशहाली वाले गांव की सोच विकसित की जाएए गांव का नियम और लेखा का रखरखाव होए गांव का बायोडाटा तैयार किया जाएए किसान उत्पादक संगठन बनाने पर जोर हो, प्रवासी ग्रामवासी संपर्क व् सहायता की व्यवस्था हो और कुपोषण को ख़त्म करने पर जोर हो। इसके अलावा वृक्षारोपण (मेड़ पर पेड़) पर जोर हो, खेल, कला व संस्कृति के विकास का ध्यान रखा जाएए महिला विकास पर जोर हो, प्रतिभा चयन व विकास की व्यवस्था हो।

# कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाई भीमराव आंबेडकर की जयंती

संवाददाता। मुगलसराय (चन्दौली)

**शहर** कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में भारतीय संविधान के जनक व प्रथम कानून मंत्री भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर बुधवार को ओड़वार स्थित बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर एक ऐसे युग पुरुष थे, जिनका जीवन देशहित को समर्पित था। सामाजिक एकता हेतु उनकी सकारात्मक सोच, राष्ट्रीय स्तर पर दूरदर्शी दृष्टिकोण और व्यक्तिगत जीवन में उनकी योग्यताएं अतुलनीय थी। आइए उनके जन्म दिवस पर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने के प्रण को दोहराएं एवं उनके जीवन से प्रेरित होकर देशहित में अपनी भागीदारी निभाएं। स्वतंत्रताएसमानता व भाईचारे की बुनियाद पर टिके संविधान की मूलआत्मा व आदर्शों पर आगे बढ़कर ही हम भारत को विश्व का नेतृत्व करने के लिये तैयार कर सकते हैं। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**बाबा साहबे ने सबको दिलाया अधिकार और सम्मान**

सकलडीहा (चन्दौली) ।डा. आम्बेडकर भीमराव अंबेडकर के 130 वीं जयंती समारोह पर सरकारी सहित विभिन्न संस्थानों द्वारा सोशल डिस्टेंस के साथ आम्बेडकर जयंती मनाया गया। इस दौरान सकलडीहा तहसील में ज्वांइट मजिस्ट्रेट पीपी मीणा और तहसीलदार डा. वंदना मिश्रा के नेतृत्व में उनके देशहित में किये गये कार्य पर चर्चा किया गया। इसके अलावा भाजपा नेता सत्यप्रकाश गुप्तए वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार सिंहए बुद्ध मित्र मुसाफिर द्वारा उनके प्रतिमा और तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर अपना विचार रखा।

# जिलाधिकारी ने पंचायत चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता। गोरखपुर

**बृहस्पतिवार** को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी ने संवेदनशील, अतिसंवेदनशील, अतिसंवेदनशील प्लस बूथों का निरीक्षण किया।

अति संवेदनशील बूथों पर विशेष फोर्स तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रण करने के लिए सादे कपड़ों में फोर्स तैनात की जा रही है। कैंपियरगंज, जंगल कौड़िया, भटहट ब्लाक के अंतर्गत पढ़ने वाले संवेदनशील, अतिसंवेदनशील, अतिसंवेदनशील प्लस बूथों का निरीक्षण करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी ने अपने मातहतों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि प्रत्याशियों द्वारा लगाए गए बूथों को मतदान स्थल से 200 मीटर पहले लगाना अति आवश्यक है। डीएम व एसएसपी पैदल ही निरीक्षण करते हुए मतदान स्थल से मुख्य मार्ग आने जाने का रास्ता व मतदान स्थल से थाने तथा मुख्यालय तक की दूरियों का आकलन कर अपने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

संयुक्त रुप से भ्रमण के दौरान चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को कोविड गाइडलाइन एवं आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। नगर क्षेत्र के खोराबार व चरगांवा ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार, एडीएम सिटी राकेश कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी कैंट अजय कुमार सिंह ने मतदान स्थलों का निरीक्षण किया तथा ब्लॉक पर बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को देखा।

संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जहां जो कमियां मिली उसे तत्काल सही कराने का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम सिटी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदाता भयमुक्त होकर वोटिंग करें। आम जनता को कहीं भी किसी स्तर से दिक्कत समझ में आए तो तत्काल इसकी सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दें।

# प्रजनन क्षमता में वृद्धि के कारण कोरोना के मामलों में आया उछाल

अध्ययन

संवाददाता। सोनभद्र/ मीरजापुर

**उत्तर** प्रदेश में कोरोना के मामलों में एकाएक उछाल आया है चिकित्सक इन बढ़ते मामलों के पीछे का प्रमुख कारण वायरस की प्रजनन क्षमता में हुई वृद्धि को बता रहे हैं। इस सम्बन्ध में चेन्नई गणितीय विज्ञान संस्थान के एक अध्ययन के हवाले से किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष और इन्डियन मेडिकल एसोसिएशन एमएस के वाइस चेयरमैन डॉ. सूर्यकान्त ने एक बड़ा खुलासा किया है। उनका कहना है कि अध्ययन के मुताबिक वायरस की प्रजनन क्षमता राष्ट्रीय स्तर पर जहां 1.32 है, वही उत्तर प्रदेश में यह 2.14 पर पहुंच चुकी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के कोविड टीकाकरण के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. सूर्य कान्त का कहना है कि चेन्नई में गणितीय विज्ञान संस्थान के अध्ययन के अनुसार आर वैल्यू का राष्ट्रीय औसत या प्रजनन संख्या कोविड-19 संचरण के मापदंडों में से एक 1.32 है जो दर्शाता है कि एक संक्रमित व्यक्ति एक से अधिक लेकिन दो से कम लोगों में वायरस फैलाता है। पिछले दो हफ्तों के दैनिक नए मामलों पर नजर रखने के बाद उत्तर प्रदेश के लिए प्रभावी प्रजनन संख्या का अनुमान 2.14, झारखण्ड का 2.13 और बिहार का 2.09 है इसका मतलब है कि एक संक्रमित व्यक्ति इन राज्यों में दो से अधिक लोगों को संक्रमित कर रहा है। अध्ययन के मुताबिक गत सितम्बर में यह एक के नीचे पहुंच गया था। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राम कुंवर का कहना है कि कोरोना के मामलों में आई कमी के चलते लोगों ने लापरवाही बरतनी शुरू कर दी थी जिसके कारण कोरोना को पांव पसारने का मौका मिल गया। इस कारण के साथ ही प्रजनन क्षमता में हुई वृद्धि ने आग में घी का काम किया। इसलिए सभी से यही अपील है कि कोरोना वायरस ने जब अपना विस्तार कर लिया है तो हमें भी अब पहले से अधिक सतर्कता बरतनी है और सावधान रहना है। जब तक सभी का सहयोग नहीं मिलेगा तब तक कोरोना से मुक्ति का योग बनना असम्भव है इसलिए कोशिश होनी चाहिए कि बिना काम के बाहर न निकलें और बहुत जरूरी हो तो थ्री लेयर मास्क से अच्छी तरह से नाक और मुंह को ढककर ही निकलें। भीडभाड़ में जाने से बचें और जिससे भी मिलें उससे दो गज की दूरी बनाकर रखें। बेवजह किसी वस्तु को हाथ लगाने से बचें और किसी वस्तु के संपर्क में आते हैं तो हाथों को साबुन पानी या सेनेटाइजर से अच्छी तरह से साफ़ सुथरा कर लें।यह प्रोटोकाल हर किसी को अपने साथ ही घर-परिवार और समुदाय को सुरक्षित करने के लिए आने वाले कुछ दिनों के लिए बहुत ही जरूरी हो गया है ।

## रिहंद इकाई में अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

बीजपुर (**सोनभद्र**)। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के रिहंद इकाई के अग्निशमन शाखा के तत्वावधान में अग्निशमन शाखा परिसर में अग्नि सुरक्षा उपकरणों का रखरखाव आग के खतरों को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है के थीम के साथ अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर कार्यकारी निदेशक रिहंद बालाजी आयंगर ने 14 अप्रैल 1944 में बॉम्बे डाक यार्ड में घटित भीषण अग्नि दुर्घटना में अग्निशमन के शहीद जवानों की स्मृति में उन्हें रिट व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि श्री आयंगर ने उपस्थित जवानों को अग्निसुरक्षा हेतु शपथ दिलवाई तथा संयंत्र व घरों में अग्नि दुर्घटनाओं व जानमाल के नुकसान को रोकने एवं जन साधारण में आग के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने आग के प्रति सावधानी व जागरूकता बढ़ाने हेतु बैनर व लिफ्लेट्स का विमोचन भी किया। इसके पूर्व कार्यक्रम के शुरुआती दौर में निरीक्षक अवधेश कुमार ने अग्नि शमन सेवा दिवस के बारे में जानकारी दी।

# प्राथमिकता वाले कार्य तत्काल पूरे किए जाएं: जिला पंचायत अधिकारी

### लापरवाही बरतने पर सचिव को मिली प्रतिकूल प्रविष्टि

संवाददाता। सोनभद्र

**ग्राम** पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालय पंचायत भवन तथा स्कूलों पर निर्मित स्कूल शौचालय का निरीक्षण विकास खंड करमा के ग्राम पंचायतों में जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह द्वारा किया गया।

निरीक्षण में सामुदायिक शौचालय में गढ्ढे की फिटिंग में पाइप की गुणवत्ता खराब पाने पर तत्काल बदलवाने के लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देश कर कहा कि कि बिना पाइप बदले इसका भुगतान ना किया जाए। गांव के लोगो ने बताया कि कई दिनों से कार्य बंद है। ग्राम पंचायत करकोली में पंचायत भवन का कार्य छत स्तर तक दीवार का कार्य कराकर कार्य बंद कर दिया गया है। सत्यापन के समय कार्य बंद पाया गया एवं गांव के लोगों द्वारा बताया गया कि कार्य कई दिन से बंद है। इस पर सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत को तत्काल कार्य शुरू कराने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत सरंगा में सामुदायिक शौचालय का कार्य अधूरा पाया गया बाहर से सभी पेंटिंग का कार्य कराए गए हैं परंतु सामुदायिक शौचालय में पानी की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई है जिसके कारण सामुदायिक शौचालय प्रयोग योग्य नहीं है।

सामुदायिक शौचालय की विधिवत जांच के लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत से इस कार्य की पत्रावली कार्यालय में प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत कठपुरवा में आरजीएसए के अंतर्गत निर्मित पंचायत भवन में प्लास्टर का कार्य बाहर से पूर्ण हो गया है। अंदर तीन दीवारों पर प्लास्टर का कार्य अवशेष है। पंचायत भवन में बिजली शौचालय का कार्य अभी अवशेष है जिसको कार्य पूर्ण कराने हेतु सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया गया। साथ ही कार्य में लापरवाही के कारण सचिव नरेश सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने हेतु भी निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत कटपुरवा के प्राथमिक पाठशाला में निरीक्षण में शौचालय की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई। सचिव द्वारा स्कूल शौचालय की मरम्मत नहीं कराई गई है तत्काल मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया गया कि सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन एवं स्कूल शौचालय की सत्यापन करा लिया जाय। जिन स्कूल शौचालयों में मरम्मत की आवश्यकता है, साथ ही बूथ वाले स्कूल शौचालयों को प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत करा ली जाए।

## नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी

बीजपुर (**सोनभद्र**)। स्थानीय थाना परिसर में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक बीजपुर देवतानंद सिंह के नेतृत्व में रमजान, नवरात्रि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व शादी ब्याह के मद्देनजर थानाक्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों की बैठक की गई। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में धारा 144 लागू है इसलिए कहीं भी यदि इन नियमो का उल्लघंन करते हुए किसी के द्वारा पाया जाएगा तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए लोगों को विशेष रूप से आगाह किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति शासन द्वारा जारी निर्देशो का पालन नहीं करेगा तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वह कितनी ही पहुंच वाला क्यों ना हो। बैठक में मुख्य रूप से बृजकिशोर, गोविंद गुप्ता, बद्री प्रसाद, संदीप गुप्ता, विजय सिंह गोड, मंसूर आलम, रामचंद्र गुप्ता आदि के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं के लोग मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 15 अप्रैल, 2021



# मोदी सरकार संवैधानिक मूल्यों की कर रही अवहेलना: प्रमोद

**संवाददाता।** लालगंज, प्रतापगढ़



**केन्द्रीय कांग्रेस** कार्यसमिति के सदस्य प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर संवैधानिक मूल्यों के साथ खिलवाड़ किये जाने तथा देश के स्वतंत्र नियामक ढांचों को कमजोर किये जाने का आरोप लगाया है। श्री तिवारी ने कहा कि सत्ता में बने रहने की चाहत के चलते प्रधानमंत्री संविधान और कानून के हिसाब से देश के आधारगत ढांचे को कमजोर बनाने का प्रयास कर रहे है।

बुधवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के कलाभदारी एवं मादीपुर गांव मे आयोजित संविधान निर्माता डा॰ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित समारोह में प्रमोद तिवारी ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने जिन मूल्यों के लिए देश को मजबूत चिंतन प्रदान किया आज उस राष्ट्रीय विचारधारा को भाजपा नजरअंदाज करने मे जुटी है। उन्होने कहा कि दलितो व वंचितों को सामाजिक न्याय के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार मे मिली संवैधानिक मजबूती को भी निहित राजनीतिक स्वार्थ में धक्का पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस समय देश और प्रदेश में दलितो तथा कमजोर तबके के लोगों पर अपराध का ग्राफचरम पर आ पहुंचा है। सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने लोगों से कहा कि वह देश की स्वतंत्रता के अनुरूप समग्र विकास तथा हर आदमी की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए अम्बेडकर जैसे महान नेताओं की विचारधारा को मजबूत बनाने मे आगें आये। वहीं श्री तिवारी ने कहा कि सरकार की कमजोरी से देश शिक्षा तथा स्वास्थ्य एवं विकास की हर बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में इस समय बेहद चिंतनीय हालात का सामना कर रहा है।

श्री तिवारी ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में जनता पर टैक्स और मंहगाई तो थोप रही है किंतु कहीं भी सरकार की तरफ से राहत या सामाजिक न्याय के क्षेत्र में कोई ठोस प्रयास दिखलाई नही पड़ रहा है। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री मोदी की तमाम चुनावी घोषणाओं पर सियासी वार करते हुए कहा कि पीएम आखिर आज देश के गरीब तबके को न्याय योजना से क्यों नही लाभान्वित करने की पहल कर रहे है। श्री तिवारी ने उत्तर प्रदेश में कानून और व्यवस्था में लगातार हो रही गिरावट तथा ग्रामीण विकास को भी कमजोर हालत में ला खड़ा करने के लिए भाजपा सरकारों को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होने कहा कि किसान और गांव ही देश के विकास का आधार हैए ऐसे में किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए गारण्टी मांग रहा है तो सरकार बदले में उसे लाठी दे रही है। गांव के विकास के लिए भी सरकार के पास कोई प्रभावी नीतिगत योजना का भी अकाल पड़ा हुआ है। इसके पूर्व श्री तिवारी ने डा॰ भीमराव अम्बेडकर के चित्र तथा गांव में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के महामंत्री छोटे लाल सरोज व संचालन सुरजीत कुमार ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, श्यामलाल सरोज, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, महमूद आलम, आलोक सिंह, ममता सरोज, रामू मिश्र, केडी मिश्र, सौरभ, अनिल महेश, सोनू शुक्ला, संतोष त्रिपाठी, राधेश्याम द्विवेदी, श्यामलाल वर्मा, जीतलाल वर्मा, रामराज वर्मा, अजय शुक्ल, दयाराम वर्मा, उदयशंकर दुबे, चंद्रमौलि शुक्ल, सिंटू मिश्र, संतोष पाण्डेय, छोटे मिश्र, धर्मेन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## शाखा प्रबंधक से मारपीट के आरोपी भेजे गये जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बैंक के अंदर सहायक शाखा प्रबन्धक से मारपीट के दोनों आरोपियो को हिरासत मे लेकर बुधवार को जेल भेज दिया। कोतवाली की रानीगंज कैथौला पुलिस चौकी के अन्तर्गत भटनी बाजार में बैंक ऑफ बडौदा की शाखा संचालित है। मंगलवार को दोपहर बाद अलीपुर गांव के रंजीत सरोज तथा सुनील सरोज बैंक में डिमांड ड्राफ्ट बनवाने गये थे। कहासुनी के दौरान आरोपियो ने सहायक शाखा प्रबन्धक वैभव शुक्ल से हाथापाई करते हुए सरकारी कामकाज मे अवरोध खड़ा कर दिया। सहायक प्रबंधक की तहरीर पर मंगलवार को रात पुलिस ने आरोपी रंजीत व सुनील के खिलाफ मारपीट तथा सरकारी कामकाज मे बाधा व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। चौकी इंचार्ज राजेश शुक्ला ने दोनों आरोपियों को हिरासत मे लेकर बुधवार को जेल भेज दिया।

## क्विक न्यूज

### 'रुद्रपुर में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**रुद्रपुर/देवरिया।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के 130वें जन्मदिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। हरिजन बस्ती स्थित आंबेडकर चौराहे पर बुधवार को एससीएसटी एंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकर्ता एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने डॉ भीमराव आंबेडकर का जन्म दिवस मनाया। उन्होंने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान विजयी गौतमए रमेश चंद्रए राममिलन पुष्करए जय बहादुर गौतमए विवेक गौतमए पिंटू मिस्त्रीए सभासद उपेंद्र मास्टर ए पूर्व सभासद जयराम पासवान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।वही सतासी राज विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मैं एनसीसी के बच्चों के साथ मिलकर प्रबंधक बीएल कुशवाहा ने श्रद्धा सुमन के पुष्प अर्पित कर बाबा साहब को याद किया ।

### डीएम ने बाबा साहब की जयंती पर किया माल्यार्पण

**देवरिया।** आज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज, एडीएम वित्त एवं राजस्व उमेश कुमार मंगला एवं सीआरओ अमृत लाल बिंद ने कलक्ट्रेट सभागार में बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके कृतित्व आदर्शों को याद किया गया। साथ ही उनके जीवन वृत्त ए त्यागए समर्पण, आदर्शों से प्रेरणा लिए जाने की अपेक्षा सभी से की गई।

### 20 विभागों के 554 कर्मचारियों पर गिरी गाज

**जौनपुर।** अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खंड 36ए निर्माण विभाग प्रांतीय खंडए विद्युत विभागए नलकूप विभाग कर्मचारी सबसे पहले कतार में हैं। दूसरे क्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारीए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयए जिला विद्यालय निरीक्षकए जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारीए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विभागए महाप्रबंधक उद्योगए जिला पंचायत राज अधिकारीए प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकीए जिला कृषि अधिकारीए बंदोबस्त अधिकारीए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुरए जिला आबकारी अधिकारीए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारीए जिला गन्ना विभाग अधिकारीए जिला लेखा परीक्षा अधिकारीए गायक अभियंता लघु सिंचाई विभाग जौनपुर शामिल हैं।

### पोलिंग पार्टियों की रवानगी में गैर हाजिरी बनेगी मुसीबत

**जौनपुर।** जिले के 21 विकासखंड में 15 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए 14 अप्रैल से रवाना होने वाली पोलिंग पार्टियों जो मतदान कार्मिक इतनी हिदायत के बाद भी उपस्थित नहीं होंगे उनके खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम मनीष कुमार वर्मा ने दी है। श्री वर्मा ने बताया कि पंचायत चुनाव के प्रशिक्षण और पोलिंग पार्टियों की रवानगी में अनुपस्थित रहने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 174 अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराएं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी का शव मिला

**श्रावस्ती। इकौना।** मार्डन थाना श्रावस्ती के अंतर्गत कटरा बाजार में संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी का शव ने छत की कुंडी मे फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला मार्डन थाना श्रावस्ती के कटरा बाजार का है जहाँ बेचूशरण की पत्नी मंगलवार को कहीं घूमने गयी थी उनकी 16 वर्षिय पुत्री अनीता घर मे अकेली थीए अनुमान लगाया जा रहा है कि इसी दौरान उसने छत की कुंडी मे फंदा लगाकर आत्महत्या कर लियाए रात आठ बजे जब दंपति घर वापस लौटे तो उनकी पुत्री अनीता छत की कुंडी से फंदे में लटकी हुई मिली इस पर परिजनों ने थाने पर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है।

### अनुपस्थिति मतदान कर्मियों के पर दर्ज होगा मुकदमा: सीडीओ

**जौनपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण दिया गयाए जिसमें आज पोलिंग पार्टियों के रवानगी के समय 554 कर्मचारी ;मतदान कर्मीद्ध अनुपस्थित रहेंए जिसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश मुख्य विकास अधिकारी ने दिया है। आज 14 अप्रैल को पोलिंग पार्टियां अपने बूथों के लिये रवाना कर दी गयी है सभी अनुपस्थिति मतदान कर्मियों के विरुद्ध अब मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जायेगा।

### जिला पंचायत प्रत्याशी का वाहन पुलिस ने किया सीज

**श्रावस्ती, इकौना।** पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में चुनाव प्रचार बंद होने के बाद भी वाहन से प्रचार कर रहे जिला पंचायत प्रत्याशी के वाहन को पुलिस ने सीज की कार्यवाही की है। बुधवार को वार्ड संख्या 19 से चुनाव लड़ रहे एक प्रत्याशी की स्कॉर्पियो वाहन को बाईपास इकौना तिराहा के पास प्रचार करता देख प्रभारी निरीक्षक ने पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र पांडे ने बताया कि चुनाव प्रचार सोमवार को पांच बजे समाप्त कर दिया गया था । इसके बावजूद जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी की स्कॉर्पियो वाहन बुधवार सुबह प्रचार कर रही थी जो आचार संहिता का उल्लंघन कर रही थी जिस पर वाहन को पकड़कर सीज किया गया है ।

### प्रधान प्रत्याशी को जाना पड़ा जेल

**जौनपुर।** एक दलित मतदाता को धमकाने के आरोप में प्रधान प्रत्याशी पहुंच गया जेल जी हां थाना कोतवाली केराकत की पुलिस ने केराकत ब्लाक के शिवरामपुर खुर्द गांव निवासी प्रधान पद के प्रत्याशी राय साहब सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित राय साहब सिंह पर एससीएसटी तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। शिवरामपुर खुर्द गांव के प्रधान पद के प्रत्याशी राय साहब सिंह पर आरोप है कि उन्होंने वोट के लिए एक दलित को जाति सूचक गालियां दी और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित भइया लाल राम की शिकायत पर थानागद्दी पुलिस ने राय साहब सिंह के खिलाफएससीएसटी समेत आईपीसी की धारा 504 और 506 का मुकदमा दर्ज किया है।

### अज्ञात चोरों ने उड़ाये जेवरात व नकदी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के हरनाहर गांव में अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात उडा लिये। बदमाशों ने गांव के विक्रम सिंह के मकान में बीती बारह अप्रैल को मकान का ताला तोड़कर चोरी कर लिये। चोरी में पीडित की आलमारी मे रखी नकदी व महिलाओं के सोने चांदी के आभूषण पर हाथ साफकिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफबुधवार को केस दर्ज किया है। कोतवाल का कहना है शीघ्र ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को दण्डित किया जाएगा।

### प्रमोद ने किया मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य लाभ की कामना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य प्रमोद तिवारी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कोरोना पाजिटिव होने की जानकारी मिलने पर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। श्री तिवारी ने बुधवार को मुख्यमंत्री के कोविड पाजिटिव होने पर पीड़ा जताते हुए उनके पूर्ण रूप से स्वस्थ होने तथा निरोग होने की मंगलकामना प्रकट की। सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद की यह मंगलकामना मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से यहां निर्गत की गई।

# रुद्रपुर में पलटी आरक्षण की सूची

● 29 महिलाओं का प्रधान बनना तय

**रुद्रपुर/देवरिया।** हाईकोर्ट के फैसले के बाद 2015 के आरक्षण को आधार वर्ष मानकर बनाई गई आरक्षण सूची ने एक बाद फिर गांवों का समीकरण बदल दिया है। रुद्रपुर प्रधानी की तैयारी में जुटे कई लोगों के मंसूबे पर पानी फिर गया है तो पुराने आरक्षण से निराश तमाम की मुरादे पूरी होने लगी हैं।रुद्रपुर के 86 ग्राम पंचायतों ने इस बार 29 महिलाओं का प्रधान बनना तय है। महिलाओं के लिए 13 सीटे आरक्षित है। वहीं आठ सीट पर ओबीसी महिलाए सात सीट पर एससी महिला और एक सीट एसटी महिला चुनाव लड़ेगी। ओबीसी के लिए 16 और एससी उम्मीदवारों के लिए 13 सीटे आरक्षित की गई हैं। 26 सीटे आनरक्षित हैं। रुद्रपुर अनुसा ग्राम पंचायत एससी महिलाए अमौनी खास अनारक्षित, अम्मा उर्फ अमवा अनारक्षित, अवस्थी अनारक्षित, इस्लामाबाद अनारक्षित, ईश्वरपुरा ओबीसी, एकला मिश्रौलिया ओबीसी, एकौना एससी, कन्हौली खास एससी, करनपुरा अनारक्षित, करहकोल ओबीसी, कुरैती महिला, कृतपुरा अनारक्षित, केवटलिया महिला, कोड़र अनारक्षित, कोरवां ओबीसी, खोपा महिला, खोरमा अनारक्षित, गाजीपुर भैसही महिला, गायघाट अनारक्षित, गोनाह सुरतपुरा एससी, छपरा खुर्द महिला, जंगल अराजी अमौनी अनारक्षित, जंगल भुसउल अनारक्षितए जोत सेमरौना अनारक्षित, जगदीशपुर ओबीसी, जमीरा ओबीसी, जाफराबाद कोटिया अनारक्षित, जोगिया बुजुर्ग महिला, टड़वा एससी, डढिया ओबीसी महिला, डहरौली बुजुर्ग एससी महिला, डाला अनारक्षित, तारासारा एसटी, तिघरा खैरवा ओबीसी, देवकली जयराम एससी महिला, धर्मपुर अनारक्षित, नकइल एससी, नगवाखास एससी, नरायनपुर औराई महिला, निबही अनारक्षित, नीबा मठिया महिला, पचमा एससी, पचरुखा अनारक्षित, पचलड़ी कृतपुरा एससी महिला, पटखौली अनारक्षितए पलिया ओबीसी, पांडेय माझा ओबीसी महिला, पिडरा ओबीसी, पिड़हनी ओबीसी महिला, पौहरिया एससी, बेलवा दुबौली महिला, बैदा अनारक्षित, बौरडीह अनारक्षित, भगवानमाझा अनारक्षित, भभौली एससी महिला, भरोहिया एससी, भीरवा ओबीसी महिला, भेड़ी एससी, भेलउर ओबीसी, मठिया तिवारी महिला, मदनपुर अनारक्षित, मनीहरपुर ओबीसी, मलहपुरवा अनारक्षित, महदहा एसटी महिला, महेशपुर एससी, मांगाकोरड़ ओबीसी महिला, माझानरायन ओबीसी, जगतमाझा ओबीसी, रतनपुर ओबीसी महिला, रमईपुर महिला, रामचक एससी महिला, रमपुरवा ओबीसी, लालपुर परसिया अनारक्षित, बिठ्ठलपुर अनारक्षित, विशम्भरपुर गनियारी महिला, विशुनपुर बगही एससी महिला, शीतलमाझा एससी, श्रीनगर कोल्हुआ महिला, सचौली पटवनिया एससी, सरांव खुद ओबीसी महिला, सरांव बुजुर्ग ओबीसी महिला, सिलहटा एसटी, सोनबरसा ओबीसी, हड़हा अनारक्षित और हौलीबलिया ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित है।

## एसपी और थानेदार के खिलाफ वाद दर्ज

**जौनपुर।** नाबालिग लड़की का अपहरण करने के आरोपित के साथ ही विधिक प्रावधानों की अवहेलना के मामले में पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर व तत्कालीन थानाध्यक्ष सिगरामऊ के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में वाद दर्ज किया गया है। सिगरामऊ थाना क्षेत्र निवासी वादी ने कोर्ट में धारा 156 ;3द्ध के तहत प्रार्थना पत्र दिया कि उसकी 17 वर्ष की पुत्री को 28 मार्च 2021 को 5॰30 बजे सुबह आरोपित मोनू बहला.फुसलाकर गायब कर दिया। थाने पर दरखास्त दिया तो दारोगा कहे कि आरोपित के घर जाकर पता लगाओ जब वादी आरोपित के घर गया तो वह घर से गायब था। लोगों से पता चला कि आरोपित वादी की पुत्री का अपहरण करके ले गया है। उसे वेश्यावृत्ति के लिए बेच देगा तथा साक्ष्य मिटाने के लिए उसकी हत्या कर देगा। 5 अप्रैल 2021 को क्षेत्राधिकारीए पुलिस अधीक्षकए पुलिस महानिरीक्षक वाराणसीए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोगए राष्ट्रीय महिला आयोग को प्रार्थना पत्र दिया।

# मतदान कराने पोलिंग पार्टियां पहुंची बूथों पर, आज 7 बजे से मतदान होगा

**संवाददाता।** जौनपुर

**जिले में** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान कल यानी 15 अप्रैल को होगा। जौनपुर के 21 ब्लाकों में 1740 ग्राम पंचायतों में सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो जाएगा। कुल 5106 बूथों पर मतदान के लिए सारी तैयारी पूरी हो गई है।साथ ही मतदान कर्मी बूथों पर पहुंच गये हैं। सभी ब्लॉक मुख्यालयों से आज मतदान सामग्री देकर पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया। पुलिस.प्रशासन के अफसरों ने उन्हें निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कड़े निर्देश भी दिए है।

यहां पर प्रधान पद के लिये 1740, बीडीसी सदस्य के लिये 2027, जिला पंचायत सदस्य के 83 और ग्राम पंचायत सदस्य के 21ए544 पदों लिये मतदान होना हैं। नामांकन के बाद प्रधान के तीन प्रत्याशियों के निधन के चलते वहां प्रधान पद का चुनाव स्थगित कर दिया गया है। हालांकि अन्य पदों के लिए उन गांवों में भी वोट पड़ेंगे।सकुशल मतदान कराने के लिए 24 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है, जिन्हें पूर्व में ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्हें ब्लॉक आवंटित थे।

आज सुबह संबंधित ब्लॉक पर पहुंचने के बाद मतदान केंद्र और बूथ की भी जानकारी दी गई। मतदान सामग्री लेने के बाद तय रुट के वाहन में सवार होकर मतदान कार्मिक दोपहर तक बूथों पर पहुंच गए थे। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट ने बूथों का भ्रमण कर कार्मिकों की उपस्थिति का सत्यापन भी किया। हालाकि अनुपस्थितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने का आदेश मतदान कार्मिक अधिकारी सीडीओ द्वारा जारी किया गया है।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 20 विभागों के कर्मियों का रुकेगा वेतन

**जौनपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अनुपस्थित रहने वाले मतदान कार्मिकों के खिलाफ मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है ।जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिकए सीडीओ अनुपम शुक्ला ने सभी 554 मतदान कार्मिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया है। इसके अलावा संबंधित विभागों को पत्र जारी कर उनका वेतन भी रोकने की कार्रवाई शुरू हो गई है। जिन 554 मतदान कार्मिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कवायद हो रही है। वह जिले के 20 प्रमुख विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं।दरअसल पंचायत चुनाव का चार दिवसीय प्रशिक्षण शहर से चार किलोमीटर दूर मां दुर्गा जी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिद्धिकपुर में 6 अप्रैल से दो पालियों में शुरू था। 9 अप्रैल तक चले इस प्रशिक्षण में जिले के 21 विकास खंड के विभिन्न विभागों के 554 मतदान कार्मिक पूरी तरह से अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को प्रशिक्षण में उपस्थित होने के लिए खुद मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ल ने एनाउंस करके कड़ी हिदायत दी। बावजूद इसके उक्त मतदान कार्मिक प्रशिक्षण में नहीं आए । बाद में छूटे हुए सभी मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने एक मौका उपलब्ध कराया। यह प्रशिक्षण शहर के तिलकधारी इंटर कॉलेज में 12 अप्रैल को आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में डीसी मनरेगा और शाहगंज ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार यादव की उपस्थिति मुख्य रही। बावजूद इसके इस प्रशिक्षण में भी 554 मतदान कार्मिकों की उपस्थिति नहीं हो सकी। कार्मिकों की इस लापरवाही का मामला जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा के संज्ञान में आया तो उन्होंने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

## अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**श्रावस्ती।** फायर सर्विस मुख्यालय भिनगा पर अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर हौसिला प्रसाद द्वारा शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई तथा अग्नि सुरक्षा सप्ताह प्रारंभ किया गया जो 14 से 20 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें अग्निशमन कर्मचारियों द्वारा कस्बाध्क्षेत्रध्गांवों में जाकर लोगो को आग से सुरक्षा एवं बचाव के बारे में जागरूक किया जाएगा।क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा बताया गया कि यह स्मृति दिवस 14 अप्रैल 1944 में मुंबई बंदरगाह में फोर्टस्टीकेन नामक मालवाहक जहाज जिसमें रुई की गांठेए विस्फोटक एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थेए में अचानक से आग लग गई थी। आग को बुझाते समय जहाज में विस्फोटक सामग्री होने के कारण 66 अग्निशमन कर्मी आग की चपेट में आकर वीरगति को प्राप्त हुए थे। इन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस मनाया जाता है।

# पंचायत चुनाव को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**श्रावस्ती।** जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जनपद में प्रसाशन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। एस एस बी 62 वीं वाहिनी सेना नायक चिरंजीवी भट्टाचार्जी के निर्देश पर नेपाल से सटी सीमा पर एसएसबी की टीमों को सुरक्षा की दृष्टि से अलर्ट मोड़ पर रखा गया है। सुरक्षा टीमें सीमा से सटे इलाको में हर गतिविधियों पर पैनी नजर रख रही है। पूरे बार्डर एरिया को सील कर दिया गया हैए गश्त में तेजी लाई गई है। पंचायत चुनाव के दौरान राष्ट्रविरोधी तत्वों की तरफ सेगड़बड़ी फैलाये जाने की आशंका के मद्देनजर सुरक्षा तंत्र बार्डर पर होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रख रही हैं। जिले की 62 किलोमीटर की खुली सीमा नेपाल से लगती है जिस पर सुरक्षा का जाल बिछाया गया है। सार्वजिनक मार्गों के साथ ही पगदंडी। वाले रास्तों पर एसएसबी के जवान लगातार गश्त कर सुरक्षा का जायाज ले रहे हैं। साथ ही नेपालसुरक्षा प्रहरी भी सीमा पर सुरक्षा में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। बुधवार को एसएसबी 62 वीं वाहिनी सीमा चौकी भैंसाही के इन्सपेक्टर विनन जीत सिंह व सशस्त्र प्रहरी;ए पी एफद्ध नेपाल के सब इंस्पेक्टर डिल्ली बेशी ने अपने अपने जवानों के साथ संयुक्त रुप से पगडण्डी वाले रास्तों पर गश्त कर सुरक्षा का जायजा लिया।

## योगा में बच्चों मे दिखा उत्साह, समापन

**संवाददाता।** लालगंज, प्रतापगढ़

**रामपुर** संग्रामगढ़ स्थित ब्लाक परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय योगा संस्थान द्वारा पन्द्रह दिवसीय योगा प्रशिक्षण के कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। योगा में ब्लाक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न गांवो के बच्चों द्वारा बढ़.चढ़कर प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि नीलम द्वारा योगा की उपादेयता पर बच्चों को ज्ञानवर्धक जानकारियां दी गई। अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी कमलेश बाबू पाण्डेय ने किया। संचालन विपिन योगी ने किया। इस मौके पर जितेंद्र कुमार, मोहित कुमार, राहुल मिश्रा, कुंदन शर्मा, प्रसून मिश्रा, अवधेश कुमार, उदय राज यादव, योगेंद्र कुमार तिवारी, प्रदीप कुमार, अभिषेक ओझा, आजाद अहमद, दिलीप गिरी, राजकुमारए धर्मेंद्र मौर्य, वंदना यादव, सपना मौर्या, रामसूरत तिवारी, संजीव कौशल आदि मौजूद रहे।

## नाइट कर्फ्यू को लेकर मशक्कत में जुटी खाकी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोरोना महामारी को लेकर लगाये गये नाइट कर्फ्यू को लेकर मंगलवार की रात पुलिस ने नगर समेत ग्रामीण अंचलों की भी बाजारों मे रात्रि नौ बजे से शटर गिराये जाने का कडक फरमान लिये दिखी। पुलिस ने इसके पहले सार्वजनिक मुनादी कराकर रात्रि नौ बजे से नाइट कर्फ्यू के पालन कराये जाने मे लोगों से सहयोग मांगा। रात्रि नौ बजे के बाद लालगंज, सगरा सुंदरपुर, रानीगंज कैथौला, सांगीपुरए अठेहाए आदि बाजारों मे पुलिस दुकानें बंद किये जाने का फरमान सुनाते दिखी। बाजार में सीओ जगमोहन स्वयं नाइट कर्फ्यू को लेकर पुलिस टीम के साथ भ्रमण कर लोगों से सहयोग मांगते दिखे।

## जौनपुर में हुई कोरोना से चार मौतें

**जौनपुर।** कोरोना के संक्रमण की रफ्तार तेजी के साथ बढ़ रही है। अस्पताल से लेकर श्मशान तक लोगों के चेहरे पर निराशा है। कहीं अस्पताल में होंठों पर अपनों के जल्द ठीक हो जाने की दुआ है तो शमशान घाट पर लोगों की आंखों में आंसू हैं। अपनों को खोने का दर्द उनके चेहरे से साफझलक रहा है। यूपी के जौनपुर में रामघाट पर एक साथ चार कोविड से मरे लोगों का दाह संस्कार देखकर लोग इसकी गंभीरता को शायद समझ रहे होंगे। जौनपुर में भी कल रिकॉर्ड 236 मामले सामने आए थेण् मारने वालों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। अब यह संख्या कुल 108 हो गयी है।

## प्रत्याशी ने धमकी को लेकर दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चुनाव प्रचार को लेकर प्रत्याशी की घेराबंदी तथा गालीगलौज व धमकी के आरोप को लेकर तहरीर दी गई है। कोतवाली के पूरे चौबे बीजूमऊ निवासी अरविंद कुमार ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बुधवार को वह पूरे भटटाचार्य गांव में चुनाव प्रचार मे गया था।

# पंचायत चुनाव को लेकर एसडीएम व सीओ ने बूथों का लिया जायजा



गाबी महुआवन मतदान केंद्र का जायजा लेते एसडीएम व सीओ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को लेकर एसडीएम तथा सीओ ने अतिसंवेदनशील प्लस मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम राम नारायण ने लालगंज कोतवाली के महुआगाबी वन गांव के स्कूल मे बनाए गये बूथ का निरीक्षण किया। एसडीएम तथा सीओ जगमोहन ने बूथ पर सुरक्षा एवं दिव्यांग मतदाताओं तथा कोविड.19 के प्रोटोकॉल को लेकर प्रबन्धों के बाबत जानकारियां जुटाई। एसडीएम तथा सीओ ने कटैया व देवली तथा सांगीपुर स्थित अतिसंवेदनशील बूथों का भी संयुक्त भ्रमण कर लोगों को निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित किया। अफसरों ने ग्रामीणों से मतदान को लेकर समस्याओं के बाबत भी पूछताछ की। वहीं एसडीएम तथा सीओ ने ग्रामीणों से कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान भी यदि किसी भी प्रकार से कोई दबंग परेशान करे तो उसकी गोपनीय सूचना मिलने पर कडी कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसडीएम ने बुधवार को तहसील क्षेत्र के सभी थानाध्यक्षों से पंचायत चुनाव के बाबत जरूरी पाबंदी तथा चालानी कार्रवाई में और तेजी लाये जाने के कडे निर्देश दिये है।

## बूथ बनाए गए हैं मॉडल

**जौनपुर।** एडीएम वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 हेतु मॉडल बूथ बनाये गये है। विकास खण्ड करंजाकला में हमजापुर, कोहड़ा, बक्शा में भैरोपुर, चकपटैला, लखनीपुरए सिरकोनी में सुल्तानपुर प्रथमए विशुनपुर मझवाराए सिकरारा में प्रा0 पा0 इब्राहिमाबादए जू0हा0 भरतपुरए केराकत में प्रा0 पा0 जयगोपालगंज धरौराए प्रा0पा0 सिहौलीए प्रा0पा0 थानागद्दीए प्रा0पा0 हुरहुरीए डोभी में प्रा0पा0 रामदेवपुरए प्रा0पा0 चन्दवकए प्रा0पा0 डीहा ;भीमपुरद्धए प्रा0पा0 कछवनए मड़ियाहूँ में जू0हा0 कुरनीए प्रा0पा0 टेकारीए प्रा0पा0 पालीए प्रा0पा0 सरायकालीदास, उन्चनीकलां, रामपुर में प्रा0पा0 सिघवनए प्रा0पा0 पचवल, रामनगर में प्रा0पा0 नेवढ़िया बाजार ;रसुलहॉद्धए जलालपुर में प्रा0पा0 त्रिलोचन महादेवए प्रा0पा0 त्रिलोचन महादेव.1ए प्रा0 पा0 त्रिलोचन महादेव.2ए प्रा0पा0 त्रिलोचन महादेव.3ए प्रा0पा0 रेहटी, बदलापुर में प्रा0पा0 ऊदपुर गेल्हवाए प्रा0 पा0 बेसहूपुरए प्राथमिक पाठ्यशाला बेसहूपुरए प्रा0 पा0 दुधौड़ाए जू0हा0 सिंगरामऊए प्रा0 पा0 मछलीगांवए विकास खण्ड महराजगंज में प्रा0पा0 बैरमाए प्रा0 पा0 डोमपुरए मछलीशहर में प्रा0पा0 अदारीए आदर्श प्रा0 पा0 छाछोए प्रा0 पा0 लासाए मुंगराबादशाहपुर में प्रा0 पा0 उचौराए प्रा0 पा0 गोविन्ददासपुरए शाहगंज में कम्पोजित विद्यालय सबरहदए कम्पोजिट विद्यालय नटौलीए सुईथाकला में प्रा0पा0 सवायनए प्रा0 पा0 असिंयाए प्रा0 पा0 रुधौलीए प्रा0 पा0 सरायमोहिद्दीनपुरए प्रा0 पा0 शेषपुरए को मॉडल बूथ बनाया गया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई हर बूथ पर भीमराव अंबेडकर की जयन्ती

**संवाददाता।** देवरिया

**भारतीय** जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयन्ती हर बूथ पर मनायी। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने बाबा साहब के चित्र तथा प्रतिमा पर माल्यार्पण अथवा पुष्पांजलि कर नमन किया। सदर विधायक डॉ. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने देवरिया देहात मंडल के पिपरपाती तथा इजरही बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।इस दौरान सदर विधायक ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए किया गया भारत रत्न बाबा साहब का संघर्ष हर पीढ़ी के लिए एक मिसाल बना रहेगा।बाबासाहेब को जब हम पढ़ते हैंए समझते हैं तो हमें अहसास होता है कि वे एक बड़ी दूरदर्शी सोच के व्यक्ति थे। बाबासाहेब अम्बेडकर हमें जो मार्ग दिखाकर गए हैंए उस पर देश निरंतर चलेए इसकी जिम्मेदारी हम सबकी है।ऐसे दूरदर्शी सोच के व्यक्ति बाबा साहब के विचारों का देश और प्रदेश के राजनीतिक दलों कांग्रेसएबसपाएसपा ने वोट के रूप में इस्तेमाल किया।बाबा साहब को सम्मान देने का काम भाजपा की सरकार ने किया।बाबा साहब से जुड़े स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का काम भाजपा की मोदी सरकार ने किया।

इस दौरान नगर अध्यक्ष संजय पाण्डेय, देहात मंडल अध्यक्ष राजन यादव, मीडिया प्रमुख भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय, रामदास मिश्रा, अंकुर राय, दुर्गेशनाथ त्रिपाठी, मिथिलेश मिश्रा, राजेन्द्र विक्रम सिंह, श्रीनिवास दूबे, विपिन यादव, सतीश चंद तिवारी, अजित तिवारी, बब्लू तिवारी, राजन सोनकर, अरविन्द शाही आदि उपस्थित रहे। वही भाजपा जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आज देशभर में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई जा रही है। उसी क्रम में जनपद के सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण अथवा पुष्पांजलि कर बाबा साहब को नमन किया।वही कल भाजपा अनुसूचित वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की जंयती की पूर्व संध्या पर उनकी प्रतिमा पर दीप जला नमन किया। बाबा साहब से प्रेरणा लेकर समाज में काम करने के लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता कृत संकल्पित हैं। बाबा साहेब एक नेता, विचारक, आर्थिक जगत के ज्ञाता, लेखक, समाज सुधारक थे।

## स्ट्रीक पर लगा आठ साल का प्रतिबंध

**दुबई।** जिंबाब्वे के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक को बुधवार को सभी तरह के क्रिकेट से आठ साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता उल्लंघन के पांच आरोपों को स्वीकार किया है जिसमें अंदरूनी जानकारी का खुलासा करना और भ्रष्ट संपर्क में मदद करना शामिल है। जिंबाब्वे के सबसे शानदार तेज गेंदबाजों में से एक रहे स्ट्रीक के खिलाफ 2017 और 2018 के दौरान के कई मैचों को लेकर जांच चल रही है जब उन्होंने कोच की भूमिका निभाई थी। आईसीसी की ईंटीग्रिटी इकाई के महाप्रबंधक एलेक्स मार्शल ने एक बयान में कहा कि हीथ स्ट्रीक अनुभवी पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और राष्ट्रीय टीम के कोच रहे, जिन्होंने कई भ्रष्टाचार रोधी शिक्षा सत्र में हिस्सा लिया और वह संहिता के अंतर्गत अपनी जिम्मेदारी से पूरे तरह अवगत थे।

## टोक्यो ओलंपिक की उल्टी गिनती शुरू

**टोक्यो।** टोक्यो को साढ़े सात साल पहले जब ओलंपिक खेलों की मेजबानी सौंपी गई थी तब उसने स्वयं को सुरक्षित स्थल के रूप में पेश किया था जबकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के तत्कालीन उपाध्यक्ष क्रेग रीडी ने ब्यूनस आयर्स में 2013 में वोटिंग के बाद कहा था कि निश्चितता अहम मुद्दा होगी। पिछले साल स्थगित किए गए टोक्यो ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए बुधवार को हालांकि जब 100 दिन की उल्टी गिनती शुरू हुई तो कुछ भी निश्चित नहीं है। कोविड-19 के बढ़ते मामलों, असंख्य घोटालों और जापान में खेलों के आयोजन को लेकर जनता के विरोध के बावजूद आयोजक और आईओसी खेलों के आयोजन पर जोर दे रहे हैं।

## हार के बावजूद पीएसजी सेमीफाइनल में

**पेरिस।** नेमार ने कई मौके गंवाए जिसके कारण पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में घरेलू मैदान पर बायर्न म्यूनिख के खिलाफ 0-1 से हार झेलनी पड़ी लेकिन इसके बावजूद टीम चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही। क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में जर्मनी में 2-3 गोल की हार के बाद बायर्न को मंगलवार को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए कम से कम दो गोल करने थे लेकिन टीम ऐसा करने में नाकाम रही और पीएसजी ने विरोधी के मैदान पर अधिक गोल की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई।

## मनप्रीत और रानी को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह को लगता है कि अगर उनकी टीम अपनी शानदार मौजूदा फार्म को जारी रखती है तो उसमें इस साल तोक्यो में ओलंपिक पदक के चार दशक के सूखे को समाप्त करने की काबिलियत है। भारत ने अपने आठ ओलंपिक स्वर्ण पदकों का अंतिम पदक 1980 मॉस्को ओलंपिक में जीता था जिसके बाद टीम का स्तर काफी तेजी से नीचे गिर गया। लेकिन पिछले दो वर्षों में भारत ने अच्छी प्रगति की है। मनप्रीत ने 23 जुलाई से आरंभ होने वाले टोक्यो खेलों की 100 दिन की उलटी गिनती शुरू होने के मौके पर कहा कि पहले तो, काफी लंबे समय बाद अंतराष्ट्रीय हॉकी खेलना अच्छा था। मैं पिछले 18 महीनों में टीम की प्रगति से काफी खुश हूं। अगर हम इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो मुझे भरोसा है कि हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं।

## चेल्सी भी पहुंचा अंतिम चार में

**सेविले।** चेल्सी ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में पोर्टो के खिलाफ 0-1 गोल से हार के बावजूद कुल स्कोर के आधार पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेहदी तारेमी ने चैंपियन्स लीग के मौजूदा सत्र का संभवत: सबसे खूबसूरत गोल दागकर पुर्तगाल के चैंपियन पोर्टो को जीत दिलाई लेकिन यह टीम को अंतिम चार में जगह दिलाने के लिए काफी नहीं था। चेल्सी की टीम ने घरेलू मैदान पर 2-0 से जीत दर्ज की थी और कुल स्कोर के आधार पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए 2014 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रही।

## ओलंपिक पदक विजेता फिंडले का निधन

**वाशिंगटन।** रोइंग और सेलिंग में चार बार के ओलंपिक पदक विजेता कोन फिंडले का निधन हो गया है। फिंडले 90 साल के थे। रोइंग कोच और फिंडले के लंबे समय से मित्र माइक सुलिवन ने बताया कि उनका निधन गुरुवार को सेन मेटियो के उत्तरी कैलीफोर्निया शहर में हुआ। फिंडले ने मेलबर्न 1956 और टोक्यो 1964 ओलंपिक में कॉक्स्ड पेयर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने इसी स्पर्धा में 1960 रोम खेलों में कांस्य पदक जीता। उन्होंने 1976 मांट्रियल खेलों में सेलिंग में कांस्य पदक भी जीता।

## सेरेना ने एमेजन स्टूडियोज से करार किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने एमेजन स्टूडियोज से एक करार किया है जिसमें वह एक डाक्यूसीरीज सहित स्क्रिप्टिड और नॉन स्क्रिप्टिड कार्यक्रम बनाएंगी। इस टेनिस स्टार ने कहा कि इनमें उनकी कोर्ट और कोर्ट से बाहर की उपलब्धियां शामिल होंगी। सेरेना ने यह घोषणा अभिनेता माइकल बी जोर्डन के साथ बातचीत के दौरान की। यह साक्षात्कार जरूरतमंदों की मदद के लिए धन जुटाने के लिए कराया गया था। सेरेना 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब अपनी झोली में डाल चुकी हैं और सर्वकालिक खिताब जीतने की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह फिल्म और लोगों के घरों के लिए सचमुच विशेष बातें दे पाएंगी।

## खिलाड़ियों को जल्द लगेंगे टीके: आईओए

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने बुधवार को कहा कि तोक्यो ओलंपिक जाने वाले खिलाड़ियों को जल्दी ही टीके लगेंगे हालांकि उन्होंने इसके लिए समय सीमा नहीं बताई। टोक्यो ओलंपिक की 100 दिन की उलटी गिनती शुरू होने पर वर्चुअल वेबिनार में मेहता ने कहा कि ओलंपिक जाने वाले खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। मेहता ने फरवरी में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन को पत्र लिखकर टोक्यो ओलंपिक खेलने वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता के आधार पर टीके लगवाने का अनुरोध किया था ताकि टोक्यो रवानगी से पहले उनके पास पर्याप्त समय रहे। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से प्रक्रिया तेज करने का भी अनुरोध किया था।

## अमेरिकी महिला फुटबाल ने फ्रांस को हराया

ला हावरे (**फ्रांस**)। मेगान रेपिनो और एलेक्स मोर्गन के गोल की मदद से अमेरिका की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम ने एक प्रदर्शनी मैच में मंगलवार को यहां फ्रांस को 2-0 से हराया। अमेरिकी टीम ने इसके साथ ही अपने अजेय अभियान को 39 मैचों तक पहुंचा दिया। टीम को पिछली बार जनवरी 2019 में फ्रांस के खिलाफ ही 1-3 से हार झेलनी पड़ी थी। रेपिनो ने मंगलवार को पेनल्टी किक पर गोल दागा। वह इस साल सात मैचों में सात गोल कर चुकी हैं। मोर्गन ने इसके बाद 19वें मिनट में अपने करियर का 109वां गोल दागते हुए स्कोर 2-0 किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

## पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी

**चेन्नई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के आक्रामक आलराउंडर आंद्रे रसेल ने यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ करीबी मुकाबले में अपनी टीम की 10 रन की हार के लिए पिच को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उनकी टीम आगामी मैचों में मजबूत वापसी करेगी। इयोन मोर्गन की अगुआई वाली केकेआर की टीम ने लगभग पूरे मैच के दौरान दबदबा बनाए रखा लेकिन 153 रन लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवरों में टीम ने घुटने टेक दिए। केकेआर को अंतिम 27 गेंद में सिर्फ 30 रन की दरकार थी लेकिन केकेआर के रसेल और दिनेश कार्तिक जैसे फिनिशर टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे और पांच बार की चैंपयिन टीम मुंबई इंडियन्स जोरदार वापसी करते हुए सत्र की पहली जीत दर्ज करने में सफल रही। 15 गेंद में नौ रन बनाने के बाद पवेलियन लौटे रसेल ने मैच के बाद आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह बल्लेबाजी के लिए मुश्किल विकेट था, नए बल्लेबाज के लिए क्रीज पर उतरकर पहली गेंद से ही शॉट खेलना शुरू कर देना आसान नहीं था। यह काफी चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा कि असमान उछाल था इसलिए पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। आप कितने भी अच्छे क्यों नहीं हो आपको लय में आने के लिए कुछ गेंद खेलने की जरूरत होती है।

# दिल्ली के खिलाफ राजस्थान की नजरें कप्तान सैमसन पर

### मुकाबला आज

**भाषा।** मुंबई



**राजस्थान** रॉयल्स की टीम पहले मुकाबले में दिल तोड़ने वाली हार और चोट के कारण स्टार आलराउंडर बेन स्टोक्स के बाहर होने की निराशा के बीच गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में जब यहां आत्मविश्वास से भरे दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी तो उसे नए कप्तान संजू सैमसन से एक और प्रेरणादाई पारी की उम्मीद होगी।

दिल्ली कैपिटल्स ने अपने नए कप्तान ऋषभ पंत के नेतृत्व में शानदार शुरुआत करते हुए अपने पहले मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स को सात विकेट से हराया लेकिन रॉयल्स को सोमवार रात बड़े स्कोर वाले करीबी मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ चार रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। पंजाब के 222 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम कप्तान के रूप में सैमसन (63 गेंद में 119 रन) के पहले ही मैच में आईपीएल शतक की बदौलत अंत तक मैच में बनी हुई थी लेकिन टीम को अंतिम गेंद में जब जीत के लिए पांच रन की दरकार थी तो सैमसन बाउंड्री पर कैच दे बैठे। इस हार के बाद टीम को और करारा झटका लगा जब मंगलवार को स्टार आलराउंडर स्टोक्स अंगुली में फ्रेक्चर के कारण बाकी बचे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। स्टोक्स की गैरमौजूदगी में जोस बटलर, शिवम दुबे और रियान पराग जैसे खिलाड़ियों पर बेहतर प्रदर्शन और कप्तान को सहयोग देने का दबाव होगा। पहले मैच में मनन वोहरा (12), बटलर (25), दुबे (23) और पराग (25) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे।

रॉयल्स की टीम के लिए सबसे बड़ी समस्या हालांकि गेंदबाजी है। पहले मैच में टीम के गेंदबाज बिलकुल भी लय में नजर नहीं आए। पदार्पण मुकाबले में 31 रन देकर तीन विकेट चटकाने वाले युवा तेज गेंदबाज चेतन सकारिया के अलावा रॉयल्स के अन्य गेंदबाजों के पास पंजाब के बल्लेबाजों का कोई जवाब नहीं था। मुस्ताफिजूर रहमान, क्रिस मौरिस, स्टोक्स, श्रेयस गोपाल और राहुल तेवतिया के खिलाफ रन बटोरने में पंजाब के बल्लेबाजों को कोई परेशानी नहीं हुई और इन सभी को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। दूसरी तरफ पिछली बार के उपविजेता दिल्ली ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए तीन बार के चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। सुपरकिंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 188 रन बनाए लेकिन दिल्ली ने सलामी बल्लेबाजों शिखर धवन (54 गेंद में 85 रन) और पृथ्वी साव (38 गेंद में 72 रन) के बीच पहले विकेट की 138 रन की साझेदारी की बदौलत आसान जीत दर्ज की।

गेंदबाजी की बात करें तो पहले मैच में क्रिस वोक्स (18 रन पर दो विकेट) और आवेश खान (23 रन पर दो विकेट) ने प्रभावित किया और आगामी मैचों में भी इस फॉर्म को दोहराने का प्रयास करेंगे। रविचंद्रन अश्विन, टॉम कुरेन, अमित मिश्रा और मार्कस स्टोइनिस ने हालांकि गेंदबाजी में निराश किया और गुरुवार को बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।

# विफलता के डर ने मुझे अधिक एकाग्र होने के लिए प्रेरित किया: एबी



**भाषा।** चेन्नई

**करिश्माई** बल्लेबाज एबी डिविलियर्स बल्लेबाजी के दौरान काफी जोखिम उठाते हैं जिससे विफलता का डर रहता है और यही डर टी-20 प्रारूप की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए उन्हें अधिक एकाग्र होने में मदद करता है। लगभग पांच महीने में अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेल रहे डिविलियर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के पहले मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की जीत में अहम भूमिका निभाई। यह पूछने पर कि साल दर साल वह ऐसा कर लेते हैं, डिविलियर्स ने कहा, यह हमेशा काफी लुत्फ उठाने वाला नहीं होता। मैं स्थिति के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करता हूं, यह सामान्य सी चीज लगती है। लेकिन तथ्य यह है कि जब आप मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हो तो हर बार स्थिति बदलती है। दक्षिण अफ्रीका के इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि यह सामंजस्य बैठाने और इसका पूरा फायदा उठाने से जुड़ा है। यह अधिकतर काम करता है, लेकिन हालांकि इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि विफलता भी मिलती है। उन्होंने कहा कि लेकिन आपको हमेशा पता होता है कि यह संभव है कि आप विफल हो जाओ। विफलता का डर मुझे हमेशा गेंद पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और बेसिक्स बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। अच्छी शुरुआत करने का प्रयास करता। पहली 20 गेंद में अच्छी शुरुआत करना अहम है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके 37 साल के डिविलियर्स ने स्वीकार किया कि जब आप लंबे समय के बाद शीर्ष स्तर का क्रिकेट खेलते हो तो लय में वापस आने में समय लगता है। डिविलियर्स को भरोसा है कि आरसीबी की टीम बुधवार को यहां आईपीएल मैच के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद की कमजोरियों का फायदा उठाने में सफल रहेगी।

# पिछले चार महीनों में पंत में काफी सुधार हुआ: लारा

**भाषा।** मुंबई

**वेस्टइंडीज** के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने पिछले कुछ महीनों में काफी सुधार किया है और वह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई करते हुए अच्छा काम करेंगे। 23 साल के पंत को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किया गया क्योंकि नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पंत शानदार फार्म में हैं और वह आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारत के लिए मैच विजेता रहे। लारा के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोर का रिकार्ड है, उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के सलेक्ट डगआउट शो पर कहा, आस्ट्रेलिया और यहां इंग्लैंड के खिलाफ छह महीनों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पंत में काफी सुधार हुआ और अब वह चोट (अय्यर के चोटिल होने) के कारण कप्तानी की जिम्मेदारी भी संभाल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उसे एनरिच नोर्त्जे, कागिसो रबाडा और अक्षर पटेल की सेवाएं भी नहीं मिल रही है। इसलिए वे उससे काफी ज्यादा की उम्मीद कर रहे हैं। लारा ने कहा कि मुझे लगता है कि उसके पास ऐसी टीम है जो उसकी मदद करेगी जो सबसे ज्यादा अहम है। पिछले चार महीनों में उसमें काफी सुधार हुआ है और मुझे लगता है कि वह अच्छा काम करेगा। दिल्ली कैपिटल्स को शुरूआती मैच में रबाडा और नोर्त्जे की सेवाएं नहीं मिली थी क्योंकि वे अनिवार्य पृथकवास में थे जबकि अक्षर पटेल कोविड-19 से उबर रहे हैं।

महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद पंत की अगुआई में दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग का अभियान जीत से शुरू किया और महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स को शिकस्त दी।

# इस तरह से वापसी करना शानदार रहा: रोहित शर्मा

**भाषा।** चेन्नई

**जीत** के मुहाने पर खड़ी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में 10 रन से हराने के बाद मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि जिस तरह से उनकी बल्लेबाजी हो रही थी उसे देखते हुए यह बहुत ही शानदार वापसी रही। मुंबई इंडियन्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 152 रन पर ऑल आउट हो गई थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने 15 ओवर में चार विकेट पर 122 रन बना लिए थे। केकेआर को आखिरी पांच ओवर में जीत के लिए सिर्फ 31 रन चाहिए था लेकिन मुंबई के गेंदबाजों उन्हें महज 20 रन बनाने दिए। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा कि बल्लेबाजी के समय केकेआर जैसी स्थिति में था उसके मुताबिक यह शानदर वापसी है। जो भी गेंदबाजी के लिए आया वह टीम के लिए योगदान देना चाहता था। उन्होंने कहा कि इस मैच से हमें काफी आत्मविश्वास मिलेगा। कई सकारात्मक चीजें रही। केकेआर ने शुरू के छह ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन पावरप्ले के बाद राहुल चाहर ने अहम विकेट चटकाकर हमारी वापसी कराई। कृणाल ने भी बाद भी बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने जीत का श्रेय गेंदबाजों को देते हुए कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं सभी गेंदबाजों की तारीफ कर सकता हूं। टीम के लिए यह अच्छा है। उन्होंने मुश्किल पिच पर शानदार बल्लेबाजी के लिए सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए कहा कि टीम को आखिरी ओवरों में रन बनाने का तरीका खोजना होगा। रोहित ने कहा, यह लगातार दूसरी बार है जब हम आखिरी ओवरों में रन नहीं बना सके। हमें 15-20 रन और बनाना चाहिए थे। हमें इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगा। सूर्यकुमार ने उस लय का जारी रखा है जो भारतीय टीम के साथ दिखाया था। वह बहुत बेखौफ होकर खेलता है।

## युवा विश्व मुक्केबाजी में भारत की अच्छी शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत ने पोलैंड के किल्से में चल रही युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अच्छी शुरुआत की जब पूनम (57 किग्रा) और विंका (60 किग्रा) ने अपने पहले दौर के मुकाबलों में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पूनम ने कोलंबिया की वालेरिया मेंदोजा को 5-0 से हराया जबकि विंका ने रूस की दारिया पेंटेलीवा को 3-2 से शिकस्त देकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। महिला टीम में 2019 एशियाई युवा खेलों की चैंपियन नाओरेम बेबीरोजिसाना चानू (51 किग्रा), सनामाचा चानू (75 किग्रा), अल्फिया पठान (81 किग्रा) और अरूणधति चौधरी (69 किग्रा) के अलावा गीतिका (48 किग्रा), अर्शी खानम (54 किग्रा), निशा (64 किग्रा) और खुशी (81 किग्रा) शामिल हैं। पुरुष वर्ग में भारत की चुनौती की अगुआई अंकित नरवाल (64 किग्रा) और चोंगथाम विश्वामित्र (49 किग्रा) करेंगे।

# भारत की तेज गेंदबाजी बेंच स्ट्रेंथ से प्रभावित हैं कपिल



**भाषा।** नई दिल्ली

**विश्व** कप विजेता पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने बुधवार को कहा कि वह राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाजी में बेंच स्ट्रेंथ को देखकर काफी प्रभावित हैं जो उनके खेलने के दिनों में देखने को नहीं मिलता था। कपिल ने यहां वर्ल्डवाइड वर्चुअल फंडरेजर गोल्फ टूर्नामेंट में नौ होल खेलने के बाद कहा कि कुछ दशकों पहले मैंने उम्मीद नहीं की थी कि एक दिन हमें अपने देश में इतने सारे बेहतरीन तेज गेंदबाज देखने को मिलेंगे, खिलाड़ी जो रैंकिंग में शीर्ष पर हों। यह शानदार है। उन्होंने जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी और नए गेंदबाज जैसे मोहम्मद सिराज का जिक्र करते हुए कहा, हमारे खेलने के दिनों में तेज गेंदबाज बहुत नए थे लेकिन अब हमारे पास काफी अच्छी बेंच स्ट्रेंथ है, अगर शीर्ष गेंदबाज उपलब्ध नहीं हैं तो हमारे पास मैचों में जीत दिलाने के लिए काफी तेज गेंदबाज मौजूद हैं। कपिल की पिछले साल अक्टूबर में बाईपास सर्जरी हुई थी लेकिन अब वह पूरी तरह से फिट हो गए हैं। 62 साल के इस महान खिलाड़ी से जब उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, क्या हुआ था? मैं ठीक हूं, गोल्फ का लुत्फ उठा रहा हूं और इतना काफी है। मुझे कुछ हुआ था, मुझे कुछ भी याद नहीं। उन्हें हाल में भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के बोर्ड सदस्यों में शामिल किया गया, उन्होंने कहा कि मैंने आज सुबह नौ होल खेले।

# महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी शिविर में शीर्ष कोचों सहित 21 कोविड-19 पॉजिटिव

### कुछ समय के लिए ट्रेनिंग रोकी गई

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** महिला मुक्केबाजी के हाई परफोरमेंस निदेशक रफाएल बर्गामास्को और मुख्य कोच मोहम्मद अली कमर शिविर के उन 21 सदस्यों में शामिल हैं जिन्हें यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है लेकिन कोई भी संक्रमित मुक्केबाज ओलंपिक जाने वाले दल का हिस्सा नहीं है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने शिविर में संक्रमितों की पुष्टि के लिए बयान जारी किया लेकिन संक्रमित खिलाड़ियों के नाम का खुलासा नहीं किया। हालांकि टीम के एक करीबी सूत्र ने कहा कि जो लोग कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं, उनमें कोचिंग स्टाफ के शीर्ष सदस्य शामिल हैं। साइ ने कहा कि नई दिल्ली में इंदिरा गांधी खेल परिसर में शीर्ष महिला मुक्केबाजों के लिए लगे राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में ऐहतियाती कोविड-19 जांच कराई गई जिसमें खिलाडि़यों और सहयोगी स्टाफ सहित 21 लोगों को पॉजिटिव पाया गया। हालांकि इनमें से कोई भी ओलंपिक जाने वाले दल की मुक्केबाज नहीं है।

जिन्हें कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है, उनमें कोई लक्षण नहीं है और उन्हें साइ प्रोटोकॉल के अनुसार पृथकवास क्षेत्र में भेज दिया गया है। इसके अनुसार नेगेटिव आई ओलंपिक जाने वाली मुक्केबाज और शिविर के अन्य लोगों को नई दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सुरक्षित क्षेत्र में रखा गया है। साइ का सबसे महत्वपूर्ण प्रयास वायरस फैलने से रोकना है। सूत्र ने खुलासा किया कि इसके कारण कुछ समय के लिए ट्रेनिंग रोक दी गई है। उन्होंने कहा कि रफाएल और अली कमर कुछ अन्य सहयोगी कोचों के साथ पॉजिटिव आए हैं। ओलंपिक जाने वाली मुक्केबाज पॉजिटिव नहीं हैं, लेकिन वे स्पारिंग के दौरान कोविड-19 पॉजिटिव आने वाली मुक्केबाजों के संपर्क में आई हो सकती हैं, इसलिए इसकी और निगरानी की जरूरत होगी।

उन्होंने कहा कि हर किसी को पृथकवास में भेज दिया गया है। अभी कोई ट्रेनिंग नहीं चल रही। ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम (51 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) और पूजा रानी (75 किग्रा) हैं। पटियाला में मार्च में पुरूष दल के 10 सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे।

# रूस ने संयुक्त राष्ट्र में कोसोवो की विदेश मंत्री को बोलने से रोकने की कोशिश की

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**रूस** ने कोसोवो के प्रतिनिधि को अपने देश के झंडे के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बोलने से पहली बार रोकने की कोशिश करते हुए कहा कि परिषद के ज्यादातर सदस्य सर्बिया से इसकी आजादी को मान्यता नहीं देते। संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्रि पॉलिन्स्काई ने कोसोवो पर परिषद की बैठक की शुरुआत में मंगलवार को उसके झंडे पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया जिसके चलते यह डिजिटल बैठक 45 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। इस दौरान परिषद के 15 सदस्यों ने निजी तौर पर इस मुद्दे पर चर्चा की। पॉलिन्स्काई ने कहा कि सुरक्षा परिषद के 15 में से आठ सदस्य कोसोवो को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देते हैं इसलिए कोसोवो की विदेश मंत्री दोनिका गर्वाला के पीछे देश का झंडा नहीं दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि रूस को उनके बोलने पर आपत्ति नहीं है।

ब्रिटेन के कानूनी सलाहकार चनाका विक्रमसिंघे ने कहा कि सुरक्षा परिषद की वीडियो कांफ्रेंस से होने वाली बैठकें औपचारिक बैठकें नहीं हैं और कोसोवा का झंडा पिछली बैठक के दौरान भी उसके प्रतिनिधि के पीछे लगा हुआ था।

जब बैठक फिर से शुरू हुई तो सुरक्षा परिषद के मौजूदा अध्यक्ष वियतनाम के संयुक्त राष्ट्र में राजदूत डांग दिन्ह क्यू ने कहा कि डिजिटल बैठकों की पृष्ठभूमियों से परिषद की बैठकें बाधित नहीं होनी चाहिए और यह झंडा लगा रह सकता है। गर्वाला संयुक्त राष्ट्र की बैठक में बोलने वाले तीन वक्ताओं में से एक थीं और जब उन्होंने परिषद को संबोधित किया तो कोसोवो का छह सफेद सितारों के साथ नीले रंग का ध्वज उनके पीछे लगा हुआ था।

## चीन को व्यापक अधिकार देने वाला चुनाव सुधार विधेयक हांगकांग की संसद में पेश

**हांगकांग।** हांगकांग में चुनाव सुधार से संबंधित विधेयक नगर की संसद में पेश किया गया। इसके साथ ही मौजूदा प्रक्रिया में बदलाव की शुरूआत हो गई जिसके तहत प्रत्यक्ष निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की संख्या कम हो जाएगी वहीं चीन को इस संबंध में व्यापक अधिकार मिल जाएंगे।

यह विधेयक हांगकांग में राजनीतिक विरोध और विपक्ष पर नियंत्रण स्थापित करने के प्रयासों का हिस्सा है। हांगकांग चीन का हिस्सा है, लेकिन 1997 में ब्रिटेन द्वारा चीन को सौंप दिए जाने के बाद यहां अपेक्षाकृत उदार राजनीतिक व्यवस्था रही है।

# सीनेट में नस्ली घृणा से प्रेरित अपराध संबंधी विधेयक पर चर्चा की संभावना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में एशियाई अमेरिकियों के खिलाफ नस्ली घृणा से प्रेरित संभावित अपराध में इजाफे पर अंकुश लगाने के लिए एक विधेयक पर चर्चा होने की संभावना है। नस्ली घृणा से प्रेरित अपराध कोरोना वायरस संकट के दौरान एक बढ़ती समस्या है। डेमोक्रेट्स की ओर से प्रायोजित कोविड-19 नस्ली घृणा अपराध कानून को रिपब्लिकन सांसदों का विरोध झेलना पड़ सकता है जिनके इस मुद्दे पर अलग विचार हैं।सीनेट के सदस्यों के बीच इस साल की शुरुआत में हुए समझौते के मुताबिक रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स इस विधेयक पर कम से कम चर्चा करने की कोशिश करेंगे कि क्या वे विधाई प्रक्रिया के जरिए किसी समझौते पर पहुंच सकते हैं। इस पर होने वाले अहम मतदान से पहले कई एशियाई अमेरिकी और हिंद प्रशांत समुदाय के नेताओं ने नस्लवाद की अपनी-अपनी कहानियां सुनाईं। विधेयक पेश करने वाले डेमोक्रेटिक सांसद ग्रेस मेंग ने मंगलवार को कहा, एक साल से अधिक समय से एशियाई अमेरिकी समुदाय दो संकटों - कोविड-19 महामारी और एशियाई लोगों के प्रति नस्ली घृणा का सामना कर रहा है।

# चिंता का कारण

**राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस से पहले, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ पूनम मुटरेजा का कहना है कि मातृ स्वास्थ्य के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में बीमारी को शामिल करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।**



**पॉपुलेशन** फाऊंडेशन ऑफ इंडिया की कार्यकारी निदेशक, पूनम मुत्रेजा कहती हैं, 'हमने कोविड-19 महामारी के दौरान मातृ-मृत्यु में तीव्र वृद्धि देखी है। इस संकट ने हमें दिखा दिया है कि हमें आवश्यक सेवाओं को प्रभावित किए बिना आपात स्थिति से निपटने हेतु स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना होगा।'

भारत में कोविड-19 मामलों के भारी बोझ के अलावा, महामारी के अप्रत्यक्ष प्रभाव चिंता का कारण हैं, खासकर पहले से ही कमजोर समुदायों के मामले में। पूर्व-कोविड दौर की तुलना में कोविड के दौर में मृतजन्मों और मातृ मृत्यु की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करने के साथ, महिलाएं व बच्चे बेइंतहा प्रभावित हुए हैं। मातृ और बाल स्वास्थ्य परिणामों पर द लांसेट के अध्ययन पर एक हालिया समीक्षा ने पुष्टि की है कि कोविड-19 से जुड़ी तालाबंदी का प्रभाव माताओं और नवजात शिशुओं के लिए विनाशकारी रहा है। निम्न और मध्यम आय वाले देश (एलएमआईसी) सबसे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

महामारी के कारण की गयी तालाबंदी के दौरान क्लिनिकों और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के अत्यंत दुर्लभ हो जाने के कारण हजारों लोग आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान लगाया है कि इससे अकेले दक्षिण एशिया में ही अतिरिक्त 2,20,000 बच्चों की मृत्यु और 11,000 मातृ मृत्यु की संभावना बन सकती है। ये संख्या भारत में, संभावित रूप से सबसे बड़े अनुपात के मद्देनजर, बढ़ने की संभावना है। भारत में, महामारी के दौरान, उन महिलाओं की संख्या में, जिन्होंने सभी चार प्रसवपूर्व जांच सुविधाएं प्राप्त की थीं, उनकी संख्या में महामारी के दौरान 51 प्रतिशत की गिरावट भी आई और संस्थागत प्रसव की संख्या में 79 प्रतिशत की कमी आई। आधुनिक तरीकों से संतुष्ट परिवार नियोजन सेवाओं की मांग में 67 प्रतिशत की गिरावट आई है।

कस्तूरबा गांधी की जयंती पर हर साल 11 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष, सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाओं व प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

एक मजबूत परिवार नियोजन कार्यक्रम रोकथाम योग्य मौतों को रोकने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। पूनम कहती हैं, ''ज्यादा सुलभ और न्यायसंगत परिवार नियोजन सेवाएं, जो दंपत्तियों को गर्भनिरोधक विधियों का एक व्यापक विकल्प प्रदान करती हैं, एक सरल, कम लागत वाला हस्तक्षेप है जो बाद की उम्र में प्रारंभिक गर्भधारण और अवांछित गर्भधारण को रोककर मां और बच्चे की मृत्यु दर को कम कर सकता है।'' पूनम अपनी बात में आगे बताती हैं, ''पापुलेशन फाऊंडेशन आफ इंडिया में, हमने नीति निर्माताओं, दानदाताओं, गैर-सरकारी संगठनों और समुदायों के साथ मिलकर महिलाओं के स्वास्थ्य पर जानकार निर्णय लेने की आवश्यकता पर चर्चा को लगातार बढ़ाया है। हम प्रभावी और लिंग आधारित संवेदनशील स्वास्थ्य और विकास रणनीतियों और नीतियों को बढ़ावा देते हैं। हमने लगातार नियोजित परिवारों के महत्व पर जोर दिया है, जन्म अंतराल रखने और उचित आयु मे विवाह को मातृ स्वास्थ्य में सुधार की रणनीतियों के रूप में महत्व दिया है। लैंगिक असमानता, लिंग आधारित हिंसा और एजेंसी की कमी से मातृ और प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने की महिलाओं की क्षमता लगातार प्रभावित है। भारत में, प्रतिगामी लैंगिक मानदंड के परिणामस्वरूप बेटों के लिए प्राथमिकता निरंतर जारी है, जिससे लगातार गर्भधारण होते हैं। बाल और कम उम्र में विवाह से संबंधित सामाजिक मानदंड भी माता और बच्चे के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। हालांकि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली पर महामारी का पूरा प्रभाव थोड़े समय के लिए स्पष्ट नहीं होगा, मगर कोविड-19 ने इस बात को रेखांकित किया है कि बेहतर मातृ एवं शिशु देखभाल प्रणाली स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

यह फाऊंडेशन जेंडर परिवार नियोजन, किशोर यौनिकता और प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी धारणाओं को बदलने के लिए राष्ट्रीय, राज्य और सामुदायिक स्तर पर काम कर रहा है।



नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में अभिनेत्री गौहर खान

फोटो पंकज कुमार

## अमेजन प्राइम के कॉमेडी शो एलओएल - हंसे तो फंसे की मेजबानी करेंगे अरशद वारसी, बोमन ईरानी

**मुंबई।** अमेजन प्राइम वीडियो ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय अमेजन के मूल सीरीज एलओएल के भारतीय संस्करण को शुरू करने की घोषणा की। इसकी मेजबानी अभिनेता अरशद वारसी और बोमन ईरानी करेंगे। एलओएल - हंसे तो फंसे रियलिटी कॉमेडी शो छह कड़ी में प्रसारित होगा। कार्यक्रम का प्रसारण 30 अप्रैल से होगा। एसओएल-प्रोडक्शन की सीरीज में 10 कॉमेडियन - आदर मलिक, आकाश गुप्ता, अदिति मित्तल, अंकिता श्रीवास्तव, सायरस बरोचा,



गौरव गेरा, कुशा कपिला, मल्लिका दुआ, सुनील ग्रोवर और सुरेश मेनन दिखेंगे। मूल कार्यक्रम का निर्माण जापान में हुआ था और बाद में ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको, जर्मनी, इटली और कनाडा में इसके संस्करणों का प्रसारण हुआ। अमेजन स्टूडियोज के स्थानीय प्रमुख जेम्स फैरेल ने कहा, कार्यक्रम के प्रसारण के लिए जाहिर तौर पर अगले देश के रूप में भारत का नाम हमारे जेहन में था। हमारे भारतीय दर्शक कार्यक्रम को जरूर पसंद करेंगे। हमें भरोसा है कि वे एलओएल - हंसे तो फंसे को पसंद करेंगे।


## आलिया भट्ट की कोविड जांच रिपोर्ट निगेटिव

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने बुधवार को बताया कि उनकी कोविड-19 जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। इससे 10 दिन पहले दो अप्रैल को आलिया की जांच में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई थी और वह तभी से घर पर पृथक-वास में थीं। आलिया (28) ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीर साझा की और लिखा, इस समय सिर्फ निगेटिव होने पर अच्छा लग रहा है। संक्रमित होने से पहले आलिया, संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बन रही फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की शूटिंग कर रही थीं।



## रणवीर सिंह तमिल फिल्म अन्नियन के हिंदी रूपांतरण में नजर आएंगे

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह, तमिल ब्लॉकबस्टर फिल्म अन्नियन के हिंदी रूपांतरण में नजर आएंगे जिसका निर्देशन ख्यातिलब्ध फिल्मकार शंकर द्वारा किया जाएगा। शंकर, 2005 में आई मूल तमिल फिल्म के भी निर्देशक हैं। मनोवैज्ञानिक एक्शन थ्रिलर फिल्म अन्नियन में दक्षिण के अभिनेता विक्रम ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म एक ऐसे किरदार पर आधारित थी जो कई पहचान वाली मनोवैज्ञानिक बीमारी (मल्टीपल पर्सनैलिटी डिस्ऑर्डर) से ग्रसित था। हिंदी रूपांतरण का निर्माण पेन स्टूडियोज के जयंतीलाल गड़ा द्वारा किया जाएगा। सिंह (35) ने कहा कि यह फिल्म उनके लिए वरदान के समान है।



## ऐसी फिल्मों में काम करना चाहती हूं जहां महिलाएं प्रमुख हों : पाउली दाम



**मुंबई।** अभिनेत्री पाउली दाम का कहना है कि वह सिनेमा में हमेशा महिलाओं के दृष्टिकोण को सामने रखना चाहती हैं और उनकी हाल की फिल्में इस सोच को दर्शाती हैं। बंगाली और हिन्दी सिनेमा में काम करने वाली दाम की 2020 में दो फिल्में काली और बुलबुल आईं जिन्हें आलोचकों और दर्शकों दोनों ने खूब पसंद किया। बुलबुल में अभिनेत्री ने जहां विधवा की भूमिका निभाई है वहीं काली में वह अपने बेटे को बचाने के लिए भ्रष्टतंत्र से लड़ रही मां की भूमिका में थीं। कोलकाता से जूम पर पीटीआई से बातचीत में पाउली दाम ने कहा, मैं हमेशा से यही करना चाहती थी। ऐसा नहीं है कि मुझे मेरे करियर की शुरुआत से ही ऐसे मजबूत किरदार मिलने लगे। मुख्य धारा की सिनेमा में आप कुछ सीमित तरीके के किरदार ही कर सकते हैं। आप एक ही तरह से सोचते हैं। लेकिन मैं ऐसी फिल्में करना चाहती थी जहां महिलाओं की भूमिका प्रमुख हो, जहां वे मजबूत किरदार में हों। दाम (40) ने 2006 में अपने करियर की शुरुआत की और तीन साल बाद नक्सल आंदोलन पर आधारित गौतम घोष के बंगाली ड्रामा कालबेला से उन्हें लोकप्रियता मिली। फिलहाल पाउली दाम की थ्रिलर फिल्म रात बाकी है जी5 पर आने वाली है। इसमें अनूप सोनी और राहुल देव मुख्य भूमिका में हैं।

## फिल्म निर्माता गुनीत मोंगा को मिला फ्रांस का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान

**नई दिल्ली।** लंचबॉक्स और मसान जैसी फिल्मों के लिए जानी जाने वाली निर्माता गुनीत मोंगा को फ्रांस का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान दिया गया है। फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां यवेस ले द्रियां ने मंगलवार को दिल्ली स्थित फ्रांसीसी दूतावास में मोंगा को नाईट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स से सम्मानित किया। एक वक्तव्य में कहा गया कि मोंगा को फ्रांस के साथ मिलकर फिल्म निर्माण के जरिए विश्व सिनेमा में योगदान देने और महिला सशक्तिकरण के लिए अथक परिश्रम के वास्ते यह पुरस्कार दिया गया है। अपनी फिल्म निर्माण कंपनी सिख्या एंटरटेनमेंट के माध्यम से मोंगा ने कई फिल्मों का निर्माण किया है। मोंगा ने कहा कि वह फ्रांस की फिल्मों की बड़ी प्रशंसक हैं और इसलिए यह सम्मान मिलना उनके लिए एक विशेष क्षण है।



## बाबासाहेब आंबेडकर पर बनी दुर्लभ लघु फिल्म को एनएफएआई ने अपने संग्रह में किया शामिल

**नई दिल्ली।** संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर पर 1968 में बनी एक दुर्लभ मराठी लघु फिल्म को राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय (एनएफएआई) ने अपने संग्रह में शामिल कर लिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि महापुरुष डॉक्टर आंबेडकर नाम से बनी फिल्म का निर्माण प्रचार निदेशक, महाराष्ट्र सरकार ने जुलाई 1968 में किया था। इस फिल्म के निर्देशक नामदेव वातकर थे और उन्होंने इस फिल्म को वातकर प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनाया था। इस 18 मिनट लंबी फिल्म में संगीत प्रसिद्ध संगीतकार दत्ता दावजेकर ने दिया था। एनएफएआई के निदेशक प्रकाश मोगदुम ने कहा कि संग्रहालय को यह फिल्म ऐसे समय में प्राप्त हुई है जब देश 14 अप्रैल को संविधान निर्माता की 130वीं जयंती मनाएगा।



## ब्रिटेन की महारानी ने पति प्रिंस फिलिप के निधन के बाद शाही कामकाज किया शुरू

**लंदन।** ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने अपने पति एवं ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग प्रिंस फिलिप के निधन के चार दिन बाद शाही दायित्वों का निर्वहन करना शुरू कर दिया है। महारानी (94) ने शाही परिवार के प्रमुख सहायक अर्ल पील ने लॉर्ड चैम्बरलेन के पद से सेवानिवृत्ति की औपचारिक घोषणा की। एलिजाबेथ ने उनसे मंगलवार को मुलाकात की। लॉर्ड चैम्बरलेन शाही राजकाज में सबसे वरिष्ठ अधिकारी का पद होता है। गत शुक्रवार को फिलिप के निधन के बाद ब्रिटेन में राष्ट्रीय शोक मनाया जा रहा है और शाही परिवार दो सप्ताह के लिए शोक मना रहा है। शाही



परिवार के एक अधिकारी ने बताया कि परिवार के सदस्य परिस्थितियों के हिसाब से उचित कामकाज करते रहेंगे। इस सप्ताहांत एलिजाबेथ के बेटे प्रिंस एंड्रयू ने कहा कि उनके पिता के निधन से उनकी मां के जीवन में बहुत खालीपन आ गया है। अर्ल पील को फिलिप के अंतिम संस्कार से जुड़ा कामकाज संभालना था जिसे ऑपरेशन फॉर्थ ब्रिज नाम दिया गया। पूर्व एमआई5 खुफिया प्रमुख बारोन पार्कर एक अप्रैल से नए लॉर्ड चेम्बरलेन होंगे और शनिवार को होने वाले अंतिम संस्कार का पूरा कार्यभार वह ही संभालेंगे। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लगाए लॉकडाउन के कारण अंतिम संस्कार समारोह में केवल 30 लोग ही मौजूद रहेंगे।

## फिलिप के अंतिम संस्कार में मिट सकती है हैरी और विलियम की दूरियां



**लंदन।** ब्रिटेन के दिवंगत प्रिंस फिलिप के पार्थिव शरीर को जब शनिवार को दफनाया जाएगा तब लोगों का ध्यान राष्ट्रीय शोक के बीच, युवराज विलियम और उनके भाई युवराज हैरी पर भी होगा। इस दौरान लोग निश्चित रूप से देखने की कोशिश करेंगे कि प्रिंस हैरी और शाही परिवार के बीच सुलह का कोई संकेत है या नहीं। सबकी निगाहें विशेष रूप से हैरी और उनके बड़े भाई प्रिंस विलियम पर टिकी होंगी। हैरी ने अपनी पत्नी मेगन के साथ पिछले साल मार्च में शाही दायित्वों का परित्याग कर दिया था और अपने बेटे आर्ची के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया चले गए थे।

**सबकी निगाहें विशेष रूप से हैरी और उनके बड़े भाई प्रिंस विलियम पर टिकी होंगी। हैरी ने अपनी पत्नी मेगन के साथ पिछले साल मार्च में शाही दायित्वों का परित्याग कर दिया था और अपने बेटे आर्ची के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया चले गए थे।**

अमेरिका जाने के बाद वह, फिलिप के अंतिम संस्कार के दौरान पहली बार शाही परिवार का सामना करेंगे। उनके पारिवारिक रिश्तों में पिछले महीने दरार तब और बढ़ गई थी जब मेगन ने ओपरा विनफ्रे को दिए साक्षात्कार में कहा था कि शाही परिवार के एक अनाम शख्स ने मेगन के बच्चे की त्वचा के रंग पर टिप्पणी की थी। नस्लवाद के आरोपों के कुछ दिन बाद विलियम ने पलटवार करते हुए संवाददाताओं से कहा था कि उनका परिवार नस्लवादी नहीं है। तनाव के बावजूद शनिवार को प्रिंस फिलिप के अंतिम संस्कार में दोनों भाइयों को उस दिन की याद भी आएगी जब 1997 में वह अपनी मां प्रिंसेस डायना के ताबूत के पीछे खड़े थे।

शनिवार को विंडसर कैसल से शवयात्रा निकाली जाएगी और उम्मीद जताई जा रही है कि हैरी (36) तथा विलियम (38) शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपने दादा के ताबूत के पीछे चलेंगे। बहुत से लोगों का मानना है कि इस दौरान उन्हें दुनिया के बीच दृढ़ता के साथ यह दिखाने का आदर्श मौका मिलेगा की वे एकसाथ हैं। प्रिंस फिलिप का 99 वर्ष की आयु में पिछले हफ्ते निधन हो गया था।